सूर्योदय : 6:10
सूर्यास्त : 6:17
अधिकतम तापमान : 32.0
न्यूनतम : 16.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173


डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-280 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 20 मार्च 2024
09 रमजान, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com






09 रमजान २०.03.2024

सुन्नी हज़रात

| सेहरी | इफ्तार |
| --- | --- |
| 04 : 40 | 06 : 20 |

शिया हज़रात

| सेहरी | इफ्तार |
| --- | --- |
| 04 : 42 | 06 : 29 |

उमरा, ज़ियारत
उमरा और ईरान-ईराक़, शाम की जियारत के लिये संपर्क करें
अलजवाद टूर्स एण्ड ट्रेवेल्स
लखनऊ
मौलाना सलीम अब्बास ज़ैदी
मो. 9897328277
7905439594

## न्यूज डायरी

### दो बच्चों का गला रेंता

**बदायूं।** यूपी के बदायूं स्थित बाबा कॉलोनी में मंगलवार रात करीब आठ बजे ठेकेदार विनोद ठाकुर के दो बालकों आयुष (13), अहान (06) की धारदार हथियार से काटकर हत्या कर दी गई। आरोपी दूसरे समुदाय के हैं। हत्या के बाद आरोपी भागे हुए हैं। घटना के बाद शहर के लोगों का गुस्सा भड़का हुआ है। लोग सड़क पर उतर आए हैं। जाम लगा दिया है और दूसरे समुदाय के कई खोखे फूंक दिए हैं। मौके पर भारी पुलिस बल और पैरामिलिट्री फोर्स लग गई है। एक आरोपी साजिद मौके पकड़ा गया है। भीड़ उसे जिंदा जलाना चाहती थी लेकिन पुलिस ने रोक दिया। हालात संभालना मुश्किल हो रहा है। एसएसपी पहुंच गए हैं।

### हाईकोर्ट में दी चुनौती

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ईडी द्वारा भेजे के समन को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। सीएम अरविंद केजरीवाल ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। उन्होंने ईडी के समन को गैरकानूनी बताया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) शराब घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अब 9 समन भेज चुकी है। लेकिन सीएम केजरीवाल किसी ना किसी वजह से ईडी के सामने पेश नहीं हुए हैं। अब समन को लेकर सियासी संग्राम शुरू हो चुका है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के ईडी समन पर पेश न होने पर भारतीय जनता पार्टी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर निशाना साधा। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि केजरीवाल समन के नाम पर डरा रहे हैं।

# बंगाल के नए डीजीपी होंगे संजय मुखर्जी




- चुनाव आयोग ने 24 घंटे के अंदर विवेक सहाय को हटाया था
- राज्य सरकार ने भेजे थे तीन नाम

**कोलकाता।** निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के नए पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पद पर संजय मुखर्जी की नियुक्ति की। आयोग ने एक प्रेस रिलीज जारी कर यह जानकारी दी है। आयोग ने सोमवार को ही पश्चिम बंगाल के डीजीपी राजीव कुमार को हटाकर विवेक सहाय को नियुक्त किया था। हालांकि, इसके 24 घंटे के अंदर मंगलवार को ही विवेक सहाय को पद से हटा दिया गया। चुनाव आयोग ने बंगाल सरकार को उनके स्थान पर संजय मुखर्जी को नियुक्त करने का निर्देश दिया।

### आईएएस दीपक यूपी के नए अपर मुख्य सचिव गृह बनें



**नई दिल्ली।** वरिष्ठ आईएएस अधिकारी दीपक कुमार यूपी के नए अपर मुख्य सचिव गृह बनाए गए हैं। चुनाव आयोग ने उनके नाम पर मुहर लगा दी है। गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने उन सभी राज्यों में गृह सचिवों को हटा दिया था, जिनके पास सीएम कार्यालय की भी कोई जिम्मेदारी थी। इसके साथ ही यूपी में भी संजय प्रसाद से भी प्रमुख सचिव गृह का चार्ज ले लिया गया था और गृह विभाग का चार्ज स्वतः ही मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा के पास चला गया था।

### सीएए को लेकर सीजेआई ने तीन हफ्ते में केंद्र से मांगा जवाब

# सीएए पर कोई रोक नहीं

**याचिका**

- सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को दी समय सीमा
- अगली सुनवाई 9 अप्रैल को
- कपिल सिब्बल ने दिया केंद्र को समय देने का विरोध




सीएए पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

> सीएए को भारत की संसद ने 11 दिसंबर, 2019 को पारित किया था। यह कानून व्यापक बहस और विरोध का विषय रहा है। सीएए, 1955 के नागरिकता अधिनियम में संशोधन करता है।

**नई दिल्ली।** नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई 200 से ज्यादा याचिकाओं पर मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सीजेआई ने आदेश दिया कि जवाब दाखिल करने के लिए सरकार ने चार हफ्ते का समय मांगा है। लेकिन कोर्ट उन्हें तीन हफ्ते का मोहलत देती है। सुनवाई को दौरान वकील कपिल सिब्बल ने किसी को भी नागरिकता ना देने का गुहार लगाई। सिब्बल ने कहा कि कोर्ट ने 9 अप्रैल को अगली सुनवाई की तारीख तय की है। इस बीच अगर नागरिकता दी जाती है तो हम दोबारा कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। बता दें कि सीएए के खिलाफ याचिकाओं पर सर्वोच्च न्यायालय में सुनवाई चल रही है। सीएए को भारत की संसद ने 11 दिसंबर, 2019 को पारित किया था। यह कानून व्यापक बहस और विरोध का विषय रहा है। सीएए, 1955 के नागरिकता अधिनियम में संशोधन करता है. यह कानून अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान के हिंदू, सिख, जैन, पारसी, बौद्ध और ईसाई समुदायों से आने वाले उन प्रवासियों के लिए भारतीय नागरिकता प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करता है, जो अपने संबंधित देशों में धार्मिक उत्पीड़न का शिकार हैं और 31 दिसंबर 2014 या उससे पहले भारत में प्रवेश कर चुके हैं। चुनाव के समय नोटिफिकेशन पर आपत्ति पिछले हफ्ते, वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष आईयूएमएल की याचिका का उल्लेख करते हुए कहा था कि चुनाव नजदीक हैं।

# पेड न्यूज पर रहेगी चुनाव आयोग की नजर

## 96 घंटों के भीतर प्रत्याशी को नोटिस देंगे ऑफिसर

**संवाद**

- मतदान समाप्ति के 48 घंटे पहले तक ओपिनियन पोल पर प्रतिबंध
- इंटरनेट मीडिया पर भी रहेगी निगरानी



**लखनऊ।** शांतिपूर्ण व निष्पक्ष मतदान कराने के साथ-साथ सभी राजनीतिक दलों को समान अवसर प्रदान करने के लिए चुनाव आयोग ने कमर कस ली है। किसी के साथ पक्षपात न होने पाए इसलिए आयोग की विशेष नजर पेड न्यूज पर रहेगी।

नामांकन के दिन से जिला व राज्य स्तरीय समिति प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के विज्ञापनों का संज्ञान लेगी।

वहीं, चुनाव आयोग मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर भी पूरा जोर दे रहा है। इसके लिए आयोग मतदान से पांच दिन पहले मतदाता पर्ची घरों में पहुंचे, यह सुनिश्चित कराएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मंगलवार को मीडिया प्रतिनिधियों के साथ संवाद कार्यक्रम में विस्तार से पेड न्यूज, फेक न्यूज, ओपिनियन पोल व एग्जिट पोल के बारे में जानकारी दी। प्रदेश या जिला स्तर पर एमसीएमसी से पेड न्यूज की सूचना मिलते ही रिटर्निंग आफिसर 96 घंटों के भीतर प्रत्याशी को नोटिस देंगे। प्रत्याशी को जवाब देने के लिए 48 घंटे का समय दिया जाएगा। जिला स्तरीय समिति के खिलाफ राज्य स्तरीय समिति में 48 घंटे के अंदर अपील की जा सकती है। प्रदेश स्तर की एमसीएमसी 96 घंटे में निर्णय लेगी तथा प्रदेश स्तरीय एमसीएमसी के विरुद्ध भारत निर्वाचन आयोग में अपील के लिए 48 घंटे का समय दिया जाएगा।

### विज्ञापनों के लिए करना होगा नियम का पालन

नवदीप रिणवा ने बताया कि मतदान के दिन व उससे एक दिन पहले राजनीतिक दल, प्रत्याशी, संगठन या व्यक्ति द्वारा प्रिंट मीडिया में प्रकाशित कराए जाने वाले विज्ञापनों का मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी) से प्रमाणित कराना अनिवार्य है। इस तरह के विज्ञापनों का खर्च प्रत्याशी में जोड़ा जाएगा। नामांकन के दिन से पेड न्यूज मामलों को ध्यान में रखा जाएगा।

### हेमंत सोरेन की भाभी सीता बीजेपी में शामिल

**रांची।** राज्य में सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) का आंतरिक कलह सामने लगा है। इस क्रम में मंगलवार को जामा की पार्टी विधायक सीता सोरेन ने दल के महासचिव समेत प्राथमिक सदस्यता तक से त्यागपत्र दे दिया। उन्होंने झारखंड विधानसभा की सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया है। सीता सोरेन ने अपना इस्तीफा झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन को प्रेषित किया है, जिसमें उन्होंने कई आरोप लगाए हैं। सीता सोरेन झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन के बड़े पुत्र स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की पत्नी हैं। उनका आरोप है कि पति के निधन के बाद से वे उपेक्षा की शिकार हैं। उन्हें पार्टी और परिवार से सदस्यों से अलग-थलग किया गया, जो उनके लिए अत्यंत पीड़ादायक है। उन्हें उम्मीद थी कि समय के अनुसार परिस्थितियों में सुधार होगा, लेकिन दुर्भाग्यवश ऐसा नहीं हुआ। उन्हें पति दुर्गा सोरेन ने खून-पसीने से झामुमो को बड़ा दल बनाया था।

# भाजपा की योजनाओं में नारीशक्तिः पीएम मोदी

**पलटवार**

- मोदी, नारीशक्ति की हर परेशानी के सामने ढाल बनकर खड़ा है



**सलेम।** देश में इन दिनों चुनावी रंग में सभी सराबोर हैं। विभिन्न राजनैतिक दलों के नेता पूरे देश में अपनी लामबंदी करने में लगे हैं। देश की सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा भी इसी में लगी है। हालांकि भाजपा इस बार दक्षिण भारत पर ज्यादा फोकस कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी एक के बाद एक दक्षिणी राज्यों का दौरा कर रहे हैं। चुनाव की दुदंभी बजने के बाद प्रधानमंत्री ने अपने चुनाव प्रचार की शुरुआत भी तमिलनाडु से ही की थी। इतना ही नहीं उन्होंने आज भी तमिलनाडु के सलेम में चुनावी यात्रा की। यहां बोलते हुए प्रधानमंत्री ने जहां विपक्षियों पर करारा वार किया, वहीं अपने संबोधन के दौरान भाजपा के राज्य महासचिव ऑडिटर वी रमेश को याद करते हुए भावुक भी नजर आए। दरअसल, 2013 में वी रमेश की सलेम में कथित तौर पर हत्या कर दी गई थी। भाजपा के तत्कालीन राज्य महासचिव ऑडिटर वी रमेश को याद करते हुए प्रधानमंत्री भावुक हो गए। उन्होंने कहा, आज मैं सलेम में हूं, मुझे ऑडिटर रमेश की याद आ रही है। आज सलेम का मेरा वो रमेश नहीं है। रमेश ने पार्टी के लिए दिन-रात काम किया।

**शक्ति वाले बयान पर किया डिम्पल यादव का रिएक्ट**

# ये राहुल जी और पीएम मोदी जी के बीच की बात

- मुलायम सिंह धार्मिक थे अखिलेश भी धार्मिक है
- एकजुट होकर चुनाव लड़ रही पार्टी
- सपा जीतेगी मैनपुरी सीट

डिंपल यादव ने कहा कि अगर बेहतर शिक्षा युवाओं को मिले तो वे खुद ही धर्म का मतलब भी समझ जाएंगे। इसलिए बेहतर स्वास्थ्य और बेहतर शिक्षा के साथ ही नारी सुरक्षा और रोजगार पर चुनाव में बात करनी चाहिए। अपर्णा यादव के मैनपुरी से चुनाव लड़ने की चर्चाओं पर भी डिंपल ने सधी हुई प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि मैनपुरी नेताजी के लिए समर्पित रही है।



**मैनपुरी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के शक्ति वाले बयान पर सियासी घमासान जारी है। पीएम मोदी ने राहुल के बयान पर तीखा हमला किया है। इस बीच यूपी की मैनपुरी लोकसभा सीट से सपा उम्मीदवार डिंपल यादव से जब इस मुद्दे पर सवाल पूछा गया तो उन्होंने इससे किनारा कर लिया।

डिंपल ने कहा कि यह राहुल गांधी जी और प्रधानमंत्री मोदी जी के बीच की बात है, मैं इसपर क्या बोलूं? डिंपल यादव अपने संसदीय क्षेत्र में भ्रमण पर रहीं। इस दौरान वह राजनीति में धर्म पर छिड़ी बहस पर बोलने से नहीं बच सकीं। उन्होंने कहा कि भाजपा धार्मिक होने की बात करती है। लेकिन, ये जान लेना चाहिए कि सपा के संस्थापक मुलायम सिंह यादव और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव भी धार्मिक हैं। उन्होंने कहा कि धर्म का असली मतलब हृदय में करुणा होता है। वहीं पूर्व सांसद तेजप्रताप यादव के चुनाव प्रचार में नजर न आने पर उन्होंने कहा कि उनका स्वास्थ्य इन दिनों ठीक नहीं है। पूरी पार्टी एकजुट होकर चुनाव लड़ रही है।

सभी 80 सीटें भाजपा को हराने का भी उन्होंने दावा किया। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष आलोक शाक्य, पूर्व जिलाध्यक्ष खुमान सिंह वर्मा, महिला सभा की अध्यक्ष ज्योती मैसी, लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष रावल सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

# हरियाणा कैबिनेट का विस्तार

## आठ विधायकों ने ली मंत्री पद की शपथ, एक कैबिनेट मंत्री, सात को स्वतंत्र प्रभार

**ताजपोशी**

- नायब सैनी सरकार का बढ़ा कुनबा
- कैबिनेट विस्तार में निर्दलीयों को जगह नहीं
- गुप्ता को फिर कैबिनेट रैंक, इंद्रजीत को झटका



**चंडीगढ़।** हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार हो गया है। आठ विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली है। सभी की नजरें पूर्व गृहमंत्री अनिल विज पर टिकी थी, जो इस समारोह से दूर नजर आए। शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हो गया है। आज आठ विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। इनमें एक को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है, बाकी सात को स्वतंत्र प्रभार सौंपा गया है। सोहना से विधायक संजय सिंह, विधायक विशंभर वाल्मीकि, सुभाष सुधा, अभय यादव, असीम गोयल, महिपाल ढांडा, बड़खल से विधायक सीमा त्रिखा, डॉक्टर कमल गुप्ता ने मंत्री के रूप में शपथ ली है। पंजाबी, राजपूत, वैश्य और यादव समाज से कोई मंत्री नहीं था। इसलिए भाजपा हाईकमान ने चुनाव से पहले ही मंत्रिमंडल विस्तार को हरी झंडी दे दी। शनिवार को भी मंत्रिमंडल विस्तार की तैयारियां हो गई थीं। मंत्रियों के लिए पांच गाड़ियां राजभवन के बाहर पहुंच गई थीं, लेकिन कुछ देर बाद आनन-फानन कार्यक्रम बदल दिया गया। दो दिन पहले अंबाला छावनी में उपमंडल कार्यालय शहीद भगत सिंह की प्रतिमा के अनावरण के दौरान विधायक अनिल विज ने अपनी चुप्पी तोड़ी थी। उन्होंने कहा था कि वह किसी से नाराज नहीं हैं। मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर उन्हें कोई जानकारी नहीं थी और उन्हें उनसे किसी ने संपर्क भी नहीं किया था। उन्होंने यह भी कहा था कि शपथ ग्रहण के बाद से उनकी किसी ने कोई बात नहीं की है।

### ये पहले ले चुके हैं शपथ

कंवरपाल गुर्जर, मूलचंद शर्मा, रणजीत सिंह, जेपी दलाल, डॉ. बनवारी लाल। सूत्रों का दावा है कि सैनी सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार पहले लोकसभा चुनाव के बाद होना था, लेकिन बाद में तय हुआ कि कैबिनेट में जातीय और क्षेत्रीय संतुलन बैठने के बाद ही भाजपा लोकसभा चुनाव के मैदान में उतरे। अभी मंत्रिमंडल में सीएम ओबीसी, दो जाट, एक-एक एससी, गुर्जर और ब्राह्मण समाज से मंत्री हैं।

**ज्ञानवापी मामला** — छत पर नमाज रोकने की मांग पर आपत्ति दाखिल

# व्यास जी के तहखाने की सुनवाई 11 को

**प्रार्थना**

- अदालत में दाखिल आपत्ति में मस्जिद पक्ष ने कहां छत पर अरसे से पढ़ते आ रहे नमाज
- बंद तलगृहों के सर्वे की मांग पर मंदिर पक्ष ने दाखिल की प्रति



**वाराणसी।** श्रृंगार गौरी बनाम यूनियन ऑफ इंडिया मुकदमे के वादी सुंदरपुर निवासी रामप्रसाद सिंह की ओर से जिला जज की अदालत में दाखिल ज्ञानवापी स्थित व्यास जी के तलगृह की मरम्मत व छत पर किसी को जाने से रोक की मांग के प्रार्थना पत्र पर मंगलवार को अंजुमन इंतजामिया मसाजिद (मस्जिद पक्ष) ने आपत्ति दाखिल की। जिला जज की अदालत रिक्त होने की वजह से इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 11 अप्रैल की तिथि तय की गई है। मस्जिद पक्ष की ओर से दाखिल आपत्ति में बताया गया है कि व्यास जी के तलगृह में 31 जनवरी से पहले कभी कोई पूजा-पाठ या धार्मिक कार्य नहीं किया गया। ज्ञानवापी में नमाजी बहुत ही एहतराम (आदर) के साथ जाते हैं। बिना शोर-शराबा किए नमाज अदा करते हैं। तलगृह के ऊपर नमाजी अरसे से बिना रोक-टोक नमाज पढ़ते चले आ रहे हैं। कभी कोई नुकसान नहीं हुआ है। वहीं अदालत ने व्यास जी के तलगृह में किसी तरह का परिवर्तन न करने का आदेश दिया है। ऐसी स्थिति में वादी की ओर से दाखिल प्रार्थना पत्र निरस्त किया जाना चाहिए। वहीं राखी सिंह की ओर से दाखिल ज्ञानवापी परिसर में लगाई गई बैरिकेडिंग हटाकर वहां मौजूद मां श्रृंगार गौरी, भगवान गणेश, भगवान हनुमान, नंदी जी समेत अन्य देवी-देवताओं की पूजा की अनुमति देने की मांग के प्रार्थना पत्र पर आपत्ति के लिए मस्जिद पक्ष ने 20 दिन का समय मांगा है। प्रभारी जिला जज अनिल कुमार ने इसे स्वीकार करते हुए सुनवाई के लिए अगली तिथि 11 अप्रैल की तिथि तय की है। आपत्तिमां श्रृंगार गौरी के नियमित दर्शन पूजन की मांग को लेकर दाखिल मुकदमे की वादी महिला राखी सिंह की ओर से उनके वकील सौरभ तिवारी ने मंगलवार को प्रति आपत्ति दाखिल की।

### छत को गिराने की है साजिश

> रामप्रसाद के वकील सुधीर त्रिपाठी, सुभाषनंदन चतुर्वेदी और दीपक सिंह की ओर दाखिल प्रार्थना पत्र में बताया गया था कि अदालत के आदेश पर व्यास जी के तलगृह में पूजा-पाठ चल रहा है। तलगृह की छत जर्जर व कमजोर है और अंजुमन इंतजामिया मसाजिद (मस्जिद पक्ष) के लोग छत पर इकट्ठा होकर उसे गिराकर पूजा-पाठ अवरुद्ध करने की फिराक में हैं। इससे शांतिभंग की आशंका है।

# शरद पवार गुट को मिली नए नाम और चुनावी चिन्ह की परमिशन

**हिस्सा**

- पार्टी चिह्न तुरहा बजाते व्यक्ति का इस्तेमाल करने की अनुमति दी
- 2 जुलाई 2023 को अजित पवार ने शरद पवार का छोड़ दिया था साथ

> कोर्ट ने अजित पवार गुट से भी यह सार्वजनिक नोटिस जारी करने को कहा कि राकांपा का चुनाव चिह्न घड़ी विचाराधीन है और इसका इस्तेमाल न्यायिक निर्णय के अधीन है। दरअसल, शरद पवार के धड़े की ओर से सुप्रीम कोर्ट ने याचिका लगाई थी। असमें अजित पवार गुट को निर्वाचन आयोग की ओर से दिया गया घड़ी चुनाव चिह्न का उपयोग करने से रोकने की मांग की गई थी।



**मुंबई।** सुप्रीम कोर्ट ने शरद पवार गुट को लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी के नाम राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार का उपयोग करने की अनुमति दे दी है। कोर्ट ने शरद पवार गुट को पार्टी चिह्न तुरहा बजाते व्यक्ति का उपयोग करने की भी अनुमति दी। इसके अलावा कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार और चुनाव चिह्न तुरहा बजाते व्यक्ति को मान्यता देने का निर्देश दिया। शीर्ष कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया कि वह लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए किसी और को चुनाव चिह्न तुरहा बजाता व्यक्ति आवंटित न करे।



# पौराणिक भूरेश्वर महादेव के मेला में पशु और अश्वों के व्यापार पर दिया गया जोर





**अवधनामा संवाददाता**

**उरई (जालौन)।** बरसों पुराने पौराणिक सरावन मेले में इस बार घुड़दौड़ की परंपरा का अद्भुत नजारा दिखाई दिया।

स्व दीवान महाराज सिंह जूदेव की स्मृति में राजा सरावन प्रद्धुमन सिंह जूदेव द्वारा आयोजित घुड़दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाग सिंह तथा ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया। जिसमें लगभग 30 अश्वो ने भाग लिया। इस दौड़ में अश्वो ने अपनी रफ्तार का दमखम दिखाया। वहीं मौके पर मौजूद लोगों ने भी घुड़सवारों की जमकर हौंसला अफजाई की। इस अवसर पर घुड़सवारों ने अपनी बाजीगरी भी दिखाई। लगभग 8 अश्वों ने जहां कदमताल की, वहीं 15 घुड़सवारों ने दौड़ में हिस्सा लिया। मध्य प्रदेश के नीमगाँव के राम सिंह विश्नोई के अश्व ने दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया, तथा मुस्कान निवासी देवरी मेहगांव का अश्व उपविजेता बना। इसके बाद अतिथियों द्वारा विजेता और उपविजेता को शील्ड सहित इनामी राशि प्रदान की गयी इसके अलावा लगभग 6 घोड़ियों ने शानदार नृत्य दिखाया, जिसकी ग्रामीणों ने जमकर सराहना की। इस आयोजन में अश्वों द्वारा दिखाई गई कला को देखकर दर्शक दंग रह गए। अश्वों द्वारा किए गए आकर्षक नृत्य ने लोगों को नृत्य होने तक तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। अश्वों की आकर्षक कलाकारी ने सबका मन मोह लिया।

घुड़दौड़ के निर्णायक मंडल में बाबू सिंह भिंड, जसवंत सिंह, मुन्ना भदौरिया, ब्रजेन्द्र सिंह, मुन्ना पहलवान, गोविन्द गुर्जर, राजकुमार सिंह, लल्ला सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

## ट्रक ने बाइक में सामने से टक्कर मारी, चालक सहित तीन लोग घायल

**अवधनामा संवाददाता**

**उरई (जालौन)।** आटा थाना क्षेत्र के आटा अकोढ़ी मार्ग पर सामने से आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी ।जिससे बाइक चालक सहित तीन लोग सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। निकल रहे राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी ।मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलो को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। दोपहर आटा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तगारेपुर निवासी बाइक चालक 18 वर्षीय आशिक अपनी दादी 60 वर्षीय विजय और 65 वर्षीय प्रेमा को कस्बा आटा किसी काम से बाइक से ले जा रहा था, तभी आटा अकोढ़ी मार्ग पर मंदिर के पास सामने से आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है।

# गलगोटिया विश्वविद्यालय ने अपना 8वां दीक्षांत समारोह मनाया

**अवधनामा संवाददाता**




**ग्रेटर नोएडा।** गलगोटिया विश्व विद्यालय ने अपना 8वां दीक्षांत समारोह मनाया। इस मौके पर अतिथि अतनु चक्रवर्ती, एचडीएफसी बैंक के अध्यक्ष और क्लेमेंटे पेड्रो फ्रांसिस्को, अंगोला राजदूत रहें। उन्होंने अपने हाथों से 3906 स्नातकों को 2023 की डिग्रियाँ प्रदान की।इस मौके पर गलगोटिया विश्व विद्यालय के कुलाधिपति सुनील गलगोटिया ने अतिथियों व स्नातक छात्रों और उनके माता-पिता का स्वागत किया।

सुनील ने स्नातक छात्रों को विश्व में शांति और सद्भाव लाने के लिए विश्वविद्यालय में प्राप्त मूल्य आधारित शिक्षा का उपयोग करने का आह्वान किया व उन्होंने कहा कि हमें प्रधानमंत्री मोदी द्वारा ÷विकसित भारत-सबका साथ और सबका विकास÷ की विकास गाथा का हिस्सा बनने का सौभाग्य मिला है। गलगोटिया विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. केएम बाबू ने अतिथियों का स्वागत किया व वर्ष 2022-23 की विश्व विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की व उन्होंने विश्व- विद्यालय में आयोजित प्रमुख कार्यक्रमों, शैक्षणिक कार्यक्रमों व छात्र प्रशिक्षण कार्यक्रमों, अनुसंधान तथा नवाचार उपलब्धियों, उद्योग- संस्थान संबंधों व उत्कृष्टता केंद्रों की शुरुआत, सामुदाय संपर्क गतिविधियों व संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों की दिशा में काम पर प्रकाश डाला और कहा कि विश्व- विद्यालय को हाल ही में, क्यूएस रैंकिंग द्वारा उत्कृष्टता के लिए 5 स्टार का दर्जा दिया गया था और भारत में पेटेंट दाखिल करने में तीसरा स्थान मिला था। एचडीएफसी बैंक के चेयर मैन अतनु चक्रवर्ती ने अपने दीक्षांत समारोह के संबोधन में गलगोटिया यूनिवर्सिटी को कम समय में रिसर्च व इनोवेशन और अध्यापन में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त करने के लिए बंधाई दी। अंगोला के राजदूत श्री क्लेमेंटे पेड्रो फ्रांसिस्को ने अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के प्रति गलगोटिया विश्वविद्यालय के योगदान की सराहना की और बैच 2023 के स्नातकों को भी बधाई दी। उन्होंने उनके आगे के जीवन में बड़ी सफलता की कामना की। गलगोटिया यूनिवर्सिटी के सीईओ डॉ. ध्रुव गलगोटिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि विश्वविद्यालय की गतिविधि- यों में छात्र प्रमुख शक्ति हैं।

## आवारा पशुओं की समस्या से किसानो को नहीं मिल रही निजात

**अवधनामा संवाददाता**



**अमेठी।** जिले के विभिन्न गांवो में आवारा पशुओं की समस्या आज भी बरकरार है। इस समय गेहूं की लहलहाती फसल आवारा पशु चौपट कर रहे हैं। लोक सभा चुनाव की दुंदुभी बज चुकी है। सभी दल एक बार फिर जनता को लुभाने की कवायद में जुट गए हैं लेकिन जिले के अन्नदाता आज भी आवारा पशुओं की समस्या से नहीं उबर पा रहे हैं। सर्द रात में भी किसान रतजगा कर अपने फसलों की रखवाली करने को मजबूर हैं। जिले के गांव और नगर में आवारा पशुओं का कहर कम नही हो रहा है। ग्रामीण इलाकों में जगह-जगह आवारा पशु झुंड के झुंड नज़र आते हैं कहीं-कहीं तो इनकी संख्या बहुत ज्यादा रहती है। रात के समय ज्यादातर आवारा पशुओं का झुंड सड़कों पर ही देखा जा रहा है। जिससे आवागमन भी पूरी तरीके से बाधित हो जाता है इन्हीं आवारा पशुओं के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाओं में भी इजाफा हुआ है। किसानों को रात-रात भर जागकर अपनी फसलों की सुरक्षा इन आवारा पशुओं से करनी पड़ रही है इन सभी समस्याओं से जूझ रही आम जनता की बातों को कोई भी सुनने वाला नहीं है। जिम्मेदार इन समस्याओं से मुंह फेरते नजर आते है जो की चिंता का विषय है। अन्नदाता विभिन्न तरह की समस्याओं से घिरा हुआ है और शासन प्रशासन मूक् दर्शक बने हैं। आवारा पशुओं को संरक्षित करने का अभियान चल रहा है लेकिन वह पूरी तरह सफल नहीं हो सका लिहाजा इनकी समस्या आज भी बरकरार है। जगह जगह देखने को मिलता है की झुंड के झुंड आवारा पशु किसानों की लहलहाती फसल चौपट कर रहे हैं।

## निर्वाचन हेतु नया बैंक खाता खुलवाना होगा

**मैनपुरी।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-24 के निर्वाचन हेतु प्रत्येक उम्मीदवार को निर्वाचन हेतु नया बैंक खाता खुलवाना होगा, उसी अकाउंट से निर्वाचन में व्यय किया जाएगा, निर्वाचन अभ्यर्थी द्वारा निर्वाचन के उद्देश्य से अपने या स्वयं, निर्वाचन अभिकर्ता के संयुक्त नाम से सहकारी बैंक सहित किसी भी बैंक या डाकघर में खाता खुलवा सकते हैं, निर्वाचन अभ्यर्थी द्वारा निर्वाचन से संबंधित किसी भी व्यय के लिए अदा की जाने वाली धनराशि रु. 10 हजार से अधिक नहीं है, तो ऐसे व्यय को उक्त बैंक खाते से निकासी करके नकद राशि के माध्यम से व्यय की जा सकती है। उन्होंने कहा कि सभी उम्मीदवारों को निर्वाचन के प्रयोजनार्थ अलग से बैंक खाता खोलने की सुविधा बैंक लेवल कमेटी द्वारा समस्त बैंकों को उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया जा चुका है, बैंक खाता खुलवाने पर तत्काल बैंक द्वारा 200 पृष्ठों की चेकबुक नॉन पर्सनलाइज उपलब्ध कराई जाएगी।

# शिक्षा से ही देश व समाज का हो सकता है विकास: त्रिभुवनदत्त

**अवधनामा संवाददाता**




**आलापुर (अम्बेडकरनगर)।** शिक्षा से ही देश और समाज का सर्वांगीण विकास हो सकता है बगैर शिक्षा के कोई इंसान आगे नहीं बढ़ सकता बुलंदियों को छूना है तो शिक्षित और संस्कारवान होना जरूरी है। उक्त बातें विधान सभा क्षेत्र आलापुर के विकास खंड जहांगीरगंज के देवरिया बाजार में स्थित ब्लूमिंग चिल्ड्रेन एकेडमी देवरिया पंडित के वार्षिकोत्सव समारोह में मुख्य अतिथि सपा के राष्ट्रीय सचिव/पूर्व सांसद/ आलापुर के लोकप्रिय विधायक त्रिभुवनदत्त ने बच्चो एवं अभिभावको को संबोधित करते हुए कहा।

विद्यालय के 12वे वार्षिकोत्सव समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता डा श्रीकान्त मिश्र ने किया जबकि शानदार संचालन अजीत प्रताप सिंह ने किया। मालूम हो मुख्य अतिथि आलापुर विधायक त्रिभुवनदत्त विशिष्ट अतिथि उप खण्ड अधिकारी सुनील कुमार द्विवेदी का विद्यालय के प्रबंधक रमेशचन्द्र गुप्त एवं संरक्षक लालमणि गोंड़ विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती सीमा गुप्ता ने अपने सहयोगियों के साथ फूल माला पहनकर एवं बुकें देकर स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा किया गया तत्पश्चात विधायक ने फीता काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई। बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम को देख दर्शक दीर्घा में बैठे अभिभावक, अतिथि सभी तालियां बजाकर बच्चो का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान मुख्य अतिथि विधायक त्रिभुवनदत्त ने कहा किबाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने एक संदेश दिया था कि सर्व समाज के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है शिक्षा रूपी ताकत जिसके पास रहेगी वही आगे बढ़ेगा। मुख्य अतिथि विधायक त्रिभुवनदत्त ने छात्र/ छात्राओ के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## मतदान के लिए लोगों को जागरूक किया




**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** सेठ वीरेंद्र कुमार महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर में आज छात्र छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकालकर शत प्रतिशत मतदान हेतु लोगों को जागरूक किया। महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक अपने हाथों में विभिन्न नारे लिखी तख्तियां लेकर सामान्य जनमानस को मतदान हेतु जागरूक करते हुए सम्पूर्ण क्षेत्र में नारे लगाते हुए रैली निकाल रहे थे। चांद पर चन्द्रयान, धरती पर मतदान। युवा तुम हो देश की शान, उठोसबेरे करो मतदान। वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना है। नारों के उत्साहित स्वयंसेवक लोगों के मध्य अपनी बात रख रहे थे। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ अवनीश दीक्षित सुधा सिंह अवधेश दीक्षित विनय कुमार, डॉ सचिन, चन्द्रभान मिश्र, नम्रता श्रीवास्तव, वीरेंद्र नायक, राजकुमार याज्ञिक, विनीत मिश्र, आदर्श श्रीवास्तव, खुशी बुधौलिया जान्हवी तिवारी रिया जाटव, अश्विनी शर्मा अर्पित अग्रवाल, अपर्णा, काजल सेंगर, शालिनी शिवहरे, जनार्दन तिवारी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## ईट से तौल कर राशन को किया जा रहा था वितरण

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा ब्लाक के ग्राम पंचायत सोनबरसा टोला समुदा के कोटेदार द्वारा ईट से तौल कर राशन वितरण और उपभोक्ताओं को धमकाते वीडियो वायरल हुआ है। समूदा की कोटेदार पुष्पा सिंह है। करीब दो वर्ष पूर्व घटतौली को लेकर दुकान को निलंबित कर दिया गया था। अपनी पकड़ के दम पर कोटेदार ने दुकान को बहाल करा लिया है। दुकान बहाल होते ही फिर घटतौली शुरू कर दिया। जब कोई विरोध करता है। तो उसे धमकी देता रहता था। मंगलवार को राशन वितरण के दौरान कोटेदार का बेटा ईट रख कर तौल कर रहा था। जिससे उपभोक्ता घटतौली के शिकार हो रहे थे। कोटेदार के पास वीडियो में इलेक्ट्रानिक कांटा मौजूद दिखाई दे रहा है। कुछ उपभोक्ता विरोध भी कर रहे है। जिस पर कोटेदार का बेटा धमकाते नजर आ रहा है। इस संदर्भ में उपजिलाधिकारी खजनी शिवम सिंह ने कहा की वीडियो की जांच कराकर कोटेदार के खिलाफ कारवाई की जायेगी।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम पर कार्यशाला आयोजित

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवां क्षेत्र स्थित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महाविद्यालय सहजनवां में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें आने वाले चुनाव के मद्देनजर कैसे मतदाताओं को जागरूक करना है, उनके वोट के महत्व के बारे में कैसे बताया जाए, मनोरंजनात्मक तरीके से उनको कैसे जागरूक किया जाए एवं ईवीएम और वीवीपैट के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सहजनवां तहसील के तहसीलदार राकेश कनौजिया ने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का पर्व होता है जिसमें अधिक से अधिक संख्या में लोगों को अपनी भूमिका अदा करनी चाहिए। इससे हम अपनी मनपसंद सरकार चुन सकते हैं। विशिष्ट अतिथि सहजनवा तहसील के नायब तहसीलदार भानु प्रताप सिंह ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ तरन्नुम बानो ने किया तथा संचालन नोडल अधिकारी पवन कुमार ने किया। इस अवसर पर डॉ शिवेंद्र बहादुर सिंह, अमित गोयल, अंकित मद्धेशिया, मनीषा सहित विभिन्न महाविद्यालयों के दर्जनों की संख्या में प्रतिनिधि व छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

## संविदा चालक के इच्छुक पंजीकरण कराकर करें आवेदन

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम अमेठी डिपो के द्वारा जिला सेवायोजन कार्यालय से 50 संविदा चालक पद के लिए अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग सामान्य वर्ग के भर्ती हेतु योग्य अभ्यर्थियों की सूची मांगी गयी है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त पद हेतु अर्ह अभ्यर्थी का बस चलाने का हैवी लाइसेंस 02 वर्ष पुराना हो कक्षा-8 पास होना अनिवार्य एवं शारीरिक लम्बाई 5 फुट 3 इंच तथा न्यूनतम आयु 23 वर्ष 06 माह से अधिकतम 58 वर्ष होनी चाहिए व भूतपूर्व सैनिकों को उक्त भर्ती में वरीयता दी जायेगी। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी सेवायोजन विभाग के वेब पोर्टल पर उपस्थित पंजीकरण कराने के उपरान्त जिला सेवायोजन कार्यालय में साक्षात्कार परीक्षा के लिए सप्ताह के मंगलवार व शुक्रवार को 11 बजे डिपो कार्यशाला अमेठी उपस्थित होकर प्रतिभाग कर सकते है।

## महिला थानाध्यक्ष होने के बावजूद पीड़ित महिलाओ को खाना पड़ रहा है ठोकर

**जलालपुर-अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** मालीपुर थाना में महिला थानाध्यक्ष होने के बावजूद पीड़ित महिलाओं को घंटों थाने पर करना पड़ता है इंतज़ार। एक युवक की दरिंदगी का शिकार घायल युवती मदद के अभाव में लगभग 6 घंटे थाने पर बैठने को मजबूर हुई। सीओ जलालपुर के थाना पहुंचने तथा नसीहत के बाद जागा पुलिस प्रशासन घायल युवती को रात में इलाज और मेडिकल परीक्षण के लिए नगपुर अस्पताल भेजा जहां प्राथमिक उपचार के बाद युवती को बगैर मेडिकल परीक्षण के ही वापस लौटना पड़ा। रात में ही सीओ के निर्देश पर आरोपी को हिरासत में ले लिया गया। दूसरे दिन युवती का मेडिकल परीक्षण कराया गया।घटना मालीपुर थाना के एक गांव में बीते रविवार रात को घटित हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार रात लगभग एक बजे युवती घर से बाहर गई। वहां खड़ा युवक युवती को पकड़कर छेड़खानी और अस्मत लूटने का प्रयास करने लगा।जब युवती ने इसका विरोध किया तो दरिंदा युवक युवती को ज़मीन पर पटक दिया और उसे मारने पीटने लगा,जब आरोपी दरिंदे का इससे पेट नही भरा तो उसका गला दुपट्टे से दबा कर हत्या का प्रयास किया जिससे युवती की सांस रुकने लगी और बेहोश हो गई ।मौक़े का फ़ायदा उठाकर दरिंदा युवक वहां से भाग गया। घंटो बेहोशी के बाद जब होश में आई तो खून से लथपथ युवती अपने घर पहुंची और पूरी बात अपने परिजनों को बताई।बेटी के साथ हुई दरिंदगी की घटना सुन परिजन दहल गए।बेटी की इज्जत कैसे बचे सोच विचार में पड़ गए। ग्राम प्रधान नात रिश्तेदारों से चर्चा कर माता पिता बेटी को लेकर सोमवार 3 बजे दोपहर थाना पहुंचे किंतु थानाध्यक्ष के थाना में मौजूद नहीं होने के कारण वहां बैठे रहे। तहरीर महिला हेल्प डेस्क पर देकर न्याय की उम्मीद में परिजनों के साथ डटे रहे।शाम को थानाध्यक्ष कही से वापस लौटी किंतु पूछताछ नही की गई। रात लगभग 8 बजे सीओ देवेन्द्र कुमार थाना पहुंचे। थाना पर रात में महिलाओ के बैठने पर सवाल पूछा तो पूरी घटना की जानकारी दी गई।पुलिस के महिला के प्रति संवेदनहीनता से नाराज हुए तब कहीं जाकर पुलिस ने युवती के मेडिकल परीक्षण आदि के लिए कागजात तैयार किया गया।

# बाराबंकी सीट पर उपेन्द्र के स्थान पर आएगा उम्मीदवार, कई सांसदों का कट सकता है टिकट



**लखनऊ।** दिल्ली में भाजपा कोर कमेटी की बैठक में यूपी की 25 सीटों पर उम्मीदवारों के चयन पर मंथन किया गया। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में हुई बैठक में भाजपा के साथ ही सहयोगियों की दी जाने वाली सीटों पर भी चर्चा हुई। सूत्रों के मुताबिक बाराबंकी में उपेन्द्र रावत के स्थान पर नया चेहरा उतारने पर सहमति बनी है। वहीं एनडीए की सहयोगी अपना दल (एस) को उनकी पुरानी सीट मिर्जापुर और राबर्टसगंज (सुरक्षित) सीट ही दी जाएगी। वहीं, कुछ मौजूदा सांसदों का टिकट काट कर नए चेहरों को देने की भी चर्चा हुई। बता दें कि भाजपा ने अब तक यूपी में लोकसभा के 51 उम्मीदवारों की सूची जारी कर चुकी है। दो सीटें रालोद और एक सीट सुभासपा को दी गई है। जबकि दो सीट अपना दल (एस) को दी जानी है। ऐसे में भाजपा के कोटे की शेष बची 24 सीटों पर उम्मीदवार तय करने को लेकर सोमवार को भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय में बैठक बुलाई गई थी। इसके अलावा बाराबंकी सीट से उम्मीदवार बनाए गए उपेन्द्र रावत से जुड़ा आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने के बाद उनके स्थान पर दूसरा उम्मीदवार उतारने पर भी चर्चा हुई। बैठक में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, महामंत्री (संगठन ) धर्मपाल के अलावा दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक भी मौजूद रहे। सूत्रों के मुताबिक यूपी समेत विभिन्न प्रदेश के लिए उम्मीदवारों के चयन के मुद्दे पर कोर कमेटी की बैठक के बाद अब मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में केन्द्रीय चुनाव समिति (सीईसी) बैठक हो सकती है। इसके बाद लोकसभा सीटों के उम्मदीवारों की तीसरी सूची जारी हो सकती है। हालांकि कुछ लोगों का कहना है कि होली के एक या दो दिन पहले सूची जारी की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक बैठक में मेनका गांधी और उनके पुत्र वरुण गांधी को चुनाव लड़ाने को लेकर भी चर्चा हुई है। बताया जा रहा है कि कोर कमेटी में दोनों में से किसी एक को ही टिकट देने की बात हुई है। वहीं, पार्टी सूत्रों का कहना है कि पार्टी वरुण के बजाय मेनका को सुल्तानपुर से उतारने पर विचार कर रही है। जबकि पीलीभीत से जितिन प्रसाद और केन्द्रीय मंत्री बीएल वर्मा के नाम पर चर्चा हुई। इसी प्रकार बरेली से संतोष गंगवार के स्थान पर महापौर उमेश गौतम और हरिशंकर गंगवार के नाम पर विचार किया गया। बाराबंकी सीट पर मौजूदा सांसद उपेन्द्र रावत के स्थान पर पूर्व नौकरशाह राम बहादुर और पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष शशांक कुशमेश को चुनाव लड़ाया जा सकता है। रायबरेली से सपा विधायक मनोज पाण्डेय और कैसरगंज से बृजभूषण सिंह की पत्नी केतकी देवी सिंह या लड़के करण भूषण सिंह मैदान में उतारे जा सकते हैं।

# ड्रग एलर्जी ए ग्रेट मास्करेडर विषय पर व्याख्यान

**अवधनामा संवाददाता**



**लखनऊ।** स्टेट चौप्टर यूपी सेल, नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल साइंसेज, भारत ने 18 मार्च 2024 को एराज लखनऊ मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, एरा यूनिवर्सिटी, लखनऊ में ड्रग एलर्जीः ए ग्रेट मास्करेडर विषय पर एक अतिथि व्याख्यान आयोजित किया। इस समारोह के मुख्य अतिथि एरा यूनिवर्सिटी, लखनऊ के कुलपति प्रोफेसर (डॉ) अब्बास अली महदी, थे एवं डॉ. (प्रो.) पी.के. वेदांतन, एमडी क्लिनिकल प्रोफेसर ऑफ मेडिसिन, यूनिवर्सिटी ऑफकोलाराडो डेनवर, कोलाराडो यूएसए इस कार्यक्रम के अतिथि वक्ता थे। प्रोफेसर राजेंद्र प्रसाद, संयोजक, स्टेट चौप्टर (यूपी), नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल साइंसेज और निदेशक चिकित्सा शिक्षा और प्रोफेसर, श्वसन चिकित्सा विभाग, ईएलएमसीएच, लखनऊ ने समारोह की अध्यक्षता की। डॉ. विजय कुमार एफ़एएमएस राज्य नोडल अधिकारीध्सदस्य सचिव राज्य चौप्टर यूपी सेल नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल साइंसेज ने भारत ने आनलाइन जूम मीटिंग के माध्यम से कार्यक्रम में भाग लिया। डॉ. (प्रो.) के.बी. गुप्ता, विभागाध्यक्ष रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग, ईएलएमसीएच, लखनऊ ने डॉ. (प्रो.) पी.के. वेदांतन का स्वागत किया एवं उनका परिचय दिया और प्रो. पी.के. वेदांतन, एमडी क्लिनिकल प्रोफेसर ऑफ मेडिसिन, यूनिवर्सिटी ऑफ कोलाराडो डेनवर, यूएसए ने इस विषय पर अपने विचार साझा किए और इसके महत्व पर जोर दिया। इस अवसर पर प्रो. राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि यह उत्तर प्रदेश राज्य में एरा यूनिवर्सिटी में स्थापित होने वाला दूसरा राज्य चौप्टर है, उन्होंने बताया कि इस सेल का कार्य नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल की सभी गतिविधियों को बेहतर बनाना होगा। उत्तर प्रदेश राज्य में विज्ञान, जिसमें स्वास्थ्य पेशेवरों के ज्ञान कौशल प्रथाओं को अद्यतन करने का अवसर प्रदान करना, पेशेवर निकायोंध्संगठनोंध्राज्य स्वास्थ्य एनजीओ हितधारक के साथ प्रभावी शैक्षणिक नेटवर्किंग करना, महत्वपूर्ण स्थानीय स्वास्थ्य की पहचान कर राज्य स्वास्थ्य अधिकारियों की सहायता करना एवं नीतिगत मुद्दे और राज्य में नीति निर्माताओं के लिए अवधारणाध्श्वेत पत्र नीति पत्र विकसित करना शामिल है। डॉ. (प्रो.) पी.के. वेदान्तन ने व्याख्यान के लिए मंच पर उनका स्वागत किया। डॉ. (प्रो.) पी.के. वेदांतन ने इस अवसर के लिए एरा यूनिवर्सिटी और प्रोफेसर (डॉ.) ए.ए. महदी को धन्यवाद दिया और ड्रग एलर्जी और चिकित्सा के क्षेत्र में इसके महत्व पर अपने विचार साझा किए। डॉ. रचित शर्मा एसोसिएट प्रोफेसर, श्वसन चिकित्सा विभाग ईएलएमसीएच लखनऊ ने डॉ. (प्रो.) पी.के. वेदांतन को इस विषय पर अपने विचार देने और इस अतिथि व्याख्यान के लिए अपना कीमती समय निकालने के लिए धन्यवाद दिया।। डॉ आनंद वर्मा एसएमओ रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग, ईएलएमसीएच लखनऊ द्वारा धन्यवाद ज्ञापन द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया और कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी सदस्यों और संकाय को धन्यवाद दिया गया।

# सपा हमेशा व्यापारियों के साथ खड़ी रही है: अखिलेश यादव



**देश में लोकतंत्र, संविधान और आजादी को बचाना है**

**लखनऊ।** समाजवादी व्यापार सभा की बैठक आज समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय 19 विक्रमादित्य मार्ग लखनऊ के डॉ0 राममनोहर लोहिया सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में एकमत से बूथस्तर तक अपनी भूमिका तय करते हुए लोकसभा चुनाव 2024 में संकल्प लिया गया कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव के नेतृत्व को मजबूती देते हुए पीडीए की विचारधारा पर आधारित इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को विजयी बनाने में व्यापारी कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे।

लोकतंत्र और संविधान को बचाने तथा देश में पुनः सकारात्मक माहौल स्थापित करने के लिए भी सभी प्रतिबद्ध है। समाजवादी व्यापार सभा की बैठक में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने वीर बलिदानी दानदाता भामाशाह के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। बैठक की अध्यक्षता व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष श्री प्रदीप जायसवाल ने की और कार्यक्रम का संचालन श्री अभिमन्यु गुप्ता ने किया। श्री अखिलेश यादव ने समाजवादी व्यापार सभा के मुख्य प्रस्ताव और समाजवादी सरकार में हुए महत्वपूर्ण कार्यों की विवरण पुस्तिका का विमोचन किया तथा सदस्यता प्रमाण पत्र दिए। श्री अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा व्यापारियों के साथ खड़ी रही है। समाजवादी सरकार में उनके साथ न्याय होता था। आज व्यापारी वर्ग तबाह है। उसका शोषण और उत्पीड़न हो रहा है। छोटे और खुदरा व्यापारी भाजपा की कुनीतियों से तबाह हैं। भाजपा की गलत नीतियों के चलते 30 प्रतिशत व्यापार ही बचा है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में व्यापारी वर्ग अपनी दुकानदारी करते हुए भी बाजार में ग्राहकों से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में चर्चा करना न भूलें। देश में लोकतंत्र, संविधान और आजादी को बचाना है। व्यापारी भाजपा का पर्दाफाश कर उसे 440 वाट का करेंट दे सकते हैं। इस अवसर पर राज्य स्तरीय संगठनात्मक बैठक में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव से मांग की गई कि समाजवादी पार्टी के सहयोग से केन्द्र में जब इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी तो व्यापारी एवं उद्यमी हित में समाजवादी पार्टी निम्नलिखित कार्य करेगी।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति का हुआ है उत्थानः आशा गौड

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** महानगर महिला मोर्चा के देवकाली व करियप्पा मंडल की बैठक लोक सभा चुनाव कार्यालय



सिविल लाइन में आयोजित की गई। बैठक में संगठन का ढांचा मजबूत करके लोक सभा चुनाव में व्यापक जनसम्पर्क अभियान चलाने को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान संकल्प पत्र सुझाव अभियान के तहत पेटिका में महिलाओं ने अपने सुझाव भी दिए।

बैठक में महानगर अध्यक्ष महिला मोर्चा आशा गौड़ ने कहा कि जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति का उत्थान हुआ है। महिलाओं का सम्मान बढ़ा है, इसके लिए वे सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हमेशा आभारी रहेंगी। एक बार फिर नारी शक्ति अयोध्या से पिछ्ली बार से अधिक अंतर से जीत दिला कर लगातार तीसरी बार देश के पीएम नरेंद्र मोदी को भारत का प्रधानमंत्री बनाने का काम करेंगी। छोटी-छोटी टोलियां बना कर व्यापक जनसम्पर्क के माध्यम से घर-घर जा कर सरकार की योजनाओं की चर्चा करें।

अशोक द्विवेदी ने कहा कि भाजपा सरकार में गरीबों का विकास हो रहा है जो किसी से नहीं छुपा है। भाजपा सरकार की विकास को देखकर विपक्षी पार्टियों में बौखलाहट पैदा हो रही है। भाजपा सरकार के द्वारा जिस रफ्तार से इतने ही कम समय में जो विकास किया है वह किसी पार्टी में नहीं किया।

महानगर महामंत्री प्रतिमा शुक्ला ने कहा कि सरकार की महिला उत्थान की नीतियों से महिलाओं में सरकार के प्रति उत्साह है। 4 जून 400 पार के लक्ष्य पर अयोध्या से सर्वाधिक अंतर से विजय प्राप्त करना है।

महानगर मंत्री स्वाती सिंह ने कहा सरकार की महिला उत्थान की चर्चा घर-घर सम्पर्क कर करें।

इस अवसर पर नीलम जायसवाल, माया सिंह, नीता शर्मा, यमुनोत्री केसरवानी, रेखा शर्मा, सीता सिंह, शकुंतला गौतम, डा सोनी, मालती चौहान, शकुंतला मौर्या, अर्चना तिवारी, किरन दूबे सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

# गोसाईगंज पुलिस 10 लाख की स्मैक के साथ एक गिरफ्तार, पुलिस ने आरोपियों को भेजा जेल

*अवधनामा संवाददाता*

**गोसाईगंज-अयोध्या।** गोसाईगंज पुलिस ने 10 लाख रुपये कीमत की स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। तस्कर को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान तस्कर के पास से 75 ग्राम स्मैक बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर कोर्ट भेजा। जहां से जेल भेजा गया है।

एसपी अरुण कुमार सिंह ने खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध स्मैक के साथ से गोपालपुर गौहनियां मोड थाना गोसाईगंज अयोध्या की तरफ से 18 मार्च मंगलवार शाम 6:45 पर समदा जोगापुर गांव निवासी मनोज यादव पुत्र शिव शंकर यादव के पास कुल 75 ग्राम अवैध स्मैक के साथ से पकड़ लिया।

पूछताछ के दौरान आरोपितों ने पुलिस को बताया की उनके पास स्मैक है। जिस पर प्रभारी निरीक्षक



परशुराम ओझा ने मामले की सूचना एसपी क्षेत्राधिकारी, सदर खुलासा करते हुए बताया कि मनोज मनोज यादव का आपराधिक इतिहास रहा है इससे पहले भी छह बार हो जेल जा चुका है।वहीं दूसरी तरफ गोसाईगंज पुलिस ने चुनाव से पहले नशीले और मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले आरोपियों की धरपकड़ अभियान जिले में एसपी के निर्देशन में चल रहा है।

इसी अभियान के अंतर्गत गोसाईगंज पुलिस ने 900 ग्राम गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। थाना प्रभारी परशुराम ओझा ने जानकारी देते हुए बताया कि अरविंद गौड़ पुत्र रामफेर गौड उम्र 32 साल निवासी थाना भीटी जनपद अंबेडकर नगर गोकुल 900 ग्राम गज के साथ 19 मार्च को समय 9:40 बजे गिरफ्तार किया। एसपी ने बताया कि आरोपियो से स्मैक व गांजा के दूसरे तस्करों की जानकारी और स्रोत जुटाए जा रहे हैं।

## बसपा प्रत्याशी ने बीकापुर विधानसभा में किया भ्रमण

**बीकापुर-अयोध्याधाम।** बहुजन समाज पार्टी द्वारा घोषित किए गए लोकसभा उम्मीदवार सच्चिदानंद सचिन पांडे मंगलवार को विधानसभा बीकापुर के भ्रमण पर थे। इस दौरान बसपा प्रत्याशी सच्चिदानंद पांडे पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ तहसील में पहुंचकर बीकापुर बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं से मिले। अधिवक्ताओं ने भी बसपा प्रत्याशी पांडेय का स्वागत किया। सच्चीदानंद पांडे के साथ बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष लोकसभा प्रभारी विधानसभा प्रभारी के अलावा संगठन के अनेक महत्वपूर्ण पदाधिकारी मौजूद थे। बसपा प्रत्याशी ने सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय की संकल्पना के साथ इस बार अयोध्या में हाथी का परचम लहराने का शंखनाद किया। उन्होंने दावा किया कि धर्म के नाम पर यह चुनाव जनता को स्वीकार नहीं है। जनता के सरोकार रखने वाले स्थानीय मुद्दों पर ही मतदान करने जा रही है।

## सुदामा चरित्र सुनकर भावुक हुए श्रोताः राधेश शास्त्री

**टंडौली -अयोध्या।** मया ब्लाक के बेरासपुर, कूड़ी बंजरिया माता मंदिर प्रांगण में चल रही कथावाचक आचार्य राधेश शास्त्री जी ने बताया कि कितनी भी विषम परिस्थिति क्यों न हो भगवत भजन कभी नहीं छोड़ना चाहिए। श्रद्धा और निः स्वार्थ पूर्वक की गई साधना कभी व्यर्थ नही जाती है। प्रभु की करुणा भक्त पर जरुर बरसती है। भगवान भाव के भूखे होते हैं।गरीबों ,असहायों की मदद करना ही सभी लोगों का उद्देश्य होना चाहिये। कथा व्यास ने सुदामा चरित्र व परीक्षित मोक्ष सहित बिबिध कथा प्रसंगों का बड़े ही रोचक अंदाज में वर्णन किया।कथा के दौरान कथावाचक ने श्रोताओं से भागवत को अपने जीवन में उतारने की अपील की। साथ ही सुदामा चरित्र के माध्यम से श्रोताओं को श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का वर्णन करते हुए कहा कि मित्रता कृष्ण और सुदामा जैसी होनी चाहिए।कहा कि सुदामा एक गरीब ब्राह्मण थे।

# शाखा प्रबंधक ने सेवा निवृत शिक्षक के बैंक खाते के संचालन पर लगा दी है

### खाते में आई पेंशन का भुगतान न हो अपने से शिक्षक का परिवार भुखमरी के कगार पर खड़ा



*अवधनामा संवाददाता*

**मिल्कीपुर -अयोध्या।** बडौदा यू पी बैंक शाखा पलिया लोहानी के शाखा प्रबंधक की दबंगई के चलते सेवानिवृत शिक्षक का परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच गया है। बैंक स्थित अपने खाते में प्राप्त पेंशन का भुगतान किए जाने के लिए 70 वर्षीय सेवानिवृत शिक्षक तहसील से लेकर बैंक के उच्च अधिकारियों की चौखट पर एड़ियां रगड़ रहा है, किंतु बैंक के उच्चाधिकारी से लेकर प्रशासनिक अधिकारी तक बैंक के शाखा प्रबंधक की हठधर्मिता के आगे बौने साबित हो रहे हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक 70 वर्षीय दल बहादुर सिंह सेवानिवृत शिक्षक है और उनका 40 वर्ष पुराना बैंक खाता बडौदा यूपी बैंक शाखा पलिया लोहानी हैरिंग्टनगंज में स्थित है। सेवानिवृत शिक्षक की पेंशन इसी बैंक खाते के माध्यम से प्राप्त होती है। शिक्षक दल बहादुर सिंह का कहना है कि उन्होंने रनापुर निवासी विधवा महिला शिव कुमारी पत्नी स्वर्गीय जगजीवन द्वारा अपने खाते की नाव बीघा भूमि पर किसान क्रेडिट कार्ड बनवेट समय बैंक में खाता खुलवाया था, जिस पर उन्होंने शिवकुमारी की पहचान कर दी थी। उक्त महिला खातेदार का बैंक की ओर से दो लाख 49 हजार रुपए का किसान क्रेडिट कार्ड बनाया गया था। जिसमें से कृषक महिला द्वारा एक लाख 47 हजार रुपए आहरित कर लिया गया था। उक्त खाता अब एनपीए हो गया है, जो ब्याज सहित 3 लाख से ऊपर पहुंच चुका है। इस बीच बैंक के शाखा प्रबंधक अंकित श्रीवास्तव ने बीते नवंबर 2023 में शिक्षक दल बहादुर सिंह के बैंक खाते पर रोक लगा दी। नवंबर महीने से अब तक शिक्षक दल बहादुर सिंह को अपनी पेंशन के एवज में बैंक खाते से फूटी कौड़ी भी नहीं प्राप्त हो सकी। इसके बाद उन्होंने बैंक के उच्च अधिकारियों सहित संपूर्ण समाधान दिवस एवं एसडीम मिल्कीपुर से भी शिकायत कर कार्यवाही की गुहार की। सेवानिवृत शिक्षक का कहना है कि मेरे द्वारा शाखा प्रबंधक से कई बार अनुरोध किया गया कि खातेदार महिला के पास बैंक का ऋण अदा किए जाने हेतु पर्याप्त भूमि उपलब्ध है। जिसकी नकल खतौनी ऋण पत्रावली में संलग्न भी है, उसकी नीलामी प्रक्रिया शुरू कराई जाए। किंतु प्रबंधक की दबंगई के आगे एक भी नहीं चल पा रही है। जिसका परिणाम है की सेवानिवृत्त शिक्षक वृद्धावस्था में अपनी बीमारी का इलाज भी नहीं करा पा रहा है और तो और शिक्षक का परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच गया है। बैंक शाखा प्रबंधक अंकित श्रीवास्तव का कहना है कि बैंक की ओर से विधिक प्रक्रिया के तहत कार्यवाही की गई है, मेरे द्वारा कोई जानबूझकर ऐसा नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि तहसील स्तर से भी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# प्रेम व सौहार्द के साथ मनाएं होली का त्यौहारः सुनील सिंह

## होली व रमजान महीने को लेकर हुई पीस कमेटी की बैठक

*अवधनामा संवाददा*

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** होली एवं रमजान के त्यौहार को शांति और सौहार्द से मनाने के लिए कुमारगंज थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक की गयी ।

बैठक में सभी धर्म और समुदाय के लोगों ने हिस्सा लेकर आपस में शांति और सौहार्द से होली मनाने की अपील की गयी।बैठक की अध्यक्षता कर रहे पुलिस क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर सुनील सिंह ने होली पर्व को शांतिपूर्ण निपटाने के लिए लोगों से बातचीत भी की। उन्होंने सम्बोधित करते हुए कहा कि होली का पर्व आपसी भाईचारे का संदेश देता है।इससे लोगों को सीख लेनी चहिए। रंग-गुलाल उड़ाते समय बवाल न करें ताकि होली का पर्व सुखमय तरीके से संपन्न हो। थाना अध्यक्ष कुमारगंज रतन सिंह ने लोगों से अपील की डीजे पर अश्लील गाने ना बजे शराब पीकर हुड़दंग न मचाएं ,कहीं भी बवाल न हो इसके लिए पुलिस नजर रख रही है।अगर कहीं भी किसी व्यक्ति के द्वारा



क्षेत्र में त्यौहार में खलल डालने की कोशिश की गई व शांति भंग करने की कोशिश की गई तो उसके ऊपर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपजिलाधिकारी मिल्कीपुर राजीव रत्न सिंह ने थाना क्षेत्र के ग्राम प्रधानों से अपील की चिन्हित स्थान पर ही होलिका दहन कराये, गांव में बैठक कर वरिष्ठ लोगों की टीम बनाये जिससे शान्ति पूर्वक त्यौहार मनाया जाए। कोई समस्या हो तो थाने पर सूचना दे।इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष कुमारगंज विकास सिंह छोटू, शीतला प्रसाद वाजपेई, दिनेश शुक्ला, मुस्लिम प्रधान,राजू कनौजिया,राजू पासी, विकास सिंह, कलीम,ह्रिदेश यादव,अमर कुमार, चौंकी प्रभारी चिलबिली रवीस कुमार यादव, अभिषेक त्रिपाठी, अरविंद पटेल, अर्जुन यादव सहित क्षेत्र के अन्य वरिष्ठ लोग मौजूद रहे।

# डीएम ने किया मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत ÷स्वीप÷ कार्यक्रम के तहत आज कलेक्ट्रेट परिसर में मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया। कलेक्ट्रेट परिसर के अलावा हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम का आयोजन जनपद के सभी तहसील मुख्यालयों पर भी आज किया जा रहा है और बड़ी संख्या में लोग इसमें भाग ले रहे हैं। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने आज कलेक्ट्रेट परिसर में ढोल नगाड़े के साथ इस अभियान का शुभारंभ करते हुए सबसे पहले हस्ताक्षर किए और ÷मतदान करे बाराबंकी÷ लिखा। उन्होंने ÷मतदान करे बाराबंकी÷ के आह्वान के साथ सभी लोगों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें। इसके बाद मुख्य विकास अधिकारी अ. सूदन और अन्य अधिकारियों कर्मचारियों के साथ साथ रंगोली बनाने वाली छात्रा ने भी हस्ताक्षर किया। इसके बाद जलाधिकारी ने उपस्थित लोगों को मतदाता शपथ भी दिलाई। इसके बाद जलाधिकारी ने कहा कि स्कूल, कॉलेज और अन्य शैक्षिक संस्थानों में भी हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक संख्या में मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक हो सकें और मतदान के प्रति उनमें उत्साह पैदा हो। मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान के कार्यक्रमों का आयोजन आज से जनपद की सभी तहसील मुख्यालयों के अलावा ब्लॉक स्तर पर भी किया जाएगा और उद्योग इकाई एवं संस्थानों आदि में भी मतदाता जागरूकता अभियान के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

## गुरुकुल कुरुक्षेत्र के प्रवेश परीक्षा में अथर्व का हुआ चयन

**महराजगंज (सिसवा बाजार)।** स्थानीय व्यवसायी रितेश जायसवाल के पुत्र अथर्व जायसवाल ने शिक्षा के क्षेत्र में देश की प्रतिष्ठित संस्था गुरुकुल कुरुक्षेत्र की अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित प्रवेश परीक्षा में कक्षा 6 के लिए चयनित होकर माता पिता, विद्यालय,क्षेत्र और जिले का नाम रोशन किया है। सिसवा नगर स्थित मलवेरी कान्वेंट स्कूल के छात्र अर्थव जायसवाल ने गुरुकुल कुरुक्षेत्र के कक्षा छह के लिए अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित प्रवेश परीक्षा में सफल होकर विद्यालय सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है।विद्यालय की संचालिका शुभ्रा सिंह जायसवाल ने अथर्व और उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि माता पिता के साथ विद्यालय के शिक्षकों का अथक परिश्रम है कि मलवरी स्कूल के बच्चे लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहें है,बच्चों का चतुर्दिक विकास ही हमारा लक्ष्य है।

# गैंगेस्टर एक्ट में बांछित दो इनामियां गिरफ्तार





*अवधनामा संवाददाता*

**देवा बाराबंकी।** थाना देवा पुलिस टीम ने गैंगेस्टर एक्ट में बांछित 10-10 हजार रूपये का 02 इनामियां अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इसके कब्जे से एक तमंचा मय कारतूस बरामद हुआ। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में थाना देवा पुलिस टीम द्वारा गैंगस्टर एक्ट में वांछित 10-10 हजार रूपये के 02 इनामियां अभियुक्तगण कुलदीप पुत्र रामपाल यादव व महेश पुत्र स्व0 राजाराम निवासीगण ग्राम कुसुम्भा थाना देवा को आज गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त कुलदीप उपरोक्त के कब्जे से एक अदद तंमचा 12 बोर व एक जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद कर थाना देवा पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक बाराबकी द्वारा 10-10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित किया गया था।

## फांसी के फंदे से लटका मिला एक दिन पहले गायब युवक का शव

**सतरिख बाराबंकी।** थाना क्षेत्र में एक दिन पहले लापता युवक का शव गांव के बाहर फंदे से लटका मिला। पुलिस ने जांच पड़ताल की तो युवक की एक आंख गायब मिली जबकि घुटने जमीन को छूते मिले। रहे थे। हत्या की आशंका जताई जा रही है।।पुलिस ने अज्ञात पर हत्या का मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार सतरिख थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर गांव निवासी अरविंद चौहान (24) सोमवार को दिन में करीब तीन बजे घर से खाना खाकर निकला था। अरविंद की पत्नी रीता के अनुसार घर से निकलने से पहले अरविंद के मोबाइल पर कई काल आई थी। शाम तक घर वापस न लौटने पर पत्नी ने अरविंद के मोबाइल पर काल करनी शुरू की मगर रिसीव नहीं हुई। यह बात उसने परिजनों से बताई तो खोजबीन होने लगी। परिजन लगातार मोबाइल पर कॉल करते रहे मगर रिसीव नहीं हुआ। परेशान परिजन रात भर अरविंद को गांव व आसपास खोजते रहे। मंगलवार की सुबह गांव से करीब 200 मीटर की दूरी पर जंगलनुमा स्थान पर तालाब के किनारे अरविंद का शव एक मामूली से पेड़ की पतली सी डाल पर गमछे से बने फंदे से लटका मिला। बदहवास परिजन वहां पहुंचकर रोने बिलखने लगे। अरविंद की दाहिनी आंख गायब थी। सूचना पाकर मौके पर एएसपी दक्षिणी डॉ अखिलेश नारायण, सीओ सदर सुमित त्रिपाठी भी पहुंच गए। फॉरेंसिक टीम ने भी जांच पड़ताल की। अरविंद की जेब में उसका मोबाइल मिला जो मौन मोड में था। पूछताछ में पता चला कि अरविंद कुल पांच भाई है और वह दूसरे नंबर पर था। पिता रामसुमिरन का निधन भी एक साल पहले हो चुका है। अरविंद के तीन साल का पुत्र आयुष और 7 महीने का पुत्र आरुष हैं। वह अपना ट्रैक्टर किराए पर चला कर जीवन यापन करता था।

## चुनाव व त्यौहार को लेकर डीएम एसपी की बैठक



**बाराबंकी।** आगामी लोकसभा चुनाव व त्योहार के दृष्टिगत पुलिस लाइन सभागार में मंगलवार को गोष्ठी का आयोजन हुआ। गोष्ठी की अध्यक्षता जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह भी मौजूद रहे। इस दौरान डीएम ने कहा कि पुलिस बल पर चुनाव के अलावा आने वाले त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से निपटाने की जिम्मेदारी है। शान्ति व कानून व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस बल की भूमिका अहम है। इसलिए दी गई जिम्मेदारी बेहतर ढंग से निभाएं। जिससे आमजन राहत महसूस कर सके। एसपी ने आयोग से प्राप्त दिशा निर्देश से पुलिस बल को अवगत कराया। इस अवसर पर अन्य अफसर व पुलिस कर्मी मौजूद रहे।04

## लखनऊ जोन की अन्तर्जनपदीय प्रतियोगिता शुरू



**बाराबंकी।** रिजर्व पुलिस लाइन में लखनऊ जोन की अन्तर्जनपदीय वॉलीबॉल कलेस्टर (महिला/पुरुष), वॉलीबॉल, बॉस्केटबॉल, हैंडबॉल, योग, सेपक टकरा, टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2024 का शुभारम्भ मंगलवार को हुआ। इस अवसर पर जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने प्रतियोगिता का आरंभ किया। इसके बाद उन्होंने पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार के साथ खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। ततपश्चात खेल स्पर्धाओं की शुरुआत हुई। डीएम ने कहा कि खेल हमारे जीवन मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रतिस्पर्धा की भावना से होने वाला खेल खिलाड़ी को आगे तक ले जाता है। जीत अहम है तो हार भी, क्योंकि हार से हमे कमी का पता लगता है।

# निर्माण कार्य को लेकर आक्रोशित हुए स्थानीय लोग



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** सीमावर्ती कस्बा ठूठीबारी में एक निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार और कोतवाली निरीक्षक ने निर्माण कार्य को रोक दिया। जानकारी के अनुसार ठूठीबारी कस्बे में काली मंदिर परिसर में जेसीबी लगाकर गड्ढे खुदाई का काम शुरू हुआ ही था कि स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए। स्थानीय लोगों का कहना था कि करीब सवा सौ साल पहले इस मंदिर का निर्माण कराया गया था। तब से लेकर आज तक क्षेत्र के दर्जनों गांव के लोग इस मंदिर पर मुंडन वैवाहिक सहित अन्य तमाम धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन करते आ रहे है। साथ ही विगत कई वर्षों से काली मंदिर पूजा समिति द्वारा नौ दिवसीय यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। ऐसे पर यहां किसी अन्य उद्देश्य से निर्माण कार्य करना अनुचित होगा। इसकी सूचना जब पुलिस प्रशासन को हुई तो मैके पर नायब तहसीलदार और कोतवाली निरीक्षक ने निर्माण कार्य को रोक दिया। जिससे स्थानीय लोग शांत हो गए। इस बाबत नायब तहसीलदार अभिषेक मिश्रा ने बताया कि मौके पर पहुंच निर्माण कार्य को रोक दिया गया है।आदर्श आचार संहिता के दौरान कोई नया निर्माण कार्य नही होगा।

# बूथवार बनाएं दिव्यांग मतदाताओं का डाटाबेसः डीईओ

*अवधनामा संवाददाता*

बदायूँ । जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन के परिपेक्ष्य में दिव्यांगजन, मूकबधिर, मानसिक वाधित, अस्थि बाधित, दृष्टि बाधित पात्र मतदाताओं को अधिक से अधिक संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करने के संबंध में आहूत बैठक में कहा कि सभी पात्र दिव्यांगजन मतदाता आगामी 07 मई को मतदान दिवस के अवसर पर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें तथा अपने पारिवारिक जनों से भी आवश्यक रूप से कराएं।

कलेक्ट्रेट स्थित सभा कक्ष में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि दिव्यांग मतदाताओं का बूथवार डेटाबेस बनाया जाए तथा उन्हें अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने जनपद के सभी दिव्यांग मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि ब्रेल लिपि व संकेत भाषा से मतदान संबंधी प्रक्रिया का प्रचार प्रसार भी कराया जाएगा तथा दिव्यांग मतदाताओं से में आइकॉन बनाकर मतदाताओं को जागरूक भी किया जाएगा। जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी प्रणव पाठक ने बताया कि दिव्यांग मतदाताओं के लिए विनोद, अमित शर्मा आदि को आइकॉन बनाया गया है। उन्होंने बताया कि ब्रेल लिपि के लिए विशेष शिक्षक विपिन मिश्रा, सुरेश मिश्रा तथा संकेत



भाषा के लिए मनोज कुमार सिंह व इकबाल बहादुर सिंह का सहयोग भी लिया जाएगा। इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी वि0रा0/उप जिलाधिकारी वैभव शर्मा, सहित अन्य अधिकारीगण, ब्रेल लिपि व संकेत भाषा के विशेष शिक्षक तथा दिव्यांगजन मौजूद रहे।

## होली हास्य रंग व सम्मान समारोह 30 मार्च को

**अयोध्या।** अयोध्या धाम चैरिटेबल ट्रस्ट का चतुर्थ वार्षिक उत्सव व होली हास्य रंग तथा सम्मान समारोह 30 मार्च दिन शनिवार को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की उक्त जानकारी देते हुए अयोध्या धाम चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय महिंद्रा ने बताया कि यह कार्यक्रम पहले 31 मार्च को होना निश्चित हुआ था किसी कारण वंश कार्यक्रम अब 30 मार्च दिन शनिवार को शाम 4:00 बजे से हमारे आवास बड़ा रामना देवकली रोड पर आयोजित किया जाएगा यह निर्णय ट्रस्ट की एक बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया बैठक में यह भी तय किया गया कि उपरोक्त कार्यक्रम में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सामाजिक क्षेत्र में अयोध्या जिले का नाम प्रदेश में रोशन करने वाले तीन महान विभूतियों को कौशल सम्मान से सम्मानित किया जाएगा जिसमें महिला उत्पीड़न के खिलाफ सबसे ज्यादा कार्य करने वाली महिला भारती सिंह एडवोकेट जिले का नाम रक्तदान में प्रदेश में रोशन करने वाले आशीष पांडेय दीपू तथा सैकड़ो लावारिस लाशों का अंतिम संस्कार करने वाले अजय मौर्या जी को सम्मानित किया जाएगा कार्यक्रम में जिले के हास्य कवियों को भी आमंत्रित किया गया है तथा फूलों की होली भी कार्यक्रम में आयोजित की जाएगी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ट्रस्ट के संरक्षक श्री राम बहल जी को कार्यक्रम का संयोजक तथा ट्रस्ट के महामंत्री प्रतीक वैश्य को कार्यक्रम प्रभारी बनाया गया है।

## भाजपा जिला कार्यालय पर चुनाव प्रबंधन समिति की हुई बैठक



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर आगामी लोकसभा चुनाव निमित्त मंगलवार को लोकसभा 60 डुमरियागंज के विधानसभा कपिलवस्तु के चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक को संबोधित करते हुए कन्हैया पासवान ने कहा लोकसभा चुनाव 2024 का बिगुल बज चुका है, इस बार पुनः हम सब को मिलकर प्रचंड बहुमत के साथ कमल खिलाना है और नरेंद्र मोदी जी को अभूतपूर्व बहुमत से प्रधानमंत्री बनाना है। कन्हैया ने कहा मोदी जी के संकल्प अबकी बार 400 पार को हम सब कार्यकर्ता मित्रों को पूरा करना है। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी केशभान राय, विधानसभा संयोजक हेमंत जायसवाल, पूर्व जिला संयोजक रामनेवास यादव, जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्या, मुन्नी देवी, जिला महामंत्री विपिन सिंह, विजयकांत चतुर्वेदी, जिला मंत्री अजय उपाध्याय, बिंदुमती मिश्र, विस्तारक राम जी कसेरा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्रीश चौधरी, राजेश, जिला मीडिया प्रभारी निशांत पांडेय, नगर अध्यक्ष महेश वर्मा, पूर्व नगर अध्यक्ष अर्चिष्मान मिश्र, जिला संयोजक निर्वाचन सचिदानंद चौबे आदि पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में विजयी बच्चे हुए पुरस्कृत

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** ब्लॉक संसाधन केंद्र डुमरियागंज के परिसर में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के तहत आयोजित ब्लॉक स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागी बच्चों को मंगलवार को प्रमाण पत्र, शील्ड, मेडल व अन्य पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। बच्चों को सम्मानित करने के बाद 100 चयनित छात्र-छात्राओं को एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण पर गोरखपुर के विभिन्न स्थानों पर ले जाया गया। जहां बच्चों को तमाम जानकारी स्थलों के बारे में दी गई।



- राष्ट्रीय अविष्कार अभियान कार्यक्रम में चयनित छात्रों को शैक्षिक भ्रमण हेतु गोरखपुर ले जाए गए
- बौद्धिक विकास में आगे बढ़ रहे हैं परिषदीय विद्यालयों के बच्चे: बीईओ

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत ब्लॉक स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में विजयी बच्चों को मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी डुमरियागंज संजय कुमार द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर बीईओ संजय कुमार ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में भी प्रतिभा की कमी नहीं है तमाम बच्चे बौद्धिक विकास में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। यह बच्चे आने वाले दिनों में तमाम प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि आज परिषदीय विद्यालयों में तमाम सुविधाएं बच्चों को मिल रही है। बच्चों का शारीरिक मानसिक विकास तमाम गतिविधियों के साथ हो रहा है। ऐसे में अभिभावकों को चाहिए कि वह प्रतिदिन बच्चों को स्कूल भेजें। पुरस्कारों में चयनित बच्चों में प्रथम पुरस्कार पूर्व माध्यमिक विद्यालय गौहानिया राज के सोमनाथ को, द्वितीय पुरस्कार कंपोजिट भग्गोभार के छात्र कमलेश व तृतीय पुरस्कार उच्च प्राथमिक विद्यालय भारत भारी के छात्र प्रिंस को दिया गया। अन्य बच्चों को सांत्वना पुरस्कार भी दिया गया। इस मौके पर एआरपी मुश्ताक अहमद, अरविंद कुमार, तिलक राम, राकेश वर्मा ,अभिषेक श्रीवास्तव, कुलदीप कुमार, नीरज रंजन, दिनेश दुबे, अवधेश त्रिपाठी, रामविलास यादव, राकेश सिंह, अनिल मौर्य, राजलक्ष्मी, आगेय कुमार गौतम, अभिषेक सिंह, प्रेम प्रकाश चौबे आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## डीएम व एसपी ने किया बूथों का निरीक्षण



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी पवन अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह द्वारा मंगलवार को तहसील शोहरतगढ़ के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय बूढ़ापार, कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय घनौरा मुस्तहकम, उच्च प्राथमिक विद्यालय ढेकहरी बुजुर्ग, तहसील इटवा के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय झकहिया के बर्नेबुल बूथो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा प्रधानाचार्य से वार्ता की गयी। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि मानक के अनुरूप समय से समस्त व्यवस्थायें पूर्ण करा ले। इसके साथ-साथ जिलाधिकारी द्वारा आम जनमानस से वार्ता कर जागरूक किया तथा मतदान दिवस 25 मई को अपने मत का प्रयोग करने की अपील की गयी। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी शोहरतगढ़ कर्मेन्द्र, तहसीलदार शोहरतगढ़ व अन्य संबधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## बूथों का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण



**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** लोकसभा चुनाव के लिए शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के शोहरतगढ़ व ढ़ेबरुआ थानाक्षेत्र में बने अति संवेदनशील बूथों का मंगलवार को जिलाधिकारी व एसपी ने निरीक्षण किया। बूथों का स्थान ठीक होने पर डीएम ने व्यवस्थाएं पूर्ण कराने के निर्देश दियें। सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के निर्देश दियें। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद चुनाव की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। मतदान केन्द्र व बूथ भी चयनित हो चुके हैं। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने एसपी प्राची सिंह, तहसीलदार अशोक कुमार के साथ शोहरतगढ़ थानाक्षेत्र के बढ़नी ब्लाक के धनौरा मुस्तकहम के प्राथमिक विद्यालय व ढ़ेबरुआ थानाक्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय ढ़ेकहरी बुजुर्ग में बने अति संवेदनशील बूथ देखा। डीएम ने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नसीम अहमद से प्राथमिक विद्यालय परिसर में जर्जर भवन को ध्वस्त करवाने व बाउण्ड्रीवॉल को ऊंचा करने के लिए कहा। एसपी प्राची सिंह ने मौजूद ग्रामीणों से गांव के माहौल के बारें में जानकारी प्राप्त किया। इस दौरान तहसीलदार अशोक कुमार, प्रधान रिंकू चौधरी, प्रधान प्रतिनिधि शिवा तिवारी, झरुआ प्रधान वीरेन्द्र जायसवाल, प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार, भरत किशोर चौधरी, भोला शर्मा, खेदू, राजाराम आदि मौजूद रहें।

# मानक के विपरीत बाउंड्री वाल के निर्माण का वीडियो वायरल

अजीत मौर्य

**बांसी- सिद्धार्थनगर।** खेसरहा ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत न्यू पीएचसी कठमोरवा (कुर्थिया) में बाउंड्री वाल के निर्माण का वीडियो किसी स्थानीय द्वारा वायरल किया गया। राज मिस्त्री द्वारा किस प्रकार बिना नींव बनाए सूखी मिट्टी पर से ही जोडाई प्रारंभ किया जा रहा है वीडियो में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

इस संबंध में पूछने पर सीएमओ सि0 नगर ने जानकारी दिया कि यह उनके विभाग के बजट से नहीं बन रहा। बाउंड्री वाल के निर्माण का मानक क्या है इसकी उनके पास कोई जानकारी नहीं है न तो किसी विभाग द्वारा मुहैया ही कराया गया। उन्होंने सिर्फ इतनी जानकारी दिया कि बाउंड्री वाल का निर्माण सीएसआर फंड से कराया जा रहा है, इस संबंध



में जानकारी हेतु सीडीओ साहब से संपर्क किया गया परन्तु फोन रिसीव नहीं हुआ। न्यू प्रा0 स्वा0 केन्द्र कठमोरवा का निर्माण वर्ष 2006-07 के आसपास कठमोरवा में जमीन न मिलने के कारण कुर्थिया में कराया गया।अस्पताल निर्माण के प्रारंभिक काल से ही भ्रष्टाचार के शिकंजे में

- बिना नींव के ही सूखी मिट्टी पर खड़ी हो गई दीवार

ऐसा फंसा कि इसे आज तक मुक्ति नहीं मिली।

शुरुआत में जिस ठेकेदार को कांट्रेक्ट मिला उसके द्वारा किस प्रकार का निर्माण कराया गया उसकी गवाह परिसर में जीर्ण- शीर्ण अवस्था में निष्प्रयोज्य खडी अस्पताल में बनाए गए आवास हैं। परिसर में उत्तर- पश्चिम निर्माणाधीन आवास आज भी अधूरा है। बिना बाउंड्री वाल बनाए ही कार्य की इति श्री हो गई थी। अस्पताल हैंडओवर हुआ था कि नहीं वह विभाग ही जाने। बाउंड्री वाल किस मद से बनाया जा रहा है यह तो सीएमओ द्वारा बताया गया, परन्तु निर्माण का मानक क्या है इस पर कहीं से कोई जबाब नहीं।

# सेवायोजना शिविर में प्रार्थना व लक्ष्य गीत गायन का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** बाबा बरुआदास पीजी कॉलेज परुइय्या आश्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन प्रार्थना एवं लक्ष्य गीत गायन के उपरांत गत दिवस की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। तत्पश्चात शिविरार्थियों ने चयनित ग्राम निजामपुर में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय,सैयद बाकर मेहंदी,राम अचल यादव, डॉ. सत्येन्द्र यादव तथा महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ . चंद्रकेश कुमार, डॉ.पवन दूबे,डॉ.अराधिका , डॉ. सत्यप्रकाश पाण्डेय,आलोक यादव, वीरेंद्र कुमार, डॉ. विवेक शुक्ला,अखिलेश पांडेय, रीतेश मोदनवाल आदि के निर्देशन में जल संरक्षण, वृक्षारोपण, स्वच्छता एवं मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इसके साथ ही साथ गांव की साफ-सफाई , शैक्षिक, सामाजिक, आर्थिक स्थिति तथा शासन द्वारा



संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का सर्वेक्षण किया। भोजनोपरान्त बौद्धिक सत्र में कौशल - विकास कार्यक्रम - संभावना और चुनौतियां विषय पर परिचर्चा हुई जिसमें शर्मिला, संज्ञा, शिवांगी, शिवम चौहान, रेनू अग्रहरि,शिवम आदि स्वयंसेवियों ने अपने विचार व्यक्त किए। सत्र के मुख्य वक्ता डॉ.रमेश कुमार ने शिविरार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे कौशल -विकास कार्यक्रम में प्रतिभाग करके शिक्षा अध्ययन के साथ रोजगार संबंधी दक्षता अर्जित कर सकते हैं। यह कार्यक्रम स्वरोजगार एवं स्वावलंबन के लिए सार्थक भूमिका निभा रहा है। महाविद्यालय के उपप्राचार्य प्रो.पवन कुमार गुप्त ने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा चलाए जा रहे कौशल -विकास कार्यक्रम के माध्यम हजारों युवा से स्वावलंबन और आर्थिक समृद्धि का लक्ष्य हासिल रहे हैं। यह छात्र-छात्राओं के लिए बहुत ही अच्छा अवसर है।सांस्कृतिक सत्र में सुष्मिता, दीक्षा, रंजना,विनय कुमार, श्रद्धा दूबे, संज्ञा, गीता,शिखा, श्रेया, निधि, रेनू ,रजनी , शिवांगी आदि ने अपने गीतों - ग़ज़लों से सभी को भावविभोर कर दिया।

## मानक विहीन इंटरलॉकिंग का कार्य



**कुदरहा अवधनामा संवाददाता।** बहादुरपुर ब्लाक के ग्राम पंचायत बहादुरपुर के राजस्व गांव रेहरवा में तीन महीने पहले मानक विहीन नाली निर्माण कराने के बाद ग्राम प्रधान द्वारा इसी नाली के ऊपर रास्ते में मिट्टी डालकर मानक विहीन इंटरलॉकिंग का कार्य कराया जा रहा है। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी बहादुरपुर को शिकायती पत्र देकर किया है। ग्राम पंचायत बहादुरपुर निवासी झिन्नू चौधरी, जोखू लाल चौधरी, अपूर चंद्र चौधरी, योगेंद्र लाल चौधरी, लक्ष्मण प्रसाद चौधरी और लालमन चौधरी ने खंड विकास अधिकारी बहादुरपुर को लिखित शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि ग्राम प्रधान द्वारा राजस्व पुरवा रेहरवा में तीन माह पहले मानक विहीन नाली निर्माण का कार्य करवाया था। जो जगह जगह टूट गया है। जिसके कारण जल निकासी की समस्या उत्पन्न हो गई है। तीन महीने बाद अब उसी नाली के ऊपर रास्ते में मिट्टी डालकर मानक विहीन इंटरलॉकिंग का कार्य कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने तत्काल प्रभाव से नाली को ठीक करवाए जाने, मानक के अनुसार इंटरलॉकिंग का कार्य कराया जाने और ग्राम प्रधान के ऊपर विधिक कार्यवाही करने का मांग किया है।

# भाजपा का लक्ष्य भारत को विकसित राष्ट्र बनाना



**जलालपुर, अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** मतदाताओं को अपने पक्ष में लाने को जुटी भाजपा लगातार अभियान तथा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रही है इसी कड़ी में विभिन्न मंडलों में विधानसभा संयोजक अनंतराम मिश्र के नेतृत्व में विभिन्न स्थानों पर लोकसभा प्रत्याशी एंव सांसद रितेश पांडेय के साथ पदाधिकारियों की परिचयात्मक बैठक आयोजित की गई। मंगलम मैरिज हॉल में आयोजित इस बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि लोकसभा प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य और उद्देश्य भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है।उन्होंने भाजपा प्रत्याशी रितेश पाण्डेय को एक एक मत दिला कर जीत दिलाने का आवाहन किया।लोक सभा प्रत्याशी सांसद रितेश पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है,प्रदेश की कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने और ऐतिहासिक विकास के लिए भाजपा की डबल इंजन की सरकार आवश्यक है। कहा कि सम्मानित जनता इस बार मुझे भाजपा प्रत्याशी के रूप में पुनः आशिर्वाद देकर जीत दिलायेगी और हम सब अंबेडकर नगर लोक सभा सीट देश के विकास के लिए मोदी जी को अर्पित करेगें। जिला उपाध्यक्ष एवं नगर प्रभारी डॉक्टर रजनीश सिंह,जिला मंत्री चंद्रिका प्रसाद,पूर्व विधायक सुभाष राय, तथा विधानसभा प्रभारी राजेश सिंह बबलू ने भी चुनाव में जीत का संकल्प व्यक्त करते हुए एक बार फिर भाजपा सरकार बनाने का विश्वास व्यक्त किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर अध्यक्ष देवेश मिश्र ने बताया कि यह बैठक संगठनात्मक ढांचे को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सक्रिय करने और मोदी की गारंटी को जनता के बीच अधिक से अधिक पहुंचाने पर केंद्रित रही।

# शिक्षक संकुल की बैठक में मतदाता जागरूकता अभियान पर हुई चर्चा

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय गौहनिया राज में मंगलवार को शिक्षक संकुल की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। जिसमें तमाम विभागीय जानकारी शिक्षकों को दी गई, साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत मतदाता जागरूकता अभियान पर भी चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए शिक्षक संकुल अहमद सईद ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप योजना के अंतर्गत प्रचार प्रसार किया जा रहे हैं।

विद्यालय में तमाम कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों व अभिभावकों को जागरूक किया जाए। जिससे मतदान का प्रतिशत बढ़ सके। इसके अलावा डीबीटी में जिन बच्चों का आधार



पेंडिंग है उसे भी जल्द से जल्द पूरा किया जाए। बैठक में संकुल शिक्षक रामकुमार वर्मा ने बताया कि समस्त शिक्षक नियमित निपुण ऐप के माध्यम से प्रत्येक बच्चे का आकलन माह में एक बार करें तथा बच्चों को प्रोत्साहित करें।

बैठक में शिक्षण संकुल राम सजीवन, रज्जाक अहमद ने कहा कि बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए डोर टू डोर सभी शिक्षक अभिवाहकों से संपर्क कर प्रोत्साहित करने का कार्य करें। जिससे बुधवार से शुरू हो रहे हैं वार्षिक परीक्षा में उपस्थित विद्यालय में ज्यादा हो पाए। बैठक में समावेशी शिक्षा पर भी चर्चा की गई। अंत में सभी शिक्षकों से आह्वान किया गया कि विभागीय दिशा निर्देशों का पालन सभी लोग समय से करें। इस मौके पर आरिफ उस्मानी, नंदलाल, जसवंत कुमार, नितिन कुमार, राम सजीवन, मोहम्मद वसीम, परितोष ओझा, जसवंत यादव, परवेज अख्तर, विजय प्रकाश गौतम, आयशा, अजीज असगरी, क्षमा चौहान आदि मौजूद रहे।

## विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक से

**बस्ती।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 से 30 अप्रैल तथा दस्तक अभियान 10 से 30 अप्रैल 2024 तक संचालित किया जाएगा। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित तैयारी बैठक मे जिलाधिकारी अंद्रा वामसी ने उक्त जानकारी दी। बैठक में उन्होने कहा कि अभियान में नामित सभी विभाग आपसी समन्वय से चरणवार पूरी कार्यवाही सम्पन्न कराये। उन्होने बताया कि अभियान के दौरान आशा एवं आगनबाडी कार्यकत्री द्वारा जानकारी घर-घर पहुॅचायी जायेंगी। उन्होने कहा कि अभियान के दौरान 11 विभागों द्वारा समन्वित प्रयास करके इन रोगों पर सफलतापूर्वक नियंत्रण के लिए कार्यवाही की जायेंगी।

उन्होने कहा कि चिकित्सा एंव स्वास्थ्य विभाग इस अभियान का नोडल विभाग होंगा, जो जनपद, तहसील, ब्लाक एवं ग्राम स्तर पर विभागीय अधिकारियों के बीच समन्वय स्थापित करके अभियान संचालित करेंगा। अभियान के दौरान बुखार, इन्फ्लुएन्जा लाइक इलनेश (आईएलआई), क्षय रोग तथा कुपोषित बच्चों के प्राप्त सूची के अनुसार रोगियों का उपचार किया जायेंगा।

## दो छात्राओं का चयन अटल आवासीय विद्यालय में

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** सदर विकास क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय चंगेरवा यादव का पुरवा की कक्षा 8 की दो छात्राओं पूजा एवं इच्छा कुमारी का चयन मंडल स्तरीय अटल आवासीय विद्यालय में हुआ है। विद्यालय के बच्चों ने दोनो छात्राओं का फूल माला पहनाकर स्वागत एवं उत्साहवर्धन किया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती मालती पाल ने बच्चों को बधाइयां देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। सहायक अध्यापक सुखराम यादव ने बताया की इन बच्चों की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विगत अप्रैल माह से शुरु की गई थी। यह कामयाबी उनकी मेहनत का ही परिणाम है। इनमें से एक छात्रा इच्छा कुमारी ने मंडलीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में भी चक्र क्षेपण में द्वितीय स्थान प्राप्त किया था। दोनो छात्राओं की सफलता पर अभिभावकों तथा क्षेत्रवासयों में हर्ष है।



# बाल मेला में बच्चों ने लगाया चटोरी टिक्की चाट का प्रदर्शनी

अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड शोहरतगढ़ क्षेत्र के कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय गड़ाकुल शोहरतगढ़ परिसर में बाल मेला में चटोरी टिक्की चाट व विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों के वैज्ञानिक सोच की झलक दिखी। विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल व खण्ड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार शुक्ला द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित कर किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा लगाई गई बाल मेला में चटोरी टिक्की चाट व विज्ञान प्रदर्शनी में ह्वील और एक्शन, पेरिस कॉप, हाइड्रोलिक चेयर, वायोगैस प्लांट, ग्रीन हाउस इफेक्ट, ग्लोबल वार्मिंग, हाइड्रोलिक लिफ्ट, वायु ऊर्जा, मानव जीवन में विज्ञान का महत्व, एलपीजी गैस बनाना, आदि मॉडलों को प्रस्तुत किया गया। अभिभावकों ने बच्चों द्वारा लगाई गई बाल मेला में चटोरी टिक्की चाट व विज्ञान प्रदर्शनी का बारिकी से अवलोकन कर कुछ मॉडलों को चिह्नित कर इस पर आगे कार्य करने की सलाह दी। मुख्य अतिथि अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल ने बच्चों के मनोबल को उत्साहित किया और कहा कि इस तरह का कार्यक्रम विद्यालय द्वारा कराने से बच्चों में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा बढ़ती है। प्रोजेक्ट विधि द्वारा एक अधिगम का आगमन



होता है। इससे बच्चे अपने कौशल का सही उपयोग कर सकते हैं। जरूरत के हिसाब से विज्ञान के क्षेत्र में नए-नए अविष्कार जरूरी है।पक कला प्रतियोगिता में चयनित छात्र/छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी शोहरतगढ़ संतोष कुमार शुक्ला ने कहा कि आज यहां छात्रों ने जिस तरह की प्रतिभा दिखाई है निश्चित ही ये सभी एक दिन विद्यालय एवं देश का नाम रौशन करेंगे। कार्यक्रम का संचालन महेश त्रिपाठी ने किया। इस दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि शोहरतगढ़ रवि अग्रवाल, खण्ड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष लालजी यादव, ग्राम प्रधान राम मिलन चौधरी, सभासद राजकुमार मोदनवाल, प्रमोद श्रीवास्तव, ज्वाला कौशल, शिवरतन कनौजिया, पप्पू यादव, अमित चौधरी, उत्तम तिवारी, पप्पू सिंह, योगेंद्र ,स्वाति वर्मा, रंजना सिंह, अरुण कुमार, महेश त्रिपाठी व छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## खाद्यान वितरण में कोटेदारों और उपभोकताओं में विवाद


**उरई (जालौन)।** सरकारी खाद्यान्न वितरण के सर्वर व नेटवर्क ठीक से काम न करने पर राशन खाद्य वितरण प्रणाली में परेशानी आ रही है। जिसके कारण कोटेदार तथा उपभोक्ताओं में आये दिन विवाद की स्थिति देखी जा रही है। परेशान कोटेदारों ने एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा है,तथा समस्या का निदान किये जाने की मांग की है। एक सप्ताह पूर्व समस्त कोटेदारों को प्रशिक्षण दिया गया था जिसमें उन्हें ई पोस मशीन तथा इलेक्ट्रॉनिक कांटा डिवाइस दी गई थी और बताया गया था कि अब उपभोक्ताओं का खाद्यान्न तौल मशीन पर रखा जाएगा तभी उसका अंगूठा लगेगा, तभी उसे खाद्यान्न मिलेगा। जिससे कोई उपभोक्ता कोटेदार पर घटतौली का आरोप नहीं लगा पाएगा। इस के लिए शासन ने यह प्रक्रिया लागू की थी। लेकिन जब कोटेदारों ने खाद्यान्न वितरण शुरू किया तो नेट की समस्या सामने आने लगी है। नेट नहीं आने से कोटेदारों की दुकानों पर लंबी कतारें लग जाती हैं। काफी देर तक खड़े लाभार्थियों और कोटेदारों में तू तू में मैं होने लगती है।

# जगदम्बिका पाल ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां भारी बहुमत से विजय दिलाने की अपील की

अवधनामा संवाददाता

**बर्डपुर सिद्धार्थनगर।** भाजपा प्रत्याशी सांसद जगदंबिका पाल ने मंगलवार को बर्डपुर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर ग्राम चौपाल के माध्यम से आगामी लोकसभा चुनाव में भारी बहुमत से विजय दिलाने की अपील किया। उन्होंने क्षेत्र के दूल्हा दरमियानी, दूल्हा जनूबी, बरगदवा, भुजौली, बर्डपुर न04, माल्हा, सेमरी एवं महदेवा में ग्राम चौपाल में एक बार फिर मोदी सरकार की अपील किया।

कहा की देश में 2014 के बाद नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की भाजपा सरकार बनने के पश्चात देश दशा और दिशा में आमूल चूल परिवर्तन हुए हैं। देश में अंत्योदय के सपने को साकार करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सरकार ने देश के युवा, महिला, किसान, नवजवान सभी को देश की मुख्य धारा से जोड़ते हुए



उनके उत्थान एवं शशक्त बनाने के लिए सैकड़ों महत्वाकांक्षी योजनाओं के माध्यम से जन- जन को जोड़ते हुए अद्वितीय कार्य किए हैं। इसी प्रकार उन्होंने जनपद सिद्धार्थनगर में केंद्र एवं प्रदेश सरकार एवं निजी पहल द्वारा कराए गए विकास कार्यों पर भी विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने जनपद के विकास में ब्राड गेज रेल आमान परिवर्तन, मेडिकल कालेज निर्माण जनपद में केंद्रीय विद्यालय का निर्माण, पासपोर्ट ऑफिस का निर्माण, नेशनल एवं स्टेट हाइवे की सड़कें तथा ग्रामीण क्षेत्रों में भी बेहतर आवागमन हेतु सड़कों के जाल को विशेष योगदान बताया।

वहीं उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में बार्डर डॉलपमेंट के तहत सड़कों के निर्माण, बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में बांधों के सुदृढ़ीकरण, बाढ़ से बचाव हेतु ठोकर निर्माण आदि के बारे में चर्चा करते हुए सभी वर्गों के साथ सदैव डटकर खड़े रहते हुए लोकसभा क्षेत्र की जनता के हितों के प्रति सदैव तत्पर रहने की बात कहीं। उन्होंने उपस्थित जनमानस से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए स्लोगन अबकी बार 400 पार को साकार करने हेतु डुमरियागंज लोकसभा एक बार फिर से उन्हें भारतीय जनता पार्टी के सिपाही के रूप में भारी बहुमत से विजय दिलाने की अपील किया।

इस दौरान जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, जिला पंचायत सदस्य सबलू साहनी, नितेश पाण्डेय, अमित उपाध्याय, सोनू गुप्ता, अजय उपाध्याय, निशांत पाण्डेय, अर्जुन चौधरी, राजेश मिश्रा, रमेश यादव, विवेक गोस्वामी, हरिशंकर तिवारी, मंगलेश शुक्ला, जेपी मौर्य, मुलायम सिंह, फूलचंद जायसवाल, राजू यादव आदि उपस्थित रहे।

# महिलाओं के अधिकारों की रक्षा कर दी जाय

अभी अभी महिला दिवस पर मिटिंगे हुई लोगो ने सन्तुष्टी जताई, महिलाओं के सहभागिता को लेकर प्रशंसा के गीत गाये। गाना बजाना भी हुआ। इस सन्दर्भ में संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुतरेस ने महिलाओं को लेकर जो चिन्तायें जतायी काबिले गौर है और उस पर तत्काल ध्यान देकर महाशक्तियों को उन चिन्ताओं के दूर करने के इमानदार प्रयास की जरूरत है। महिलाओं के अधिकारों की रक्षा कर दी जाय तो उनसे सम्बन्धित बाकी समस्याये अपने आप दूर हो जायेगी। सभी जानते है और देखते है कोई भी विपदा हो खासकर युद्ध इन सबकी भारी कीमत महिलाओं को चुकानी पड़ती है। महासचिव ने कहा बढ़ती हिंसा और डिजिटल लिंग विभाजन ने महिलाओं को उनके अधिकार से वचित कर दिया है।

महासचिव ने कहा जहां जहां युद्ध चल रहे है वहां तत्काल युद्ध विराम किया जाये। प्रचुर मानवीय सहायता मुहैया कराई जाये। गाजा के सन्दर्भ में कहा इस्राइल के हमले की वजह से दो तिहाई औरते हताहत है। अफग़ानिस्तान और सूडान में महिलाओं पर स्थापित नियन्त्रण से पैदा हुई असमानता पर भी चिन्ता जताई।

गुतरेस ने महिलाओं को सभी स्तरों पर डिजिटल प्रौद्योगिक में स्वतन्त्र निर्णय लेने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होनी चाहिये। लैंगिक समानता हासिल करने के लिये संरचनात्म बाधाओं को दूर किया जाना जरूरी है। महिलाओं के नेतृत्व में आने वाली बाधाओं को दूर किया जाना चाहिये जिससे उनके नेतृत्व को धार मिले।

महासचिव ने बात आगे बढ़ाते हुये कहा दुनिया में फैले युद्ध और मारकाट से निपटने का काम महिलायें बेहतर ढंग से कर सकती है। दुनियां में युद्ध पुरूष शुरू करते है और उसकी कीमत महिलायें चुकाती है। उनपर खुलकर सेक्स उत्पीड़न भी होता है। युद्ध नौजवानों को खत्म कर देता है क्योंकि वे ही सैनिक बनते है। दुनियां में शीर्ष पदो पर बैढ़े अधिकारियों ताकतवर देशों के अधिकारियों को समझना होगा जब तक प्रद्योगिकी और लौगिक समानता नही होगी महिलाओं और बच्चों का जीवन खतरे से भरा होगा। सुरक्षित जीवन के लिये महिलाओं को उनके अधिकार से वंचित न रक्खा जाये।

महिलाओं की अक्षमता, सीमित शक्ति की बात कह कर कुछ लोग महिलाओं के रास्ते में अवरोध खड़ा करते रहते है। अगर दुनियां के इतिहास पर नज़र डाली जाय तो पायेगे महिलाओं ने चाहे युद्ध हो, रचनात्मक कार्य हो, साहित्य हो, कला की कोई विधा हो, समाज के सुधार का कार्य हो, शिक्षा का प्रसार करने या पढ़ाने का काम हो, जनस्वास्थ्य का काम हो, सेना का काम हो हर क्षेत्र में आगे बढ़कर प्रंशसनीय काम किया है और कर भी रही है। फ़्रि लैंगिक भेद क्यों, अक्षमता का आरोप क्यों। आज महिलायें कई नामी कम्पनियों के शीर्ष पदो पर बैठकर कम्पनी को आगे बढ़ा रही है।

# 'आओ मिलकर गौरैया को बचाएं'



सुरेश सिंह बैस

विश्व गौरैया दिवस प्रतिवर्ष 20 मार्च को मनाया जाता है। गौरैया चिकने, गोल सिर और गोलाकार पंखों वाली सुंदर पक्षी हैं। उनके पास सुंदर आवाजें हैं, उनकी चहकती और गायन की आवाज हर जगह सुनाई देती है। इन खूबसूरत पक्षियों को समर्पित एक खास दिन को विश्व गौरैया दिवस के नाम से जाना जाता है। पृथ्वी पर सबसे सर्वव्यापी पक्षियों में से एक गौरैया है, मुख्य रूप से आम घरेलू गौरैया। यह मनुष्य के सबसे पुराने साथियों में से एक है। समय के साथ, वे हमारे साथ विकसित हुए। गौरेया कभी पूरी दुनिया में एक आम पक्षी हुआ करती थी, लेकिन हाल के वर्षों में, यह पक्षी शहरी और ग्रामीण दोनों आवासों में अपनी अधिकांश प्राकृतिक सीमा में विलुप्त होने के कगार पर है। उनका पतन हमारे आसपास के पर्यावरण के निरंतर क्षरण का सूचक है।

विश्व गौरैया दिवस 20 मार्च को पर्यावरण से प्रभावित गौरैया और अन्य आम पक्षियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है जो विलुप्त होने के कगार पर हैं। बचपन में, सोते समय या भोजन के दौरान हम सभी अपने दादा-दादी और माता-पिता द्वारा गौरैया, बंदर, लोमड़ी, राजा, रानी आदि के बारे में कहानियाँ सुनते हैं। पहले ज्यादातर हम गौरैया की मधुर चहचहाहट से जागते थे, लेकिन ये आम घरेलू गौरैया आज विलुप्त होने के कगार पर हैं। कहा जाता है कि गौरैया अब सिर्फ एक याद बनकर रह गई है। बड़ी-बड़ी ऊंची-ऊंची इमारतों के कारण प्राकृतिक वनस्पतियां और जीव-जंतु अस्त-व्यस्त हो गए हैं। और यह सर्वव्यापी पक्षी अब आम नजर नहीं आता। इस ओर जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस मनाया जाता है। हमें उम्मीद है कि इस दिन व्यक्ति, विभिन्न सरकारी एजेंसियां, वैज्ञानिक समुदाय उन्हें बचाने के उपायों के साथ आगे आएंगे। इस तरह हम जैव विविधता को भी बचा सकेंगे। हमारे सबसे पुराने साथी विलुप्त होने के कगार पर क्यों हैं इसका कारण तलाशना जरूरी है। विश्व भर के कई देशों में हर साल 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस मनाया जाता है। हर साल थीम के हिसाब से सेलिब्रेशन का आयोजन किया जाता है। हम सभी का बचपन से ही गौरैया के साथ एक खास तरह का रिश्ता रहा है। थीम आई लव स्पैरो लोगों को गौरैया के साथ प्यार और बंधन की याद दिलाएगा और उन्हें आगे आने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

पहला विश्व गौरैया दिवस 20 मार्च 2010 को मनाया गया था। घरेलू गौरैया और पर्यावरण से प्रभावित अन्य आम पक्षियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल यह दिन पूरे विश्व में मनाया जाता है। भारत में नेचर फॉरएवर सोसाइटी ने विश्व गौरैया दिवस मनाने के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय पहल शुरू की। यह सोसाइटी फ्रांस के इकोसिस्टम एक्शन फाउंडेशन के साथ मिलकर काम करती है. द नेचर फॉरएवर सोसाइटी की स्थापना एक भारतीय संरक्षणवादी, मोहम्मद दिलावर ने की थी, जिन्होंने नासिक में घरेलू गौरैया की मदद करके अपना काम शुरू किया था। उनके प्रयासों के लिए, उन्हें 2008 में टाइम पत्रिका द्वारा पर्यावरण के नायक नामित किया गया था।

क्या आप नर और मादा गौरैया में मुख्य अंतर जानते हैं? मादाओं की धारियों के साथ भूरी पीठ होती है, जबकि नर की काली बिब के साथ लाल रंग की पीठ होती है। साथ ही, नर गौरैया मादा से थोड़ा बड़ा होता है।

गौरैया झुंड के रूप में जानी जाने वाली कॉलोनियों में रहती हैं। अगर उन्हें खतरा महसूस हो तो वे तेज गति से तैर सकते हैं। गौरैया स्वभाव से आक्रामक नहीं होती हैं; वे सुरक्षात्मक हैं और अपने घोंसले का निर्माण करते हैं। नर गौरैया अपनी मादा समकक्षों को आकर्षित करने के लिए घोंसले का निर्माण करते हैं। घरेलू गौरैया (पासर डोमेस्टिकस) गौरैया परिवार पासरिडे का एक पक्षी है। घरेलू गौरैया शहरी या ग्रामीण परिवेश में रह सकती हैं क्योंकि वे मानव आवासों से दृढ़ता से जुड़ी हुई हैं। वे व्यापक रूप से विभिन्न आवासों और जलवायु में पाए जाते हैं, न कि जंगलों, रेगिस्तानों, जंगलों और घास के मैदानों में।

जंगली गौरैया का औसत जीवन 10 वर्ष से कम और मुख्य रूप से 4 से 5 वर्ष के करीब होती है। घरेलू गौरैयों की उड़ान सीधी होती है जिसमें निरंतर फड़फड़ाना और ग्लाइडिंग की कोई अवधि नहीं होती है, औसतन 45.5 किमी / घंटा (28.3 मील प्रति घंटे) और प्रति सेकंड लगभग 15 पंखों की धड़कन होती है।

तो अब हमें पता चला है कि दुनिया भर में हर साल 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस क्यों मनाया जाता है, ताकि इन सामाजिक चहकती पक्षियों को बचाने के लिए लोगों और देशों में जागरूकता बढ़ाई जा सके।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

मोदी ही अर्जुन की मुद्रा में हैं जो मछली की आंख पर निशाना लगा सके। वे ही युधिष्ठिर है, जो धर्म का पालन करते हुए दिख रहे हैं। जो स्वयं को संस्कारों में ढाल, मजदूरों की तरह श्रम कर रहे हैं। वे आदर्शों एवं मूल्यों के साथ चुनावों में उतरे हैं, राजनीति की चकाचौंध में धृतराष्ट्र बने नेताओं के लिये वे एक चुनौती है। सभी विपक्षी दलों में आंतरिक लोकतंत्र का अभाव है और परिवारवाद तथा व्यक्तिवाद की छाया है। कोई अपने बेटे को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाह्ती है तो कोई अपने बेटे को मुख्यमंत्री के रूप में। किसी का पूरा परिवार ही राजनीति में है, इसलिए विरासत संभालने की जंग भी जारी है।

# आम चुनाव में अर्जुन की आंख चाहिए



ललित गर्ग

लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है और चुनाव का माहौल गरमा रहा है। चुनावों की तारीखें घोषित किए जाने के साथ ही जैसी कि उम्मीद थी, सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बयानबाजी और तेज हो गई। कौरव रूपी विपक्षी दल एवं पाण्डव रूपी भाजपा के बीच इस चुनाव में असली जंग सत्य और असत्य के बीच है। सत्ता पक्ष और विपक्ष की यह नोक-झोंक ही तो लोकतंत्र की खूबसूरती है, यह जितनी शालीन एवं उग्र होगी, लोकतंत्र का यह महापर्व कुंभ उतना ही ऐतिहासिक एवं खास होगा। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतन्त्र है और उदार बहुदलीय राजनैतिक प्रणाली का जीवन्त उदाहरण है जिसकी वजह से चुनावों का समय एवं प्रचार विविधतापूर्ण, आक्रामक व रंग-रंगीला होना ही है मगर इसमें कहीं भी कड़वापन, उच्छृंखलता और आपसी रंजिश का पुट नहीं आना चाहिए। य

इस बार के चुनाव में जहां भाजपा नेतृत्व अगले 20 वर्षों का विजन पेश कर रहा है, वहीं कांग्रेस नेतृत्व इसे लोकतंत्र बचाने का आखिरी मौका करार दे रहा है। यानी इन चुनावों का फलक पांच साल के काम के आधार पर अगले पांच साल के लिए जनादेश के सामान्य ट्रेंड तक सीमित नहीं रहा। यह चुनाव असल में आजादी के अमृतकाल यानी वर्ष 2047 के लक्ष्य को सुनिश्चित करने वाला है। इस चुनाव में सर्वाधिक चर्चा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनके भावी देश-निर्माण के संकल्प की है। असल में तो इन चुनाव में भाजपा की जीत तो निश्चित मानी जा रही है, लेकिन वह अपने 400 के लक्ष्य को हासिल कर पाती है या नहीं? भाजपा इसके इर्द-गिर्द अपना अभियान चला रही हैं। जबकि विपक्ष जीत का दावा करते हुए भाजपा के इस बड़े लक्ष्य को हास्यास्पद बता रहा है, उनके प्रति अपनी नापसंदगी से परेशान है। भाजपा के पास बड़ा उद्देश्य है, जबकि विपक्ष भाजपा की काट करने के लिये भी प्रभावी मुद्दे नहीं तलाश पा रही है। भाजपा प्रचार में शामिल हैं - आर्थिक विकास, देश और विदेश में सशक्त राष्ट्रवाद, हिंदुत्व, सांस्कृतिक पुनरुत्थान, नया भारत-सशक्त भारत, औद्योगिक क्रांति, दुनिया की महाशक्ति बनना, स्थिरता, शांति। विपक्ष इन ही बड़े उद्देश्यों की आलोचना कर रहा है। मोदी इन चुनावों के महानायक है, परिवर्तनकारी व्यक्ति हैं जो स्थिरता का वादा करते हुए वोट मांग रहे हैं। अपने आलोचकों के लिए, वह एक अत्यंत ध्रुवीकरण करने वाले व्यक्ति हैं।

इस बार का आम चुनाव रोमांचक होने के साथ देश में बड़े परिवर्तन का कारण बनेगा। इस चुनाव में सभी पार्टियां सरकार बनाने का दावा पेश कर रही हैं और अपने को ही विकल्प बता रही हैं तथा मतदाता सोच रहा है कि देश में नेतृत्व का निर्णय मेरे मत से ही होगा। इस वक्त मतदाता मालिक बन जाता है और मालिक याचक। बस केवल इसी से लोकतंत्र परिलक्षित है। बाकी सभी मर्यादाएं, प्रक्रियाएं हम तोड़ने में लगे हुए हैं। जो नेतृत्व स्वतंत्रता प्राप्ति का शस्त्र बना था, वही



नेतृत्व जब तक पुनः प्रतिष्ठित नहीं होगी तब तक मत, मतदाता और मतपेटियां सही परिणाम नहीं दे सकेंगी। आज देश को एक सफल एवं सक्षम नेतृत्व की अपेक्षा है, जो राष्ट्रहित को सर्वोपरि माने। आज देश को एक अर्जुन चाहिए, जो मछली की आंख पर निशाने की भांति भ्रष्टाचार, राजनीतिक अपराध, महंगाई, बेरोजगारी, बढ़ती आबादी, सरकारी खजाने का गलत इस्तेमाल, देश की सीमा-रक्षा आदि समस्याओं पर ही अपनी आंख गडाए रखें। इस दृष्टि से सबकी नजरे मोदी पर ही लगी हैं।

मोदी ही अर्जुन की मुद्रा में हैं जो मछली की आंख पर निशाना लगा सके। वे ही युधिष्ठिर है, जो धर्म का पालन करते हुए दिख रहे हैं। जो स्वयं को संस्कारों में ढाल, मजदूरों की तरह श्रम कर रहे हैं। वे आदर्शों एवं मूल्यों के साथ चुनावों में उतरे हैं, राजनीति की चकाचौंध में धृतराष्ट्र बने नेताओं के लिये वे एक चुनौती है। सभी विपक्षी दलों में आंतरिक लोकतंत्र का अभाव है और परिवारवाद तथा व्यक्तिवाद की छाया है। कोई अपने बेटे को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है तो कोई अपने बेटे को मुख्यमंत्री के रूप में। किसी का पूरा परिवार ही राजनीति में है, इसलिए विरासत संभालने की जंग भी जारी है। ऐसे में मोदी ही सबसे प्रभावी नेता बन कर सामने आ रहे हैं। महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी जैसे पुराने मुद्दे भी उठाए ही जा रहे हैं, लेकिन वोटर के फैसले में इनकी कितनी भूमिका रहेगी यह अभी स्पष्ट नहीं है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की दो-दो यात्राओं से उपजे प्रभाव की परीक्षा भी इन्हीं चुनावों में होनी है। कुल मिलाकर, विपक्ष और सत्ता पक्ष कुछ भी कहे देशवासियों की जागरूक चेतना को देखते हुए यह तय माना जा सकता है कि आम चुनाव का यह लोकतांत्रिक पर्व एक बार फिर देश में लोकतंत्र की जड़ों को गहरा ही करेगा।

विपक्षी दलों ने देश-सेवा के स्थान पर स्व-सेवा में ही एक सुख मान रखा है। आधुनिक युग में नैतिकता जितनी जरूरी मूल्य हो गई है उसके चरितार्थ होने की सम्भावनाओं को इन विपक्षी दलों ने उतना ही कठिन कर दिया गया है। ऐसा लगता है मानो ऐसे तत्व पूरी तरह छा गए हैं। खाओ, पीओ, मौज करो। सब कुछ हमारा है। हम ही सभी चीजों के मापदण्ड हैं। हमें लूटपाट करने का पूरा अधिकार है। हम समाज में, राष्ट्र में, संतुलन व संयम नहीं रहने देंगे। यही आधुनिक चुनावों का घोषणा पत्र है, जिस पर लगता है कि सभी विपक्षी दलों ने हस्ताक्षर किये हैं। भला इन स्थितियों के बीच उन्हें वास्तविक जीत कैसे हासिल हो? आखिर जीत तो हमेशा सत्य की ही होती है और सत्य इन तथाकथित राजनीतिक दलों के पास नहीं है। महाभारत युद्ध में भी तो ऐसा ही परिदृश्य था। कौरवों की तरफ से सेनापति की बागडोर आचार्य द्रोण ने संभाल ली थी।

एक दिन दुर्योधन आचार्य पर बड़े क्रोधित होकर बोले-''गुरुवर कहां गया आपका शौर्य और तेज? अर्जुन तो हमें लगता है समूल नष्ट कर देगा। आप के तीरों में जंग क्यों लग गई। बात क्या है?'' आज लगभग हर राजनीतिक दल और उनके नेतृत्व के सम्मुख यही प्रश्न खड़ा है और इस प्रश्न का उत्तर भी और कहीं नहीं, उन्हीं के पास है। राजनीति की दूषित हवाओं ने हर राजनीतिक दल और उसकी चेतना को दूषित कर दिया है। सत्ता और स्वार्थ ने अपनी आकांक्षी योजनाओं को पूर्णता देने में नैतिक कायरता दिखाई है। इसकी वजह से लोगों में विपक्षी दलों के प्रति विश्वास इस कदर उठ गया है कि चौराहे पर खड़े आदमी को सही रास्ता दिखाने वाला भी झूठा-सा लगता है। आंखें उस चेहरे पर सचाई की साक्षी ढूंढती है। यही कारण है कि दुर्योधन की बात पर आचार्य द्रोण को कहना पड़ा, ''दुर्योधन मेरी बात ध्यान से सुनो । हमारा जीवन इधर ऐश्वर्य में गुजरा है। मैंने गुरुकुल के चलते स्वयं 'गुरु' की मर्यादा का हनन किया है। हम सब राग रंग में व्यस्त रहे हैं। सुविधाभोगी हो गए हैं, पर अर्जुन के साथ वह बात नहीं। उसे लाक्षागृह में जलना पड़ा है, उसकी आंखों के सामने द्रौपदी को नग्न करने का दुःसाहस किया गया है, उसे दर-दर भटकना पड़ा है, उसके बेटे को सारे महारथियों ने घेर कर मार डाला है, विराट नगर में उसे नपुंसकों की तरह दिन गुजारने को मजबूर होना पड़ा। अतः उसके वाणों में तेज होगा कि तुम्हारे वाणों में, यह निर्णय तुम स्वयं कर लो। लगभग यही स्थिति आज के राजनीतिक दलों के सम्मुख खड़ी है।

# एक देश एक चुनाव की दिशा में बढ़ते कदम

एक देश एक चुनाव कोई अनूठा प्रयोग नहीं है, क्योंकि 1952, 1957, 1962, 1967 में ऐसा हो चुका है, जब लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव साथ-साथ करवाए गए थे। यह क्रम तब टूटा जब 1968-69 में कुछ राज्यों की विधानसभाएँ विभिन्न कारणों से समय से पहले भंग कर दी गई। आपको बता दें कि 1971 में लोकसभा चुनाव भी समय से पहले हो गए थे। जाहिर है जब इस प्रकार चुनाव पहले भी करवाए जा चुके हैं तो अब करवाने में क्या समस्या है। एक तरफ जहां कुछ जानकारों का मानना है कि अब देश की जनसंख्या बहुत ज्यादा बढ़ गई है, लिहाजा एक साथ चुनाव करा पाना संभव नहीं है।



डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

किसी भी जीवंत लोकतंत्र में चुनाव एक अनिवार्य प्रक्रिया है। स्वस्थ एवं निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र की आधारशिला होते हैं। भारत जैसे विशाल देश में निर्बाध रूप से निष्पक्ष चुनाव कराना हमेशा से एक चुनौती रहा है। अगर हम देश में होने चुनावों पर नजर डालें तो पाते हैं कि हर वर्ष किसी न किसी राज्य में चुनाव होते रहते हैं। चुनावों की इस निरंतरता के कारण देश हमेशा चुनावी मोड में रहता है। इससे न केवल प्रशासनिक और नीतिगत निर्णय प्रभावित होते हैं बल्कि देश के खजाने पर भारी बोझ भी पड़ता है। इस सबसे बचने के लिये नीति निर्माताओं ने लोकसभा तथा राज्यों की विधानसभाओं का चुनाव एक साथ कराने का विचार बनाया। बीते दिनों भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति ने 'एक देश, एक चुनाव' पर अपनी रपट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंप दी है। यह रपट व्यापक विमर्श का महादस्तावेज है, लिहाजा यह संदेह करना कि देश में एक ही पार्टी काम करेगी या 2029 के बाद देश में चुनाव ही नहीं होंगे, फिजूल और पूर्वाग्रह है। करीब 7 माह के दौरान 65 बैठकें की गई, 11 रपटों का अध्ययन किया गया और 21,558 लोगों से बातचीत कर उनकी राय ली गई। उनमें से 80 फीसदी से अधिक लोग 'एक देश, एक चुनाव' के समर्थन में थे। विशालकाय रपट 18,626 पन्नों की है। गौरतलब यह है कि देश के चार पूर्व प्रधान न्यायाधीशों- जस्टिस दीपक मिश्रा, रंजन गोगोई, शरद अरविंद और यूयू ललित- ने 'एक चुनाव' का समर्थन किया है। उच्च न्यायालय के 12 पूर्व मुख्य न्यायाधीशों में से सिर्फ तीन ही विरोध में थे। जाहिर है कि कानून और संविधान के विशेषज्ञों का प्रचंड बहुमत 'एक चुनाव' के पक्ष में है। समिति ने 47 राजनीतिक दलों का पक्ष भी जाना, तो 15 दलों ने विरोध जताया। उनमें कांग्रेस, सीपीएम, बसपा, आप सरीखे राष्ट्रीय दलों समेत तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, सीपीआई, ओवैसी की पार्टी, एमडीएमके, नगा पीपुल्स फ्रंट, सीपीआई (एमएल) और सपा आदि क्षेत्रीय दल भी नई व्यवस्था के खिलाफ हैं।

जाहिर है कि वे मौजूदा सत्ता-पक्ष भाजपा-एनडीए के विरोधी हैं, लेकिन क्या 32 राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों के समर्थन को खारिज किया जा सकता है? याद रहे कि कांग्रेस ही उस समय देश पर राज कर रही थी, जब 'एक चुनाव' ही होते थे। लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जाते थे। यह दीगर है कि तब संसाधन कम चाहिए थे और मतदान मतपत्रों के जरिए होते थे। अब मौजूदा आम चुनाव में ही 10 लाख से अधिक ईवीएम लगाई जाती हैं और 1.5 करोड़ से ज्यादा कर्मचारी चुनाव ड्यूटी देते हैं। सुरक्षा बलों की तैनाती इनसे अलग है।



एक देश एक चुनाव कोई अनूठा प्रयोग नहीं है, क्योंकि 1952, 1957, 1962, 1967 में ऐसा हो चुका है, जब लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव साथ-साथ करवाए गए थे। यह क्रम तब टूटा जब 1968-69 में कुछ राज्यों की विधानसभाएँ विभिन्न कारणों से समय से पहले भंग कर दी गई। आपको बता दें कि 1971 में लोकसभा चुनाव भी समय से पहले हो गए थे। जाहिर है जब इस प्रकार चुनाव पहले भी करवाए जा चुके हैं तो अब करवाने में क्या समस्या है। एक तरफ जहां कुछ जानकारों का मानना है कि अब देश की जनसंख्या बहुत ज्यादा बढ़ गई है, लिहाजा एक साथ चुनाव करा पाना संभव नहीं है, तो वहीं दूसरी तरफ कुछ विश्लेषक कहते हैं कि अगर देश की जनसंख्या बढ़ी है तो तकनीक और अन्य संसाधनों का भी विकास हुआ है। इसलिए एक देश एक चुनाव की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। किन्तु इन सब से इसकी सार्थकता सिद्ध नहीं होती, इसके लिए हमें इसके पक्ष और विपक्ष में दिये गए तर्कों का विश्लेषण करना होगा। एक देश एक चुनाव के पक्ष में कहा जाता है कि यह विकासोन्मुखी विचार है। जाहिर है लगातार चुनावों के कारण देश में बार-बार आदर्श आचार संहिता लागू करनी पड़ती हैद्य इसकी वजह से सरकार आवश्यक नीतिगत निर्णय नहीं ले पाती और विभिन्न योजनाओं को लागू करने समस्या आती है। इसके कारण विकास कार्य प्रभावित होते हैं। आपको बता दें कि आदर्श आचार संहिता या मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट चुनावों की निष्पक्षता बरकरार रखने के लिये बनाया गया है। एक देश एक चुनाव के विरोध में विश्लेषकों का मानना है कि संविधान ने हमें संसदीय मॉडल प्रदान किया है जिसके तहत लोकसभा और विधानसभाएं पांच वर्षों के लिये चुनी जाती हैं, लेकिन एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे पर हमारा संविधान मौन है। संविधान में कई ऐसे प्रावधान हैं जो इस विचार के बिल्कुल विपरीत दिखाई देते हैं। मसलन अनुच्छेद 2 के तहत संसद द्वारा किसी नये राज्य को भारतीय संघ में शामिल किया जा सकता है और अनुच्छेद 3 के तहत संसद कोई नया राज्य राज्य बना सकती है, जहां अलग से चुनाव कराने पड़ सकते हैं।

एक देश एक चुनाव के विरोध में दूसरा तर्क यह दिया जाता है कि यह विचार देश के संघीय ढाँचे के विपरीत होगा और संसदीय लोकतंत्र के लिये घातक कदम होगा। लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं का चुनाव एक साथ करवाने पर कुछ विधानसभाओं के मर्जी के खिलाफ उनके कार्यकाल को बढ़ाया या घटाया जायेगा जिससे राज्यों की स्वायत्तता प्रभावित हो सकती है। भारत का संघीय ढांचा संसदीय शासन प्रणाली से प्रेरित है और संसदीय शासन प्रणाली में चुनावों की बारंबारता एक अकाट्य सच्चाई है।

जाहिर है कि 'एक चुनाव' की स्थिति में ईवीएम ही 40 लाख के करीब चाहिए और सिर्फ दो कंपनियां ही देश में ईवीएम बनाती हैं। उनका उत्पादन औसत भी 4 लाख सालाना से कम है। चूंकि नई व्यवस्था 2029 के आम चुनाव से लागू करने की बात कही जा रही है, लिहाजा यह इतनी सहज और आसान व्यवस्था नहीं होगी कि देश में 'एक चुनाव' ही होने लगें। सबसे महत्वपूर्ण और अनिवार्य तो यह है कि 'एक चुनाव' को शुरू करने के लिए संविधान में 18 संशोधन करने होंगे। संसद में कोई भी संविधान-संशोधन दो-तिहाई बहुमत, यानी 362 सांसदों के समर्थन, से ही संभव हो सकता है। हालांकि कुछ संशोधनों के लिए 50 फीसदी राज्यों की सहमति अनिवार्य नहीं है। स्थानीय निकाय चुनाव के लिए मतदाता सूची तैयार करने का अधिकार चुनाव आयोग को है। इसके लिए अनुच्छेद 325 में बदलाव करना होगा। अनुच्छेद 324-ए में बदलाव करते हुए निगमों और पंचायतों के चुनाव भी आम चुनाव के साथ कराए जाएंगे। अनुच्छेद 368-ए के तहत ऐसे संविधान संशोधन बिल को 50 फीसदी राज्यों की सहमति अनिवार्य होगी। इसी तरह विधानसभा वाले संघशासित क्षेत्रों के लिए अलग से संविधान संशोधन बिल पारित कराने होंगे।

# नागरिकता संशोधन अधिनियम : आशा और समावेश की अभिव्यक्ति

**इंशा वारसी**

नागरिकता संशोधन अधिनियम (सी. ए. ए.) दिसंबर 2019 में लागू होने के बाद से गरमागरम चर्चा का विषय रहा है। भारत में धर्मनिरपेक्षता और समावेशिता पर इसके प्रभाव पर राय व्यापक रूप से भिन्न है। पूरी तस्वीर को समझने के लिए, अधिनियम के प्रावधानों, इसके ऐतिहासिक संदर्भ और इससे सीधे प्रभावित लोगों की आवाज़ में गहराई से जाना आवश्यक है। सी. ए. ए. का उद्देश्य पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से प्रताड़ित धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए नागरिकता में तेजी लाना है। विशेष रूप से, यह उन हिंदुओं, सिखों, बौद्धों, जैनों, पारसियों और ईसाइयों को लक्षित करता है जो इन देशों में धार्मिक उत्पीड़न से भाग गए थे। यह कानून उत्पीड़ितों के लिए एक सुरक्षित भूमि के रूप में भारत की ऐतिहासिक भूमिका को स्वीकार करता है।




आलोचकों का तर्क है कि सी. ए. ए. धार्मिक पहचान के आधार पर चुनिंदा रूप से नागरिकता देकर भारत के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने को कमजोर करता है। हालांकि, एक जांच से पता चलता है कि अधिनियम धर्मनिरपेक्षता के संवैधानिक सिद्धांत के साथ संरेखित होता है। यह राज्य धर्मों वाले देशों में धार्मिक उत्पीड़न को संबोधित कर कमजोर अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा करता है। कुछ समूहों का बहिष्कार बोधगम्य अंतर पर आधारित है, जो उत्पीड़न के विशिष्ट रूपों को संबोधित करने के लिए एक लक्षित दृष्टिकोण सुनिश्चित करता है। सी. ए. ए. से सीधे प्रभावित लोगों की कथाएँ इसके मानवीय महत्व को रेखांकित करती हैं। उत्पीड़न से भाग रहे व्यक्तियों और भारत में शरण लेने की कहानियाँ कमजोर समुदायों की रक्षा के लिए विधायी उपायों की तत्काल आवश्यकता को उजागर करती हैं। हालाँकि, यह ध्यान में रखा जाना चाहिए कि भारत सरकार के पास किसी भी समुदाय/व्यक्ति को नागरिकता देने या अस्वीकार करने का विशेषाधिकार है जो उपमहाद्वीप में स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए भारत की लंबे समय से चली आ रही प्रतिबद्धता के आधार पर तय किया जाता है। सी. ए. ए. विदेशों में उत्पीड़न का सामना कर रहे लोगों की मदद करते हुए, धार्मिक संबद्धता की परवाह किए बिना, सभी भारतीय नागरिकों के अधिकारों की पुष्टि करता है। अधिनियम के प्रावधान किसी भी भारतीय की नागरिकता को बाधित नहीं करते हैं, बल्कि मानवीय मूल्यों और उत्पीड़ित समुदायों के साथ एकजुटता के प्रति देश की प्रतिबद्धता को बनाए रखते हैं।

नागरिकता संशोधन अधिनियम भारत के धर्मनिरपेक्षता, समानता और संवेदनशीलता के लोकाचार का प्रतीक है। उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों के लिए नागरिकता का मार्ग प्रदान करके, यह भारतीय संविधान में निहित सिद्धांतों को बनाए रखता है और उत्पीड़ितों के लिए एक शरण के रूप में देश की स्थिति की पुष्टि करता है। जैसा कि राष्ट्र जटिल सामाजिक-राजनीतिक वास्तविकताओं से जूझ रहा है, सी. ए. ए. सभी के लिए न्याय और समावेशिता के प्रति भारत की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

# वर्ष 2017 बैच की एसडीएम डा बुशरा बानो

## शिशु अवस्था में रहते हुए भी बुलन्द इरादे रखने वाली



मुहम्मद क़मर ख़ाँ

उप्र के कन्नौज जिले के छोटे से कस्बे की रहने वाली बुशरा को बचपन से अव्वल रहने की आदत थी, और इसी चस्के में बुशरा ने जीवन में अफ़्सर बनने परम्परा में बदल देने का साहस किया अपने जीवन में अफ़्सर बनने की परम इच्छा उनमें जुनून की हद तक थी। चुनानचे अपने इसी जुनून को आईएएस बनकर साकार करने का निर्णय अपने अन्तःकरण में ले लिया आरम्भिक शिक्षा के क्रम में, बुशरा ने साढ़े चार वर्ष की उमर में, सीधे क्लास 2 में प्रवेश लिया। उसके बाद अध्ययन में उनकी दिलचस्पी और लगाव का अन्दाज़ा इस बात से भली भांति लगाया जा सकता है कि साढ़े सत्रह वर्ष की आयु में उन्होनें डिग्री प्राप्त कर ली और आगे भी अध्ययन को जारी रखते हुए एमबीए की डिग्री हासिल की। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से डिस्ट्रिक्ट मैनेजमेन्ट' पर शोध कर, पीएचडी की उपाधि अर्जित की। इस प्रकार कहा जा सकता है कि बुशरा बानों ने अपने व्यक्तित्व में विद्वता का एक समन्दर समेट रखा था। जो उन्हें गाहे बगाहे प्रतियागिता का सामना करने के लिए, प्रेरित किया करता था, इस प्रेरणा के फ़्लस्वरूप उन्होनें वर्ष 2018 व वर्ष 2020 में दो मरतबा, यूपीएससी की परीक्षा क्रैक की। व्यक्तिगत जीवन की चरणबद्धता को क्रम देते हुए बुशरा का विवाह हो गया, शादी के उपरान्त दोनों पति-पत्नी सऊदी अरब के लिए प्रस्थान कर गये। मगर हुब्बुलवतनी के फ़्लस्वरूप वह दोनों सऊदी अरब से हिन्दुस्तान वापस आ गये। सऊदी अरब से भारत वापस आने के बाद भी उनका बौद्धिक स्तर किन्चित मात्र भी प्रभावित नहीं हुआ। और इस संदर्भ में बिना कोई कोचिंग लिए बुशरा बानों ने आईपीएस परीक्षा की प्रतियोगिता क्रैक की। और इस प्रकार बुशरा बानों एसडीएम बन गयी। नई सोच रखने वाली यह अधिकारी, हिजाब पहनकर ड्यूटी करने लगी। अपने कर्तब्य-निर्वहन के क्रम में अपने तैनाती स्थल पर दो होटलों पर छापा मारा, जहाँ आपत्तिजनक हालत में ग़ैर कानूनी जोड़ो को पकड़ा गया। जिनके विरूद्ध एसडीएम के रूप में उन्होनें वांछिल वैधानिक कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार हर तैनाती स्थल पर कार्यरत रहते हुए, बुशरा बानों द्वारा अपने दायित्वों के अनुरूप, इसी तरह अपने कर्तब्यों का पालन किया जाता रहा है।



# अभी परेशान करेगी बिजली, कई इलाकों में अगस्त तक चलेगा एबीसी का काम

**लखनऊ।** एलटी लाइन हटाकर एरियल बंच केबल (एबीसी) लगाने का काम 19 मार्च को दो दर्जन से अधिक बिजली घरों में चलेगा। वहीं मध्यंचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के निदेशक (तकनीक) एके सिंह का दावा है कि राजधानी में एबीसी से जुड़ा साठ फीसद काम पूरा हो चुका है। अगर काम की यही रफ्तार रही तो काम पूरा करने में अगस्त तक का समय लगेगा। ऐसे में 12 लाख उपभोक्ताओं को गर्मियों में सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक बिजली संकट का सामना करना पड़ेगा।

कानपुर रोड के अधिशासी अभियंता नीरज ने बताया कि आशियाना के बिजली घर से पोषित 11 केवी फीडर एलडीए द्वितीय में बिजली से जुड़ा कार्य 19 मार्च को सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक



चलेगा। डालीगंज के अधिशासी अभियंता के मुताबिक पुरनिया उपकेंद्र से पोषित 11 केवी फीडर जनरल पुल पर जर्जर तार बदले जाएंगे।

इसके कारण अलीगंज सेक्टर के, क्यू, पी, विध्यांचल मंदिर के आसपास सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक बिजली संकट रहेगा। छोटी लाल कुर्ती में भी मंगलवार को सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक

■ सुबह से शाम तक छूटेगा पसीना

बिजली संकट रहेगा। गोमती नगर के विवेक खंड तीन, विजय खंड एक में बिजली संकट सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक रहेगा। कमता बिजली घर से पोषित एल्डिको तिराहा 250 केवीए एवं 630 केवीए तारों का मकड़जाल हटाया जाएगा।

इसके कारण यहां भी सुबह दस से शाम पांच बजे तक बिजली नहीं रहेगी। यही समस्या स्वप्न व पंचवटी कालोनी में रहेगी। विकास नगर बिजली घर से पोषित क्षेत्र में भी सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक एबीसी का काम होगा। इसके कारण गांधी नगर, श्याम नगर, खुर्रम नगर, अशोक विहार, मतीन पुरवा, पंतनगर, विकास नगर, सेक्टर 12, 13, 14 में बिजली संकट रहेगा।

## इन इलाकों में बिजली करेगी परेशान

वृंदावन बिजली घर सेक्टर 17 व 18 से पोषित सेक्टर 13, 14 व 19 और सेक्टर 18 व बीस फीडर पर ट्रांसफार्मर में तेल डालने व मरम्मत का काम किया जाएगा। इसके कारण 19 मार्च को सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक बिजली संकट रहेगा। रत्न खंड, प्रियम क्रासिंग, रजनीखंड व रतनखंड बिजली घर से पोषित क्षेत्र में भी सुबह दस से शाम पांच बजे तक बिजली संकट रहेगा। विश्वविद्यालय बिजली घर से पोषित क्षेत्र में 19 मार्च को फैजाबाद रोड, आरबीएल रोड, पुराना बादशाहनगर क्षेत्र में बिजली संकट रहेगा। इसी तरह कल्याणपुर बिजली घर से पोषित क्षेत्र में भी मंगलवार को सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक मोहम्मदपुर खत्री, कन्हैया नगर, वृंदावन विहार, यूनिटी सिटी, कंचन नगर पार्क, नेशनल मोटर के पास, राजवी नगर पार्क, माया पुरी कालोनी में बिजली संकट रहेगा।

## लखनऊ-देहरादून के यात्रियों का सफर आसान करेगी वंदे भारत

**बरेली।** होली के एक दिन बाद ही 26 अप्रैल से देहरादून-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन होना शुरू हो जाएगा। कम समय में बिना स्टॉपेज बरेली से लखनऊ पहुंचाने वाली ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस में सीटों की बुकिंग तेजी से होने लगी है।

वंदे भारत के एसी चेयर कार में 65 सीटों और एग्जीक्यूटिव कोच में सात सीटों को सोमवार दोपहर तक बुक किया गया। सप्ताह में सोमवार को छोड़कर अन्य सभी दिन चलने वाली यह ट्रेन देहरादून से लखनऊ आठ घंटे 15 मिनट में पहुंचेगी। यह ट्रेन दोपहर दो बजकर 25 मिनट पर देहरादून से चलेगी और रात दस बजकर 40 मिनट पर लखनऊ पहुंचेगी। रेलवे ने इस वंदे भारत का किराया ऑनलाइन सिस्टम पर अपलोड कर दिया है। देहरादून से लखनऊ तक चेयर कार का किराया 1,480 रुपये व एग्जीक्यूटिव क्लास का किराया 2,715 है। बरेली से लखनऊ तक एसी चेयर का 910 रुपये और एग्जीक्यूटिव कोच में 1585 रुपये किराया है।

# 'विकसित भारत अम्बेसडर' जोड़कर भारत में प्राप्त किया प्रथम स्थान

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** विकसित भारत के संकल्प के साथ भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आवाहन पर पार्टी द्वारा नमो एम्बेसडर अभियान चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री के आह्वान पर लखनऊ महानगर में भी पिछले दो महीने से सभी जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता लोगों को नमो ऐप डाउनलोड करा कर विकसित भारत संकल्प यात्रा में नमो एंबेसडर के रूप में जोड़ने का काम किया है। इस अभियान में अब तक 2 करोड से अधिक विकसित भारत अम्बेसडर नमो एप्प पर जुड़ चुके है। पार्टी के सभी कार्यक्रमों अभियानों में सक्रिय भूमिका का निर्वहन करने वाले रक्षा मंत्री माननीय राजनाथ जी के कनिष्ठ पुत्र नीरज सिंह जी ने इस अभियान में भी अग्रणी भूमिका निभाते हुए इस सप्ताह राष्ट्रीय स्तर पर 50,000 से अधिक नए विकसित भारत अम्बेसडर




जोड़कर सम्पूर्ण भारत मे प्रथम स्थान पर रहे। जिसकी प्रसंशा करते हुए भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी से प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सर्टिफिकेट भी प्राप्त हुआ है उनकी इस उपलब्धि से लखनऊ व सम्पूर्ण प्रदेश के युवा बेहद उत्साहित है।

नीरज सिंह बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं वो जहाँ पार्टी के सभी अभियानों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते है वही सामाजिक कार्यो में उनकी बेहद रुचि है उनके द्वारा प्रति वर्ष अटल स्वास्थ्य मेला का आयोजन होता है जिससे समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को लाभ मिलता है व युवाओं के भविष्य को लेकर भी बेहद चिंतित दिखते है जिसके लिए व प्रति वर्ष कौशल रोजगार मेला का आयोजन करते है जिस से प्रतिभावान युवा बड़ी संख्या में रोजगार प्राप्त करते है ऐसे अनेकों सामाजिक आयोजनों के माध्यम से नीरज सिंह समाज सेवा का भी कार्य निरंतरता से निभा रहे हैं।

पिछले दो दशकों से नीरज सिंह कार्यकर्ताओं के मध्य रहकर पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाने का कार्य कर है। नीरज सिंह फिक्की के सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम यू पी चैप्टर के चेयरमैन बन बिज़नेस जगत में भी अपनी सेवा दे रहे है तो दूसरी और हिन्दू युवा संगठन भारत के संरक्षक बन हिंदुत्व की विचारधारा को भी आगे बढ़ा रहे है।

# राधारानी की प्राक्ट्यस्थली रावल गांव में जमकर उड़ा गुलाल



**मथुरा।** तीर्थनगरी मथुरा में इन दिनों होली की धूम है। महावन तहसील स्थित श्री राधारानी की प्राकट्य स्थली रावल धाम में मंगलवार को श्रद्धालुओं ने जमकर होली खेली। होली खेलने के लिए आसपास के कई प्रदेशों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इस मौके पर पूरा क्षेत्र राधारानी के जयकारों से गूंज उठा।

ब्रज की होली देखने के लिए देश-विदेश से श्रद्धालु मथुरा, वृंदावन, बरसाना, नंदगांव और गोकुल सहित प्रमुख तीर्थस्थलों पर आ रहे हैं। श्री राधारानी की प्राकट्य स्थली रावल में भी होली धूमधाम से मनाई जाती है। मंगलवार को रावल गांव की महिलाएं विभिन्न प्रकार के परिधानों में सज धजकर हाथ में लट्ठ लेकर मंदिर प्रांगण में होली खेलने पहुंची। इस मौके पर हुरियारिनों द्वारा हुरियारों पर लट्ठ बरसाए गए। रसिया गीतों का गायन किया गया। रंग-बिरंगे कपड़ों में गुजरिया लाठियां बरसाती दिखीं। इस अवसर का साक्षी बनने के लिए राजस्थान, गुजरात, पंजाब, हरियाणा व उत्तर प्रदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

## सपा ने पीलीभीत से उम्मीदवार का एलान रोका, रामपुर-मुरादाबाद में भी पेंच

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन बुधवार से शुरू होंगे, पर अभी तक सपा ने रामपुर, मुरादाबाद और पीलीभीत के टिकट फाइनल नहीं किए हैं। बताया जा रहा है कि रामपुर और मुरादाबाद का टिकट जेल में बंद पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां की सहमति के बाद घोषित किए जाएंगे।

2019 में मुरादाबाद से एसटी हसन और रामपुर से आजम खां जीते। पर, कुछ समय बाद आजम खां को एक मामले में कोर्ट ने तीन साल की सजा सुना दी। इससे आजम की सदस्यता चली गई। वर्ष 2022 में हुए उपचुनाव में भाजपा ने यह सीट सपा से छीन ली। वर्तमान में रामपुर से भाजपा के घनश्याम लोधी सांसद हैं। पहले चरण के चुनाव में आठ सीटें सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत शामिल हैं। इनमें से एकमात्र सहारनपुर सीट इंडी गठबंधन के तहत कांग्रेस के खाते में है।

# नाचते गाते श्री श्याम के जयकारे लगाकर हाथों से ध्वज लहराते हुए निकले भक्त

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** गजब मेरे खाटू वाले, गजब तेरे ठाक निराले, सेठो के सेठ बाबा श्याम हमारे,... श्याम बाबा श्याम बाबा तेरे पास आया हूं चरणों में तेरे अरदास लाया हूं..... हारा हूं बाबा पर तुझ पे भरोसा है... श्याम अब तेरे हवाले मेरा घर द्वार है... जैसे श्याम भजन पर नाचते गाते भाव विभोर होकर श्री श्याम ध्वजा लहराते हुए फूलो की होली खेलते हुए देखते ही बन रहा था ये नजारा था श्री श्याम परिवार लखनऊ द्वारा निकाली गई श्री श्याम ध्वजा यात्रा का।

महामंत्री रुपेश अग्रवाल में बताया कि श्री श्याम ध्वजा यात्रा का पूजन कार्य पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं राज्य सभा सांसद डॉ दिनेश शर्मा सपत्नी करके किया गया यात्रा आदर्श धर्म कांटे के पास आर्य नगर, ऐशबाग से शुरू होकर श्री राम रोड,



कैसरबाग,परिवर्तन चौक होते हुए श्री श्याम मंदिर बीरबल साहनी मार्ग पर संपन्न हुई।

कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने बताया कि श्री श्याम ध्वजा यात्रा मार्ग पर भक्तों द्वारा भव्य स्वागत किया गया फूलों की वर्षा करके स्वागत जगह जगह किया गया साथ ही केला,संतरा, पंचमेवा, बिस्कुट पैकेट एवं जूस, जल का वितरण श्री श्याम भक्तों द्वारा किया। अध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने बताया कि विगत वर्षो की भांति इस वर्ष अधिक संख्या में भक्तों ने श्याम ध्वजा उठाकर श्री श्याम ध्वजा यात्रा में सम्मिलित हुए इस बार श्री श्याम ध्वजा यात्रा में 2500 से अधिक श्री श्याम भक्तों ध्वजा लेकर चले।

प्रवक्ता अनुराग साहू ने बताया कि 20 एवं 21 सितंबर को फागुन आयो रे कार्यक्रम का आयोजन मंदिर प्रांगण में किया जाएगा। 20 सितंबर को एकादशी पर मंदिर सुबह 5:00 से खुलकर पूरे दिन भक्तों के दर्शन के लिए खुला रहेगा साथ ही शाम को 6बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# अखिलेश ने दिए संकेत... स्वामी और वरुण को दे सकते हैं टिकट



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव में पार्टी से इस्तीफा देने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य को सपा से टिकट देने के संकेत दिए हैं। अखिलेश वरुण गांधी को भी टिकट दे सकते हैं।

अखिलेश ने स्वामी प्रसाद को टिकट देने के सवाल पर कहा कि क्या स्वामी प्रसाद कभी सपा छोड़कर गए थे? वहीं, जब उनसे पूछा गया कि आपने स्वामी प्रसाद का इस्तीफा स्वीकार कर लिया तो वो बोले, हमारी कमेटी विचार कर रही होगी। मुझे इसकी जानकारी नहीं है। बीते दिनों स्वामी प्रसाद मौर्य ने भी अखिलेश को लेकर नर्म रुख अपनाते हुए कहा था कि उन्हें अखिलेश से कुछ भी शिकायत नहीं है।

अखिलेश यादव ने वरुण गांधी को भी टिकट देने को लेकर संकेत दिया है। उन्होंने कहा कि इस पर विचार करेंगे। वहीं, उन्होंने कहा कि हमारे जो नेता पार्टी छोड़कर जा रहे हैं वह सरकार के दबाव में ऐसा कर रहे हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि वरुण गांधी अमेठी सीट से चुनाव लड़ सकते हैं। ये सीट 2019 में राहुल गांधी की हार होने पर गांधी परिवार की परंपरागत सीट रही है। यहां से वरुण के पिता संजय गांधी भी चुनाव लड़ चुके हैं।

# प्रदेश में लगने वाले स्मार्ट प्रीपेड मीटर की जीटीपी अनुमोदन में हुआ बड़ा खेल

अवधनामा संवाददाता

■ मीटर के अंदर लगने वाले प्रमुख कंपोनेंट चाइनीस किया अनुमोदित
■ उपभोक्ता परिषद ने उठाई उच्च स्तरीय जांच की मांग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में जहां बडे पैमाने पर स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने की पूरी तैयारी की जा रही है वहीं उपभोक्ता परिषद आज जो खुलासा करने जा रहा है उस पावर कार्पोरेशन प्रबंधन एक बार सोचने पर मजबूर हो जाएगा की बिजली कंपनियां किस प्रकार स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने वाले निजी घरानों पर मेहरबान है बिजली कंपनियों की तरफ से स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के पहले उनकी गारंटीड टेक्निकल पर्टिकुलर यानी जी0टी0पी जो बिजली कंपनियों की तरफ से अनुमोदित की जा रही है उसमें मध्यांचल विद्युत वितरण निगम की जी0टी0पी में खुलासा हुआ की स्मार्ट मीटर लगाने वाली कंपनी मीटर के अंदर महत्वपूर्ण पैरामीटर जैसे माइक्रोप्रोसेसर डिस्प्ले माड्यूल ऑप्टिकल पोर्ट पावर सप्लाई इलेक्ट्रॉनिक कॉम्पोनेंट बैटरी पीसीबी आरटीसी व अन्य लगने वाल ज्यादातर कॉम्पोनेंट का मेक और ओरिजन चाइनीस बता रहा है और उसे अनुमोदित भी किया गया है यानी कि आने वाले समय में स्मार्ट प्रीपेड मीटर जो लगेगा उसके अंदर के कंपोनेंट चाइनीस होंगे जो पूरी तरह गलत है भारत सरकार वह उत्तर प्रदेश सरकार ने वर्ष 2020 में चीनी मीटर लगाने पर रोक लगा दिया था जब सीमा विवाद हुआ था अब उत्तर प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर के अंदर लगने वाल प्रमुख तकनीकी पैरामीटर को चाइनीस कंपनी द्वारा लिया जाना प्रस्तावित करना ही अपने आप में बडे जांच का मामला है।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा स्मार्ट प्रीपेड मीटर उत्तर प्रदेश में काफी ऊंची दरों पर खरीदे जा रहे हैं इसके बावजूद भी उसमें लगने वाले प्रमुख कंपोनेंट को चीनी कंपनियों द्वारा खरीदे जानेकी अनुमति अपने आप में गंभीर मामला है जल्द ही पूरे मामले पर उपभोक्ता परिषद पावर कार्पोरेशन प्रबंधन से बात करेगा और इस प्रकार की कार्यवाही पर अभिलंब विराम लगाने की मांग करेगा सभी बिजली कंपनियों मे स्मार्ट प्रीपेड मीटर की जीटीपी को अनुमोदित करने के लिए होड मची है आखिर ऐसा क्या है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने वाले निजी घराने जो चाह रहे हैं वही जीटीपी अनुमोदित कर ले रहे हैं इसकी भी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए सब मिलकर उपभोक्ताओं के परिसर पर लगने वाला तराजू यानी स्मार्ट प्रीपेड मीटर उच्च गुणवत्ता का होना चाहिए इस पर बिजली कंपनियों को बहुत ही इमानदारी से पारदर्शी तरीके से निर्णय लेने की जरूरत है।

## राष्ट्रमाता संकल्प प्रतिष्ठा पदयात्रा में शामिल होंगे कलीम

**लखनऊ।** अखिल भारतीय गौ रक्षा महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कलीम भारतीय श्री शंकराचार्य एवं संतों की निकाली जा रही राष्ट्रमाता संकल्प प्रतिष्ठा पदयात्रा के समापन दिवस 28 मार्च को नई दिल्ली में आश्रम चैक से संसद भवन तक की यात्रा में सम्मिलित होंगे। आज यहां उतरौला हाउस कैसरबाग स्थित महासंघ के कार्यालय प्रमुख राहुल पाण्डेय ने बताया कि इस यात्रा में राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ कई राष्ट्रीय पदाधिकारी मानवेन्द्र पाल सिंह, राष्ट्रीय महामंत्री, महताब खान चांद, मृगेन्द्र भागवत, बल्देव ठाकुर, शैलेन्द्र कुमार सिंहा, जोशुवा देवराज गौड़ा सहित महासंघ, दिल्ली प्रदेश इकाई के अध्यक्ष चरण सिंह सहित सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल होंगे। मालूम हो कि श्री शंकराचार्य व संतों की राष्ट्रमाता संकल्प प्रतिष्ठा पदयात्रा बीते 14 मार्च को गिरिराज परिक्रमा, वृन्दावन से प्रारम्भ हुयी थी।

# युवा शक्ति के बूते फिर होंगे विश्वगुरू : अमिताभ

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** रिटायर्ड मेजर जनरल अमिताभ जोशी बोले, किसी भी देश की प्रगति में इंजीनियरिंग का योगदान सर्वोपरि होता है। देश की 50 प्रतिशत से अधिक आबादी युवाओं की है। उन्होंने उम्मीद जताई, हम फिर से युवा शक्ति के दम पर विश्वगुरू और सोने की चिड़िया बन सकते हैं। आज अर्थव्यवस्था के विकास के कई मापदंड हैं, जिसमें मुख्य रूप से प्रोडक्शन, कंजम्पशन ऑफ स्टील, ऊर्जा का उत्पादन शामिल है। उन्होंने यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मेक इन इंडिया का भी जिक्र करते हुए कहा, वर्तमान में भारत विश्व का स्टार्ट अप कैपिटल बन रहा है। दिसम्बर 2023 तक देश में 01 लाख से अधिक स्टार्ट अप शुरू हो चुके हैं, जिसमें 12 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। श्री जोशी तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग की ओर से ऑडी में टैलेंट मैनेजमेंट ऑफ इंफॉर्मेशन एक्सीलेंस-



टिमिक्स सोसायटी की स्थापना के अवसर पर राष्ट्र निर्माण में इंजीनियरिंग की अहम भूमिका पर आयोजित अतिथि व्याख्यान में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उल्लेखनीय है, टिमिक्स सोसायटी फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग स्टुडेंट्स की नवगठित सोसायटी है। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने टिमिक्स के लोगो का भी अनावरण किया। छात्रों की इस सोसायटी का मकसद स्टुडेंट्स की स्किल्स और मेंटल डवलपमेंट को बढ़ाना है। नवगठित टिमिक्स सोसायटी का स्टुडेंट कोर्डिनेटर विनायक मिश्रा को बनाया गया है। एफओई के प्राचार्य प्रो. आरके द्विवेदी ने मुख्य अतिथि का संक्षिप्त परिचय देते हुए उम्मीद जताई, टिमिक्स सोसायटी स्टुडेंट्स के सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर साबित होगी। प्रो. द्विवेदी बोले, टिमिक्स सोसायटी वर्कशॉप, सोशल एक्टिविटीज़, कल्चरल इनीसिएटिव्स आदि के जरिए स्टुडेंट्स की प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। डॉ. विपिन कुमार ने वोट ऑफ थैंक्स दिया। समापन राष्ट्गान के संग हुआ।

रिटायर्ड मेजर जनरल श्री जोशी ने कोरोना महामारी में देश के योगदान का जिक्र करते हुए कहा, भारत ने 82 देशों को निः शुल्क वैक्सीन मुहैया कराई। इससे पूर्व उन्होंने नेवी, आर्मी और एयर फोर्स में इंजीनियरिंग ब्रांच में भर्ती की प्रक्रिया पर विस्तार से प्रकाश डाला। डिप्लोमा से लेकर डिग्री और पीएचडी धारक तक सेना में किन-किन पदों और कैसे भर्ती हो सकते हैं। बोले, 1950 में इंजीनियरिंग की मात्र दो ब्रांच होती थीं- मिल्ट्री और सिविल इंजीनियरिंग। 75 सालों में ब्रांचों की संख्या बढ़कर 100 से अधिक हो गई है। लगता है, 2047 में विकसित राष्ट्र का सपना सार्थक हो जाएगा। ऑडी में मौजूद इंजीनियरिंग ब्रांचों के संग-संग सीसीएसआईटी स्टुडेंट्स को सफलता का मूल मंत्र देते हुए अंग्रेजी के मुहावरे का उपयोग करते हुए बोले, आई कैन, आई विल। इससे पहले रिटायर्ड मेजर जनरल श्री अमिताभ जोशी ने बतौर मुख्य अतिथि, एफओई के प्राचार्य प्रो. आरके द्विवेदी, डॉ. शुभेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ. दिवाकर पाठक, डॉ. शंभू भारद्वाज, श्री अरून गुप्ता आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित और वंदना के संग कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

# गेट-2024 में प्रतीक अग्रवाल को ऑल इण्डिया 15वीं रैंक

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, महानगर कैम्पस के मेधावी छात्र प्रतीक अग्रवाल ने देश के अत्यन्त प्रतिष्ठित ग्रेजुएट एप्टीट्यूट टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट-2024) में अखिल भारतीय 15वीं रैंक अर्जित कर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। इस प्रतिष्ठित परीक्षा का आयोजन इण्डियन इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के तत्वावधान में हुआ। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में उच्च सफलता के उपरान्त प्रतीक अब इंजीनियरिंग कालेजों में पोस्ट ग्रेजुएट की शिक्षा प्राप्त कर विज्ञान शोघ एवं अनुसंधान के क्षेत्र में अपने सपनों को साकार कर पायेगा। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. के इस मेधावी छात्र को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम



शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि प्रतीक ने इस सफ्लता का सम्पूर्ण श्रेय अपने माता-पिता के अलावा सी.एम.एस. के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। श्री शर्मा ने बताया कि प्रतीक ने आई.सी.एस.ई. (कक्षा-10) की बोर्ड परीक्षा सी.एम.एस. इन्दिरा नगर कैम्पस से 94.8 प्रतिशत अंको से उत्तीर्ण की जबकि आई.एस.सी. (कक्षा-12) की बोर्ड परीक्षा सी.एम.एस. महानगर कैम्पस से 95.75 प्रतिशत अंको से उत्तीर्ण की।

# सीएमएस ने अपने मेधावी छात्रों का किया सम्मान

## यदि हम छात्रों में प्रारम्भ से अच्छे विचारों का बढ़ावा देंगे

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, चौक कैम्पस, इन्दिरा नगर द्वितीय कैम्पस एवं राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस के मेधावी छात्रों को आज 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेस' में सार्वजनिक तौर पर सम्मानित किया गया। अपने अभूतपूर्व सम्मान से छात्र गद्गद् नजर आये जबकि अभिभावकों ने जोरदार तालियाँ बजाकर छात्रों की अभूतपूर्व प्रतिभा एवं सी.एम.एस. की अनूठी बोल्डर एण्ड ब्राडर शिक्षा पद्धति को सराहा। तीनों कैम्पसों के 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेस' में उन मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने वर्ष भर विभिन्न राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं, साँस्कृतिक कार्यक्रमों, खेलकूद प्रतियोगिताओं एवं वार्षिक परीक्षा में टॉप कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है।

सी.एम.एस. चौक कैम्पस द्वारा



'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेस' का आयोजन सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में किया गया। मुख्य अतिथि श्री दानिश आजाद अंसारी, राज्यमंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण, उ.प्र. ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया। इस अवसर बोलते हुए श्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि यदि हम छात्रों में प्रारम्भ से अच्छे विचारों का बढ़ावा देंगे तो उनमें मानवीय गुणों के विकास के साथ ही बुद्धिमत्ता व ज्ञान में वृद्धि होगी। वह सही और गलत में भेदभाव कर सकेगा और अपने जीवन में सही निर्णय ले सकेगा। उन्होंने शिक्षकों व अभिभावकों से अपील की कि भावी पीढ़ी में चारित्रिक गुणों के विकास पर विशेष जोर दें। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने इस अवसर पर कहा कि 'मातृ शक्ति' की समाज निर्माण में अहम भूमिका है। उन्होंने माताओं का आह्वान किया कि वह बच्चों में शुरू से ही सर्वधर्म समभाव, नैतिकता



व चारित्रिकता के विचार डालें, जिससे बच्चे आदर्श नागरिक बन सकें। इस अवसर पर सी.एम.एस. चौक कैम्पस की प्रधानाचार्या श्रीमती अदिति शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सी.एम.एस. इन्दिरा नगर द्वितीय कैम्पस (यूनाईटेड वर्ल्ड कैम्पस) द्वारा 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेस' का आयोजन सी.एम.एस. गोमती नगर द्वितीय कैम्पस ऑडिटोरियम में किया गया। समारोह का शुभारम्भ सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने दीप प्रज्वलित कर किया। अभिभावकों को संबोधित करते हुए प्रो. किंगडन ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य मनुष्य के लिए उसके अंदर छिपी शक्तियों तथा क्षमताओं को विकसित करना है, ताकि वह समाज के रचनात्मक विकास में योगदान दे सकें। इस अवसर पर प्रधानाचार्या सुश्री कनिका कपूर ने अभिभावकों के सहयोग के प्रति हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया।

## राजा सिंह बने घोसी लोकसभा में 25 दलों के हिस्सेदारी मोर्चा के प्रत्याशी

**लखनऊ।** आज 19 मार्च को मानव सेना के भीटी कार्यालय पर ''घोसी लोकसभा निर्वाचन'' पर एक आवश्यक बैठक का आयोजन एनडीए की पूर्व सहयोगी, 24 क्षेत्रिय दलों के ''हिस्सेदारी मोर्चा'' के संयोजक एवं फूलन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गोपाल निषाद एवं मानव सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजा सिंह की उपस्थिति में सम्पन्न हुई , बैठक में पिछली कार्यवाही का समर्थन करते हुये घोसी के सर्वागणी विकास को गति देने एवं जाति-धर्म की राजनीति पर अंकुश लगाने हेतु घोसी लोकसभा 2024 चुनाव में हिस्सेदारी मोर्चा का प्रत्याशी बनाये जाने की घोषणा का स्वागत करते हुये राजा सिंह को बधाई दी गई ।

मोर्चा का प्रत्याशी बनने पर राजा सिंह ने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य ''हर हाथ को काम - हर काम को सम्मान'' करते हुये बेरोजगारी और भ्रष्टाचार को जड से समाप्त करना है , जाति - धर्म की संकीर्ण राजनीति करने वालों को सबक सिखाने के लिये जनता कमर कस चुकि है ।

# नर्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष बने सत्येंद्र चौधरी

■ चुनाव में मिले 229 वोट

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा,सैफई।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में नर्सिंग एसोसिएशन के गुप्त मतदान में अध्यक्ष पद पर सत्येंद्र चौधरी, महामंत्री, संजय शर्मा, कोषाध्यक्ष अनमोल रतन चुने गए। विश्वविद्यालय में हुए नर्सिंग एसोसिएशन के पहली बार मतदान के माध्यम से चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए पूर्व अध्यक्ष अनिल गोयल, पूर्व उमेश सिसोदिया एवं सत्येंद्र चौधरी नें अध्यक्ष पद पर दावेदारी की थी।

महामंत्री पद पर संजय शर्मा, जितेन्द्र यादव, राघवेंद्र गिरी नें दावेदारी की थी। कोषाध्यक्ष पद पर अनमोल रत्न, बीना कुमारी, अनिता भारती नें दावेदारी की थी। 6 सदस्यों की चुनाव अधिकारियों की टीम की अध्यक्षता में गुप्त मतदान संपन्न हुआ और सत्येंद्र चौधरी ने 229 मत प्राप्त कर अध्यक्ष चुने गए, पूर्व अध्यक्ष रहे अनिल गोयल 97 मत प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रहे। पूर्व अध्यक्ष उमेश सिसोदिया 93 मत पाकर तीसरे स्थान रहे। महामंत्री पद पर संजय शर्मा को 210 मत, जितेंद्र यादव ने 114, राघवेंद्र गिरी ने 92 मत मिले। कोषाध्यक्ष पद पर अनमोल रतन 254, बीना रानी 111, अनीता भारती 51 मत हासिल किए। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष सत्येंद्र चौधरी ने सभी पदाधिकारी के साथ धन्यवाद व्यक्त किया और कहां कि नर्सिंग एसोसिएशन के सदस्यों की समस्याओं को दूर करने के लिए वह हर समय तत्पर तैयार रहेंगे। संगठन की समस्याओं को जल्द से जल्द निराकरण करने का प्रयास किए जाएंगे। महामंत्री संजय शर्मा ने कहा मरीज के हित के सात नरसिंह के हित के लिए हर स्तर पर संघर्ष किया जाएगा। पूर्व अध्यक्ष अनिल गोयल एवं उमेश सिसोदिया ने जीते हुए पदाधिकारी को बधाई देते हुए कहा कि संस्थान हित मे सब लोग मिलकर काम करेंगे। इस अबसर पर गजेन्द्र शर्मा, नरेन्द्र चौधरी, सुबोध कुमार, कृष्णा चौधरी, आकाश भारद्वाज, सोनू शर्मा, विवेक दीक्षित, लोकेश गुर्जर, संत कुमार, रोहित कुमार, विवेक दीक्षित, जीतेश त्यागी, उपदेश कुमार, रजनीश सिंह, अमित शुक्ला, अम्बर जॉन, आशीष श्रीवास्तव, चंद्रकेश, हुतेंद्र पाल, अजीत बलिया, माया कुमावत, अनिता प्रजापति, पूनम तलवार आदि नर्सिंग स्टाफ ने चुने हुए पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

## चेकिंग अभियान में 461 वाहनों का हुआ ई-चालान

**बांदा।** जनपद में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देशन पर क्षेत्राधिकारी यातायात गवेंद्रपाल सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद मे यातायात पुलिस ने प्रभारी यातायात राजेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में उप निरीक्षक यातायात त्रिलोकीनाथ पांडे और ट्राफिक अरक्षियों के सहयोग से मुख्य चैराहों पर चेकिंग अभियान चलाकर चार पहिया वाहनों से ब्लैक फिल्म को उतरवाया गया। दोषपूर्ण नंबर प्लेट, बिना ड्राइविंग लाइसेंस, नो पार्किंग, सीट बेल्ट न लगाने और अन्य धाराओं में कुल 461 ई-चालान किए गए। जनमानस को दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने सहित अन्य यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया।

# कार्यशाला में एसएसपी ने दिये दिशा निर्देश

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन के सभागार में अभियोजन निदेशालय उत्तर प्रदेश के सौजन्य से संयुक्त निदेशक अभियोजन के पर्यवेक्षण में 1-भारतीय न्याय संहिता-2023 2.भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 नवीन विधियों पर आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में जाकर कार्यशाला का शुभारम्भ किया गया तदोपरान्त संयुक्त निदेशक अभियोजन द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस दौरान भारतीय न्याय संहिता में हुये परिवर्तन भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय दंड संहिता (आईपीसी)1860 की जगह लेगी। यह देश में क्रिमिनल ऑफेंस से जुड़ा प्रमुख कानून है। इसमें अपराधों से जुड़े प्रावधानों को समेकित और संशोधित किया गया है। इसमें पहले की 511 धाराओं के बजाय अब 358 धाराएं होंगी। इसमें सामुदायिक सेवा को सज़ा के रूप में परिभाषित किया गया है। इसमें पहली बार आतंकवाद को परिभाषित किया गया है। इसमें आतंकवाद को एक ऐसे कृत्य के रूप में परिभाषित किया गया है जिसका इरादा देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा को खतरे में डालना, आम जनता को डराना या सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ना हो। इसमें राजद्रोह के अपराध को हटा दिया गया है। कार्यक्रम के दौरान संयुक्त निदेशक अभियोजन सुरेन्द्र राम, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध सुबोध गौतम, क्षेत्राधिकारी विवेक जावला एवं जनपद के समस्त थानों से थाना प्रभारी/थानाध्यक्ष उपस्थित रहे।

# कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय के पाँच छात्र गेट परीक्षा में हुए सफल

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** देश के इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली अहर्ता परीक्षा ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट 2024) का परिणाम शनिवार देर शाम जारी हुआ जिसमे चन्द्र शेखर आजाद कृषि विश्विद्यालय, कानपुर के द्वारा संचालित कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय, इटावा संकाय के पांच होनहार छात्रों ने अपनी-अपनी सफलता का परचम लहराया है। उक्त सफलता की जानकारी देते हुए अधिष्ठाता कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय डॉ एन के शर्मा ने बताया कि, उक्त पांचों छात्र आर्यन दुबे, ऋषि सचान, अंकित कुमार, कार्तिकेय सचान एवम नवनीत सिंह हमारे ही कृषि महाविद्यालय के ही छात्र है और मैं इन सभी छात्रों को हमारे पूरे महाविद्यालय परिवार की तरफ से बधाई और शुभकामनाएं देता हूं उन्होंने कहा कि, जल्द ही महाविद्यालय परिवार द्वारा इन सभी छात्रों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया जाएगा। इसी क्रम में कुलपति चन्द्र शेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय, कानपुर प्रो.डॉ.आनंद कुमार सिंह ने भी इन छात्रों की सफलता पर अधिष्ठाता डॉ एन के शर्मा को शुभकामनाएं देते हुए अपने बधाई संदेश में कहा कि, हमे उम्मीद है कि, एक भविष्य के विकसित भारत के निर्माण में हमारे ये प्रतिभाशाली छात्र आगामी भविष्य में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाहन भी अवश्य ही करेंगे। डॉ.एन.के.शर्मा ने भी जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि, जनपद के आस-पास के अभिभावकगण अपने-अपने पाल्यों का इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाने के लिए इस महाविद्यालय का चयन अवश्य करें। नए सत्र में प्रवेश के लिए अब ऑनलाइन फॉर्म भी प्रारंभ हो चुके है।

# डीएम, एस एस पी ने ईवीएम गोदाम का बाहरी निरीक्षण किया

वहाज अली निहाल



**इटावा।** जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने श्वड्रूरू गोदाम का बाहरी निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण में बताया कि वहां पर लगे हुए पेड़ों को छटवाया जाए जो कि वहां पर लगे हुए कैमरे को ढके हुए हैं जिससे निगरानी सही से नहीं हो पा रही। उन्होंने बताया कि वहां पर डबल गेट हटाया जाए जिससे वहां पर कोई समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने ईबीएम गोदाम पर गार्ड रूम की साफ सफाई कराई जाने के निर्देश दिए। उक्त के उपरांत जिलाधिकारी ने मंडी रोड की व्यवस्था के लिए जायजा लिया। उन्होंने वहां पर उपस्थित पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मंडी रोड की सड़क को 31 मार्च तक अवश्य बनवाया जाए जिससे निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर आने-जाने में कोई समस्या उत्पन्न हो। उन्होंने मंडी रोड पर नालो में गंदगी को लेकर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित करते हुए कहा कि नालों की सफाई कराई जाए तथा प्लास्टिक एवं कचरा आदि को उठाकर कूड़े के ढेर पर फिकवाया जाए। उक्त के उपरांत जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय कंपोजिट 1 से 8 बेटियापुर विकासखंड भरथना बूथ का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां पर उपस्थित ग्राम प्रधान से वार्ता कर बूथ पर मतदाताओ की संख्या आदि की समस्याओं को लेकर जानकारी प्राप्त की । उन्होंने वहां पर उपस्थित ग्राम वासियों को अस्वस्थ करते हुए कहा कि निर्वाचन निष्पक्ष, पारदर्शी, भयमुक्त तरीके से कराया जाएगा। उन्होंने बताया गया कि जितने भी अपराधी हिस्ट्री सीटर है उन पर कार्रवाई अवश्य की जाएगी। उक्त के पश्चात जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय पुराना भरथना बूथ की व्यवस्थाएं देखी एवं वहां पर कचरा आदि की साफ सफाई कराई जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यहां पर अत्यधिक गंदगी होने के कारण बीमारियां उत्पन्न होगी। उन्होंने कहा कि बूथ पर आने जाने के लिए अत्यधिक समस्याओं का सामना करना पड़ेगा, गली पर रिपेयरिंग एवं गली बनाई जाए। उन्होंने कहा कि विद्यालय की रेप खड़ी होने के कारण वहां से आने-जाने में अत्यधिक समस्या होती है उसको लेवल कराया जाए एवं घास आदि को कटवाया जाए। उन्होंने कहा कि बूथ का दूसरा गेट कचरे की ढेर की साइड बना हुआ है उसको बंद कराया जाए एवं कचरे को डंप कराया जाए जिससे बीमारी आदि उत्पन्न ना हो। उन्होंने गली में अत्यधिक गंदगी एवं पड़े हुए कचरे को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अधिशासी अधिकारी नगर पालिका द्वारा तत्काल इसकी साफ सफाई कराई जाए। उक्त के पश्चात उन्होंने पिंक बूथ थाना भरथना का निरीक्षण किया एवं पिंक बूथ से भरथना शहर तक पैदल मार्च किया। उन्होंने बगैर नंबर प्लेट एवं हूटर, सायरन , बैनर आदि गाड़ियों में लगे पाए जाने पर गाड़ियों को तत्काल मौके पर शीश कराया गया। उक्त अवसर पर अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी भरथना सुशांत श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी भरथना अतुल प्रधान, तहसीलदार सहित अन्य समस्त अधिकारी एवं पुलिस फोर्स आदि उपस्थित रहे।

# मुक्त वि.वि. में बीएड और बीएड विशिष्ट शिक्षा की प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की सत्र 2024-25 की बीएड और बीएड विशिष्ट शिक्षा की प्रवेश प्रक्रिया का शुभारंभ मंगलवार को कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रोफेसर सिंह ने कहा कि नई शिक्षा नीति -2020 में अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम पर अत्यधिक बल दिया गया है। उन्होंने कहा कि दोनों कार्यक्रम बीएड और बीएड विशिष्ट शिक्षा क्रमशः एनसीटीई, नई दिल्ली और भारतीय पुनर्वास परिषद, नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त हैं तथा शिक्षक शिक्षा के अन्य परंपरागत कार्यक्रमों की तुलना में दूरस्थ शिक्षा प्रणाली द्वारा शिक्षार्थियों को उनकी सुविधा का विशेष ध्यान रखते हुए संचालित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर सिंह का स्वागत करते हुए प्रवेश परीक्षा आयोजन संचालन समिति के समन्वयक प्रोफेसर पी के स्टालिन, निदेशक, शिक्षा विद्या शाखा ने कहा कि शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम में प्रवेश हेतु इच्छुक शिक्षार्थियों के लिए यह सुनहरा अवसर है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में अपना कैरियर संवारने वाले इन कार्यक्रमों को पूरा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन भर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा एवं नामांकन से संबंधित सूचनाएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। बीएड और बीएड विशिष्ट शिक्षा की प्रवेश प्रक्रिया तथा अन्य जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध बीएड और बीएड विशिष्ट शिक्षा की प्रवेश विवरणिका से प्राप्त की जा सकती है।

# अलग-अलग स्थानों से नमूना संग्रहित किया गया

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** होली पर्व के दृष्टिगत आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ तथा जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में जनपद मं मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थो की विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु खोया, पनीर, दुग्ध उत्पाद से निर्मित खाद्य पदार्थ, खाद्य तेल, घी एवं वनस्पति, विभिन्न प्रकार की कचरी, पापड़, चिप्स एवं नमकीन, विभिन्न प्रकार की मिठाईयॉ, अन्य खाद्य पदार्थ यथा बेसन, मैदा आदि के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु आम जनमानस को खाद्य पदार्थो की शुद्धता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित कराये जाने हेतु आज मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, दीपक कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में सर्वप्रथम रैदोपुर से 02 अलग-अलग स्थानो से दुध का नमूना संग्रहित किया गया तत्पश्चात् छापा दल द्वारा आर0टी0ओ0 आफिस आजमगढ़ के पास से स्थित किराना की दुकान से रंगीन कचरी का नमूना लिया गया एवं 124 किलो रंगीन कचरी सीज किया गया जिसका मूल्य 4,960- रू0 है तथा भदुली बाजार स्थित एक मिठाई की दुकान से छेना की मिठाई का नमूना लिया गया। इस प्रकार आज खाद्य सुरक्षा सचल दल द्वारा कार्यवाही के दौरान कुल 04 नमूनों का संग्रहण संदेह के आधार पर जांच हेतु किया गया तथा खाद्य कारोबारकर्ताओं को प्रतिष्ठान में साफ सफाई रखने का निर्देश दिए तथा मिठाई विक्रेताओं को सभी मिठाईयों पर अनिवार्य रूप से उपयोग की तिथि अंकित करने का आदेश दिये गए।

सहायक आयुक्त (खाद्य)- आजमगढ़ ने बताया कि छापेमार कार्यवाही त्यौहार के दृष्टीगत अनवरत रूप से जारी रहेगी एवं आम जनमानस से अपील की गयी कि वे पैक्ड खाद्य सामग्री लेने से पहले उसकी बेस्ट बिफोर एवं एक्पायरी डेट जांच परख करने के पश्चात् ही क्रय करें तथा चमकीली एवं रंगीन मिठाईयों से परहेज करें। उक्त छापेमार दलों में खाद्य सुरक्षा अधिकारी राकेश कुमार शुक्ला, कीर्ति आनन्द, रामचन्द्र यादव एवं लालमणि सम्मिलित रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### दिव्यांग मतदाताओं का शत प्रतिशत मतदान के लिए गंभीरता से प्रयास किये जाएं: डीएम



**हरदोई।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक आहूत की गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि दिव्यांग मतदाताओं का शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए गंभीरता से प्रयास किये जाएं और सभी मतदान केन्द्रो पर रैम्प के साथ दिव्यांगों के लिए सुविधाजनक शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। सक्षम ऐप का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाये जिसके माध्यम से दिव्यांग मतदाता सुविधाओं हेतु आवेदन कर सकते हैं। दिव्यांग आइकॉन से माध्यम से अन्य दिव्यांग मतदाताओं को जागरूक किया जाये। उनकी ओर से दिव्यांग मतदाताओं को सन्देश दिलाया जाये। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि प्रत्येक मतदान केन्द्र पर व्हील चेयर की व्यवस्था करायी जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### अधिवक्ता संघर्ष समिति ने दिया क्षेत्राधिकार नगर फिरोजाबाद हिमांशु गौरव को दिया ज्ञापन



**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद तहसील परिषद में स्थित अधिवक्ताओं के चैंबरों की सुरक्षा हेतु रात में पर्याप्त पुलिस पिकेट लगाई जाने के संदर्भ में अधिवक्ता संघर्ष समिति के द्वारा क्षेत्रा अधिकारी नगर फिरोजाबाद हिमांशु गौरव को दिया गया ज्ञापन ज्ञापन के द्वारा उनको बताया विगत वर्षो में होली के पर्व पर अधिवक्ताओं के बिस्तरों से तख्त पंखे एवं कुर्सियों को होली की आग में रखकर जला दिया जाता है जिससे अधिवक्ताओं को काफी आर्थिक हानि उठानी पड़ती है ऐसी घटनाओं की पुन्ये पुनरावृति ना हो इसलिए तहसील परिषद में पुलिस पिकेट लगाकर सुरक्षा किया जाना जनहित में आवश्यक है होली के पावन पर्व के अवसर पर अधिवक्ता एवं दस्तावेज लेखन के तख्त पंखे एवं कुर्सियों की सुरक्षा हेतु पुलिस व्यवस्था करने की मांग की।

### तेरहवीं भोज न करने का लिया संकल्प



**इटावा।** सामाजिक विकास सेवा समिति की ओर से ग्राम बरालोकपुर में एक शांति हवन के दौरान लोगों से तेरहवीं भोज न करने की अपील की गई। समाजसेवी व आढ़ती सहदेव सिंह यादव ने यहां मौजूद 250 से अधिक लोगों से अपील करते हुए कहा कि तेहरवीं भोज का आयोजन नहीं करना चाहिए और न ही इसका सेवन करना चाहिए क्योंकि इससे व्यक्ति के न सिर्फ पुण्य नष्ट होते हैं बल्कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए एक सामाजिक चुनौती भी बनती जा रही है। ऐसे उन्होंने कार्यकर्ताओं को शपथ दिलाते हुए सभी से तेहरवीं भोज में शामिल न होने की अपील की। इस मौके पर समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिपाही राम यादव, राकेश यादव, सतीश चंद्र यादव, रविंद्र कठेरिया, अनिरुद्ध कठेरिया सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### गृह राज्य मंत्री के सरकारी कार्यक्रम में भाग लेने को चुनाव आयोग ले संज्ञान- सपा

**प्रयागराज।** देश में आम चुनाव की घोषणा के बाद गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के प्रयागराज में एक सरकारी कार्यक्रम में शामिल होने पर समाजवादी पार्टी ने आपत्ति जताते हुए चुनाव आयोग से मामले को संज्ञान में लेने की मांग की है। सपा के जिला मीडिया प्रभारी दान बहादुर मधुर ने विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि देश में आम चुनाव कि घोषणा के बाद आदर्श आचार संहिता लागू है। प्रयागराज जिले के पड़िला में स्थित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में गृह राज्य मंत्री श्री राय शामिल होने पहुंचे।

# अपहृत किशोर की हत्या का खुलासा

■ पत्नी के ऊपर गंदी नियत रखने पर की हत्या

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** कप्तानगंज थाना पुलिस ने अपहृत किशोर की हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व ईट भी बरामद कर लिया। 15 मार्च को श्रीमती प्रमिला प्रजापति पत्नी स्वं0 सुरेश प्रजापति निवासी कप्तानगंज थाना कप्तानगंज ने स्थानीय थाने पर लिखित तहरीर देकर बताया कि 10 मार्च को उसका लड़का गंजू उम्र करीब 14 वर्ष घर से कहीं चला गया। काफी खोजबीन के उपरान्त भी कहीं पता नहीं चला। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। विवेचना के दौरान अभियुक्त गुलशन गुप्ता पुत्र सुरेन्द्र गुप्ता और प्रिंस गुप्ता पुत्र लौटू गुप्ता निवासी ग्राम कप्तानगंज का नाम प्रकाश में आया। 18 मार्च को प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पाल ने गुलशन गुप्ता पुत्र सुरेन्द्र गुप्ता को प्राथमिक विद्यालय रानीपुर के पास तिराहे से 8.25 बजे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि मृतक गन्जू प्रजापति उसके बगल का ही रहने वाला था। वह मेरी पत्नी के ऊपर गंदी नियत रखता था मैंने उसे कई बार समझाया था लेकिन वह नहीं मानता था। फिर मैंने यह सारी बाते अपने भतीजे प्रिंस गुप्ता पुत्र लौटू गुप्ता निवासी ग्राम कप्तानगंज को व्हाट्सअप काल करके बताया था। प्रिन्स गुप्ता ने ही मुझसे कहा था कि तुम उसे किसी बहाने से कही दूर ले जाकर उसे मार दो और किसी को बताना मत जो होगा मैं देख लूंगा। प्रिन्स गुप्ता के कहने पर 11 मार्च को समय 11.00 बजे गन्जू प्रजापति को अपने घर से अपनी टीवीएस मोटर साइकिल से प्लास्टिक का सामान खरीदने के बहाने अपने साथ ले जाकर पहले कौड़िया बाजार में शराब खरीदकर दोनों लोग शराब पिये उसके बाद बसखारी की तरफ ले जाकर दुर्गीपुर गांव के पास खेतों की तरफ जाने वाले चकरोड पर सुनसान जगह पर गेहूं की खेत में ईंट से उसके सिर व चेहरे पर मारकर उसकी हत्या कर शव को वहीं गेहूं के खेत में छोड़कर चुपचाप चला आया था।

## डीएम कार्यालय में सिंगल विंडो स्थापित, अनुमति लेने में होगी आसानी

**बांदा।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार ने बताया है कि निर्वाचन आयोग द्वारा राजनैतिक दलों को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में जनसभा, रैली, रोड शो, लाउडस्पीकर, प्रचार वाहन आदि की अनुमति दिये जाने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी कार्यालय में सिंगल विन्डो केन्द्र स्थापित किये जाने के निर्देश दिये गये है। जिससे राजनैतिक दलों को जनसभा, रैली, रोड शो, लाउडस्पीकर, प्रचार वाहनों की अनुमति प्राप्त करनें में कोई असुविधा न हो।

डीएम के निर्देश पर जिलाधिकारी कार्यालय में अपर जिलाधिकारी के आशुलिपिक कक्ष में सिंगल विन्डो केन्द्र स्थापित किया गया है। सभी राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वह सुविधा पोर्टल के माध्यम से किसी भी जनसेवा केन्द्र से आवेदन कर अनुमति अपर जिलाधिकारी के आशुलिपिक कक्ष में स्थापित सिंगल विन्डो केन्द्र से प्राप्त कर सकते हैं।

# अबीर गुलाल के संग महिलाओं ने मनाया होली संगम




अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** जागरूक विकास समिति हर्षवर्धन मीरापुर के तत्वाधान में समिति की महिला अध्यक्ष रचना वर्मा के नेतृत्व में महिला टोली ने रामबाबू स्मारक समिति सत्संग हॉल में मीरापुर में होली संगम मनाया। इस दौरान हर्षवर्धन नगर मीरापुर क्षेत्र की महिलाओं ने एक दूसरे के ऊपर अबीर गुलाल लगा कर होली की फागुनी फुहार के गीतों के साथ रंगोत्सव का पर्व मनाया और होली की अग्रिम शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के संयोजक समिति के अध्यक्ष अभिषेक ठाकुर रहे। संचालन मंजूषा सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रचना वर्मा, रानी चौरसिया, सुधा साहू, विनीता केसरवानी, पूनम चौरसिया, खुशी, सुषमा श्रीवास्तव, संजना सक्सेना, माधुरी देवी, पिंकी कनौजिया, मंजूषा खरे, सुनीता यादव, रेखा श्रीवास्तव, तरु यादव, स्मृति श्रीवास्तव, पूजा वर्मा, सपना सिंह एवं सैकड़ो महिलाएं उपस्थित रही।

# चुनाव आयोग के आदेशों की अवहेलना पर होगी कार्रवाई

**बांदा।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए जनपद के समस्त मुद्रक व प्रकाशक (प्रिटिंग प्रेस) की बैठक प्रभारी एमसीएमसी अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मनोज कुमार श्रीवास्तव और उप जिला निर्वाचन अधिकारी, अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट के महर्षि बामदेव सभागर में सम्पन्न हुई। प्रभारी ने कहा कि धारा 127 के अन्तर्गत किसी भी निर्वाचन पम्पलेट या पोस्टर तथा प्रकाशक द्वारा मुद्रित ऐसे अन्य सामग्री पर मुद्रक तथा प्रकाश का नाम, पता व मुद्रिक प्रतियों की संख्या स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जायेगा। उन्होंने कहा कि 127-क (2) अन्तर्गत मुद्रण सामग्री मुद्रित होने के तीन दिनों के अन्दर मुद्रित प्रतियां (प्रत्येक मुद्रित सामग्री की तीन अतिरिक्त प्रतियां सहित) और प्रकाशक द्वारा घोषणा पत्र के साथ प्रेषित किया जायेगा। धारा 127क के प्रावधानों तथा आयोग के अनुदेशों के किसी प्रकार के उल्लंघन को गंभीरता से लिया जायेगा और उस पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी, जिसमें प्रिंटिंग प्रेस का लाईसेन्स जब्त किया जा सकता।

# मोतिहा में पत्रकार की निर्मम हत्या

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** उतराव थाना क्षेत्र के मोतिहा गांव में एक पत्रकार की निर्मम हत्या कर दी गई। शव व मोटरसाइकिल घर से 300 मीटर दूरी पर मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके पर क्षेत्रीय लोगों की भारी भीड़ जुटी रही। वहीं भारी पुलिस बल भी मौजूद रही। मोतिहा थाना उतराव निवासी रंजीत कुशवाहा उर्फ पिंटू पुत्र स्वर्गीय हरिलाल जो एक हिंदी दैनिक में संवाददाता था। तथा गांव में ही मोबाइल साप भी खोल रखा था। वह सोमवार की शाम 9:00 बजे तक घर पर था उसके बाद किसी का फोन आया तो वह घर से निकाल गया। रात में वह घर नहीं आया।मंगलवार सुबह बरौना गांव निवासी रत्नेश जो मोतिहा चौराहे पर किराना स्टोर खोल रखा है। वह रोज की तरह इसी रास्ते से अपने दुकान के लिए जा रहा था। तभी वहां रंजीत कुशवाहा की मोतिहा बार्डर पर खून से लथपथ लाश देखकर वह चौक उठा और जोर-जोर चिल्लाया। लास से 20 मीटर दूरी पर उसकी मोटरसाइकिल पल्सर भी गिरी पड़ी जिसकी चाभी ऑन थी। हत्या की सूचना पर भारी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए। सूचना पर मौके पर थाना अध्यक्ष पंकज त्रिपाठी मय फोर्स शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस हर पहलुओं से जांच में जुट गई।वहीं सूचना पर फॉरेंसिक टीम डॉग स्क्वाडड भी पहुंचकर जाँच पड़ताल में जुटी रही।शव के पास से एक तमंचा भी बरामद हुआ। सूचना पर एसीपी हडिया पंकज लवानिया,हंडिया इंस्पेक्टर समेत कई थाने की फोर्स मौके पर रही।पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पिएम के लिए भेज दिया।मृतक के सिर मे गंभीर चोट होने से यह प्रतीत होता है की गोली लगने य फिर राड से हमला कर हत्या की गयी हो।

मृतक के एक भाई की पहले हि मृत्यु हो चुकी थी।मृतक चार भाइयो मे तीसरे नंबर पर था।मृतक के दो बेटे सिद्धार्थ व शिवम है।मृतक रजीत की मौत से पत्नी रधिका व माता श्याम कुमारी का रोरो कर बुरा हाल है। वही निर्मम हत्या से क्षेत्र मे संनसनी फैली हुई है।

# पर्थ में खेला जाएगा भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टेस्ट मैच : रिपोर्ट



भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच इस साल के आखिर में होने वाली पांच टेस्ट मैचों की बहुप्रतीक्षित सीरीज का पहला मैच पर्थ में खेला जाएगा। दरअसल, 'सिडनी मार्निंग हेराल्ड' की रिपोर्ट के अनुसार इस सीरीज के बाकी मैच एडिलेड, ब्रिस्बेन, मेलबर्न और सिडनी में खेले जाएंगे। साथ ही रिपोर्ट में कहा गया है कि, एडिलेड दूसरे टेस्ट मैच जबकि ब्रिस्बेन तीसरे टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा। बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच हर बार की तरह मेलबर्न में होगा जबकि नए साल पर दोनों टीम सिडनी में अंतिम मैच खेलेंगे। एडिलेड में खेले जाने वाला दूसरा मैच दिन रात्रि का होगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अभी तक अगले सत्र का कार्यक्रम जारी नहीं किया है लेकिन वह इस महीने के आखिर तक अंतिम घोषणा कर सकता है।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज की शुरुआत इस साल नवंबर में हो सकती है। यह 1991-92 के बाद पहला अवसर होगा जबकि भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला खेलेगी। इससे पहले 1991-92 में भारतीय टीम को 4-0 से हार का सामना करना पड़ा था।

भारत ने जब 2018-19 में ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था तब पर्थ में दूसरा टेस्ट मैच खेला गया था जिसे ऑस्ट्रेलिया ने 146 रन से जीता था। इन दोनों देश के बीच 2020-21 में खेली गई श्रृंखला से पहले पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट संघ ने पर्थ को एक भी मैच की मेजबानी नहीं मिलने पर नाराजगी व्यक्त की थी।

# भारतीय ओलंपिक संघ ने कुश्ती की तदर्ज समिति को किया भंग, डब्लूएफआई ने जिम्मा संभाला



भारतीय ओलंपिक संघ यानी आईओए ने बड़ा फैसले लेते हुए भारतीय कुश्ती महासंघ का दैनिक कार्य संभाल रही तदर्थ समिति को भंग कर दिया है। केंद्रीय खेल मंत्रालय ने कुछ दिनों पहले खेल संहिता के नियमों का उल्लंघन करने का हवाला देकर डब्ल्यूएफाआई की नई कार्यकारी समिति को निलंबित किया था। जिसके बाद आईओए ने डब्ल्यूएफआई के संचालन के लिए तदर्थ समिति का गठन किया था। यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग यानी के निर्देश पर डब्ल्यूएफआई को इस खेल का पूर्ण प्रशासनिक नियंत्रण मिला है। साथ ही आईओए ने ये भी कहा कि तदर्थ समिति ने डब्ल्यूएफआई के सहयोग से अगले महीने के ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिए चयन ट्रायल का सफल आयोजन कर लिया है। खेल मंत्रालय ने दिसंबर में डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर तदर्थ समिति का गठन किया था। उनका यह दाव हालांकि उस समय उलटा पड़ गया जब इस खेल की वैश्विक संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू (यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग) ने फरवरी में डब्ल्यूएफआई से निलंबन हटा दिया। बता दें कि, आईओए ने 10 मार्च को जारी आदेश में कहा था कि, माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देश पर तदर्थ समिति को भंग करने का निर्णय डब्ल्यूडब्ल्यू द्वारा भारतीय कुश्ती महासंघ पर लगे प्रतिबंध को हटाने और आईओए द्वारा नियुक्त समिति द्वारा चयन ट्रायल के सफल समापन को देखते हुए लिया गया है। डब्ल्यूएफआई प्रमुख संजय सिंह ने चुनाव में जीत दर्ज करने वाली समिति को राष्ट्रीय महासंघ के संचालन का जिम्मा देने के लिए आईओए का शुक्रिया किया।

उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, हम डब्ल्यूएफआई का पूर्ण नियंत्रण देने के लिए आईओए को धन्यवाद देते हैं। हम पहलवानों को सारी सुविधाएं देंगे। हम जल्द ही राष्ट्रीय शिविर आयोजित करेंगे और अगर पहलवान विदेश में अभ्यास करना चाहते हैं तो हम यह सुविधा भी देंगे। अब पूरा ध्यान ओलंपिक पर है। हम उम्मीद कर रहे हैं कि हमारे पांच-छह पहलवान क्वालिफाई करेंगे। संजय सिंह के नेतृत्व में नवनिर्वाचित डब्ल्यूएफआई द्वारा कथित तौर पर अपने नियमों का उल्लंघन करने के बाद 23 दिसंबर को भूपेंदर सिंह बाजवा की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय तदर्थ समिति का गठन किया गया था।

तदर्थ समिति ने इस महीने की शुरुआत में अप्रैल में किर्गिस्तान में होने वाली एशियाई चैंपियनशिप और एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर के लिए टीमों का चयन करने के लिए ट्रायल का आयोजन किया था। इस ट्रायल में विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया ने भी भाग लिया था। विनेश फोगाट ने 50 किग्रा वर्ग में ओलंपिक क्वालीफायर में जीत दर्ज करने में सफल रही लेकिन बजरंग को हार का सामना करना पड़ा था। ट्रायल के सफल समापन के बाद खेल की बागडोर डब्ल्यूएफआई को सौंप दी गई है। आईओए ने डब्ल्यूएफआई को यौन उत्पीड़न और नियमों के पालन जैसे अन्य मुद्दों की चिंताओं को दूर करने के लिए एक 'सुरक्षा समिति अधिकारी' नियुक्त करने का निर्देश दिया। आईओए पत्र में कहा गया, यूडब्ल्यूडब्ल्यू के निर्देश के मुताबिक यह जरूरी है कि डब्ल्यूएफआई दुर्व्यवहार और उत्पीड़न की चिंताओं को दूर करने और नियमों और दिशानिर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए जल्द से जल्द सुरक्षा समिति/अधिकारी नियुक्त करे। इसके कहा गया डब्ल्यूएफआई को स्थापित प्रक्रियाओं और दिशानिर्देशों के अनुसार समयबद्ध तरीके से एथलीट आयोग के चुनाव कराने का भी निर्देश दिया गया है। डब्ल्यूएफआई की निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में खिलाड़ियों के प्रतिनिधित्व और भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए यह कदम आवश्यक है। आदेश में डब्ल्यूएफआई को आईओए द्वारा कुश्ती मामलों के प्रबंधन के लिए तदर्थ पैनल को दिए गए 'ऋण को चुकाने' का भी निर्देश दिया गया है।

संजय सिंह ने कहा जिस दिन मैंने चुनाव जीता, आप जानते हैं कि वह मेरे लिए कांटों का ताज था। रूकावटों के बावजूद हमने हर चीज की कोशिश की जो कर सकते थे। चाहे वह राष्ट्रीय चैम्पियनशिप (पुणे में) का आयोजन करना हो, या दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के मुताबिक तदर्थ समिति को अधिकारी और रेफरी प्रदान करना हो। मुझे यकीन है कि यह हमारे लिए संघर्ष का अंत है। इस घटनाक्रम से जुड़े एक करीबी सूत्र ने कहा कि वह तदर्थ पैनल को भंग करने के आईओए के कदम से 'आश्चर्यचकित' हैं।

## मुंबई इंडियंस टीम से बेहरेनडॉर्फ हुए बाहर, पेसर ल्यूक वुड स्क्वॉड में हुए शामिल

पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने ऑस्ट्रेलिया के चोटिल तेज गेंदबाज जेसन बेहरेनडोर्फ की जगह पर इंग्लैंड के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ल्यूक वुड को अपनी टीम में शामिल किया है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बयान के अनुसार वुड 50 लाख रुपए की कीमत पर मुंबई इंडियंस से जुड़ेंगे। 28 वर्षीय वुड ने अभी तक कोई आईपीएल मैच नहीं खेला है। सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि, ल्यूक वुड चोटि जेसन बेहरेनडोर्फ की जगह लेंगे। जेसन के जल्द ठीक होने की कामना करता हैं। बता दें कि, वुड ने सितंबर 2022 में इंटरनेशनल डेब्यू किया था। अभी तक उन्होंने दो वनडे और पांच टी20 मैच खेले हैं। बाएं हाथ के तेज गेदंबाज वुड ने हाल ही में पाकिस्तान सुपर लीग 2024 में हिस्सा लिया। वह बाबर आजम की कप्तानी वाली पेशावर जुल्मी टीम का हिस्सा थे। वुड ने पीएसएल में कई मैचों में प्रभावी गेंदबाजी की। वह किफायती गेंदबाजी करने के साथ अलग-अलग परिस्थितियों के अनुकूल ढलने में माहिर हैं।

# राजनीति छोड़! कमेंट्री में नवजोत सिंह सिद्धू की वापसी, आईपीएल 2024 में सुनाई देगी आवाज़



भारत के पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू एक बार फिर से कमेंट्री की दुनिया में वापसी कर रहे हैं। राजनीति और तमाम उलझनों को छोड़कर नवजोत सिंह सिद्धू आईपीएल के 17वें सीजन में कमेंट्री करते सुनाई देंगे। वे पहले भी आईपीएल और इंटरनेशनल क्रिकेट में कमेंट्री कर चुके हैं। लेकिन काफी समय से वे क्रिकेट की दुनिया से दूर थे। इस पूर्व क्रिकेटर का कमेंट्री बॉक्स में स्टार स्पोर्ट्स ने सरदार की वापसी का ऐलान हो गया है। जिससे साफ हो गया है कि, वे लोकसभा चुनाव से दूर रहने वाले हैं और चुनाव भी नहीं लड़ेंगे।

नवजोत सिंह सिद्धू आईपीएल 2024 में कमेंटेटरों में शामिल होंगे। उनकी कमेंट्री की अनोखी शसैली हमेशा सभी को प्रभावित करती है। इसके अलावा उनका ज्ञान और बीच-बीच में अपनी शायरी और चुटकुलों से वे फैंस को दोहरा मनोरंजन करते नजर आते हैं।

स्टार स्पोर्ट्स पर वे कमेंट्री करेंगे। हालांकि, अभी इस बात की जानकारी सामने नहीं आई है कि वो अंग्रेजी या हिन्दी या फिर पंजाबी किस भाषा में कमेंट्री करेंगे। हालांकि, वो आमतौर पर हिन्दी और पंजाबी में ही कमेंट्री करते आए हैं। आईपीएल 2024 की कमेंट्री के लिए स्टार स्पोर्ट्स ने अपने साथ दो दर्जन से ज्यादा कमेंटेटर्स को जोड़ा है।

## विश्वास करना मुश्किल... पाकिस्तान के नदीम को नया भाला नहीं मिलने पर नीरज चोपड़ा का बयान

भारत के स्टार एथलीट नीरज चोपड़ा इस बात से हैरान हैं कि पाकिस्तान के उनके प्रतिद्वंदी अरशद नदीम को नया भाला हासिल करने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। पाकिस्तान के भाला फेंक के एथलीट नदीम ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में 90.18 मीटर भाला फेंक कर स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने जकार्ता एशियाई खेल 2018 में कांस्य पदक जीता था जबकि चोपड़ा ने स्वर्ण पदक हासिल किया था। ओलंपिक और विश्व चैंपियन चोपड़ा मैदान पर नदीम के कड़ी प्रतिद्वंद्वी हैं लेकिन मैदान के बाहर वे अच्छे दोस्त हैं। चोपड़ा ने सोमवार को साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) मीडिया से कहा,''यह विश्वास करना मुश्किल है कि वह नया भाला हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहा है। उसकी साख को देखते हुए यह बड़ा मुद्दा नहीं होना चाहिए था। नदीम ने हाल में कहा था कि वह पिछले कई वर्षों से अंतरराष्ट्रीय स्तर का भाला हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

# डेब्यू मैच में सुमित नागल का बेहतरीन प्रदर्शन, फाइनल क्वालीफाइंग राउंड में पहुंचे



सुमित नागल ने मियामी ओपन में अपने पदार्पण मैच में कनाडा के गैब्रियल डायलो को सीधे सेटों में हराकर शानदार शुरुआत की। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने गजब का धैर्य और जज्बा दिखाया तथा क्वालीफायर के पहले दौर में डायलो को 7-6(3) 6-2 से पराजित किया। भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने मियामी ओपन में अपने पदार्पण मैच में कनाडा के गैब्रियल डायलो को सीधे सेटों में हराकर शानदार शुरुआत की। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने गजब का धैर्य और जज्बा दिखाया तथा क्वालीफायर के पहले दौर में डायलो को 7-6(3) 6-2 से पराजित किया।

पिछले महीने चेन्नई ओपन की जीत के बाद विश्व के शीर्ष 100 खिलाड़ियों में जगह बनाने वाले नागल अगले दौर में कोलमैन वोंग का सामना करेंगे। नागल ने पहले सेट को टाई ब्रेकर में जीतने के बाद दूसरे सेट में दबदबा बनाए रखा। उन्होंने इस सेट के पहले और सातवें गेम में डायलो की सर्विस तोड़ी। इस जीत से नागल अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 92वीं रैंकिंग पर पहुंच सकते हैं।

नागल ने राफेल नडाल के अंतिम अवसर पर हटने के कारण अपने पिछले टूर्नामेंट इंडियन वेल्स के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई थी लेकिन तब वह पहले दौर में मिलोस राओनिच से हार गए थे। इस भारतीय खिलाड़ी ने जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में भी जगह बनाई थी। अपने इस प्रदर्शन के दम पर उन्हें एटीपी रैंकिंग में शीर्ष 100 में जगह बनाने में मदद मिली थी।

# राजकुमार राव, मल्लिका शेरावत सहित कई सितारों ने की उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात



लोकप्रिय बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव, विजय राज, तृप्ति डिमरी और मल्लिका शेरावत ने सोमवार शाम उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से उनके आधिकारिक आवास पर मुलाकात की। लोकप्रिय बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव, विजय राज, तृप्ति डिमरी और मल्लिका शेरावत ने सोमवार शाम उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से उनके आधिकारिक आवास पर मुलाकात की। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने सभी कलाकारों से राज्य में फिल्म निर्माण की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार उत्तराखंड को एक बेहतर फिल्म शूटिंग गंतव्य बनाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में फिल्म निर्माताओं के लिए नई फिल्म नीति तैयार की गई है। धामी ने कहा कि राज्य में फिल्म शूटिंग बढ़ने से स्थानीय लोगों को रोजगार के नये अवसर मिलेंगे। राजकुमार और तृप्ति सहित विक्की विद्या का वो वाला वीडियो की स्टारकास्ट अपनी आगामी फिल्म के लिए तैयार है। पिछले साल सितंबर में फिल्म के निर्माताओं ने स्टारकास्ट की घोषणा करते हुए फर्स्ट लुक पोस्टर साझा किया था।

फिल्म का निर्देशन राज शांडिल्य ने किया है, जो ड्रीम गर्ल और ड्रीम गर्ल 2 जैसी परियोजनाओं के निर्देशन के लिए जाने जाते हैं। फ्रेंचाइजी के अलावा, उन्होंने वूट पर स्ट्रीमिंग एक वेब श्रृंखला द ग्रेट वेडिंग्स ऑफ मुन्नेस का भी निर्देशन किया है। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत लोकप्रिय कॉमेडी टीवी शो कॉमेडी सर्कस में एक संवाद लेखक के रूप में की थी।

राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी अन्य परियोजनाएं

राजकुमार राव को आखिरी बार गन्स एंड गुलाब्स में देखा गया था, जिसमें दुलकर सलमान, गुलशन देवैया और आदर्श गौरव भी थे। वीवीकेडब्ल्यूडब्ल्यूवी के अलावा वह स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह की भूमिका भी निभाते नजर आएंगे। उन्होंने इससे पहले बोस- डेड/अलाइव नामक वेब श्रृंखला में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की भूमिका निभाई है। इनके अलावा, उनके पास स्त्री और शरण शर्मा निर्देशित मिस्टर एंड मिसेज माही की दूसरी किस्त भी है। दूसरी ओर, तृप्ति डिमरी अगली बार रणबीर कपूर-स्टारर एनिमल में दिखाई देंगी। उनकी झोली में धड़क की दूसरी किस्त भी है। इनके अलावा उनके पास एक प्रोजेक्ट विक्की कौशल और एक साउथ स्टार यश के साथ है।

# बिग बॉस ओटीटी 2 विजेता एल्विश यादव को क्वारंटाइन सेल से उच्च सुरक्षा वाले बैरक में स्थानांतरित किया गया



बिग बॉस ओटीटी 2 विजेता और यूट्यूबर एल्विश यादव को एक संगरोध सेल से उच्च सुरक्षा बैरक में स्थानांतरित कर दिया गया है। नोएडा पुलिस ने 17 मार्च को एल्विश को गिरफ्तार किया और सांप के जहर मामले में 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

बिग बॉस ओटीटी 2 विजेता और यूट्यूबर एल्विश यादव को एक संगरोध सेल से उच्च सुरक्षा बैरक में स्थानांतरित कर दिया गया है। नोएडा पुलिस ने 17 मार्च को एल्विश को गिरफ्तार किया और सांप के जहर मामले में 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पिछले साल नोएडा पुलिस ने सेक्टर 39 में एफआईआर दर्ज की थी और पूछताछ के लिए बुलाया गया था।

न्यायिक हिरासत के दौरान एल्विश से पूछताछ की जा रही है और उसने कथित तौर पर गायक फाजिलपुरिया के नाम का उल्लेख किया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, एल्विश ने यह भी स्वीकार किया कि वह राहुल (सपेरे) सहित सभी गिरफ्तार आरोपियों से अलग-अलग रेव पार्टियों में मिला था और उनसे परिचित था।

एल्विश यादव पर नोएडा पुलिस ने 29 एनडीपीएस एक्ट लगाया है. यह एक्ट तब लगाया जाता है जब कोई व्यक्ति नशीली दवाओं से संबंधित साजिश जैसे नशीली दवाओं की खरीद-फरोख्त में शामिल होता है। इस अधिनियम के तहत दर्ज आरोपियों को आसानी से जमानत नहीं मिलती है। पिछले साल पीपल फॉर एनिमल्स (पीएफए) संगठन की शिकायत के आधार पर नोएडा पुलिस ने सेक्टर 51 स्थित एक बैंक्वेट हॉल पर छापा मारा था और पांच लोगों को गिरफ्तार किया था। पीएफए ने अपनी एफआईआर में एल्विश का नाम लिया और उन पर रेव पार्टियों का आयोजन करने का आरोप लगाया, जिसमें वे विदेशियों को आमंत्रित करते हैं और जहरीले सांपों की व्यवस्था करते हैं। बता दें कि छापेमारी के दौरान नौ जहरीले सांप बरामद किए गए। पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत सांप की विष ग्रंथियां निकालना दंडनीय अपराध है और दोषी को सात साल की जेल हो सकती है। सिद्धार्थ यादव उर्फ एल्विश यादव गुरुग्राम के एक लोकप्रिय यूट्यूबर हैं। बिग बॉस ओटीटी 2 जीतने के अलावा वह अपने म्यूजिक वीडियो के लिए भी जाने जाते हैं और युवाओं के बीच काफी लोकप्रिय हैं। बैड गाइ, सिस्टम, पुंजा दाब, राव साहब, हम तो दीवाने, मीटर खेंच के और बोलेरो उनके कुछ लोकप्रिय संगीत वीडियो हैं।

# शराब की लत में डूबे हुए थे जावेद अख्तर, पहली पत्नी ने दे दिया था तलाक, शबाना आजमी ने कैसे सवारी गीतकार जिंदगी



शबाना और जावेद अख्तर का वैवाहिक जीवन 4 दशक लंबा है। इनकी प्रेम कहानी किसी से अनजान नहीं है। लेकिन शबाना जावेद अख्तर के नियमित शराब पीने से कई बार परेशान हो गयी बावजूद इसके भी उन्होंने कभी अपने पति का साथ नहीं छोड़ा। आखिर शबाना ने कैसे जावेद की शराब की तल से निपटा। आइये जाते हैं जोनों कैसे निपटती?

4 दशकों से अधिक समय से जावेद अख्तर और शबाना आजमी एक ही छत के नीचे रह रहे है। हर सुख-दुख में वे एक-दूसरे के साथ रहे। इनकी प्रेम कहानी किसी से अनजान नहीं है। लेकिन जावेद अख्तर और शबाना आजमी की शादीशुदा जिंदगी बिल्कुल भी सहज नहीं रही। बल्कि अनेक समस्याएँ और प्रतिकूलताएँ आई हैं। उन्होंने उन्हें एक साथ पार किया। एक इंटरव्यू में जावेद अख्तर ने बताया था कि जब वह शराब के नशे में डूब रहे थे तो शबाना ने उन्हें कैसे बचाया था।

***शबाना के बारे में क्या बोले जावेद अख्तर?***

हाल ही में जावेद अख्तर को मोजो स्टोरी का सामना करना पड़ा। वहां उन्होंने कहा कि उनकी पहली शादी उनके अत्यधिक शराब पीने के कारण नहीं चल पाई। शराब की लत के कारण हानी ईरानी से रिश्ता खत्म हो गया। शबाना से शादी के बाद भी उनकी ये आदत नहीं गई। बल्कि शबाना को शादी के बाद शुरुआती दस साल तक इससे जूझना पड़ा। अनुकूलन करना पड़ा। जावेद को संभालना पड़ा। शबाना ने उस अनुभवी गीतकार को संभाला जो बहुत ज्यादा शराब पीता था। बाद में जब उसने शराब पीना छोड़ दिया तो उसे होश आ गया। उन्हें खुद इस बात का अहसास था कि अगर वे जिस गति से शराब पी रहे हैं, उसी गति से पीते रहे तो 50 साल से ज्यादा नहीं जी पाएंगे।

***शबाना से हुआ जावेद का झगड़ा?***

इंटरव्यू में जब जावेद अख्तर से पूछा गया कि क्या उनके बीच कोई झगड़ा हुआ था तो उन्होंने जवाब दिया कि शबाना बहुत मुश्किल इंसान हैं। वह कोई मोम की गुड़िया नहीं है। परिणामस्वरूप झगड़े और परेशानियाँ होंगी। जावेद अख्तर के मुताबिक, %जो कपल शादी के बाद झगड़ता नहीं है, उनके लिए यह सामान्य बात नहीं है। दो लोग असहमत होंगे। विचार अलग होंगे।

# विक्की कौशल, तृप्ति डिमरी, एमी विर्क को एक फ्रेम में लेकर आएंगे करण जौहर, बैड न्यूज़ पहला लुक किया रिलीज



फिल्ममेकर करण जौहर ने होली से पहले उन्हें बड़ा सरप्राइज दिया है। निर्देशक ने विक्की कौशल, तृप्ति डिमरी और एमी विर्क अभिनीत अपनी आगामी फिल्म बैड न्यूज़ की आधिकारिक घोषणा की। यह फिल्म इस जुलाई में सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। करण जौहर ने इंस्टाग्राम पर अलग-अलग आउटफिट में तीनों की पहली लुक क्लिप साझा की। क्लिप के साथ, उन्होंने कैप्शन में लिखा, सबसे मनोरंजक हंगामा के लिए तैयार हो जाइए- एक अरब में एक बार की प्रफुल्लित करने वाली स्थिति इंतजार कर रही है...सच्ची घटनाओं से प्रेरित एक कॉमेडी! बैड न्यूज़ सिनेमाघरों में 19 जुलाई 2024 जैसे ही पहला लुक जारी किया गया, उत्साहित प्रशंसक टिप्पणी अनुभाग में उमड़ पड़े। एक यूजर ने लिखा, वाह..इसके लिए बहुत उत्साहित हूं!। एक अन्य यूजर ने लिखा, वाह। तीसरे यूजर ने लिखा, इंतजार नहीं कर सकता। बैड न्यूज़ इस साल 19 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज़ होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

बता दें, पिछले साल विक्की कौशल और तृप्ति डिमरी की क्रोएशिया से तस्वीरें वायरल हुई थीं। लोकेशन से दोनों अभिनेताओं की तस्वीरें सोशल मीडिया पर लीक हो गई, प्रशंसक मदद नहीं कर सके लेकिन उनकी केमिस्ट्री की सराहना की और वे एक साथ कितने हॉट लग रहे थे।

इस बीच, काम के मोर्चे पर, विक्की कौशल को आखिरी बार मेघना गुलज़ार द्वारा निर्देशित सैम बहादुर में देखा गया था। फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ के रूप में उनके चित्रण ने प्रशंसकों को प्रभावित किया। वह अगली बार लक्ष्मण उतेकर की चावा में दिखाई देंगे। अभिनेता पहली बार फिल्म में स्क्रीन स्पेस साझा करते हुए दिखाई देंगे। इसके अलावा विक्की कौशल संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर में आलिया भट्ट के साथ भी नजर आएंगे। राजी के बाद यह इस जोड़ी का दूसरा प्रोजेक्ट होगा।

तृप्ति डिमरी को आखिरी बार एनिमल में देखा गया था। एक्टर ने रणबीर कपूर की फिल्म में अपने किरदार जोया से सबका दिल जीत लिया। वह अगली बार भूल भुलैया 3 में दिखाई देंगी। अनीस बज्मी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में विद्या बालन और कार्तिक आर्यन भी होंगे। एमी विर्क को आखिरी बार पंजाबी फिल्म गड्डी जांदी ए छलांगां मारदी में देखा गया था। उनके पास अर्जेंटीना, डिला मेरेया और जुगनी 1907 सहित अन्य परियोजनाएं हैं।

# भारतीय वायु सेना बनी देवदूत, लेह में फंसे घायलों को किया एयरलिफ्ट

**नई दिल्ली।** खराब मौसम के कारण लेह में फंसे नागरिकों को बचाने के लिए अब भारतीय वायु सेना आगे आई है। भारतीय वायु सेना द्धस्र के एएन-32 विमान को लेह से चंडीगढ़ तक घायलों को एयरलिफ्ट करने के लिए तैनात किया गया था। भारतीय वायु सेना ने आगे कहा कि



के एएन-32 विमान से हताहतों को एयरलिफ्ट किया गया। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि इस विमान की मदद से घायलों को लेह से चंडीगढ़ पहुंचाया गया है। भारतीय वायु सेना ने इस एयरलिफ्ट की जानकारी देते हुए तस्वीरों को सोशल मीडिया पर भी साझा किया है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सद्भावना के तहत बर्फ और खराब मौसम के कारण सड़कें बंद हो गई। इस वजह से भारतीय वायु सेना लद्दाख और उसके आसपास के दूरदराज के क्षेत्रों में फंसे हमारे नागरिकों के लिए एकमात्र जीवन रेखा बनी हुई है। वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि जरूरत के हिसाब से विमानों की संख्या का इस्तेमाल किया गया है।

# बेंगलुरु में व्यापारी पर हमले के खिलाफ सड़कों पर उतरे भाजपा कार्यकर्ता, हिरासत में लिए गए सांसद तेजस्वी सूर्या

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के नगरथपेटे में मंगलवार को तनाव काफी बढ़ गया है। दरअसल, अजान के दौरान अपने दुकान में हनुमान चालीसा बजाने को लेकर कुछ लोगों ने एक व्यापारी को बेहरमी से पीटा था, इसके विरोध में भाजपा ने विरोध में प्रदर्शन किया। इस घटना के सिलसिले में अब तक पांच लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे और भाजपा विधायक एस सुरेश कुमार उन लोगों में शामिल थे, जिन्हें पुलिस ने एहतियातन हिरासत में ले लिया। पुलिस ने कहा कि घटना के सिलसिले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से दो को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया है। भाजपा ने पीड़ित मुकेश की दुकान से शांतिपूर्ण जुलूस निकालने का आह्वान किया था, जिसमें लोगों ने हनुमान चालीसा का जाप किया गया था। पुलिस के अनुसार, कुछ युवाओं ने रविवार को जुमा मस्जिद रोड पर अपनी दुकान में अजान के दौरान

**दर्दनाक**

**सुरेश कुमार ने आरोप लगाया, हनुमान चालीसा बजाने वाले व्यापारी पर इस तरह का हमला होते देखना बेहद दर्दनाक है।**

लाउडस्पीकर पर मुकेश द्वारा हनुमान चालीसा बजाने पर आपत्ति जताई और इसके बाद उसके साथ मारपीट की। सुरेश कुमार ने आरोप लगाया, हनुमान चालीसा बजाने वाले व्यापारी पर इस तरह का हमला होते देखना बेहद दर्दनाक है। समाज में शांति भंग करने की कोशिश की जा रही है। दरअसल, बेंगलुरु में भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या भी इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने लॉ एंड ऑर्डर मेंटेन करने के लिए हल्का बल प्रयोग भी किया। तेजस्वी सूर्या



ने प्रदर्शनकारियों से वापस जाने का आग्रह किया और कहा सब चले जाओ। पीड़ित व्यापारी मुकेश ने मीडिया से कहा, रविवार को जो घटना हुई, उसमें अगर मुझे कुछ हो जाता को क्या होता। मैं खुश हूं कि लोग मेरे समर्थन में आज यहां आए हैं।÷ मालूम हो कि मुकेश के चेहरे और सिर में चोट आई है। वह भी इस विरोध प्रदर्शन में अपने समर्थकों, दोस्तों और परिजनों के साथ शामिल हुए हैं।

## मतदाताओं को लुभाने के लिए बांट रही..., JDS नेता कुमारस्वामी ने कांग्रेस को लेकर EC से की शिकायत

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र में मतदाताओं को लुभाने के लिए कांग्रेस पर कुकर बांटने का आरोप लगा है। जद (एस) नेता एचडी कुमारस्वामी ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग से निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन क्षेत्र में अर्धसैनिक बलों की तैनाती की मांग की है। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और उनके भाई डीके सुरेश (जो इस सीट से मौजूदा सांसद और कांग्रेस उम्मीदवार हैं) पर निशाना साधा है। उन्होंने चुनाव आयोग से निर्वाचन क्षेत्र के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक और सीईओ (जिला पंचायत) को हटाने का आग्रह किया।

# बार-बार निराधार तक...अरुणाचल प्रदेश पर बेतुके चीनी दावे पर भड़का भारत

**नई दिल्ली।** अरुणाचल प्रदेश पर चीन के बेतुके दावों को विदेश मंत्रालय ने खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि बार-बार इस संबंध में निराधार तर्क दोहराने से ऐसे दावों को कोई वैधता नहीं मिलती है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश हमेशा भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा रहेगा। जयसवाल का बयान चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल झांग शियाओगांग की टिप्पणियों पर मीडिया के सवालों के जवाब में आया है।

दरसअल, चीनी प्रवक्ता ने अरुणाचल प्रदेश पर बीजिंग के दावे को दोहराया और इस क्षेत्र को चीन के क्षेत्र का स्वाभाविक हिस्सा बताया था। जब झांग से अरुणाचल प्रदेश में सेला सुरंग के माध्यम से भारत की सैन्य तैयारी बढ़ाने के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि जिजांग का दक्षिणी भाग (तिब्बत का चीनी नाम) चीन के क्षेत्र का एक अंतर्निहित हिस्सा है और बीजिंग इसे कभी स्वीकार नहीं करता और दृढ़ता से विरोध नहीं करता। बता दें कि भारत ने अरुणाचल प्रदेश पर चीन के क्षेत्रीय दावों को बार-बार खारिज किया है और कहा है कि राज्य देश का अभिन्न अंग है। नई दिल्ली ने क्षेत्र को मनगढ़ंत नाम देने के बीजिंग के कदम को भी खारिज कर दिया है और कहा है कि इससे वास्तविकता में कोई बदलाव नहीं आया है।

9 मार्च को, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में 13,000 फीट की ऊंचाई पर बनी सेला सुरंग को राष्ट्र को समर्पित किया था। यह रणनीतिक रूप से स्थित तवांग को हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करेगी और सीमांत क्षेत्र में सैनिकों की बेहतर आवाजाही सुनिश्चित करने की उम्मीद है। चीन, अरुणाचल प्रदेश को नियमित रूप से भारतीय नेताओं के राज्य के दौरों पर आपत्ति जताता है। यहां तक की बीजिंग ने इस क्षेत्र का नाम भी जांगनान रखा है।

# 5 न्याय और 25 गारंटी... मेनिफेस्टो पर चर्चा; खरगे बोले- देश बदलाव चाहता है




**नई दिल्ली।** दिल्ली में कांग्रेस हेडक्वॉर्टर में ष्टङ्ख्रष्ट की मीटिंग हुई। कांग्रेस की मीटिंग में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए चुनावी घोषणापत्र (मेनिफेस्टो) पर चर्चा हुई। बैठक में मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी भी मौजूद रहे। बैठक के बाद खरगे ने कहा कि कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में हमने कांग्रेस घोषणापत्र पर गहन विचार-विमर्श किया। मेनिफेस्टो कमेटी ने पहले ही ड्राफ्ट CWC को मंजूरी के लिए भेज दिया था। मीटिंग के दौरान अध्यक्ष खरगे ने मौजूद नेताओं से कहा कि वे कार्यकर्ताओं से मेनिफेस्टो में शामिल हर मुद्दे को देश के हर गांव और घर तक पहुंचाएं। कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि पार्टी (कांग्रेस) सिर्फ घोषणा पत्र ही नहीं बल्कि न्याय पत्र भी जारी करेगी ताकि लोगों को उज्ज्वल भविष्य दिखे। वहीं, दूसरी ओर, के सी वेणुगोपाल ने कहा कि सीडब्ल्यूसी ने पार्टी की गारंटी को जमीनी स्तर तक ले जाने के लिए रोडमैप तैयार किया है। के सी वेणुगोपाल ने आगे कहा कि सीडब्ल्यूसी ने कांग्रेस अध्यक्ष को लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के घोषणापत्र को अंतिम मंजूरी देने, इसे जारी करने की तारीख तय कर ली है। कांग्रेस महासचिव संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि आज हमारी जो बैठक हुई वह सिर्फ हमारे घोषणापत्र के लिए नहीं बल्कि हमारे न्याय पत्र के लिए थी। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से तैयार है। आज की बैठक में हमारे एजेंडे पर चर्चा हुई। पिछले 63 दिनों से राहुल गांधी हमारे 5 न्याय की बात कर रहे हैं और 25 गारंटी की घोषणा की है। यह सिर्फ एक साधारण घोषणा पत्र नहीं है बल्कि एक महत्वपूर्ण न्याय पत्र है ताकि हमारे देश के लोग बेहतर भविष्य देख सकें। सीडब्ल्यूसी की बैठक में खरगे ने कहा कि देश उत्साहपूर्वक बदलाव की मांग कर रहा है।

# राहुल गांधी को भुगतना होगा, कांग्रेस नेता की शक्ति टिप्पणी पर बोले स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि

**शक्ति**

**दो-तीन महीने के अंदर यह दिखने लगेगा। शक्ति को चुनौती देकर कोई कभी भी शक्ति प्राप्त नहीं कर सकता।**



**नई दिल्ली।** आध्यात्मिक नेता स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि ने मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर उनकी शक्ति टिप्पणी को लेकर निशाना साधा। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस सांसद को भुगतना होगा। स्वामी गिरि ने एएनआई से कहा, अगर वह (राहुल गांधी) दुष्ट लोगों, प्रतिशोधी लोगों और संस्कृति के खिलाफ खड़े लोगों की ताकत लेकर शक्ति को हराने की बात कर रहे हैं, तो उन्हें (राहुल गांधी) भुगतना होगा। इसके लिए उन्हें लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। दो-तीन महीने के अंदर यह दिखने लगेगा। शक्ति को चुनौती देकर कोई कभी भी शक्ति प्राप्त नहीं कर सकता। शक्ति के प्रति आस्था, भक्ति और भावना होने पर ही आप शक्ति प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने INDIA ब्लॉक पर भी निशाना साधा और कहा कि वह (राहुल गांधी) जिसके साथ गठबंधन कर रहे हैं वह सनातन धर्म को चुनौती दे रहा है। इससे पहले डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म की तुलना कोरोना वायरस और मलेरिया से की थी। उदयनिधि स्टालिन ने 2 सितंबर, 2023 को कहा था कि सनातन धर्म समानता और सामाजिक न्याय के खिलाफ है, उन्होंने इसकी तुलना कोरोनोवायरस और मलेरिया से की थी। इस बीच, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी राहुल गांधी की आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेस सांसद को न तो हिंदू धर्म की समझ है और न ही लोकतंत्र की। सीएम यादव ने सोमवार को भोपाल में पत्रकारों से कहा, दुर्भाग्य से मुझे कहना पड़ रहा है कि राहुल गांधी को न तो हिंदू धर्म की समझ है और न ही लोकतंत्र की, यहां तक कि ईवीएम की भी समझ नहीं है, जिसने भारत और लोकतंत्र को दुनिया में बेहतर स्थिति में रखा है। ऐसे में राहुल गांधी को सोचना चाहिए कि वे क्या कहते हैं और उनकी पार्टी को पुनर्विचार करना चाहिए कि वे राहुल गांधी को अपना नेता मानते हैं या नहीं। राहुल गांधी ने इससे पहले मुंबई में एक संबोधन में कहा था कि हिंदू धर्म में एक शब्द है शक्ति, हम उस शक्ति के खिलाफ लड़ रहे हैं। गौरतलब है कि राहुल गांधी ने रविवार को महाराष्ट्र में की गई अपनी टिप्पणियों में राज्य की ताकत के खिलाफ विपक्ष के संघर्ष पर जोर देने के लिए ईवीएम के संचालन पर चिंता जताई थी।

## सीएए पर केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में क्या कहा? अब 9 अप्रैल को होगी अगली सुनवाई

**नई दिल्ली।** नागरिकता संशोधन अधिनियम के विरोध में कई याचिकाएं अदालत में दायर की गईं हैं। इन सभी याचिकाओं पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल सीएए पर किसी भी तरह की रोक लगाने से इनकार कर दिया है। अदालत ने केंद्र सरकार से नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 पर रोक लगाने की मांग करने वाले आवेदनों पर तीन सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा। वहीं सुनवाई के दौरान केंद्र ने अदालत को बताया कि CAA किसी भी व्यक्ति की नागरिकता नहीं छीनता है। साथ ही केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट से सभी याचिकाओं पर जवाब देने के लिए समय मांगा है। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ से कहा कि उन्हें 20 आवेदनों पर जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय चाहिए।

# हांगकांग में असंतोष का स्वर दबाने के लिए नया राष्ट्रीय सुरक्षा कानून पारित

**प्रयास**

**बल पेश करने के बाद से ही नेता जान ली द्वारा नया कानून पारित कराने के प्रयास तेज कर दिए गए थे।**



**हांगकांग।** हांगकांग में मंगलवार को विशेष सत्र के दौरान नया राष्ट्रीय सुरक्षा कानून पारित कर दिया गया। यह कानून सरकार को असंतोष को दबाने के लिए अधिक शक्ति प्रदान करता है। इस कानून को 2019 के लोकतंत्र समर्थक जैसे प्रदर्शनों पर अंकुश लगाने के कदम के रूप में देखा जा रहा है। लोकतंत्र समर्थकों का मानना है कि नया कानून नागरिकों की स्वतंत्रता को और कमजोर कर देगा। माना जा रहा है कि यह कानून हांगकांग पर चीन की पकड़ को मजबूत करेगा। गत आठ मार्च को नया सुरक्षा कानून बिल विधान परिषद में पेश किया गया था। बिल पेश करने के बाद से ही नेता जान ली द्वारा नया कानून पारित कराने के प्रयास तेज कर दिए गए थे। इसके लिए एक समिति ने एक सप्ताह तक नियमित बैठकें कीं। नए कानून में कड़ी सजाओं का प्रावधान किया गया है। इसमें देशद्रोह व विद्रोह के लिए आजावीन कारावास का प्रविधान किया गया है। वहीं, देशद्रोही प्रकाशनों को रखने सहित छोटे अपराधों के लिए भी कई वर्षों की जेल हो सकती है। इसके साथ ही नए कानून में कुछ प्रविधान दुनिया में कहीं भी किए गए कृत्यों के लिए आपराधिक मुकदमा चलाने की अनुमति प्रदान करते हैं।

## एच-1बी वीजा पंजीकरण की अंतिम तारीख का हुआ एलान

**वॉशिंगटन।** भारतीय आइटी पेशेवरों में लोकप्रिय अमेरिकी एच-1बी वीजा की वित्तीय वर्ष 2025 के लिए प्रारंभिक पंजीकरण की तिथि 22 मार्च को खत्म हो रही है। अमेरिकी संघीय एजेंसी ने बताया कि यह सुविधा यूएससीआइएस की साइट पर आनलाइन उपलब्ध है। अमेरिकी तकनीकी कंपनियां हर वर्ष भारत और चीन जैसे देशों के हजारों एच-1बी वीजा धारक कर्मचारियों की भर्ती करती हैं। अमेरिकी नागरिकता व आव्रजन सेवा (यूएससीआइएस) ने सोमवार को बताया कि तय तिथि तक संभावित आवेदकों और कानूनी प्रतिनिधियों को चयन प्रक्रिया के लिए हर लाभार्थी का पंजीकरण करने और पंजीकरण शुल्क भुगतान करने के लिए दिए गए ऑनलाइन अकाउंट का उपयोग करना होगा। एच-1बी वीजा एक गैर-आप्रवासी वीजा है, जो अमेरिकी तकनीकी कंपनियों को विदेशी कामगारों की एक निश्चित अवधि के लिए नियुक्ति करने की अनुमति देता है।

# अफगानिस्तान ने पाकिस्तान में घुस कर की एयरस्ट्राइक, पाकिस्तानी सैन्य चौकियों को बनाया निशाना

**पाकिस्तान।** पाकिस्तान की सेना ने अफगानिस्तान के सीमावर्ती क्षेत्रों में हवाई हमले किए, जिसके परिणामस्वरूप महिलाओं और बच्चों सहित आठ नागरिकों की मौत हो गई। इन हमलों में पाकिस्तान सीमा के पास खोस्त और पक्तिका प्रांतों में नागरिक घरों को निशाना बनाया गया। वहीं, अब पाकिस्तान के हमलों का अफगानिस्तान ने भी करारा जवाब दिया है। पाकिस्तान द्वारा किए गए हमले के बाद अफगानिस्तान ने भी जवाबी कार्रवाई की है। अफगानिस्तान की सेनाओं ने सीमा पर पाकिस्तानी सैन्य चौकियों को निशाना बनाया, जो दो साल से अधिक समय पहले सत्ता संभालने के बाद तालिबान की ओर से पहला जवाबी हमला बन गया है। तालिबान-नियंत्रित रक्षा मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अफगानिस्तान की राष्ट्रीय इस्लामी सेना भारी हथियारों के साथ सीमा पर

**निशाना**

**इन हमलों में पाकिस्तान सीमा के पास खोस्त और पक्तिका प्रांतों में नागरिक घरों को निशाना बनाया गया।**

सैन्य चौकियों को निशाना बनाकर पाकिस्तान को जवाब दे रही है। रक्षा और सुरक्षा बल किसी भी आक्रामक कार्रवाई का जवाब देने के लिए तैयार हैं। ये हमले उत्तरी वजीरिस्तान में सुरक्षा बलों की चौकी पर आतंकवादी हमले में दो अधिकारियों सहित सात सैनिकों की हत्या के बाद राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी द्वारा जवाबी कार्रवाई की कसम खाने के एक दिन बाद हुए हैं। हाफिज गुल बहादर समूह ने घातक हमले की जिम्मेदारी ली थी। पाकिस्तान के



विदेश मंत्रालय ने अफगान सीमा क्षेत्रों में उसी समूह को निशाना बनाकर आतंकवाद विरोधी अभियान की पुष्टि की, जो पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के खिलाफ बढ़ती सीमा हिंसा के लिए जिम्मेदार तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) का एक गुट है। वहीं, दूसरी ओर तालिबान सरकार ने हवाई हमलों की निंदा की और इसे अफगानिस्तान की संप्रभुता का उल्लंघन बताया है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि इस तरह की कार्रवाइयों से गंभीर परिणाम हो सकते हैं और घटनाओं के बढ़ने की संभावना पाकिस्तान की प्रबंधन क्षमता से परे हो सकती है।

अफगानिस्तान में पाकिस्तान के विशेष प्रतिनिधि राजदूत आसिफ दुर्रानी ने शनिवार को अफगानिस्तान पर आतंकवादियों को पनाह देने का आरोप लगाया, जिनमें 5,000 से 6,000 तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकवादी और उनके परिवार शामिल हैं।

अफगानिस्तान ने इन दावों का खंडन करते हुए कहा, हम अफगानिस्तान में किसी भी विदेशी समूह की मौजूदगी को खारिज करते हैं और उन्हें अफगान धरती पर काम करने की अनुमति नहीं है।

## दुनिया की सबसे पुरानी लाल लिपस्टिक, 4 हजार साल पहले ऐसे किया जाता था इस्तेमाल

**तेहरान।** दक्षिणपूर्वी ईरान में खोजकर्ताओं ने लाल रंग की लिपस्टिक को खोज निकाला है। एक छोटी पत्थर की शीशी में लगभग 4 हजार साल पहले इस्तेमाल किए जाने वाला कॉस्मेटिक है। रिसर्चर ने साइंटिफिक रिपोर्ट्स जर्नल में फरवरी में रिपोर्ट दी थी कि यह दुनिया की सबसे पुरानी लिपस्टिक है। CNN के मुताबिक, विश्लेषण किए गए नमूने का 80% से अधिक हिस्सा उन खनिजों से तैयार किया गया था जो गहरा लाल रंग पैदा करता हैं। इस लाल लिपस्टिक में मैंगनीज और ब्राउनाइट भी शामिल थे, जिनका रंग गहरा है। इसमें सब्जियों और अन्य कार्बनिक पदार्थों से बने मोमी पदार्थों का भी उपयोग किया गया है। माना जा रहा है कि शीशी का इस्तेमाल होठों पर लगाने के लिए किया जाता होगा।

# 2 सप्ताह में हुईं 8 घटनाएं, यूनाइटेड के विमानों के साथ ये क्या हो रहा है?

**नई दिल्ली।** प्लास्टिक पैकेजिंग रैप के कारण इंजन में आग लगना, उड़ान भरने के तुरंत बाद एक टायर

**निर्मित**

**यूनाइटेड, दुनिया की सबसे बड़ी एयरलाइनों में से एक, मुख्य रूप से बोइंग और एयरबस द्वारा निर्मित विमान उड़ाती है।**

टूटना और रनवे से विमान का फिसल जाना... ये उन आठ घटनाओं में से हैं जो पिछले दो हफ्तों में यूनाइटेड एयरलाइंस द्वारा संचालित उड़ानों में हुई हैं। NY टाइम्स द्वारा मिली जानकारी के अनुसार, हालांकि किसी के घायल होने की सूचना नहीं मिली है, लेकिन दुर्घटनाओं ने सुर्खियां बटोरीं और संघीय अधिकारियों और यात्रियों के बीच विमानन सुरक्षा को लेकर चिंता पैदा कर दी है। ये सभी घटनाएं संयुक्त राज्य अमेरिका के हवाई अड्डों से उड़ान भरने वाली या वहां जाने वाली उड़ानों में हुईं और पांच में बोइंग द्वारा बनाए गए हवाई जहाज शामिल थे, जो पहले से ही गहन जांच के अधीन है। जनवरी में,




अलास्का एयरलाइंस के बोइंग 737 मैक्स 9 जेटलाइनर का दरवाजा प्लग बीच उड़ान में फट गया, जिससे विमान को आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी थी। यूनाइटेड, दुनिया की सबसे बड़ी एयरलाइनों में से एक, मुख्य रूप से बोइंग और एयरबस द्वारा निर्मित विमान उड़ाती है। यूनाइटेड ने सोमवार को ग्राहकों को एक ईमेल भेजना शुरू किया, कंपनी के मुख्य कार्यकारी स्कॉट किर्बी ने लिखा कि हालांकि हाल की घटनाएं असंबंधित थीं, लेकिन वे सुरक्षा के महत्व की याद दिलाती थीं। उन्होंने आगे कहा, मैं चाहता हूं कि आप जानें कि इन घटनाओं पर हमारा ध्यान केंद्रित है। उन्होंने कहा कि एयरलाइन द्वारा हर मामले की समीक्षा की जा रही है और यह उसके सुरक्षा प्रशिक्षण और प्रक्रियाओं को प्रभावित करेगा। पिछले दो सप्ताहों में दर्ज की गई अधिकांश घटनाओं में आपातकालीन लैंडिंग या डायवर्जन की आवश्यकता पड़ी थी।

नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष रॉबर्ट सुमवाल्ट, जो अब एम्ब्री-रिडल एरोनॉटिकल यूनिवर्सिटी में एक नए विमानन सुरक्षा केंद्र के प्रमुख हैं, ने कहा कि दुर्घटनाएँ प्रणालीगत समस्याओं का परिणाम नहीं थीं।सुमवाल्ट ने कहा, इनमें से कुछ मुद्दे ऐसे हैं जो कभी-कभार होते हैं, लेकिन अक्सर मीडिया में रिपोर्ट नहीं किए जाते हैं, हालांकि उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कोई भी कमी स्वीकार्य नहीं है। मिस डेम्पसी ने कहा, हालांकि यह दुर्भाग्य है कि यूनाइटेड में इतने कम समय में इतनी सारी घटनाएं हुईं हैं, सामान्य तौर पर ऐसी घटनाएं दुनिया भर में अक्सर होती रहती हैं और कुल मिलाकर उनमें वृद्धि नहीं होती है। यूनाइटेड के प्रवक्ता जोश फ्रीड ने कहा कि किर्बी का यूनाइटेड के ग्राहकों, जिसमें एयरलाइन के फ्रीक्वेंट फ्लायर कार्यक्रम के सदस्य भी शामिल हैं, को 270 शब्दों का संदेश सोमवार सुबह भेजा गया है। मिस्टर किर्बी ने लिखा, मई से शुरू होकर, संयुक्त पायलटों के पास व्यक्तिगत प्रशिक्षण का एक अतिरिक्त दिन होगा, एक बदलाव जो घटनाओं से पहले ही योजनाबद्ध था। एयरलाइन हमारे नए किराया रखरखाव तकनीशियनों के लिए केंद्रीकृत प्रशिक्षण पाठ्यक्रम÷का भी उपयोग करेगी और वाहक की आपूर्ति श्रृंखला के लिए अतिरिक्त संसाधन समर्पित करेगी।

# अपने पिता की सीट पर चुनाव लड़ेंगी पाकिस्तान की होने वाली प्रथम महिला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो और राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की बेटी आसिफा भुट्टो की राजनीति में एंट्री हो गई है। आसिफा भुट्टो ने सिंध प्रांत की नेशनल असेंबली सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है। बता दें कि सिंध प्रांत की नेशनल असेंबली सीट से आसिफ अली जरदारी ने चुनाव जीता था। हालांकि, राष्ट्रपति बनने के बाद उन्हें यह सीट छोड़ दी थी।

इससे पहले पाकिस्तान के 14वें राष्ट्रपति के रूप में पदभार ग्रहण करने के बाद आसिल अली जरदारी ने देश की फर्स्ट लेडी के रुप में अपनी बेटी के नाम की घोषणा की थी। यह पद पारंपरिक रूप से राष्ट्रपति के पति या पत्नी के पास होता है, लेकिन जरदारी ने



प्रथम महिला के रूप में आसिफा के नाम को औपचारिक मान्यता देने का फैसला किया है। समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार, 31 वर्षीय असीफा पिछले कुछ समय से पाकिस्तान की राजनीति में सक्रिय रहे हैं। हालांकि, उन्हें पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के सह-अध्यक्ष और उनके पिता जरदारी ने संसदीय राजनीति से दूर रखा। आसिफा ने सिंध प्रांत के शहीद बेंजीराबाद जिले की एनए-207 निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए है। 21 अप्रैल को उपचुनाव होंगे और आसिफा का जीतना लगभग तय है।

आसिफ अली जरदारी ने इस सीट पर जीत हासिल की थी, लेकिन राष्ट्रपति बनने के बाद उन्होंने यह सीट खाली कर दी। बता दें कि आसिफा भुट्टो की तुलना अपनी मां से होती है। उनकी मां बेनजीर भुट्टो साल 2007 में रावलपिंडी में हुए एक बम विस्फोट में मारी गई थीं।

# युवा वर्ग मतदान अवश्य करें, प्रेरित भी करें: जिलाधिकारी



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज में वोट करेगा जौनपुर के थीम पर स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ अब्दुल कादिर खान ने किया, मुख्य अतिथि जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी रविंद्र कुमार माँदड़, विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी स्वीप प्रभारी साई तेजा सीलम सहित अधिकारी अन्य उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने युवाओं से अपील किया कि 25 मई को मतदान अवश्य करें और अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि बिना लोभ, लालच और दबाव के स्वविवेक से मतदान करना ही नैतिक मतदान है। उन्होंने कहा कि जौनपुर के हर नागरिक को मतदान करने के लिए आगे आना चाहिए जिससे हमारा लोकतंत्र मजबूत होगा युवाओं एवं महिलाओं की भागीदारी अति आवश्यक है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि संविधान ने सभी नागरिकों को वोट देने का अधिकार प्रदान किया है। अपने वोट से अपने मनपसंद जनप्रतिनिधि चुन सकते हैं। इसलिए लोकतंत्र का सम्मान करें सभी मतदान करें। बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखनाथ पटेल ने कहा कि मतदान प्रतिशत किस तरह से बढ़े इसके लिए बूथ स्तर पर सशक्त मतदाता जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। प्राचार्य डॉ0 अब्दुल कादिर खान ने कहा कि हर नागरिक का यह दायित्व है कि वह अपने मत का प्रयोग अवश्य करें जिससे इससे उनके मताधिकार के ताकत का पता चलता है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के रीजनल ऑफिसर शैलेंद्र कुमार ने कहा कि मतदान करना हम सब की जिम्मेदारी है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान शपथ दिलाई सभी को जागरूक और सशक्त बनाने की प्रेरणा दी। संचालन अहमद अब्बास खान ने किया। मोहम्मद मुस्तफा, सह-विद्यालय निरीक्षक रमेश चंद्र यादव, डॉ0 अभिषेक श्रीवास्तव, डॉ0 ममता सिंह, एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# प्लेसमेंट के दो राउण्ड में 32 छात्रों का चयन



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** विश्वविद्यालय में चल रहे प्लेसमेंट की प्रक्रिया में इंजीनियरिंग के छात्रों प्लेसमेंट के लिए ओसियन टेक्नोलॉजी कंपनी आई है। कुलपति प्रो वंदना सिंह ने चयनित छात्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। ओसियन टेक्नोलॉजी द्वारा इस प्लेसमेंट की प्रक्रिया को चार भागों में बांटा गया। प्लेसमेंट प्रक्रिया को शुरू करने से पहले उन्होंने सभी छात्रों के साथ प्री प्लेसमेंट वार्ता की जिसमे उन्होंने बच्चो को अपनी कंपनी और वहा के कार्यो के बारे में बताया, फिर उन्होंने प्लेसमेंट प्रक्रिया की पहली राउंड एप्टीट्यूड टेस्ट ने उत्तीर्ण छात्रों में से 100 छात्रों को इंटरव्यू के लिये बुलाया गया में दो राउंड के इन्टरव्यू प्रकिया के बाद 32 छात्रो को चयनित किया गया । इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग के 14 छात्र, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के 9 छात्र, कम्प्यूटर साइंस के 3 छात्र, इन्फर्मेशन टेक्नोलॉजी के 2 छात्र और मास्टर इन कम्प्यूटर अप्लिकेशन का 1 छात्र चयनित किया गय प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो प्रदीप कुमार, डा0 अमरेंद्र सिंह, डा0 दीपप्रकाश सिंह , डा0 आलोक दास, डा0 अनुराग सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सेंट्रल ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के यत्नदीप दुबे, विकास यादव, नवनीत मौर्य,सरिता सिंह, अनुषा वर्मा, प्रकृति गुप्ता, श्रेया मिश्रा , रिचा यादव, आकाश कुमार, राहुल राज , शुभम कुमार आदि छात्र उपस्थित रहे।

## पूविवि के सात और विद्यार्थी गेट परीक्षा में उत्तीर्ण

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर के सात और विद्यार्थी गेट परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। इसमें इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन विभाग के तीन, प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भइया) के चार विद्यार्थी शामिल हैं। प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भइया) भौतिकीय अध्ययन एवं शोध संस्थान के रसायन विभाग के दो विद्यार्थियों संदीप यादव तथा वरुण पांडेय, सेंटर फॉर रिन्यूएबल एनर्जी में शोध छात्र अनिल शर्मा और अभिषेक दुबे भौतिकी विभाग रज्जू भैया संस्थान से परास्नातक हैं। इसी क्रम में उमानाथ सिंह अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संस्थान के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन विभाग के बी. टेक. अंतिम वर्ष के छात्र ऋत्विक सिंह चैहान, शिवम् चैधरी एवं आनंद पाल ने प्रथम प्रयास में ही गेट परीक्षा में अच्छे ग्रेड अर्जित किये है। राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट फॉर इंजीनियर्स (गेट) होती है। गेट परीक्षा के स्कोर विदेशों में विश्वविद्यालयों द्वारा भी स्वीकार किए जाते इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी।

# सन्दीप पाण्डेय को मिला सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष का सम्मान



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** भारत विकास परिषद काशी प्रान्त द्वारा आयोजित काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के केएन उडप्पा सभागार में वर्ष भर किये गये कार्यो के लिये प्रान्तीय आभार के कार्यक्रम में नवगठित शाखा भारत विकास परिषद शौर्य के संस्थापक अध्यक्ष डा. सन्दीप पाण्डेय को सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष का पुरस्कार मिला। इसके अतिरिक्त शौर्य शाखा को श्रेष्ठ शाखा का सम्मान मिला। वर्ष भर किये गये कार्यक्रमों में स्वामी विवेकानन्द जयन्ती, रक्तदान तथा भारत को जानो कार्यक्रम को सर्वश्रेष्ठ कार्यक्रम का पुरस्कार मिला। इसके अतिरिक्त पदाधिकारियों में डा. आनन्द प्रकाश, ज्योति श्रीवास्तव, रंजीत सिंह सोनू भी सम्मानित किये गये। प्रान्त की सभी शाखाओं की उपस्थिति में डा. सन्दीप पाण्डेय को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सम्पर्क ब्रह्मानन्द पेशवानी, क्षेत्रीय महासचिव नवीन श्रीवास्तव, क्षेत्रीय संगठन सचिव प्रमोद राम त्रिपाठी, प्रान्तीय अध्यक्ष प्रवीण पटेल तथा प्रान्तीय महासचिव रवि जायसवाल द्वारा यह पुरस्कार दिये गये। सभी पदाधिकारियों ने मात्र 6 महीने में शौर्य द्वारा किये गये कार्यक्रमों की अत्यधिक सराहना की। इस कार्यक्रम में जिला समन्वयक नीरज श्रीवास्तव, राजेश कुमार, प्रशान्त सिंह लकी, आनन्द अस्थाना, सुजीत यादव, प्रमोद सैनी आदि उपस्थित रहे। अन्त में डा. सन्दीप पाण्डेय ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# धनंजय सिंह के याचिका पर सुनवाई पर आज

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** अपहरण और रंगदारी मांगने के आरोप में एमपी -एमएलए कोर्ट से सात वर्ष की सजा पाए जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह की क्रिमिनल अपील पर 20 मार्च को इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई होगी । सजा के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट में धनंजय सिंह ने याचिका दाखिल किया है।फैसले को जेल में बंद धनंजय सिंह ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से दी है इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी है। एमपी-एमएलए कोर्ट ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह और उसके सहयोगी संतोष विक्रम सिंह को सात-सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत के इस फैसले के खिलाफ कोर्ट के फैसले के खिलाफ धनंजय सिंह ने इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है और हाई कोर्ट में इसकी सुनवाई 20 मार्च होगी। इस पर लोगों की निगाह लगी है। ज्ञात हो कि 10 मई 2020 को जौनपुर के लाइन बाजार थाने में अपहरण, रंगदारी व अन्य धाराओं में पूर्व सांसद धनंजय सिंह व संतोष विक्रम के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। नमामि गंगे के प्रोजेक्ट मैनेजर अभिनव सिंघल के अपहरण, रंगदारी मांगने, धमकाने और आपराधिक साजिश के मामले में धनंजय सिंह को एमपी एमएलए कोर्ट ने बीते 6 मार्च को सात वर्ष की सजा और डेढ़ लाख रुपये अर्थदण्ड लगाया है। गुरूवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस संजय सिंह की सिंगल बेंच याचिका पर सुनवाई करेगी ।

# शिया जामा मस्जिद में इफ्तार का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** शिया जामा मस्जिद में इस वर्ष भी रमजान के महीने में लगातार 30 दिनों तक इफ्तारी का आयोजन जामा मस्जिद इन्तेजामिया कमेटी कमेटी और शहर के दीगर मोमेनीन के जरिए किया जाता है जिसमें लगभग 250 रोजेदार बा जमात नमाज अदा करने के बाद रोजा इफ्तार करते हैं। शेख नूरुल हसन मेमोरियल सोसाइटी के द्वारा रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। मगरिबैन की नमाज इमाम ए जुमा शहर जौनपुर हुज्जत उल इस्लाम आली जनाब मौलाना महफूजुल हसन खां साहब ने अदा कराई। नमाज के बाद रोजेदारों ने देश व कौम की तरक्की और खुशहाली के लिए दुआ की। मौलाना आगा आबिद अली खान नजफी ने कहा कि अल्लाह ने



रोजों को इसलिए फर्ज करार दिया है कि हम परहेजगार बन सकें माहे रमजान में मुसलमान अल्लाह की इबादत के जरिए गुनाहों से निजात हासिल कर सकता है। पैगम्बरे इस्लाम हजरत मुहम्मद मुस्तफा की बीबी हजरत खदीजा की वफात 10 रमजान को हुई थी उसी की मुनासिबत से मजलिस में मौलाना आबिद नजफी ने मसायब पढ़ा। तमाम मोमेनीन की आंखें अश्कबार हो गई। मौलाना शहजादे खां, वरिष्ठ नेता कांग्रेस सैय्यद परवेज हसन, सैय्यद जीशान हैदर रिजवी मछलीशहरी, सैय्यद अहसन रिजवी नजमी, जौनपुर समाजवादी पार्टी जिला सचिव अफरोज हुसैनी, अली औन, डॉक्टर जफर अब्बास, इंजीनियर अब्दुल्ला, फैज, मोजिज असलम नकवी, तहसीन अब्बास सोनी, मोहम्मद नासिर रजा गुड्डू, हाशिम खां, अहमद इत्यादि मौजूद थे।

# देहव्यापार के अपराध में पांच युवक व पांच युवतियां गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** थाना देवगांव गिरफ्तारी का विवरण को प्र0नि0 विनय कुमार मिश्र मय हमराह को सूचना मिली कि लालगंज में स्थित सदाबहार होटल,रेस्टोरेन्ट में कुछ दिनों से देह व्यापार का धंधा चलाया जा रहा है। इस सूचना पर क्षेत्राधिकारी लालगंज हितेन्द्र कृष्ण व महिला थानाध्यक्ष उ0नि0 प्रज्ञा सिंह मय हमराह उपस्थित आये । पुलिस टीम के साथ युक्ति युक्त ढंग से सदाबहार होटल एण्ड रेस्टोरेन्ट पर पहुँच कर दबिश दिये । पुलिस टीम को अन्दर घूसते ही मौका पाकर होटल मालिक व मैनेजर मौके से फरार हो गये । होटल के कमरों की तलाशी से पाँच कमरें अन्दर से बन्द पाये गये जिनकी तलाशी से कुल 05 युवक व 05 युवती आपत्तिजनक अवस्था में मिले जिनके नाम क्रमशः 1. रिषभ तिवारी पुत्र दिनेश तिवारी निवासी लहुवां कला थाना देवगांव 2. विकास भारती पुत्र राजकुमार भारती निवासी उदियावां थाना बरदह 3. किशन यादव पुत्र हौसिला यादव निवासी मसीरपुर लालगंज थाना देवगांव 4. सुनील राजभर पुत्र श्रीराम राजभर निवासी अकोल्ही कोटा थाना देगवांव 5. सुरेन्द्र यादव पुत्र उमेश यादव निवासी नौरंगाबाद थाना निजामाबाद 6. पहली युवती अमृतापुर थाना बरदह 7. दुसरी युवती थाना कोतवाली जनपद जौनपुर 8. तीसरी युवती थाना देवगांव 9. चौथी युवती थाना मेहनाजपुर 10. पांचवी युवती थाना गंभीरपुर बताए जिनकों पुलिस हिरासत लिया गया।

## एक दर्जन सेम्पुल लेकर जांच के लिए भेजा

**जौनपुर।** आगामी होली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों विशेषकर खोया, पनीर, दूध एवं दुग्ध पदार्थ से निर्मित खाद्य पदार्थ, खाद्य तेल, घी एवं वनस्पति, रंगीन कचरी, पापड़, चिप्स एवं नमकीन, विभिन्न प्रकार की मिठाईयां व अन्य खाद्य पदार्थ यथा बेसन, मैदा आदि के भण्डारणध्विक्रय पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग चलाये जा रहे विशेष छापामार अभियान के अन्तर्गत 19 को खाद्य सचल दल द्वारा मौर्या मार्केट से दूध का 01 नमूना, यू.पी. सिंह कॉलोनी बनबिहार रोड से दूध का 02 नमूना, जगदीशपुर रेवले क्रासिंग के पास से दूध का 01 नमूना, सदर हास्पिटल के पास सहाबूद्दीपुर से बरफी का 03 नमूना, मीट मार्केट जहांगीराबाद से खोया का 01 नमूना, बरफी का 01 नमूना तथा घी का 01 नमूना, अहियापुर से पेड़ा का 01 नमूना एवं रसूलाबाद से पनीर का 01 नमूना जनहित में जांच हेतु संग्रहीत किया गया। एक दर्जन नमूनें जांच हेतु संग्रहीत करते हुए खाद्य विश्लेषक को प्रेषित किया गया।

# अभाविप की नवीन कार्यकारिणी की परिचय बैठक आयोजित



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इलाहाबाद विश्वविद्यालय इकाई की परिचय बैठक इलाहाबाद विश्वविद्यालय के विवेकानंद प्वाइंट पर संपन्न हुई एवं विश्वविद्यालय परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन करने हेतु ज्ञापन सौंपा गया। परिचय बैठक में सभी कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को जाना एवं आगामी कार्ययोजना को लेकर चर्चा-परिचर्चा की गई। ध्यातव्य हो कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इलाहाबाद विश्वविद्यालय इकाई का गठन गत 16 मार्च को किया गया था। जिसमें आलोक त्रिपाठी को इकाई अध्यक्ष एवं आयुष्मान चौहान को इकाई मंत्री की प्रमुख जिम्मेदारी दी गई थी। आज इलाहाबाद विश्वविद्यालय इकाई की प्रथम परिचय बैठक संपन्न की गई एवं आगामी कार्ययोजना तैयार करने हेतु विस्तृत चर्चा की गई। इसके उपरांत सभी कार्यकर्ताओं ने कुलानुशासक कार्यालय पर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इलाहाबाद विश्वविद्यालय इकाई के इकाई अध्यक्ष आलोक त्रिपाठी एवं इकाई मंत्री आयुष्मान चौहान ने परिचय के उपरांत सभी संकायों से जुड़ी समस्याओं को जाना और उसके निवारण हेतु योजना बनाई गई।

## लोकतंत्र की जड़ों को मजबूती के लिए करे अधितकम मतदान

**जौनपुर।** तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के तृतीय दिवस प्रथम सत्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि यातायात निरीक्षक जीडी शुक्ला द्वारा माँ सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वलन कर किया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें अपने जनपद में 75 प्रकतिषतः से अधिक मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करना है और जिनकी उम्र 18 वर्ष से अधिक हो उन्हें स्वयं मतदान में हिस्सेदारी करनी चाहिए। अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 विपिन कुमार सिंह ने भारतीय लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत बनाने के लिए अधितकम मतदान के लिए बच्चों को प्रेरित किया। मुख्य अतिथि ने मुख्य गेट से मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर प्रस्थान किया जिसने छात्र छात्राओं उत्साह और जोश के साथ प्रतिभाग किया। संचालन डॉक्टर बालमुकुंद सेठ ने किया।

# राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना में प्रयागराज जनपद ने लक्ष्य का सौ फीसदी किया हासिल

**जनपद में 1 लाख 60 हजार बुजुर्गों को मिला योजना का लाभ**

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के हर जरूरतमंद नागरिक को उनकी जरूरत के अनुसार योगी सरकार सामाजिक सुरक्षा प्रदान कर रही है। गरीब और निर्बल वर्ग को अपना मकान, बुजुर्गों को पेंशन, गरीब की बेटियों के हाथ पीले कराने से लेकर बच्चों को छात्रवृत्ति और निशुल्क कोचिंग जैसी सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं को सरकार आगे बढ़ा रही है। प्रयागराज में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना भी इसी का हिस्सा है। सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को आर्थिक रूप से सामाजिक आश्रय प्रदान करने में प्रदेश सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। प्रयागराज के डीएम नवनीत सिंह चहल के मुताबिक जिले में राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना में सौ फीसदी का लक्ष्य हासिल किया गया है। जिले में 1 अप्रैल 2023 से 29 फरवरी 2024 तक 01 लाख से 60 हजार पात्र बुजुर्गों को इसका लाभ मिला है। इस योजना में जिले में 1 लाख 20 हजार 207 लोगों ने आवेदन किया था जिसमे 1 लाख 16 हजार 254 आवेदन अनुमोदित हुए है। राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना बुजुर्गों के लिए सबसे बड़ा सहारा हैं। इसकी पात्रता में 60 साल से अधिक आयु के ऐसे बुजुर्ग आते हैं जो अगर ग्रामीण क्षेत्र से हैं तो उनकी सालाना आय 46,080 से और अगर शहरी क्षेत्र से हों तो सालाना आय 56,460 से ज्यादा न हो।

इस योजना के तहत सरकार ने पेंशन राशि को 500 से बढ़ाकर 1000 रूपये कर बड़ी राहत दी। अब इस राशि को बढ़ाकर 1500 प्रति माह करना प्रस्तावित है।

**सामाजिक सुरक्षा की अन्य योजनाओं में भी अव्वल**

**प्रयागराज।** प्रयागराज जिले ने पति की मृत्यु उपरांत निराश्रित महिला पेंशन में भी सौ फीसदी लक्ष्य हासिल किया है। समाज कल्याण अधिकारी प्रज्ञा पांडेय के मुताबिक जिले में 1 अप्रैल 2023 से 29 फरवरी 2024 तक 1 लाख 54 महिलाओं ने आवेदन किया जिन्हे इसका लाभ दिया जा चुका है। जिले में राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना ने 1 अप्रैल 2023 से 29 फरवरी 2024 के दौरान 1,256 आवेदन आए जांच के बाद जिसमे 540 का अनुमोदन किया गया है।

## छः साल के बच्चे ने रखा पहला रोजा

**प्रयागराज।** माही मुकद्दस रमजान में क्या बूढ़े क्या जवान सभी अल्लाह की इबादत में मसरूफ है। हा लॉ कि रोजा आसान नहीं है फिर भी खुदा की राह में रोजा रखने वालों में अब बच्चे



भी आगे आने लगे हैं। ऐसा ही एक बच्चा 6 साल की उम्र में पहली बार रोजेदार हुआ। चकिया कसारी मसारी हम्माद काजिम उम्र केवल छः साल में पहला रोजा रखा। हम्माद काजिम इंटरनेशनल स्कूल और कॉलेज सिविल लाइन प्रेप सी के स्टूडेंट है। रोजा रखने के लिए खुशी-खुशी सहरी की और मगरिब की अजान होते ही उनकी दादी और मां ने रोजा इफ्तार करवाया इस मौके पर घर के सारे सदस्य मौजूद थे। अपने पिताजी मोहम्मद काजिम के साथ मगरिब की नमाज भी पढ़ने गए।

# कुरआन पढ़ने से नाज़िल होती है अल्लाह की रहमत: इक़रामुल

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** अल्लाह के नबी का फ़रमान है कि जिस शख़्स के दिल में कुरआन का कुछ हिस्सा नहीं, वह शख़्स वीरान घर की तरह है। इसलिए मुसलमानों के लिए ज़रूरी है कि वह खुद कसरत से कुरआन की तिलावत करे और अपनी संतान को कुरआन की तिलावत करने की ताकीद करें। कुरआन की जिस जगह तिलावत की जाती है, वहां अल्लाह की रहमत की बारिस होती है। यह बात सोमवार की देर रात हरवारा की लोहा शाह मजिस्द में कुरआन के मुकम्मसल होने पर मौलाना इकरामुल हक़ अज़हरी ने अपने तकरीर में कही। उन्होंने कहा कि तरावीह की नमाज सुन्नते मुअक्केदा है, जो हर इंसान के लिए ज़रूरी है। जो रमजान का चांद देखकर शुरू होता है और ईद का चांद दिखने से पहले तक जारी रहता है। कुरआन के मुकम्मल होने के बाद भी तरावीह की नमाज पढ़ा जाना उतना ही ज़रूरी है जितना कि मुकम्मल होने से पहले था। तरावीह की नमाज के



दौरान आठ दिन में हाफ़िज़ गुलाम हुसैन ने कुरआन मुकम्मल किया। मौलाना ने बताया कि मंगलवार को इसी मस्जिद में दूसरी बार कुरआन सुनाने का सिलसिला शुरू होगा, जो 27वें रोजे तक चलेगा। अपनी तक़रीर में मौलाना इरफान अहमद ने कहा कि जो लोग आर्थिक रूप से संपन्न हैं, उनके लिए रमजान के महीने में फितरा देना ज़रूरी है। इस साल शहर के प्रत्येक व्यक्ति पर फितरा 62 रुपये और ग्रामीण इलाके में प्रत्येक व्यक्ति पर 56 रुपये निर्धारित किया गया है। रमजान के महीने में ही जकात निकाला जाता है, जिन लोगों की सालाना बचत साढ़े सात तोला सोना या साढ़े 52 तोला चांदी के मूल्य के बराबर या इससे अधिक रकम है, उन्हें सालाना ढाई प्रतिशत जकात देना फ़र्ज़ है। इस दौरान सुरैया नाज़, मोहम्मद अयान, मोहम्मद रूजान आदि बच्चों ने भी नात पढ़ी। हाफिज रिजवान, मोहम्मद अहद, सैफ अली, शकील अहमद, मोइनुद्दीन, मोहम्मद अली, राजू, मोहम्मद ईशान, मोहम्मद ताज़, मोहम्मद राज़, वक़ार अहमद, मोहम्मद अहद, मोहम्मद आसिफ, मज़हर अली, मोहम्मद आमिर आदि मौजूद रहे।

## कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 9 व 11 के रिजल्ट कार्ड का वितरण

**मुबारकपुर,आजमगढ़।** सेंट्रल पब्लिक स्कूल मुबारकपुर आजमगढ़ में कक्षा नर्सरी से कक्षा 9 व 11के छात्र-छात्राओं को के अंक पत्रों का वितरण किया गया। इस अवसर पर सभी रैंक होल्डर छात्र-छात्राओं को मेडल,प्रमाण पत्र और गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। अभिभावकों छात्र-छात्राओं को अपने संबोधन में विद्यालय के प्रबंधक आजाद अहमद खां ने सभी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साह वर्धन किया। विद्यालय मैनेजमेंट के सदस्य प्रधानाचार्य एवं काफी संख्या में अभिभावक गण एवं छात्र उपस्थित थे।

# देश से भाजपा को उखाड़ फेंकने का लिया संकल्प

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** आज कांग्रेस द्वारा तपसा प्रेस क्लब में लोकसभा चुनाव हेतु भरा हुंकार शीर्ष नेतृत्व के आवाहन पर आजमगढ़ कांग्रेस द्वारा इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को आजमगढ़ की दोनों सीटों जीत दर्ज कर इंडिया गठबंधन को मजबूत और देश में भाजपा को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया है कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह की अध्यक्षता में सभी ब्लॉक अध्यक्ष,न्याय पंचायतअध्यक्ष, ग्राम सभा अध्यक्ष, बूथ कमेटी, सभी साथी उपस्थित रहे जिला अध्यक्ष ने कहा कि देश में यदि भाजपा से कोई लड़ रहा है वह है हमारे नेता राहुल गांधी जी ने भारत जोड़ो में



न्याय यात्रा के जरिए राहुल गांधी जी ने देश के गरीब प्रताड़ित लोगों से मिलकर एक नया इतिहास बनाया है हमारे इंडिया गठबंधन के नेता के यहां म्क् ब्ठप् इनकम टैक्स जैसी सरकारी संस्थाओं का गलत इस्तेमाल करके हमारे गठबंधन के साथियों के अंदर भय पैदा करने का कार्य कर रहे हैं खरीद फरोक करके की खुलेआम लोकतंत्र की धज्जिया उड़ा रहे हैं इंडिया गठबंधन मजबूती के साथ खड़ा है 2024 का चुनाव जीत कर गठबंधन का प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प ले चूका है लोकसभा प्रभारी सदर दिनेश सिँह यादव ने कहा हम आजमगढ़ के साथ-साथ पूरे उत्तर प्रदेश में भाजपा को हराने के लिए कमर कस चुके हैं आजमगढ़ की समस्त जनता आजमगढ़ की दोनों सीटों को जीतकर इंडिया गठबंधन को झोली में देने का कार्य करेंगी आजमगढ़ के लोग हमेशा भाजपा के खिलाफ परिणाम देने का कार्य किये और करेगे कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष मोहम्मद नजम,रमेश राजभर लोकसभा प्रभारी घोसी, आशुतोष द्विवेदी,मनोज कुमार सिंह,अजीत राय, महिला जिला अध्यक्ष शीला भारती, हरिओम उपाध्याय अमर बहादुर यादव,मुन्नू यादव, मुन्नू मौर्य, तेज बहादुर यादव, बेलाल अहमद बेग जगदंबिका चतुर्वेदी, चंद्रपाल यादव, अरविंद पांडे, मोहम्मद आमिर,मिर्जा साने आलम, कन्हैया कुमार राव, प्रदीप यादव, मूलचंद चौहान, ओंकार सिंह, रियाजुल हसन, हरेंद्र सिंह, रवि शंकर पांडे, आंसू माली राय अहमद बकार, रिंकू चौहान यदुनाथ सिंह,शैलेंद्र सिंह,प्रमोद यादव, अरविंद जैसवार,किरण कुमारी, लल्लन मौर्य, यशवंत सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## सपा कार्यालय पर बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी की हुई बैठक

**आजमगढ़।** समाजवादी पार्टी कार्यालय, पर बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी की बैठक लोकसभा- सदर चुनाव को लेकर संगठन की समीक्षा बैठक की गई। संतोष कुमार गौतम की अध्यक्षता में की गई। समाजवादी पार्टी के नि.जिला अध्यक्ष हवलदार यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों, छात्रों, नौजवानों, किसानों, मजदूरों, बुनकरों, व्यापारियों, किसनों की घोर विरोधी है। भाजपा सरकार में बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है यह रुकने का नाम नहीं ले रहा है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार संविधान और लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है इसलिए ऐसी जन विरोधी सरकार को उखाड़ कर फेंकने की जरूरत है जिससे जनता को सामाजिक न्याय मिल सके। संतोष कुमार गौतम ने कहा कि संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए समाजवादी पार्टी के चुनाव निशान साइकिल पर वोट देकर के भारी से भारी मतों से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव जी को विजई बनाएं जिससे भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी की जमानत जप्त हो जाए। इस अवसर पर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव-दुर्ग विजय राम, डॉ अजय, नर्सिंग भारती, पिंटू चौधरी, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सचिव- अजीत कुमार राव,श्री प्रकाश निगम, प्रदीप कुमार, सियाराम कनौजिया आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भारत की नारी शक्ति कांग्रेस को मुंहतोड़ जवाब देगी: राजेंद्र



**अवधनामा संवाददाता**

**सैकड़ों महिलाओं ने थामा भाजपा का दामन**

**प्रयागराज।** भाजपा कार्यालय सिविल लाइन में भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में सैकड़ो महिलाओं ने भाजपा का दामन थामा। इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने माइक्रो डोनेशन की शुरुआत की और शामिल हुई मातृ शक्तियों को भाजपा में आने का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जहां पर महिलाओं का सम्मान सुरक्षित है। भाजपा उन्हें हर प्लेटफार्म आगे बढ़ाने का काम करती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के नए संसद का उद्घाटन नारी शक्ति वंदन अधिनियम से किया और देश की 33 फ़ीसदी महिलाओं को राजनैतिक अधिकार देकर उनके अधिकार और सम्मान बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शक्ति शब्द को जिस प्रकार से अपमानित किया है देश की नारी शक्ति आने वाली लोकसभा के चुनाव में उसे मुंहतोड़ जवाब देगी। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने माइक्रो डोनेशन के तहत 1000 पार्टी को डोनेशन दिया और कहा कि यह अभियान 6 अप्रैल तक चलाया जाएगा। जिसमें 20 से लेकर 2000 रुपए तक का डोनेशन किया जाएगा और प्रयागराज के इलाहाबाद लोकसभा से 10000 एवं फूलपुर लोकसभा क्षेत्र से 10000 लोगों को माइक्रो डोनेशन करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया।

# अमेरिकी जांच पर अदाणी ग्रीन का बयान, कहा- थर्ड पार्टी से जुड़ी है जांच, हमारा उससे कोई संबंध नहीं

**नई दिल्ली।** ब्लूमबर्ग ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि अमेरिका ने भारत के अदाणी समूह की अपनी




जांच का दायरा बढ़ाया है ताकि यह पता लगाया जा सके कि कंपनी के संस्थापक गौतम अदाणी और कंपनी रिश्वतखोरी में शामिल हैं या नहीं।

अमेरिकी भ्रष्टाचार विरोधी कानूनों के संभावित उल्लंघन की जांच मामले में दिग्गज कारोबारी गौतम अदाणी के ग्रुप की कंपनियों ने अपनी सहभागिता से इनकार कर दिया है। समूह की कंपनी अदाणी ग्रीन ने कहा है कि उसे अमेरिकी न्याय विभाग से कोई नोटिस नहीं मिला है। कंपनी ने कहा कि उसे थर्ड पार्टी द्वारा संयुक्त राज्य अमेरिका के भ्रष्टाचार विरोधी कानूनों के संभावित उल्लंघन की जांच के बारे में पता है। इतना ही नहीं कंपनी ने यह भी साफ कर दिया है कि उसका इस थर्ड पार्टी से कोई लेना देना नहीं है। अदाणी समूह की कंपनी का यह बयान तब आया है जब हाल ही में ब्लूमबर्ग ने अपनी एक रिपोर्ट में भारत में एक उर्जा परियोजना में रिश्वत को लेकर बड़ा दावा किया था।

ब्लूमबर्ग ने बताया था कि अमेरिका ने भारत के अदाणी समूह की अपनी जांच का दायरा बढ़ाया है ताकि यह पता लगाया जा सके कि कंपनी के संस्थापक गौतम अदाणी और कंपनी रिश्वतखोरी में शामिल हैं या नहीं।

इस रिपोर्ट के बाद अदाणी समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों ने अपनी अलग-अलग फाइलिंग में रिश्वतखोरी के आरोपों से किनारा कर लिया है। साथ ही कहा है कि इस संबंध में अमेरिकी न्याय विभाग से नोटिस दिए जाने की खबर भी झूठी है।

गौरतलब है कि कई मीडिया रिपोर्ट में कहा गया था कि अदाणी समूह की इकाई संभावित रूप से एक ऊर्जा परियोजना में भारत में अधिकारियों को भुगतान करने में शामिल थी। इसके बाद रिपोर्ट्स में कहा गया था कि अमेरिकी अभियोजकों ने इसे लेकर अपनी जांच का दायरा बढ़ा दिया है। अभियोजक इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या गौतम अदाणी सहित अदाणी समूह की किसी इकाई या कंपनी से जुड़े लोगों ने एक ऊर्जा परियोजना के लिए भारत में अधिकारियों को भुगतान किया है?

रिपोर्ट के अनुसार न्यूयॉर्क के पूर्वी जिले के अमेरिकी अटॉर्नी के कार्यालय और वाशिंगटन में न्याय विभाग की धोखाधड़ी इकाई यह जांच कर रही है। इसके साथ ही भारतीय अक्षय ऊर्जा कंपनी एज्यूर पावर ग्लोबल पर भी नजर रखी जा रही है। अदाणी समूह ने इस मामले मे ब्लूमबर्ग न्यूज को बताया, हमें अपने चेयरमैन के खिलाफ किसी जांच की जानकारी नहीं है।

अदाणी समूह के शेयरों और बांडों में पिछले साल की शुरुआत में बड़े पैमाने पर बिकवाली देखी गई थी। उस समय अमेरिकी शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च ने एक रिपोर्ट जारी की थी जिसमें समूह पर खातों में गड़बड़ी, स्टॉक्स में हेरफेर और टैक्स हेवन के उपयोग का आरोप लगाया गया था।

# आईकू नियो 9 प्रो का 8+128 GB वेरिएंट 21 मार्च, दोपहर 12 बजे से बिक्री के लिए होगा उपलब्ध

## इंस्टेंट 2,000 बैंक डिस्काउंट या 4,000 तक के एक्सचेंज बोनस सहित स्पेशल लॉन्च ऑफर का उठाएं लाभ

**नई दिल्ली।** बेहतरीन प्रदर्शन और अद्भुत शक्ति के साथ, आईकू नियो 9 प्रो का 8+128 GB वाला वेरिएंट 21 मार्च 2024 से अमेजन. इन और आईकू ई-स्टोर पर उपलब्ध होगा।

यह आईकू पावरहाउस 32,999 रुपए के नेट इफेक्टिव प्राइस से शुरू होगा, जिसमें आईसीआईसीआई क्रेडिट कार्ड का उपयोग करने पर आकर्षक 2,000 रुपए की छूट या 4,000 रुपए तक का एक्सचेंज बोनस शामिल है। यह दो आकर्षक रंग विकल्पों; फीरी रेड और कॉन्करर ब्लैक में उपलब्ध होगा।

आईकू नियो 9 प्रो, क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 8 जेन 2 मोबाइल प्लेटफॉर्म से लैस डिवाइस, एक सीमलेस परफॉर्मेंस और गेमिंग एक्सपीरियंस देता है। 1.7 मिलियन से ज्यादा के AnTuTu बेंचमार्क स्कोर के साथ, यह एक परफॉर्मेंस बीस्ट है। आईकू का होमग्रोन सुपरकंप्यूटिंग चिप क्यू 1144fps गेमिंग और 900-पिक्सेल तक के सुपर-रिज़ॉल्यूशन प्रदान करता है, जो एक सहज और इमर्सिव गेमिंग सेशन देता है। यह डिवाइस अपने आकर्षक डिजाइन और डिस्प्ले फीचर्स के साथ सबसे अलग है, जिसमें एलिगेंस और कंफर्ट के लिए एक वाइब्रेंट ड्यूल टोन एंड प्रीमियम लेदर डिज़ाइन शामिल है। शानदार स्क्वायर कैमरा मॉड्यूल और अत्याधुनिक फ्लैगशिप 50 एमपी सोनी कैमरे से लैस, यह फोन नाइट फोटोग्राफी के लिए कम रोशनी में जबरदस्त प्रदर्शन





प्रदान करता है। आईकू नियो 9 प्रो असाधारण प्रदर्शन और पावर-पैक क्षमताओं का वादा करता है, जो इसे स्मार्टफोन बाजार में इसे एक गेम-चेंजर बनाता है।

आईकू की मेक इन इंडिया पहल के तहत, सभी आईकू नियो 9 प्रो डिवाइस का निर्माण विवो की ग्रेटर नोएडा फैसिलिटी में किया गया है। अपने ग्राहकों को हसल फ्री एक्सपीरियंस देने के लिए, आईकू ने देश भर में 670 से अधिक खुद के सर्विस सेंटर स्थापित किए हैं, जिससे देश भर में आफ्टर सेल सर्विस आसानी से सुलभ हो जाती है। इसके अलावा 8+128 जीबी वेरिएंट के साथ, आईकू नियो 9 प्रो 8GB + 256 जीबी वेरिएंट में भी उपलब्ध है, जिसका इफेक्टिव प्राइस 34,999 रुपए है, और एक 12GB + 256GB वेरिएंट, जिसका इफेक्टिव प्राइस 36,999 रुपए है।

# 96 वें एकेडमी अवाड्‌र्स में सर्वाधिक पुरस्कार जीतने वाली, समीक्षकों द्वारा प्रशंसित, ओपेनहाइमर, अब जिओसिनेमा पर डेब्यू कर रहा है

**नई दिल्ली।** भारत का लीडिंग स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म, जिओसिनेमा, 2023 की बहुचर्चित बायोलॉजिकल थ्रिलर, ओपेनहाइमर को प्रदर्शित करके शानदार मनोरंजन प्रस्तुत करने




के अपने मिशन को जारी रखता है। फिल्म को 96वें एकेडमी अवाड्‌र्स के लिए तेरह श्रेणियों में नामांकित किया गया था, और इसने बेस्ट पिक्चर, बेस्ट डायरेक्टर, बेस्ट एक्टर और बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर सहित अवार्ड नाइट के सबसे बड़े पुरस्कारों को अपने नाम करते हुए बड़ी जीत हासिल की थी। ओपेनहाइमर न केवल बॉक्स-ऑफिस पर काफी सफल थी, बल्कि समीक्षकों की पसंदीदा भी थी। कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और सफलता की मनोरंजक कहानी, क्रिस्टोफर नोलन द्वारा निर्देशित और सिलियन मर्फी, एमिली ब्लंट, मैट डेमन, फ्लोरेंस पघ, रॉबर्ट डाउनी जूनियर और कई अन्य द्वारा अभिनीत, यह मूवी अब 21 मार्च को हिंदी और अंग्रेजी में जिओसिनेमा पर प्रीमियर के लिए तैयार है। यह मनोरंजक थ्रिलर द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान परमाणु बम के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले, प्रतिभाशाली अमेरिकी सैद्धांतिक भौतिक विज्ञानी, जे. रॉबर्ट ओपेनहाइमर के जीवन पर प्रकाश डालता है। यह मूवी ओपेनहाइमर के असाधारण जीवन को दर्शाती है, जिन्हें अक्सर ÷परमाणु बम के जनक÷ के रूप में जाना जाता है। मैनहैटन प्रोजेक्ट के दौरान लॉस एलामोस लैबोरेट्री में उनके नेतृत्व ने इतिहास की दिशा को हमेशा के लिए बदल दिया। सिलियन मर्फी ने इस रहस्यमय वैज्ञानिक के सामने आई जटिलता और नैतिक दुविधाओं को दर्शाते हुए, मुख्य भूमिका में एक मनोरम प्रदर्शन किया है।

फिल्म ने 96वें एकेडमी अवाड्‌र्स में सात श्रेणियों में जीत हासिल कर व्यापक तारीफ हासिल की है, जिसमें अन्य बड़ी श्रेणियों के साथ ही बेस्ट एडिटिंग, बेस्ट स्कोर और बेस्ट सिनेमैटोग्राफी शामिल हैं। इसने गोल्डन ग्लोब्स में बेस्ट ड्रामा मोशन पिक्चर, बेस्ट डायरेक्टर ऑफ अ मोशन पिक्चर और बेस्ट एक्टर ऑफ अ मोशन पिक्चर सहित 8 पुरस्कार जीते। बाफ्टा फिल्म अवाड्‌र्स में, ओपेनहाइमर ने बेस्ट फिल्म और बेस्ट डायरेक्टर सहित सात पुरस्कार जीतें।

# शेयर बाजार में एक बार फिर बिकवाली का जोर, सेसेंक्स-निफ्टी धड़ाम

**मुंबई।** चालू हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन शेयर बाजार में एक बार फिर बिकवाली करने वालों का जोर दिखा। मंगलवार को सेंसेक्स 736.37 अंक टूटकर 72,012.05 अंक पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर, निफ्टी 238.25 अंक के नुकसान से 21,817.45 अंक पर पहुंचा।

दरअसल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इंफोसिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली रही। अन्य एशियाई बाजारों में भी गिरावट देखी गई। इसके अलावा विदेशी कोषों की निकासी के बीच मंगलवार को शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी एक-एक फीसदी तक टूट गए। जापान के केंद्रीय बैंक के 17 साल में पहली बार ब्याज दरों को बढ़ाने के फैसले से भी बाजार पर दबाव बना।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 736.37 अंक यानी 1.01 प्रतिशत गिरकर 72,012.05 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 815.07 अंक फिसलकर 71,933.35 अंक तक आ गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 238.25 अंक यानी 1.08 प्रतिशत गिरकर 21,817.45 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी के 50 शेयरों में 41 शेयर नुकसान में रहे।

सेंसेक्स के शेयरों में टीसीएस में चार फीसदी से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा इंडसइंड बैंक, विप्रो, नेस्ले, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इंफोसिस, पावर ग्रिड, आईटीसी, टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स और अल्ट्राटेक सीमेंट में भी गिरावट देखी गई। दूसरी ओर बजाज फाइनेंस, कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक, बजाज फिनसर्व, टाइटन और भारती एयरटेल के शेयर लाभ में बंद हुए।

# 96 वें एकेडमी अवाड्‌र्स में सर्वाधिक पुरस्कार जीतने वाली, समीक्षकों द्वारा प्रशंसित, ओपेनहाइमर, अब जिओसिनेमा पर डेब्यू कर रहा है

**नई दिल्ली।** भारत का लीडिंग स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म, जिओसिनेमा, 2023 की बहुचर्चित बायोलॉजिकल थ्रिलर, ओपेनहाइमर को प्रदर्शित करके शानदार मनोरंजन प्रस्तुत करने के अपने मिशन को जारी रखता है। फिल्म को 96वें एकेडमी अवाड्‌र्स के लिए तेरह श्रेणियों में नामांकित किया गया था, और इसने बेस्ट पिक्चर, बेस्ट डायरेक्टर, बेस्ट एक्टर और बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर सहित अवार्ड नाइट के सबसे बड़े पुरस्कारों को अपने नाम करते हुए बड़ी जीत हासिल की थी। ओपेनहाइमर न केवल बॉक्स-ऑफिस पर काफी सफल थी, बल्कि समीक्षकों की पसंदीदा भी थी। कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और सफलता की मनोरंजक कहानी, क्रिस्टोफर नोलन द्वारा निर्देशित और सिलियन मर्फी, एमिली ब्लंट, मैट डेमन, फ्लोरेंस पघ, रॉबर्ट डाउनी जूनियर और कई अन्य द्वारा अभिनीत, यह मूवी अब 21 मार्च को हिंदी और अंग्रेजी में जिओसिनेमा पर प्रीमियर के लिए तैयार है। यह मनोरंजक थ्रिलर द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान परमाणु बम के निर्माण में



महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले, प्रतिभाशाली अमेरिकी सैद्धांतिक भौतिक विज्ञानी, जे. रॉबर्ट ओपेनहाइमर के जीवन पर प्रकाश डालता है। यह मूवी ओपेनहाइमर के असाधारण जीवन को दर्शाती है, जिन्हें अक्सर ÷परमाणु बम के जनक÷ के रूप में जाना जाता है। मैनहैटन प्रोजेक्ट के दौरान लॉस एलामोस लैबोरेट्री में उनके नेतृत्व ने इतिहास की दिशा को हमेशा के लिए बदल दिया। सिलियन मर्फी ने इस रहस्यमय वैज्ञानिक के सामने आई जटिलता और नैतिक दुविधाओं को दर्शाते हुए, मुख्य भूमिका में एक मनोरम प्रदर्शन किया है। फिल्म ने 96वें एकेडमी अवाड्‌र्स में सात श्रेणियों में जीत हासिल कर व्यापक तारीफ हासिल की है, जिसमें अन्य बड़ी श्रेणियों के साथ ही बेस्ट एडिटिंग, बेस्ट स्कोर और बेस्ट सिनेमैटोग्राफी शामिल हैं। इसने गोल्डन ग्लोब्स में बेस्ट ड्रामा मोशन पिक्चर, बेस्ट डायरेक्टर ऑफ अ मोशन पिक्चर और बेस्ट एक्टर ऑफ अ मोशन पिक्चर सहित 8 पुरस्कार जीते। बाफ्टा फिल्म अवाड्‌र्स में, ओपेनहाइमर ने बेस्ट फिल्म और बेस्ट डायरेक्टर सहित सात पुरस्कार जीतें।

# फिजिक्स वाला (पीडब्ल्यू) ने लखनऊ के आलमबाग में लॉन्च किया अपना चौथा तकनीक-सक्षम ऑफ़लाइन विद्यापीठ सेंटर

**लखनऊ।** भारत के जानेमाने एड-टेक प्लेटफॉर्म फिजिक्स वाला (पीडब्ल्यू) ने पूरे भारत में शैक्षिक सेंटर खोलने और छात्रों के लिए शिक्षा को और भी अधिक सुलभ करने की अपनी प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए लखनऊ के आलमबाग में एक तकनीक-सक्षम ऑफ़लाइन विद्यापीठ सेंटर खोला है। पीडब्ल्यू के पहले से ही लखनऊ के हजरतगंज, कपूरथला और गोमती नगर में तीन ऑफ़लाइन विद्यापीठ सेंटर थे। छात्रों की भरी मांग के चलते इन्होंने आलमबाग में अपना चौथा सेंटर खोला है। उत्तर प्रदेश के खाद्य और नागरिक आपूर्ति राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने शनिवार को पीडब्ल्यू के चीफ़ बिज़नेस ऑफिसर (सीबीओ) इमरान राशिद के साथ आलमबाग विद्यापीठ सेंटर का उद्घाटन किया। इस सेंटर में 8 तकनीक-सक्षम कक्षाओं के साथ - साथ अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा है, जो एक बेहतरीन शिक्षण वातावरण बनाता है। इतना ही नहीं यह शानदार अध्ययन माहौल को बढ़ावा देते हुए




एक स्व-अध्ययन स्थान भी देता है। इसके अलावा इसमें स्टूडेंट वेलफेयर सोसाइटी (एसडब्ल्यूएस) भी है, जो छात्रावास और परिवहन सुविधाओं के लिए हर संभव मदद देती है। इसमें एकेडमिक ईयर 2024 -2025 के लिए पहले नामांकन करने वाले छात्रों को 30त्न की अतिरिक्त छूट दी जाएगी।

पीडब्ल्यू ने पूरे भारत में लगभग 79 तकनीक-सक्षम विद्यापीठ सेंटर खोले हैं। यह पिछले दो सालों में तीसरे सबसे बड़े ऑफ़लाइन नेटवर्क के साथ सबसे तेजी से बढ़ती एडटेक कंपनी बनकर उभरी है, जो 2 लाख से भी ज़्यादा छात्रों को अपनी सेवा दे रही है। ये सेंटर्स जेईई/ नीट के लिए एक व्यापक पाठ्यक्रम देते हैं। पीडब्ल्यू ऑफ़लाइन विद्यापीठ सेंटर रिकॉर्ड किए गए लेक्चर्स, एनसीईआरटी सामग्री के साथ सहायता, ऑफ़लाइन डाउट सॉल्विंग, वीडियो सॉल्यूशन के साथ डेली प्रैक्टिस प्रॉब्लम्स (डीपीपी), विशेष मॉड्यूल और पिछले वर्ष के प्रश्न (पीवाईक्यू) की सुविधाएं देते हैं। साथ ही इन सेंटर्स में स्टूडेंट सक्सेस टीम (एसएसटी) के लिए एक समर्पित डेस्क भी है, जिससे पीडब्लू छात्रों की चिंताओं का तुरन्त और व्यक्तिगत रूप से समाधान करने वाला एकमात्र केंद्र बन गया है। इसके अलावा यहां एक अभिभावक- शिक्षक डैशबोर्ड सिस्टम भी है, जो छात्र की प्रगति पर रियल टाइम अपडेट देता है।

पीडब्ल्यू ऑफलाइन के सीईओ अंकित गुप्ता ने कहा, ÷हर एक ऑफलाइन सेंटर के लॉन्च के साथ हम पूरे भारत में शैक्षिक सेंटर बनाने, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को अधिक सुलभ बनाने और माता-पिता पर वित्तीय बोझ कम करने के अपने दृष्टिकोण के लगभग बहुत करीब पहुंच गए हैं। ये केंद्र देश के शैक्षिक परिदृश्य को बदलने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

# सोना 110 रुपये उछला, चांदी 500 रुपये टूटी



**नई दिल्ली।** दिल्ली सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने का भाव 110 रुपये की तेजी के साथ 66,250 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 66,140 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने का भाव 110 रुपये की तेजी के साथ 66,250 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 66,140 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 500 रुपए कम होकर 76,500 रुपए प्रति किलोग्राम रह गई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 77,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, दिल्ली के बाजारों में 24 कैरेट सोने की हाजिर कीमत 110 रुपये की तेजी के साथ 66,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही है।

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कॉमेक्स पर सोने का हाजिर भाव तीन डॉलर की तेजी के साथ 2,159 डॉलर प्रति औंस हो गया।

बुधवार को होने वाली अमेरिकी फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति बैठक के नतीजे आने से पहले सोने की कीमतों में एक सीमित दायरे में कारोबार हुआ। गांधी ने कहा कि बैठक से इस बात का संकेत मिल सकता है कि इस साल ब्याज दरों में कटौती कब होगी है। हालांकि, चांदी का भाव गिरावट के साथ 24.91 डॉलर प्रति औंस रह गया। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 25.11 डॉलर प्रति औंस के भाव पर बंद हुआ था।

# भारतीय यात्रियों की अधिक खर्च की योजना, ट्रैवेल हैक का उपयोग और नए एडवेंचर्स की तलाश

**नई दिल्ली।** वर्ष 2024 में 40 प्रतिशत वैश्विक औसत के मुकाबले 62 प्रतिशत भारतीय यात्रा पर अधिक खर्च करने की योजना बना रहे हैं जिसमें एक पूर्ण यात्रा का अनुभव लेने के लिए भारतीय अतिरिक्त दूरी तय करने के इच्छुक हैं। अधिक खर्च करने के अलावा, भारतीय अपनी यात्रा को अधिक किफायती और लाभप्रद बनाने के लिए ट्रैवेल हैक का उपयोग करने की कला में माहिर होकर पैसा वसूल की भी संभावना तलाश रहे हैं। इसका खुलासा पूरे भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, मेक्सिको, जापान और ब्रिटेन में किए गए सर्वेक्षण से मिले आंकड़ों पर आधारित American Express Travel® 2024 Global Travel Trends Report में किया गया।

के बीच यात्रा को लेकर रुख में तेजी देखी गई है जिसमें 65 प्रतिशत भारतीय इस वर्ष घरेलू यात्रा पर अधिक खर्च करने की योजना बना रहे हैं और 48 प्रतिशत भारतीय विदेश यात्रा पर अधिक खर्च की योजना बना रहे हैं। ट्रैवेल हैक के उपयोग के लिहाज से इस सर्वेक्षण में संकेत मिलता है कि 2024 में यात्रा पर निकलने की तैयारी कर रहे 43 प्रतिशत भारतीय (30 प्रतिशत वैश्विक औसत के मुकाबले) फ्लाइट और होटल खर्च की भरपाई के लिए क्रेडिट कार्ड अंकों का उपयोग कर रहे हैं, जबकि 42 प्रतिशत भारतीय (26 प्रतिशत वैश्विक औसत के मुकाबले) रूम अपग्रेड्स एवं क्रेडिट्स जैसे कॉम्प्लिमेंटरी होटल लाभों की पेशकश कर रही कंपनियों से बुकिंग करा रहे हैं। इसके अलावा, 2024 में यात्रा पर निकल रहे 35 प्रतिशत भारतीय लग्जरी और किफायती मिश्रित होटलों में ठहरने की योजना बना रहे हैं, जबकि 31 प्रतिशत भारतीय ऑफ सीज़न के दौरान यात्रा करने या अपनी यात्रा के दौरान मित्रों या परिवार के साथ ठहरने की योजना बना रहे हैं।

अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कॉर्प, भारत के सीईओ एवं कंट्री मैनेजर संजय खन्ना ने कहा, ÷भारतीय यात्री नए अनुभवों एवं सांस्कृतिक तल्लीनता की इच्छा से 2024 में एडवेंचर एवं खोज की भावना आत्मसात कर रहे हैं। एकल यात्राओं पर निकलने के लिए ट्रैवेल हैक्स का उपयोग करने से लेकर भारतीय अपनी बदलती तरजीह एवं व्यवहार के साथ यात्रा परिदृश्य को नए सिरे से परिभाषित कर रहे हैं। अमेरिकन एक्सप्रेस में हम उपभोक्ताओं की उभरती जरूरतों को समझते हैं और हमारे कार्डधारकों को रिवार्ड वाली पेशकश एवं लाभों से सशक्त करने का प्रयास करते हैं जिससे जहां भी वे जाएं, उनकी यात्रा का अनुभव समृद्ध हो।

# फिजिक्सवाला (पीडब्ल्यू) ने लखनऊ के आलमबाग में अपना चौथा तकनीक-सक्षम ऑफ़लाइन विद्यापीठ सेंटर खोला

**लखनऊ।** भारत के जानेमाने एड-टेक प्लेटफॉर्म फिजिक्स वाला (पीडब्ल्यू) ने पूरे भारत में शैक्षिक सेंटर खोलने और छात्रों के लिए शिक्षा को और भी अधिक सुलभ करने की अपनी प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए लखनऊ के आलमबाग में एक तकनीक-सक्षम ऑफ़लाइन विद्यापीठ सेंटर खोला है। पीडब्ल्यू के पहले से ही लखनऊ के हजरतगंज, कपूरथला और गोमती नगर में तीन ऑफ़लाइन विद्यापीठ सेंटर थे। छात्रों की भरी मांग के चलते इन्होंने आलमबाग में अपना चौथा सेंटर खोला है। इस सेंटर में 8 तकनीक-सक्षम कक्षाओं के साथ - साथ अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा है, जो एक बेहतरीन शिक्षण वातावरण बनाता है। इसमें एकेडमिक ईयर 2024 - 2025 के लिए पहले नामांकन करने वाले छात्रों को 30त्न की अतिरिक्त छूट दी जाएगी। पीडब्ल्यू ऑफलाइन के सीईओ अंकित गुप्ता ने कहा, ÷हर एक ऑफलाइन सेंटर के लॉन्च के साथ हम पूरे भारत में शैक्षिक सेंटर बनाने, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को अधिक सुलभ बनाने और माता-पिता पर वित्तीय बोझ कम करने के अपने दृष्टिकोण के लगभग बहुत करीब पहुंच गए हैं। ये केंद्र देश के शैक्षिक परिदृश्य को बदलने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

# सूर्या रोशनी ने लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा टर्मिनल T3 को अत्याधुनिक रोशनी से जगमग किया

**लखनऊ।** भारत के सबसे बड़े लाइटिंग प्रोडक्ट ब्रांड सूर्या रोशनी ने चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा लखनऊ के टर्मिनल T3 को रोशनी से जगमग करने के मकसद से एक अहम सहयोग करार करते हुए इसे अपना गौरव बताया है। सूर्या एवं कंज्यूमर ड्यूरेबल्स के सीईओ श्री जितेंद्र अग्रवाल ने कहा, ''सूर्या रोशनी के लिए चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, लखनऊ का टर्मिनल टी 3 एक प्रतिष्ठित प्रोजेक्ट है। इस प्रोजेक्ट पर काम करने की हमें बहुत खुशी है। हमारे आधुनिक



रोशनी के लाइटिंग डिज़ाइन और सॉल्यूशन अत्याधुनिक हैं। सूर्या का लक्ष्य यात्रियों और आगंतुकों को बेहतर अनुभव देते हुए टर्मिनल के माहौल और काम-काज को नई रोशनी में पेश करना है।

सूर्या रोशनी लिमिटेड में लाइटिंग लाइटिंग सॉल्यूशन लोगों को अच्छा माहौल देने के साथ-साथ कार्यक्षमता बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। हम यात्रियों को बेहतर अनुभव देने के प्रति हवाई अड्डे की प्रतिबद्धता के अनुसार काम करते हैं।''

# इटरनिया ने कानपुर में अपने अनुभव केंद्र में ड्यूरेनियम निर्मित WiWA प्रमाणित उत्पादों के अनुभव को बेहतर बनाया

## कानपुर में इटरनिया अनुभव केंद्र ब्रांड के लिए एक व्यापक अनुभव की शुरुआत का प्रतीक है

**कानपुर।** ड्यूरेनियम (हिंडाल्को द्वारा आविष्कार किया गया एक पेटेंट एल्यूमीनियम मिश्र धातु) से बने दरवाजे और खिड़कियाँ पेश करने वाला भारत का पहला WiWA-प्रमाणित ब्रांड इटरनिया ने कानपुर, उत्तर प्रदेश में अपने अत्याधुनिक अनुभव केंद्र का अनावरण किया है।

इस प्रमुख अनुभव केंद्र को उद्योग में कई हितधारकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए बहुआयामी उद्देश्य की पूर्ति के लिए बनाया गया है। इस अनूठे अनुभव केंद्र के साथ, इटरनिया आर्किटेक्ट और डिजाइनर कम्युनिटी, बिल्डर्स और घरों के मालिकों को बेहतरीन अनुभव देना



चाहता है। उसके पास कई तरह के उत्पादों की एक श्रृंखला है। इसमें इटरनिया लक्ज़री, इटर्निया प्रीमियम और इटर्निया इसेंशियल्स शामिल हैं। स्लाइडिंग दरवाजों और खिड़कियों से लेकर ओपनेबल दरवाजों और खिड़कियों के साथ, यह अनुभव केंद्र ग्राहकों को उत्पाद खरीदने से पहले समझने की सुविधा देगा।

इटरनिया अनुभव केंद्र का उद्घाटन कानपुर नगर निगम की मेयर श्रीमती प्रमिला पांडे की मौजूदगी में किया गया।

नेहल बाज़ारी, हेड-मार्केटिंग, इटरनिया, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आदित्य बिड़ला ग्रुप) ने कहा, हम कानपुर में अपना अत्याधुनिक अनुभव केंद्र शुरू करके रोमांचित हैं। ऐसे युग में जहाँ ग्राहक व्यवहार तेजी से विकसित हो रहा है, हमने डिजिटल और स्पर्श अनुभवों को सहजता से मिश्रित करके इस अनुभव केंद्र के साथ अनुभवात्मक विपणन को अपनाया है। यह प्रमुख अनुभव केंद्र सिर्फ एक शोरूम नहीं है; यह एक ऐसी जगह है जहाँ हमारे आगंतुक ड्यूरेनियम (विशेष एल्यूमीनियम मिश्र धातु) के दरवाजे और खिड़कियों की हमारी श्रृंखला को अनुभव कर सकते हैं।

इटर्निया अनुभव केंद्र कानपुर में एक बेहद महत्वपूर्ण स्थान पर मौजूद है, जहाँ से उत्तर भारत के फलते-फूलते बाजार को सेवा मिलेगी। यह हफ्ते में सातों दिन सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक खुला रहेगा।

इसके अतिरिक्त, इटरनिया द्वारा ड्यूरेनियम-निर्मित दरवाजे और खिड़कियाँ WiWA (हवा, पानी और वायु) प्रमाणन के साथ स्थायित्व सुनिश्चित करते हुए आपके घर को आकषिक बनाने के लिए तैयार किये गए हैं। यह प्रमाणीकरण शोर, धूल, गर्मी, भारी बारिश और यहाँ तक कि चक्रवात जैसे बाहरी तत्वों का सामना करने की उनकी क्षमता सुनिश्चित करता है।

# फ्लैग मार्च कर पुलिस ने सुरक्षा का दिलाया एहसास



अवधनामा संवाददाता

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** आगामी लोक सभा चुनाव, रमजान, होली व ईद उल फितर आदि पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए कप्तानगंज पुलिस कमर कस ली है। थाना क्षेत्र के विभिन्न बाजारों व कस्बों में पुलिस फ्लैग मार्च कर सुरक्षा का एहसास कराया साथ ही आम लोगों से भाईचारे व सादगी के साथ त्यौहार मनाने का अपील भी किए।

मंगलवार को थानाध्यक्ष कप्तानगंज राजकुमार बरवार की अध्यक्षता में अर्धसैनिक बल व स्थानीय पुलिस कप्तानगंज कस्बे में सुरक्षा के मद्देनजर व शांति पूर्ण माहौल में त्यौहार संपन्न कराने की दृष्टिगत फ्लैग मार्च किया। इस मौके पर थानाध्यक्ष राजकुमार बरवार ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि त्यौहार कोई भी हो उसे भाईचारा व सादगी के साथ मिलजुल कर मनाए। त्यौहार आपसी भाईचारे का संदेश देता है, इसे शांति माहौल में मनाए।

त्यौहार के दौरान कही से भी अगर अराजक तत्वों ने उन्माद फैलाने की कोशिश की तो उसे किसी भी दशा में बख्शा नहीं जाएगा। उसके खिलाफ सख्त कार्यवाई की जायेगी। फ्लैग मार्च कस्बे के अलावा नगर पंचायत मथौली, बोदरवार, इंद्रपुर सहित प्रमुख बाजारों व ग्रामीण क्षेत्रों में निकाल कर सुरक्षा का एहसास भी कराया गया।

# शांतिपूर्ण माहौल में अधिकारी संपन्न कराएं त्यौहार : अपर जिलाधिकारी

अवधनामा ब्यूरो



**त्योहारों के मद्देनजर कलेक्ट्रेट में समस्त एसडीएम के साथ पीस कमेटी की हुई बैठक**

**कुशीनगर।** रमजान, होलिका दहन, होली, ईद उल फितर के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा की अध्यक्षता में व अपर पुलिस अधीक्षक रीतेश कुमार सिंह की उपस्थिति में समस्त उप जिलाधिकारीगण के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न की हुई।

उक्त बैठक में त्यौहार रमजान, होलिका दहन, होली, ईद उल फितर के मौके पर कानून एवं शांति व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश अपर जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। उपरोक्त त्योहार के दृष्टिगत सर्वप्रथम आए हुए जन सामान्य से होलिका दहन के समय तथा अन्य त्योहारों में आने वाली समस्या, विवादित स्थानों तथा संवेदनशील स्थानों पर उत्पन्न होने वाली समस्याओं के बारे जानकारी लेते हुए, तत्काल संवेदनशील स्थलों पर उत्पन्न समस्या को निस्तारित करने हेतु संबंधित उपजिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जनपद में लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत आदर्श आचार संहिता भी प्रभावित हो गई है सभी आए हुए संभ्रांत लोग इसका भी ध्यान रखें तथा शांति व्यवस्था व सौहार्द्रता बिगाड़ने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

कोई भी नई परम्परा मान्य नहीं होगी। उपस्थित अधिकारियों को नगर निकायों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई, पानी आदि की व्यवस्था को सुनिश्चित किए जाने के निर्देश भी अपर जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। उन्होंने उपस्थित लोगो तथा जनपदवासियों से इस पावन पर्व पर जनसहयोग की अपेक्षा भी की तथा हर्षोल्लास के साथ प्रत्येक पाव को मनाने हेतु अपील भी किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक रीतेश कुमार सिंह द्वारा सोशल मीडिया द्वारा अफवाहों पर ध्यान न दिए जाने की बात कही गई तथा सम्पूर्ण त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर किसी प्रकार की नई परम्परा की शुरुआत नही की जाएगी। त्योहारों के दृष्टिगत पुलिस व्यवस्था चॉक चौबंद रहेगी। अपर जिलाधिकारी ने आगामी त्योहारों और लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत सभी अधिकारियो एवं मजिस्ट्रेटों को सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी व लगन के साथ किए जाने के निर्देश दिए तथा त्यौहार के मद्देनजर साफ सफाई की व्यवस्था संबंधित अधिकारी को सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिए गए। पीस कमेटी में आए लोगो से नवरात्र के त्योहार को शांति, व आपसी सौहार्द से मनाने, अफवाहों पर ध्यान न देने, प्रशासन की ओर जारी गाइडलाइन का पालन करने हेतु कहा।

# चार दुकानें आग में जलकर हुई खाक



अवधनामा संवाददाता

**अराजकतत्वों पर पुलिस नहीं लगा पा रही अंकुश**

**मुंशीगंज (अमेठी)।** थाना क्षेत्र के परतोष पुलिस चौकी अंतर्गत परतोष तिराहे पर सोमवार की रात अराजकतत्वों ने मड़हायुक्त एक चाय-पान की दुकान सहित चार अन्य दूकानों के छप्पर में आग लगा दिया। जिससे उसमें रखा हजारों का सामान जलकर नष्ट हो गया। मिली जानकारी के अनुसार पूरे माल का पुरवा सरूवांवा गांव निवासी कृष्णकांत तिवारी ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि काफी दिनों से वह गुमटी में चाय-पान की दुकान चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। प्रतिदिन तरह ही वह रविवार को देर शाम दुकान को बंद कर घर चले गए। देर रात आस-पास के लोगों ने सूचना दिया कि दुकान में आग लगी है। जब तक वह भागकर पहुंचते तब तक दुकान आग की भेंट चढ़ चुकी थी। आग की चपेट में आकर दुकान में रखे लगभग दो हजार रुपये के सामान व बर्तन जल गए। परतोष तिराहे पर मड़हे के नीचे टिकिया चाट का ठेला लगाकर अपने परिवार का खर्चा चलाने वाले पूरे कंहारन सरुवांवा गांव निवासी संजय कश्यप ने बताया कि छप्पर में आग लगने से ठेला भी जल गया है। साथ ही अराजक तत्वों ने अण्डे की दूकान करने वाले बैजनाथ कश्यप सब्जी दूकानदार मूलचंद शर्मा तथा भाजपा के सुल्तानपुर जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह त्रिलोकचंदी के प्लांट पर रखे छप्पर में आग लगने से उसमें रखे तखत चारपाई व अन्य सामान जलकर खाक हो गया। पीड़ित दुकानदारों का कहना है कि तिराहे से डायल 112 पुलिस जलती हुई दूकानों देखा और चली गई। स्थानीय चौकी की पुलिस भी रात में नहीं आयी।चौकी से चंद कदम की दूरी पर हुई आगजनी की घटना से स्थानीय दुकानदार दहशत में है। लोगों का कहना है कि इसके पहले भी दुकानों में परतोष तिराहे पर आगजनी की घटनाएं हुई है यदि उस समय शरारती तत्वों पर पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई की गई होती तो ऐसी घटनाएं दोबारा न होती। प्रभारी निरीक्षक शिव नारायण सिंह ने कहा कि मामले की जानकारी होने पर जांच की जा रही है।

# गुणवत्तापूर्ण टीकाकरण के लिए एएनएम का प्रशिक्षित होना जरूरी : सीएमओ



अवधनामा संवाददाता

**धनवंतरी सभागार में दो दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन**

**देवरिया।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से सीएमओ कार्यालय के धनवंतरी सभागार में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण का मंगलवार को समापन हो गया। प्रशिक्षण में जिले के बनकटा, लार और भागलपुर सीएचसी व पीएचसी पर तैनात 20 एएनएम को नियमित टीकाकरण से संबंधित जानकारी दी गई। सीएमओ डॉ ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रही एएनएम को प्रशिक्षण संबंधी प्रमाण पत्र वितरित किया। इस मौके पर सीएमओ डॉ. राजेश झा ने कहा कि जिले में नियमित टीकाकरण बेहतर तरीके से हो और गुणवत्ता बनी रहे, इसके लिए एएनएम व अन्य कर्मियों का प्रशिक्षित होना जरूरी है।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ संजय गुप्ता ने इस मौके पर कहा कि नियमित टीकाकरण से शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है। जन्म से लेकर 5 वर्ष तक के बच्चों में बाहरी संक्रमण का खतरा कहीं अधिक होता है, । इसलिए बच्चों के जन्म पर बर्थ डोज़ के टीकाकरण के साथ ही डेढ़ माह, ढाई माह, साढ़े तीन माह, नौ माह पर, 16 से 24 माह में और पांच वर्ष पूर्ण होने पर सभी टीके समय से लगवाएं। इसके अलावा 10 व 16 वर्ष की आयु पर (टिटनेस-डिप्थीरिया) टीडी का टीका लगवाना जरूरी है। प्रशिक्षण देते हुए यूनिसेफ के डीएमसी डॉ अरशद ने बताया कि नियमित टीकाकरण बच्चों को कई जानलेवा बीमारियों से बचाता है । इनमें डिप्थीरिया, काली खांसी, टिटनेस, पोलियो, टीबी, हेपेटाइटिस-बी, निमोनिया, डायरिया और खसरा-रूबेला जैसी बीमारियों से बचाव के टीके शामिल हैं। गर्भवती को टिटनेस-डिप्थीरिया (टीडी) का टीका लगाया जाता है। नियमित टीकाकरण बच्चों के अलावा गर्भवती को भी कई तरह के गंभीर बीमारियों से बचाता है। कार्यक्रम में एआरओ राकेश चंद, यूएनडीपी के प्रतिनिधि अभिषेक, एएनएम वंदना मौर्य, ज्योति यादव, मांडवी राय, अनुपमा यादव, कुमारी ममता, संगीता प्रजापति, अंजू सिंह और, अनीता प्रमुख तौर पर मौजूद रहीं।

### 80000 हजार से अधिक बच्चों का हुआ टीकाकरण

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ संजय गुप्ता गुप्ता ने बताया कि अप्रैल 2023 से फरवरी 2024 तक 81121 बच्चों का और 78900 गर्भवती का नियमित टीकाकरण कराया गया है। सप्ताह में बुधवार और शनिवार सत्र आयोजित कर टीकाकरण किया जाता है। इसके आलावा पीपी सेंटर्स सहित सहित क्षेत्र के नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रत्येक कार्यदिवस पर नियमित टीकाकरण कराया जाता है। डॉ गुप्ता ने बताया कि वर्तमान में जिले में 415 सत्रों के माध्यम से गर्भवती और बच्चों का यूविन की मदद से टीकाकरण से कराया जा रहा है।

### सत्र पर दी जाती है जानकारी

लार ब्लॉक के मेहरौना पीएचसी पर तैनात एएनएम चन्द्रकला देवी ने बताया कि टीकाकरण सत्र पर बच्चों का टीककरण कराने आने वाले लोगों को टीके के बारे में बताया जाता है और यह भी बताया जाता है कि इससे किस बीमारी से रक्षा होगी साथ ही बताया जाता है कि टीका लगने के बाद अगर बच्चे को बुखार आता है तो घबराने की जरुरत नहीं है। कुछ समय बाद बुखार उतर जाता है। टीकाकरण की अगली तिथि के बारे में भी जानकारी दी जाती है।

## भाजपा महिला मोर्चा की जिला मंत्री को मारने पीटने की धमकी देने पर केस दर्ज

**गोरखपुर।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के सिसवा प्रधान और भाजपा महिला मोर्चा जिला मंत्री माया मिश्र जो अपने बेटे आदर्श के साथ वाहन में सवार होकर जा रही थी। कि गांव के मध्य पहुंची थी की गांव के आधा दर्जन से अधिक संख्या में शरारती तत्वों ने वाहन रोक लिया। राशन न मिलने की शिकायत करते हुए मारने पीटने और जान से मारने धमकी देने लगे थे। और एससी/एसटी का केस दर्ज कराने की धमकी दिए थे। पुलिस ने नन्हेलाल, देवमती, धीरज, प्रिया, रितु, उर्मिला, कुछ अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। वही प्रिया पुत्री नन्हेलाल निवासी सिसवा ने राशन ने मिलने की शिकायत प्रधान से किया था। उसी बात को लेकर प्रधान पति, बेटे और कोटेदार ने गाली गलौज करते हुए मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दिए। पुलिस ने श्याम विशाल उर्फ टिंकू मिश्र, आदेश मिश्र, कोटेदार जुगुनू यादव के खिलाफ एससी/एसटी, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

# बाइक की आमने-सामने की टक्कर में दो की मौत, एक गंभीर

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** पडरौना कोतवाली के सहुआडीह रेगुलेटर के समीप मंगलवार अपराह्न तीन बजे मुख्य पश्चिमी गंडक नहर पर दो मोटर साइकिल के आमने-सामने टक्कर में सर्वेश पुत्र भोला 22 वर्ष और परदेशी पुत्र नगेश्वर की घटना स्थल पर मौत हो गई। दोनों मोटरसाइकिल पर पीछे सवार तीन लोग घायल हो गए।

सूचना पर पहुंची मिश्रौली पुलिस कागजी कोरम पूरा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया जहां उनकी स्थिति नाजुक देख डाक्टरों ने गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पडरौना कोतवाली के गांव मिश्रौली विश्राम पट्टी निवासी सर्वेश और सोहरौना निवासी चंदेश अपनी मोटर साइकिल से पडरौना से मुख्य पश्चिमी गंडक नहर से अपने गांव वापस लौट रहे थे। अभी सहुआडीह रेगुलेटर से कुछ ही दूर पश्चिम पहुंचे थे कि मिश्रौली की ओर से पडरौना जा रहे एक मोटरसाइकिल पर तीन लोग सवार होकर पडरौना की ओर जा रहे थे कि आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसमें मिश्रौली विश्राम पट्टी निवासी सर्वेश और रामकोला थाने के गांव धुआंटीकर निवासी परदेशी की घटना स्थल पर मौत हो गई। मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे चंदेश निवासी सोहरौना,



मृतक की फाइल फोटो

रमाकांत निवासी धुआंटीकर, वैजनाथ निवासी भुवनी घुघुली गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने कागज़ी कोरम पूरा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया जहां उनकी हालत नाजुक देख डाक्टरों ने उन्हें गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया जहां उनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

## बेटों की अपेक्षा ज्यादा तेजी से आगे बढ़ रही बेटियां



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मंगलवार को रामबली सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिण्डोरिया में विशेष शिविर के पांचवे दिन शिविरार्थियों ने चयनित गांवो में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर रैली निकाला। स्वयं सेवक सेविकाओ ने घर- घर जाकर के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के प्रति ग्रामवासियों को जागरूक किया तथा दीवालों पर इस संबंध में स्लोगन लिखा। स्वयं सेवकों सेविकाओं द्वारा प्राथमिक विद्यालय पिंडोरिया में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। मध्यान भोजन के उपरान्त उक्त विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। डॉ अरविंद सिंह ने कहा कि आज बेटों की अपेक्षा बेटियां ज्यादा तेजी से आगे बढ़ रही है। डॉ भगवती थीटे ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से लड़कियां अपनी परिवार एवं समाज में अलग पहचान बना सकती हैं। डॉ प्रज्ञा सिंह ने कहा कि शिक्षा से महिला हिंसा को कम किया जा सकता है। गोष्ठी में डॉ आदित्य बहादुर सिंह दिनेश बहादुर सिंह डॉ आकांक्षा श्रीवास्तव आदि ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किया। शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी कार्यक्रमाधिकारी सहित मुस्कान ज्योति काजल विकास महेंद्र अंजली शिवा अभिनंदन आस्था प्रशांत शिवम आदि ने विशेष योगदान दिया।

# डीएम एवं एसपी ने किया विभिन्न मतदान केंद्रों एवं अंतरराज्यीय सीमा का निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने आज अंतरराज्यीय सीमा करौंदी तथा बलुआ अफगान सहित विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतदान केंद्रों को वोटर फ्रेंडली बनाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने नारायण प्रताप शाही आदर्श इंटर कॉलेज बरियारपुर का निरीक्षण किया उक्त केंद्र पर दो बूथ बनाए गए हैं।जिलाधिकारी ने कहा कि एक जून को जनपद में मतदान होगा। मतदान केंद्रों पर छायादार स्थल, पेयजल, मतदान कक्ष में पंखा इत्यादि अनिवार्य रूप से मौजूद होनी चाहिए। जून माह की संभावित गर्मी के दृष्टिगत सभी तैयारियां पूर्ण की जाए। डीएम ने प्रकाश व्यवस्था, शौचालय, यूरिनल, चार्जिंग पॉइंट और रैंप के संबन्ध में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र पर यदि कोई दिव्यांग मतदाता अथवा ऐसा कोई वृद्ध मतदाता आता है, जो चलने में अक्षम हो, उसके लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था रहेगी तथा प्रत्येक मतदान केंद्र पर इनकी सहायता के लिए एक-एक वालेंटियर तैनात किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र को वोटर फ्रेंडली बनाया जाएगा। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने अंतरराज्यीय सीमा करौंदी का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों के हिस्ट्रीशीटरों पर विशेष निगाह रखने का निर्देश दिया। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में एलआईयू की टीम सक्रिय करने के साथ ही संदिग्ध वाहनों की सघन जांच करने का निर्देश दिया। डीएम एवं पुलिस अधीक्षक ने भटनी ब्लॉक के बलुआ अफगान एवं बिहार राज्य की सीमा पर स्थापित पुलिस चेकपोस्ट का निरीक्षण कर पुलिस की गश्त बढाने का निर्देश दिया। बलुआ अफगान स्थित अंबिका इंटरमीडिएट कॉलेज तथा प्राथमिक विद्यालय, बलुआ अफगान का निरीक्षण किया। उक्त केंद्रों पर छह बूथ बनाये गए हैं, जिनमें लगभग साढ़े छह हजार मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। डीएम एवं एसपी ने भटनी ब्लॉक के बहादुर यादव मेमोरियल पीजी कॉलेज का जायजा लिया। उक्त केंद्र पर केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों के ठहरने की व्यवस्था की जा रही है। इस दौरान एसडीएम हरिशंकर लाल, एएसडीएम अंगद यादव, तहसीलदार केके मिश्रा सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

## पुलिस द्वारा पोलिंग बूथों का किया गया स्थलीय भौतिक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक देवरिया संकल्प शर्मा के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर संजय कुमार रेड्डी द्वारा थाना महुआडीह क्षेत्रान्तर्गत, क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर श्री अंशुमान श्रीवास्तव द्वारा थाना गौरीबाजार क्षेत्रान्तर्गत तथा जनपद देवरिया के समस्त थाना क्षेत्रान्तर्गत सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत पुलिंग बूथों का स्थलीय व भौतिक सत्यापन किया गया एवं अर्द्धसैनिक बल, बाह्य जनपद से प्राप्त होने वाले पुलिस बल व होमगार्ड के ठहरने हेतु चिन्हित विद्यालयों में कमरों की संख्या, साफ-सफाई की व्यवस्था, बिजली-पानी व शौचालय आदि का निरीक्षण किया गया।

## डीएम और एसपी ने बॉर्डर का किया औचक निरीक्षण



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी निशा अनंत और पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने सोमवार को संयुक्त रूप से थाना संग्रामपुर तथा अमेठी-प्रतापगढ़ के धनापुर व अन्तू बॉर्डर का औचक निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। थाना संग्रामपुर के निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय मेस बैरिक महिला हेल्प डेस्क आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान त्यौहार रजिस्टर व अन्य अभिलेखों का अवलोकन किया शिकायती प्रार्थना पत्रों व विवेचनाओं के निस्तारण हेतु प्रभारी निरीक्षक संग्रामपुर को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत अमेठी-प्रतापगढ़ के धनापुर व अन्तू बॉर्डर थाना क्षेत्र संग्रामपुर का निरीक्षण कर संदिग्ध वाहनों व्यक्तियों एवं वस्तुओं की चेकिंग करने एवं सुरक्षा व्यवस्था तथा ड्यूटी में लगे पुलिस बल को ब्रीफ करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## शैक्षणिक भ्रमण को निकले परिषदीय विद्यालय के बच्चे



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** ब्लाक सहजनवा परिषदीय विद्यालय के बच्चे राष्ट्रीय आविष्कार किया प्रतियोगिता में शामिल और सफल बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना किया गया। इस भ्रमण में 55 पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं कम्पोजिट विद्यालय के 100 बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण पर नक्षत्र शाला, चिड़िया घर एवं नौका विहार आदि जगहों का भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण को प्राथमिक शिक्षक संघ सहजनवा के अध्यक्ष महेश कुमार शुक्ल द्वारा हरी झंडी दिखाकर कर रवाना किया गया।इस अवसर पर महेश कुमार शुक्ल ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है तथा दूसरे जगहों पर जाकर नया सीखने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर अरविंद प्रकाश द्विवेदी, प्रतिमा निगम, बिन्दू कुमारी, जनक नंन्दनी पाठक, प्रतिमा राय, ज्ञान सिंह सुनील कुमार आदि अध्यापक/अध्यापिका मौजूद रहे।

## सुरेश नेशनल ह्यूमन राइट्स के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** नेशनल ह्यूमन राइट्स एंड जस्टिस मूवमेंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद अरशद खान के सन्तुति पर प्रदेश अध्यक्ष असफाक हुसैन मेकरानी ने पंडित सुरेश कुमार शुक्ल को संगठन का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत होने पर पूर्व विधायक यशपाल रावत, प्रवीण कुमार अग्रवाल, अरुणेश शुक्ल, देवेंद्र कुमार, अमित पांडेय, रविंद्र गुप्ता मुजीब उर रहमान डा सईद बाबू रहबर, कमरे आलम, आलमीन अदनान रहबर ने बधाई दी है।

# लोकतंत्र के पर्व में हर वोट है जरूरी: डॉ संदीप कुमार

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना सप्त दिवसीय शिविर में सोमवार को इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब (निर्वाचक साक्षरता क्लब) की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में युवाओं को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।




**महायोगी गोरखनाथ विवि के इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के एक दिवसीय कार्यशाला में युवा मतदाताओं को किया जागरूक**

कार्यशाला में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के स्वीप नोडल अधिकारी डॉ संदीप कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में प्रथम संस्कार मतदान है। एक एक वोट से सरकार गिरती और बनती है। वोट का अधिकार प्रत्येक व्यक्ति का मौलिक अधिकार है। एक एक मत का दान अखंड भारत के नव निर्माण में समृद्धता के द्वार खोल सकता है। इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब में विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थी सम्मलित होकर जन जन को वोट देने के लिए प्रेरित करेंगे ।राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ अखिलेश दूबे और कार्यक्रम अधिकारी धनंजय पाण्डेय ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से चुनाव को संपन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध है । लोकतंत्र को सफल बनाने में हर नागरिक की जिम्मेदारी अहम है अपने आस पास के लोगो को मतदान के लिए प्रेरित करे जिससे कोई भी मतदाता वोट के अधिकार से वंचित न हो । कार्यशाला में कार्यक्रम अधिकारी धनंजय पाण्डेय के नेतृत्व में सभी विद्यार्थियों ने मतदान का प्रतिज्ञा लिया ।राष्ट्रीय सेवा योजना की आर्यभट्ट इकाई , परिजात इकाई, नचिकेता इकाई , सबरी माता इकाई , गार्गी इकाई, अनुसुईया इकाई ने मानीराम, सिकटौर, सोनबरसा और बालापार गांव में 400 स्वयं सेवको ने घर घर जाकर शिक्षा और मतदान के प्रति जागरूक किया गया। कार्यशाला में ग्राम सभा सिक्टौर के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राकेश सिंह,लेखपाल दिनेश कुमार पंकज,ग्राम विकास अधिकारी श्रीमती सीमा शर्मा जी,सेवानिवृत्त उच्च जिला कृषि अधिकारी श्री दयानंद यादव ने किया ने मतदान के प्रति छात्रों को प्रेरित किया । लेखपाल दिनेश कुमार ने युवाओं को मतदाता सूची में जुड़ने व अधिक से अधिक प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। ग्राम पंचायत अधिकारी श्रीमती सीमा शर्मा और सेवानिवृत्त उच्च जिला कृषि अधिकारी श्री दयानंद यादव ने छात्रों को मतदान के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि सही प्रतिनिधि के चुनाव में आप की महती भूमिका है। अपनी पैनी दृष्टि से आप अपने जन प्रतिनिधि का चयन कर अच्छे भविष्य की कल्पना कर सकते हैं। कार्यशाला का संचालन छात्र ब्रांड एंबेसडर शिवम पाण्डेय और आभार निलेश यादव ने किया । कार्यशाला में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ विकास यादव, कुंवर अभिनव सिंह, शिवांगी दूबे, स्वयं सेवक अमन शर्मा, अंजली सिंह, शिवम पाण्डेय, आशीष चौधरी, अमित पाठक उपस्थित रहे।

## एनएसएस के सप्तदिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना की समस्त इकाई का सप्तदिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस के द्वितीय बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ.प्रदीप राव ने पुष्पांजलि कर व्याख्यान देते हुए स्वयसेवको को राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर का महत्त्व बताते हुए बताया कि जीवन मूल्य क्या होता है कहा से कैसे सीखा जा सकता है कौन सी सीख जीवन को कब बदल दे आप नहीं सोच सकते है हमेसा कल क्या करना है वह हमेशा आपको प्रेरणा देगा और आगे बढ़ने में मदद करेगा समय का मुल्यांकन कर जीवन के अनुशासन को अपने चरित्र और संस्कार में उतारने का प्रयास करना चाहिए। शिविर अवधि में तीन मूल्यांकन अवश्य करें जिसमे अपने लिए घर परिवार पड़ोस, देश एवं विश्वविद्यालय के लिए ठीक रहे इसके साथ साथ विधार्थी स्वयं का मूल्यांकन स्वत - करे । कार्यक्रम में पूर्व औषधी महानियंत्रक निदेशक डॉ. जी. एन. सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल अतुल बाजपेई गुरु श्री गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंस के निर्देशक कर्नल डॉ राजेश बहल, विश्वविद्यालय अधिष्ठाता प्रशासन प्रो.राजेन्द्र भारती एवं सभी कार्यक्रम एवं स्वयसेवक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का आभार ज्ञापन सुश्री प्रिया सिंह ने किया। शिविर के तृतीय दिन का शुभारंभ प्रात राष्ट्रीय सेवा योजना की समस्त इकाइयों के सप्तदिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिन प्रात- काल सभी स्वयंसेवकों ने समय सारणी के अनुसार 6 बजे उठकर सरस्वती वंदना हे शारदे माँ अज्ञानता से हमे तार दें.......फिर राष्ट्रगान एवं उसके उपरांत एनएसएस का गीत उठे समाज के लिए उठे.........कर प्रर्थना सभा के उपरांत योग प्रशिक्षक सुश्री चिन्मयी सहायक आचार्य आयुर्वेद संकाय द्वारा सभी विद्यार्थियों को योग कराया गया जिसमें मुख्य रूप से प्राणायाम, अनुलोम विलोम, सूर्य नमस्कार कर प्रारंभ किया गया। उसके उपरांत सभी इकाई अपने चयनित ग्राम में जाकर परियोजना का कार्य करने सुबह 8 बजे से राष्ट्रीय सेवा योजना (आर्यभट्ट इकाई एवं पारिजात इकाई द्वारा शिविर को स्वच्छ जागरूपता शपथ ग्रहण कराया गया जिसमे गांव के लोगो को जागरूक किया गया।

# डीएम ने एफ.एस. टीम के सदस्यों के साथ की वीडियो कांफ्रेंसिंग

**लोकेशन व दैनिक गतिविधियों से हुईं रू-ब-रू**



**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से आदर्श आचार संहिता का पालन कराने तथा व्यय अनुवीक्षण पर निगरानी रखने के उद्देश्य से जिले में विधानसभावार फ्लाईग स्क्वायड तथा वीडियो निगरानी टीमों का गठन किया गया। जनपद में गठित की टीमों की गतिविधियों एवं लोकेशन का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी कलेक्ट्रेट स्थित ई-डिस्ट्रिक्ट कार्यालय में इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल पहुंच कर एफ.एस. तथा वी.एस.टी. के सदस्यों से वीडियो कांफ्रेसिंग कर क्षेत्र में उनकी गतिविधियों का जायज़ा लिया तथा लोकसभा निर्वाचन की बाबत आवयक दिशा निर्देश दिये।

डीएम ने एफ.एस. टीम के सदस्यों को निर्देश दिया कि वह क्षेत्र में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराएं और उनके द्वारा किये गये कार्य धरातल पर दिखाई दें। डीएम ने क्षेत्र में तैनात टीमों को भोर व देर रात में विशेष सतर्कता बरतने की हिदायत देते हुए कहा कि समस्त एसडीएम व सीओ को निर्देश दिया गया है कि क्षेत्र में कार्य कर रही टीमों को हर संभव सहयोग व मार्गदर्शन देते रहें। डीएम ने एफ.एस. टीमों को निर्देष दिया कि डे-बाई-डे की जो भी एक्टिविटी हो उसकी सूचना अनिवार्य रूप से प्रेषित की जाय। कन्ट्रोल रूम से निकल कर डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

## परीक्षण कर त्रुटिरहित एवं हस्ताक्षरयुक्त रिपोर्ट प्रेषित करें प्रभारी अधिकारीः डीएम

**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए नामित प्रभारी अधिकारियों को जिलाधिकारी मोनिका रानी ने निर्देश दिया है कि डिस्ट्रिक्ट मैनेजमेन्ट प्लान हेतु अपने विभाग से सम्बन्धित सूचनाओं/आंकड़ों को भेजने से पूर्व पुनः परीक्षण कर त्रुटिरहित एवं हस्ताक्षरयुक्त रिपोर्ट के साथ यह प्रमाण-पत्र भी प्रस्तुत किया जाय कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अध्ययन करने के उपरान्त उपरोक्त सूचनायें तैयार की गयी है तथा इस सूचना व आंकड़ों का प्रमाणन जिला निर्वाचन कार्यालय से भी करा लिया गया है। इस सूचना में किसी प्रकार की त्रुटि पायी जाती है, तो इसके लिए मैं स्वयं उत्तरदायी होउंगा। डीएम ने सभी प्रभारी अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत प्रतिदिन निर्वाचन आयोग को प्रेषित की जाने वाली सूचनाओं की एक प्रति उनके शिविर कार्यालय को भी प्रेषित की जाय।

# संदेहास्पद लेन-देन पर कड़ी नज़र रखेंगे सभी बैंक व डाकघर शाखाएं

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 अन्तर्गत निर्वाचन प्रक्रिया की शुद्धता को बनाए रखने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग की ओर से व्यवस्था दी गयी है कि चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों द्वारा स्वयं अपने या अपने निर्वाचन एजेण्ट के साथ संयुक्त रूप से एक खाता खुलवाया जायेगा। अभ्यर्थी के सभी निर्वाचन व्यय केवल इसी खाते से किये जायेंगे। अभ्यर्थी अपनी सुविधा के अनुसार यह खाता किसी भी को-आपरेटिव बैंकों, डाकघरों या किसी भी अन्य बैंकों में खोल सकते हैं। लीड बैंक प्रबन्धक व डाक अधीक्षक को निर्देश दिया गया है कि अभ्यर्थियों का खाता खुलवाये जाने में अपेक्षित सहयोग प्रदान किया जाय। यह जानकारी देते हुए वरिष्ठ कोषाधिकारी/प्रभारी (नोडल) अधिकारी निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण सेल नरोत्तम शरण ने बताया कि लीड बैंक प्रबन्धक व डाक अधीक्षक को यह भी निर्देश दिया गया है कि सभी बैंक व डाकघर निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी भी व्यक्ति के बैंक खाते से नकद की प्रतिदिन संदेहास्पद निकासी पर भी नज़र रखते हुए संदेहास्पद लेन-देन की जानकारी जिला निर्वाचन कार्यालय, बहराइच को अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायेंगे।

जिले के सभी डाकघर व बैंक शाखाओं को निर्देश दिया गया है कि असामान्य तथा संदेहास्पद नकद निकासी या निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान 10 लाख से अधिक की राशि बैंक/डाकघर में जमा करवाना जबकि पिछले दो माह के दौरान इस प्रकार की जमा व निकासी न की गयी हो या निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान नकदी के बिना किसी पूर्व स्थानान्तरण के जिला/निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न व्यक्तियों के बैंक/डाकघर खाते में एक ही बैंक/डाकघर खाते से आरटीजीएस द्वारा राशि का असामान्य हस्तान्तरण या मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर उपलब्ध अभ्यर्थियों द्वारा दाखिल हलफनामे में उल्लिखित अभ्यर्थियों को, उनके पति/पत्नी या उनके आश्रितों के बैंक/डाकघर खाते से 01 लाख से अधिक की नकदी की जमा-निकासी या निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान राजनैतिक दल के खाते में 01 लाख से अधिक नकदी की जमा या नकदी की निकासी अथवा अन्य कोई सन्देहास्पद नकदी का लेन-देन जिसका निर्वाचको को रिश्वत देने में प्रयोग किया गया हो तो ऐसे मामलों की जानकारी जिला निर्वाचन कार्यालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायी जाय।

## सहायक व्यय प्रेक्षकों का प्रशिक्षण 20 मार्च को

**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से 20 मार्च 2024 को अपरान्ह 04:00 बजे से वरिष्ठ कोषाधिकारी कार्यालय, बहराइच में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु विधानसभावार नियुक्त किये गये सहायक व्यय प्रेक्षकों एवं रिज़र्व सहायक व्यय प्रेक्षकों का प्रशिक्षण प्रस्तावित है। यह जानकारी देते हुए नोडल अधिकारी व्यय अनुवीक्षण सेल/वरिष्ठ कोषाधिकारी नरोत्तम शरण ने बताया कि 282-बलहा (अ.जा.) हेतु पीएनबी डिगिहा के सूरज, 283-नानपारा के लिए बैंक ऑफ इण्डिया छावनी बाज़ार के मिथलेश कुमार, 284-मटेरा हेतु इण्डियन बैंक बुबकापुर के अनूप वर्मा, 285-महसी हेतु यूपियन बैंक ऑफ इण्डिया वीमार्ट के ऋषभ श्रीवास्तव, 286-बहराइच हेतु सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया पयागपुर के घनश्याम दुबे, 287-पयागपुर हेतु इण्डियन बैंक डिगिहा के आशीष नारायन व 288-कैसरगंज हेतु बैंक ऑफ बड़ौदा छावनी के अभिषेक सिंह को सहायक व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है।

# आदर्श आचार संहिता का पालन करवाने के लिए पुलिस ने कसी कमर



**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा के निर्देशन में आदर्श आचार संहिता के नियमों का पालन करानें तथा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष,शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराने के लिए जनपद पुलिस ने कमर कस लिया है।चुनाव के दृष्टिगत पुलिस बल व अर्धसैनिक बल के साथ एरिया डोमिनेशन के तहत रूट मार्च/फुट पेट्रोलिंग की गई। पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अरुणचन्द के पर्यवेक्षण मे आदर्श आचार संहिता के नियमों का पालन करानें तथा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत जनपद के थानों पर पुलिस द्वारा गस्त की गई।इसी क्रम में थाना लम्भुआ पुलिस व अर्धसैनिक बल के साथ एरिया डोमिनेशन के तहत मुख्य मार्गो तथा संवेदनशील स्थानो पर रूट मार्च/फुट पेट्रोलिंग किया गया। जनता में शान्ति व सुरक्षा का अहसास कराने हेतु संवेदनशील स्थानों व मार्गो पर रूट मार्च/फुट पेट्रोलिंग की गयी।

## प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर का नही उठता सी यू जी, फरियादी रहते हैं परेशान

**सुल्तानपुर।** थाना कोतवाली नगर की पुलिसिंग राम भरोसे ही चल रही है।फरियादी जब किसी भी मामले में रिपोर्ट दर्ज करवाने थाना कोतवाली नगर जाता है,तो उससे तहरीर लेकर जांच करने की बात कही जाती है।फिर शुरू होता है पीड़ित से चक्कर लगवाने का खेल।अमूमन तो पीड़ित थक हारकर बैठ जाता है,किंतु कुछ अधिकारियों के दरबार में पेश हो जाते हैं।अधिकारियों की कृपा दृष्टि पड़ गई तो एफ आई आर लिख गई,नही तो उसके पास न्यायालय के अतिरिक्त कोई चारा हो नही बचता।कोतवाली नगर जिला मुख्यालय का थाना होने के चलते संवेदनशील बना रहता है,किंतु प्रभारी निरीक्षक श्री राम पांडेय की हीला हवाली के चलते क्षेत्र के निवासी त्रस्त हो गए हैं।नागरिकों ने पुलिस अधीक्षक से सीधे हस्तक्षेप करके समस्या का निराकरण करवाने की अपील की है।

# हम सबने ठाना है, 100 प्रतिशत मतदान कराना है

**अवधनामा संवाददाता**



**सुल्तानपुर।** पीपर गांव मंडल की बैठक में मंडल के सभी पदाधिकारियों के साथ परिचय किया गया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की फिर एक बार सरकार मोदी सरकार बनाने के लिए अबकी बार 400 के पार संकल्पित होकर कार्य करने निवेदन किया। घर घर संपर्क अभियान, लाभार्थी संपर्क अभियान, माइक्रो डोनेशन अभियान के अंतर्गत 11 लोगो का माइक्रो डोनेशन भी कराया। सभी से यह आवाहन किया की विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में लोकतंत्र के महापर्व की घोषणा हो गई है। 18वीं लोकसभा के गठन के लिए सात चरणों में मतदान कराया जाएगा।हम सभी के लिए ऐतिहासिक अवसर है। आइए हम सब भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए अपना वोट डाले। मंडल की बैठक में मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी बबिता अखिलेश तिवारी क्षेत्रीय महामंत्री महिला मोर्चा काशी पूर्व जिला पंचायत सदस्य कुड़वार जी रही, अध्यक्षता लोकप्रिय मंडल अध्यक्ष अवधेश दुबे जी ने किया , बैठक में पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रदीप पांडेय दादा जी, रामसुरेश तिवारी जी विधान सभा संयोजक बलराम मिश्रा जी, विधानसभा संयोजक विजय द्विवेदी जी मंच का संचालन शिवपाल अग्रहरी जी ने किया मंडल महामंत्री जग प्रसाद वर्मा, सौरभ, वेद प्रकाश, सुरेंद्र, रामतिलक, रामबरन, माधुरी, कविता, गीता, रीता, युवा मोर्चा धर्मवीर मिश्रा, अरविंद सिंह, अनिल सिंह, शक्ति सिंह, बलराम मिश्र, अंकित पांडेय, सोशल मीडिया प्रमुख सुधांशु मिश्रा, पवन शुक्ला शेष कुमार अनसूचित मोर्चा मंडल अध्यक्ष, रईस अहमद अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष, पिछड़ा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष समस्त पदाधिकरी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सीडीओ ने पचदेवरी मतदान केन्द्र का किया निरीक्षण



**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्गित मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर ने विधानसभा क्षेत्र महसी अन्तर्गत मतदान केन्द्र पचदेवरी के बूथ संख्या 70, 71, 72 व 73 का निरीक्षण कर मतदान केन्द्र पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायज़ा लेते हुए मौके पर मौजूद ग्राम प्रधान, कोटेदार, आशा, एएनएम, रोजगार सेवक, पंचायत सहायकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मतदान केन्द्र के निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने विगत लोकसभा सामान्य निर्वाचन में 40 प्रतिशत से कम मतदान के कारणों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए ग्रामवासियों को शपथ दिलायी कि हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

### सुदामा प्रसाद दुबे ग्रापए प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोनीत



**बांसी (ललितपुर)।** रविवार को लखनऊ में आयोजित ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रवण कुमार द्विवेदी एवं प्रदेश महामंत्री महेंद्र नाथ सिंह की संस्तुति पर सुदामा प्रसाद दुबे को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की प्रदेश कार्यसमिति का सदस्य मनोनीत किए जाने पर ग्रापए के सदस्यों द्वारा प्रशन्नता जाहिर की गई है। इस दौरान हर प्रसाद मोदी, विमलेन्द्र नामदेव गुड्डु, डा. हरिमोहन गोस्वामी, रवि कुमार बबेले, शैलेंद्र पुरोहित शैलू, राहुल सुमन, प्रकाश अहिरवार, मौजूद रहें।

### प्रेस क्लब में शोकसभा का हुआ आयोजन



**ललितपुर।** मंगलवार को सुपरमार्केट स्थित प्रेस क्लब भवन में प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन हुआ। आपको बता दें कि विगत दिवस प्रेस क्लब पूर्व महामंत्री सत्येंद्र सिंह सिसोदिया के छोटे भाई धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू राजा एक लंबी बीमारी के चलते अकस्मात निधन हो गया था। प्रेस क्लब में उपस्थित पत्रकार साथियों ने उनके अकस्मात निधन पर शोक व्यक्त किया एवं 2 मिनट मौन धारण कर सभी ने उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इसके पश्चात उपस्थित सभी पत्रकार साथियों ने उनके निवास पर जाकर प्रेस क्लब के माध्यम से शोक पत्र उनके परिजनों को सौंपा एवं शोकाकुल परिजनों को शोक संवेदना व्यक्त की। शोक सभा का संचालन प्रेस क्लब पर उपाध्यक्ष विजय जैन कल्लू द्वारा किया गया। इस मौके पर प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन, कोषाध्यक्ष अमर प्रताप सिंह, अनंत शराफ, अजय श्रीवास्तव, अजीत भारती, हरिशंकर अहिरवार,मनोज जैन, शत्रुघ्न शुक्ला, रमेश रैकवार, गोलू पुरोहित, अजय तोमर, अमित संज्ञा बृजेश पंत, अनूप मोदी, प्रदीप रिछारिया, कृष्णकांत सोनी, भगवत श्रोतीय, राम प्रताप, विनोद मिश्रा, सूरज सिंह राजपूत, आलोक चतुर्वेदी, भागवत नारायण, विनोद राज सेन,पंकज रैकवार, सुमित, आकाश ताम्रकार आदि सभी पत्रकार साथी मौजूद रहे।

## बगैर अनुमति मुख्यालय छोड़ने पर दण्डित होंगे अधिकारी कर्मचारी

**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल व निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराये जाने हेतु जिलाधिकारी मोनिका रानी ने समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों को सचेत किया है कि यदि किसी भी अधिकारी/कर्मचारी द्वारा बिना अनुमति के मुख्यालय छोड़ने/अवकाश पर जाने का तथ्य प्रकाश में आता है, तो सम्बन्धित के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी। डीएम ने कहा कि ऐसे अधिकारी कर्मचारी जिनकी ड्यूटी निर्वाचन में लगी है, उनके अवकाश स्वीकृत किये जाने विषयक प्रार्थना-पत्र प्रभारी अधिकारी (कार्मिक) के माध्यम से उप जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी की सहमति के उपरान्त ही स्वीकृत किये जायेंगे।

# मनरेगा में किसी प्रकार का भ्रष्टाचार होने नहीं दूंगाः महेंद्र विक्रम सिंह

**लोकपाल मनरेगा महेंद्र विक्रम सिंह ने ग्रहण किया कार्यभार**

**अवधनामा संवाददाता**



**सुल्तानपुर।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा निर्गत दिशा निर्देश की क्रम में लोकपाल मनरेगा के पद हेतु महेंद्र विक्रम सिंह को दूसरे कार्यकाल विस्तार हेतु शासन द्वारा मंजूरी दी गई। जिसके अनुपालन में महेंद्र विक्रम सिंह मनरेगा लोकपाल सुल्तानपुर का पद ग्रहण किया।

महेन्द्र विक्रम सिंह सुल्तानपुर जनपद के मूल निवासी हैं। प्रदेश स्तर पर इनकी छवि को ईमानदार और कर्मठ लोकपाल के रूप में की जाती है। इन्होंने अपने पिछले कार्यकाल में मनरेगा योजना में हो रहे भ्रष्टाचार पर पूरी तरह से अंकुश लगा दिया था। मनरेगा में हो रहे भ्रष्टाचार की शिकायत पर इनके द्वारा जांच कर जो आदेश निर्गत किया गया वह प्रदेश स्तर पर चर्चा का विषय बना रहा। इनके इन्ही निष्पक्ष कार्यो का मूल्यांकन राज्य सरकार द्वारा करते हुए पुनः द्वितीय कार्य काल के लिए सेवा विस्तार किया गया।

महेन्द्र विक्रम सिंह बताया की मनरेगा योजना अंतर्गत हो रहे कार्यो में अनियमितता और अन्य किसी भी प्रकार की शिकायत हेतु लोकपाल कार्यालय में आकर अपनी शिकायत दर्ज कराएं।अथवा मेरे फोन नंबर पर ही सूचना देने पर त्वरित कार्यवाही की जायेगी। शासन की लोक कल्याणकारी मंशा के अनुरूप मनरेगा में किसी प्रकार का भ्रष्टाचार होने नहीं दूंगा। लोकपाल का कार्य भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुसार प्राप्त सभी शिकायतों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करते हुए राज्य सरकार को त्रैमासिक एवं वार्षिक रिपोर्ट उपलब्ध कराया जायेगा।

# मुख्य चिकित्साधिकारी ने किया अस्पताल का निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**




**महरौनी (ललितपुर)।** मंगलवार को जिला के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद ने महरौनी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। सर्वप्रथम उन्होंने सभी ओपीडी, दवा वितरण और इमरजेंसी में रखे रजिस्टर की जांच की। इसके बाद उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती महिलाओं से बात की और प्रदेश सरकार की ओर से दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जाना। अस्पताल की साफ-सफाई, रंगाई-पुताई देखी और व्यवस्था देख चिकित्सा अधीक्षक की प्रशंसा की। उन्होंने चिकित्सा अधीक्षक डॉ सिद्धार्थ जैन को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि टीबी के कैंप लगाकर जांच की जाए । मरीजों को सभी सुविधाएं मिल सके ।उन्होंने सिकल सेल एनीमिया की जांच पर संतुष्टि व्यक्त किया। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था को चाक-चौबंद पाया।इस मौके पर डॉ आर एन सोनी, डॉ प्रदीप यादव, डॉ राजेन्द्र भूषण पटैरिया, डॉ रविन्द्र कौर सहित अस्पताल के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गुटखा की बात पर सिपाही ने शिक्षक पर बरसाई गोलियां

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश के जनपद मुजफ्फरनगर में पुलिस सिपाही द्वारा गुटखा की मांग पूरी न होने पर शिक्षक पर सरकारी कार्बाइन बंदूक से गोलियां बरसाई गई। इस नृशंस हादसे में शिक्षक की मौत हो गयी। मामले ने पूरे उत्तर प्रदेश के राजनैतिक गलियारों में तहलका मचा दिया है। मंगलवार को स्नातक विधायक प्रतिनिधि/समाजवादी शिक्षक सभा ने जिलाध्यक्ष विजय सिंह यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदेश की महामहिम राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जनपद में पुलिस आरक्षी चंद्रप्रकाश द्वारा शिक्षक धर्मेन्द्र कुमार की गोलियां बरसाकर नृशंस हत्या से प्रदेश के शिक्षक समाज में रोष व्याप्त है। समाजवादी शिक्षक सभा ने इस कृत्य की घोर निंदा की है। आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश की पुलिस बेलगाम हो गई है। यह भी आरोप है कि कानून व्यवस्था ध्वस्त है, चारो तरफ जंगलराज है। रक्षक ही भक्षक बन बैठे है। प्रदेश सरकार सिर्फ विपक्ष के नेताओं को हर तरह से परेशान करने की जुगत में लगी रहती है। अधिकारियों पर सरकार का नियंत्रण नहीं है। समाजवादी शिक्षक सभा उत्तर प्रदेश आपसे न्याय की अपेक्षा करती है और मृतक शिक्षक धर्मेन्द्र के परिवार को 5 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता देने और आरक्षी चंद्रप्रकाश को कड़ी से कड़ी सजा देने

# नि:शुल्क कला साधना शिविर 31 मार्च से

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** सिद्धन रोड स्थित कला भवन में कला प्रतिभाओं को दक्षता प्रदान करने एवं कला बारीकियाँ सिखाकर एक अच्छे कलाकार तैयार करने हेतु दिनांक 31 मार्च से 21 अप्रैल 2024 तक निःशुल्क कला साधना शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के आयोजक प्रसिद्ध कलाविद् ओमप्रकाश बिरथरे ने बताया कि इस शिविर में भारतीय चित्रकला का इतिहास, बुन्देली चित्रकला, मानव आकृति का विभिन्न आकृतियों में विकास, कैलीग्राफी, डिजाइन, टोन्स, दृष्टिक्रम के सिद्धांत, दृश्य चित्रण, पिक्चर कम्पोजीशन आदि विषयों पर चर्चा एवं अभ्यास कराया जायेगा। इस शिविर में इस बार विशेष रूप से बुन्देलखण्ड की चित्रकला के विशिष्ट आयाम जैसे चितेरी कला, नौरता, कोहबर, मौरते आदि तथा बुन्देली चित्रकला सजावट के विभिन्न आयामों पर चित्रांकन कराते हुए अपनी बुन्देली चित्रकला से अवगत कराते हुए अभ्यास कराया जायेगा, जिससे साधक अपनी लोक चित्रकला को जान सके। यह शिविर सायं 4 बजे से 5.30 बजे तक प्रतिदिन चलेगा। इस शिविर में भाग लेने वाले कला साधक दिनांक 21 से 24 मार्च एवं 28 से 29 मार्च 2024 तक अपने माता-पिता अथवा अभिभावक के साथ प्रातः 8 बजे से 12 बजे तक कला भवन में उपस्थित होकर नामांकन करा सकते हैं। चित्रकार ओ. पी.. बिरथरे ने बताया कि इस प्रकार के शिविर साधनहीन कला साधकों को सीखने के लिए बहुत अच्छे अवसर प्रदान करते हैं, जिसमें कला प्रतिभायें रोजगार के साथ साथ कला जगत में भी अपना नाम स्थापित कर सकते है।

# देह व्यापार की आड़ में किया जा रहा था ब्लैकमेल

**एक नामजद महिला सहित दो अज्ञात पर किया मामला दर्ज**

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** नगर के एक मोहल्ले में देह व्यापार की आड़ में घर बुलाकर बंधक बनाने व ब्लैकमेल कर पचास हजार रुपये लेने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर एक नामजद महिला सहित दो अज्ञात के खिलाफ बंधक बनाकर ब्लैकमेल करने का मुकदमा दर्ज कर संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। नगर के मोहल्ला नेहरू नगर में बीते कुछ माह से एक मकान में देह व्यापार का काला कारोबार बड़े पैमाने पर किया जा रहा था। स्थानीय चौकी व कोतवाली पुलिस को इस देह व्यापार की जानकारी होने के बाद सोमवार को कोतवाली पुलिस ने मकान में छापेमारी कर कुछ दस्तावेज व बैग बरामद किये है। देह व्यापार के आड़ में चल रहे काले कारोबार में लोगों को बुलाकर बंधक बनाकर उन्हें ब्लैकमेल करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने एक नामजद पीड़ित की शिकायत पर एक महिला सहित दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस देह व्यापार के काले कारोबार से जुड़े प्रत्येक पहलू की गहनता से पड़ताल करने में जुट गयी है। पुलिस की जांच के उपरांत इस देह व्यापार से जुड़े कई आरोपियों के गिरफ्तार होने का अनुमान लगाया जा रहा है। नगर के मोहल्ला तालाबपुरा निवासी प्रदीप चतुर्वेदी पुत्र नंदकिशोर ने पुलिस को बताया कि वह भवन निमार्ण की ठेकेदारी का कार्य करता है। बीते दो माह पूर्व पांच जनवरी को करीमनगर में रहने वाले पूर्व से परिचित महिला ने उसे एक अंजान नम्बर से फोन कर भवन निमार्ण की बात कर उसे घर बुला लिया। भवन देख वह वापस आकर तुवन चौराहे के पास बैठ कर चाय पी रहा था। कुछ समय बाद पुनः आरोपित महिला ने उसे पुत्र के घर न आने की बात कर उसे तुवन तक छोड़ने की बात कर घर बुला लिया। घर पहुंचने पर आरोपित महिला की जगह दूसरी महिला मिले उसने उसे बैठने की बात कही, कुछ समय बाद एक महिला व एक पुरूष घर आया और दरवाजा पर अंदर से ताला डालकर दुष्कर्म के मामले में फंसाने के झूठे आरोप लगाते हुए उसे बंधक बनाकर ब्लैकमेल इस बात की जानकारी देने बाद उक्त आरोपी महिला भी मौके पर आ गयी, सभी लोगों की मिलीभगत देखने के आरोपियों ने उसे भयभीत कर फोन पे के माध्यम से 15 हजार व उसे ब्लैकमेल कर पचास हजार रुपये ले लिये।

## माँ और गुरुवर जी की आरती करने से मिलता है भक्ति, ज्ञान और आत्मशक्तिः माधव

**ललितपुर।** हर माह की भांति आज श्री श्री 1008 संकट मोचन हनुमान मंदिर कचहरी परिसर में मासिक महाआरती का क्रम रखा गया। जिसमें सबसे पहले गुरुवर जी के जयकारे रामसिंह जी ने लगाये और मा के जयकारे भगवती मानव कल्याण संगठन जिला ललितपुर के कोषाध्यक्ष भगवत कुशवाहा ने लगाये तीन-तीन बार शंख ध्वनि कर साधना क्रम को पूरा किया। जिसकी समापन बेला पर भगवती मानव कल्याण संगठन ललितपुर के जिला अध्यक्ष माधव यादव ने चिंतन दिये है कि हम सभी लोगो को नशा मुक्त मांसाहार मुक एवं चरित्रवान जीवन जीते हुए धर्मरक्षा, राष्ट्रक्षा और मानवता कि सेवा के लिए सदा अग्रसर रहना चाहिए हम सभी लोगो को नित्य प्रतिदिन सुबह और शाम को साधना करने के बाद 20 मिनट ध्यान जरूर लगाना है, अपने दोस्त भाई, रिश्तेदारों को,आस पड़ोस वालों महाआरती कि सूचना जरूर देना है अगर कोई किसी भी प्रकार से परेशान है तो उसको महाआरती में लेकर जरूर आया करे जिले एवं सभी टीम प्रमुख, पदाधिकारियों, गुरूभाई एवं गुरु बहनों को नववर्ष 2024 के सिद्धाश्रम पत्रिका के सदस्य जरूर बनना है, उन्होंने जानकारी दी है कि भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के 46 लोकसभा झांसी- ललितपुर संसदीय सीट से प्रत्याशी अनिल पटेल को सासंद का प्रत्याशी घोषित किया गया है।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–निविदा सूचना**

उप मुख्य अभियन्ता/नि0–चतुर्थ/लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफार्मा पर मोहर बन्द **ई–निविदा एक पैकेट** में आमन्त्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम व स्थान** : उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल पर, बाराबंकी–मल्हौर तीसरी और चौथी लाइन (32.84 किमी) के अंतर्गत, उप मुख्य अभियंता निर्माण चतुर्थ के अधीन, बाराबंकी–मल्हौर (बाराबंकी–मल्हौर यार्ड सहित) ब्लैंकेटिंग, रिटेनिंग वॉल, एप्रोच रोड, नालियों, मौजूदा भवनों का सुधार कार्यों के साथ साथ बचे हुए अन्य विविध सिविल कार्य | |
| 2 | **कार्य पूरा करने की अवधि** | **15 (पंद्रह) माह** |
| 3 | **कार्य की अनुमानित लागत** | **रू० 829.70 लाख** |
| 4 | **धरोहर राशि** | **रू० 5,64,900.00** |
| 5 | **ई निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख** | निविदाएँ दिनाँक **15.04.2024** को **11.30** बजे तक आई०आर०ई०पी०एस० के वैबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती है तथा दिनांक **15.04.2024** को समय **11.30** बजे खोली जायेगी। |
| 6 | **विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र** | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनाँक **23.03.2024** से आई०आर०ई०पी०एस० के वैबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगे व दिनांक **01.04.2024** से **15.04.2024** तक ई–निविदा अपलोड की जा सकती हैं। |

संख्याः 68–टेण्डर/उप–मुख्य अभियंता/नि०–चतुर्थ/लखनऊ दिनांक 18.03.2024 873/2024

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# पालिका अध्यक्ष व अधिशाषी अधिकारी पर व्यापरियों नें लगाए गम्भीर आरोप

**दुकानों के बढ़े किराए को लेकर व्यापारियों ने नारेबाजी कर सांसद को सौंपा ज्ञापन**

अवधनामा संवाददाता।

**मौदहा हमीरपुर।** लोकसभा आम चुनावों की घोषणा के साथ ही सभी राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता व उम्मीदवार सक्रिय हो गए हैं जिसके चलते कस्बे के एक गेस्ट हाउस में सांसद के मिलन कार्यक्रम में मौदहा के व्यापारियों ने नगरपालिका द्वारा दूकानों के किराए को बढाने के मामले को बीजेपी विरोधी और बहुजन समाज की मानसिकता बताकर नारेबाज़ी करते हुए सांसद को ज्ञापन सौंपा। कस्बे के एक गेस्ट हाउस में सांसद पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल के मिलन समारोह में पहुंचे व्यापारियों ने नारेबाजी करते हुए एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें नगरपालिका द्वारा नगरपालिका की दूकानों जो व्यापारियों ने अनुबंध पर ली हैं उनके किराए को बढाने के मामले को नगरपालिका अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी को बहुजन समाज की मानसिकता का बताते हुए सरकार विरोधी बताया साथ ही लोकसभा चुनावों में बीजेपी को वोट नहीं करने का दबाव बनाने के लिए ऐसा करने की बात कही है।इस दौरान कुलदीप गुप्ता, मोमिन, प्रतीक, दीपराज अवस्थी, विनय कुमार, छोटे लाल, प्रतीक सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे।



## गर्मियों के शुरू में ही पेयजल संकट बढना शुरू, हैण्डपम्प बने शोपीस

**सुमेरपुर/हमीरपुर** गर्मी का आगाज शुरू होते ही कस्बे के रेलवे स्टेशन में पेयजल संकट गहराने लगा है। प्लेटफार्म में लगे हैण्ड पम्प एवं वाटर कूलर खराब होने से यात्रियों को पानी खरीदकर गला तर करने को मजबूर होना पड़ रहा है। कस्बे के रेलवे स्टेशन में यात्रियों को पानी पीने के लिए हैंडपंप, वाटर कूलर, पेयजल टंकी का सहारा है। प्लेटफार्म में लगे हैंडपंप, वाटर कूलर खराब है। पानी की टंकियो से टोंटियां नदारत हैं और सप्लाई ठप है। इससे यात्री पानी के लिए परेशान होते हैं। दैनिक यात्री रामू शुक्ला, बबलू वर्मा, राजकुमार, महेश गुप्ता, रामकरण, रामबाबू, कृपाशंकर, कल्पना देवी, उमा देवी, रानी आदि ने बताया कि मौजूदा समय में प्लेटफार्म में पानी का घोर संकट है।

# फूल माला रंगोली फगुआ गीतों से मना होली मिलन समारोह

**राम जानकी मंदिर में फगुआ गीत के साथ उड़े अबीर गुलाल**

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** उड़ान सेवा ट्रस्ट के सौजन्य से मंगलवार को सदर ब्लाक स्थित अकड़हवा तालाब के पास राम जानकी मंदिर परिसर में महिलाओं ने होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि मीनू चौबे के साथ विशिष्ट अतिथि पुष्पा सिंह व चित्रा जालान ओर कोमल पांडेय मौजूद रहीं। कार्यक्रम में पूजन के बाद महिलाओं एक दूसरे के गुलाल लगा कर होली की शुभकामनाएं दी। राम जानकी मंदिर परिसर में उड़ान सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष की महिलाएं व समूह के साथ नगर के ब्यापारी वर्ग से एकत्रित हुई जिसमें महिलाओं ने होली समारोह का आयोजन किया। होली मिलन समारोह में सबसे पहले दीप प्रज्वलित और पूजन कर शुरुआत की गई।किसी से गिला शिकवा दूर कर होली के रंग लगा ओर गले मिलकर होली पर्व मनायें। साथ हीं होली के दिन पानी की बर्बादी ना करें गुलाल का प्रयोग करें केमिकल के रंगों का इस्तेमाल न करें क्योंकि उसे चेहरे पर नुकसान होता है इसकी जिम्मेदारी हम सबको लेनी है। भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पुष्पा सिंह ने कहां कि हर साल होली के उपलक्ष्य में होली मिलन समारोह का आयोजन समिति करती रही हैं। उसी क्रम में इस साल भी होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। फूल और गुलाल की होली खेली गई। हम एक दूसरे को गले मिलकर होली की बधाई व शुभकामनाएं दे रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में कोमल लता को समिति की महिलाओं नेढोल ताशे के साथ फूल माला पहनाकर उपहार देकर स्वागत किया इसके उपरांत ढोलक बजाकर शिव पार्वती के होली पर्व गीत कव्वाली भजन गाकर लोगों का उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर प्रीति वर्मा,सीमा पांडेय,छाया तिवारी ,निशा ,आराधना, माया, उर्मिला ,शशिकला गुड़िया त्रिपाठी ने एक से बढकर एक होली गीत और भजन प्रस्तुत किया।



## अवैध तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**हमीपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना सुमेरपुर प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में उप निरीक्षक विजय बहादुर व हेड कांस्टेबल अंजलि यादव द्वारा अभियुक्त गोलू गुप्ता पुत्र दयाशंकर गुप्ता को एक अदद अवैध तमंचा 12 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ तपोभूमि जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया । जिसके सम्बन्ध में थाना सुमेरपुर पर धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त के खिलाफ आधा दर्जन से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं।

# शिविर के चौथे दिन मतदाता जागरूकता के विषय पर बौद्धिक सत्र का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**हमीपुर।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हमीरपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 2 के द्वारा सप्त दिवसीय शिविर के चौथे दिन मतदाता जागरूकता के विषय पर शिविर आयोजित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ शीराज खान के दिशा -निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ वंदना शर्मा, पूर्व निदेशक ,उच्च शिक्षा प्रयागराज ,उत्तर प्रदेश उपस्थित रहीं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के साथ ही मतदाता जागरूकता विषय पर बौद्धिक सत्र आयोजित किया गया। पूर्व निदेशक डॉ वंदना शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि बुन्देखण्ड जैसे क्षेत्र में यह महाविद्यालय उच्च शिक्षा में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दे रहा है। सभी प्राध्यापक अपनी जिम्मेदारी को समझें और सदैव विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण हेतु प्रयासरत रहें। उन्होंने मतदान पर अपनी बात रखते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में सभी लोग बढ-चढकर भाग लें आउट लोकतंत्र को मजबूत बनाएं। महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ आलोक कुमार ने विशिष्ट अतिथि के रूप में मतदान के सभी पहलओं से स्वयंसेवकों से अवगत कराया। रूबी एवं उनकी टीम ने मतदाता जागरूकता पर लघुनाटिका प्रस्तुत की। छात्र उज्ज्वल ने भी इसी विषय पर अपने विचार रखे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों में अभय, खुशी, पारुल, महक,रूबी आदि ने सुंदर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ शिल्पी राय ने किया।



# हादसे में हुई मौत को लेकर पिता ने जताई हत्या की आशंका

अवधनामा संवाददाता

**सुमेरपुर/हमीरपुर** सिंचाई विभाग में कार्यरत कर्मी ने ग्राम प्रधान की सह पर पत्नी, सास, ससुर, सालों पर पुत्र की हत्या करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री से की है। कस्बे के सिंचाई विभाग के डाक बंगले में कार्यरत चौकीदार याकूब खान ने मुख्यमंत्री को भेजे गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उसकी पत्नी आरजू बानो पिछले 6-7 माह से अपने मायके गुसियारी थाना मौदहा में रह रही है। कई बार वह बच्चों से मिलने व पत्नी को लेने ससुराल गया। परंतु ससुरालीजनों ने पत्नी बच्चों को साथ नहीं भेजा और बच्चों को मारकर दूसरी जगह शादी कर देने की धमकी देकर भगा दिया। आरोप लगाया कि गत 14 मार्च को ग्राम प्रधान की सह पर पत्नी आरजू बानो, ससुर मुजम्मिल, सास इशरत जहां, साले साहिल व बउवा आदि ने मिलकर उसके पुत्र राज 6 वर्ष को मार डाला। सूचना पाकर वह ससुराल पहुंचा और पुत्र को मृत पाकर पोस्टमार्टम कराया। पीड़ित का आरोप है कि स्थानीय पुलिस ससुरालीजनों के खिलाफ हत्या का मुकदमा नहीं दर्ज कर रही है और अभी तक पोस्टमार्टम रिपोर्ट मुहैया नहीं कराई है। कोतवाल रामआसरे सरोज ने बताया कि बच्चे की हत्या नहीं हुई है। बल्कि वह सड़क हादसे में मरा है। मामले की जांच कराई जा रही है। उन्होंने ससुरालीजनों व ग्राम प्रधान ने आरोपों को निराधार बताया है।

## संक्षिप्त समाचार

### खरीद नियंत्रण प्रकोष्ठ की की गयी स्थापना

**हमीरपुर।** अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) जिला गेहूं खरीद अधिकारी हमीरपुर सुरेश कुमार ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि रबी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना अन्तर्गत गेहूँ खरीद हेतु जनपद स्तर पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी के पर्यवेक्षण में ÷खरीद नियंत्रण प्रकोष्ठ÷ की स्थापना की जाती है। गेहूँ खरीद के सम्बन्ध में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु हरीश कुमार, लिपिक की डियूटी लगायी जाती है। कार्यालय दूरभाष नम्बर 05282-221114/मोबाइल नम्बर-7906401093 पर किसान भाई अपनी समस्या का निराकरण करा सकते हैं। खरीद नियंत्रण प्रकोष्ठ सभी कार्य दिवसों में कार्यालय समय मे सक्रिय रहेगा। इसके अतिरिक्त रविवार वं राजपत्रित अवकाशों को छोडकर अन्य अवकाश के दिनों में भी प्रातः 10.00 बजे अपरान्ह 1.00 बजे तक क्रियाशील रहेगा तथा गेहूँ कय के सम्बन्ध मे प्राप्त शिकायतों पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही की जायेगी।

### स्वीप कोर कमेटी की बैठक में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की बनी रणनीति



**हमीरपुर।** मुख्य विकास अधिकारी एवं नोडल अधिकारी स्वीप चन्द्रशेखर शुक्ला की अध्यक्षता में जनपद हमीरपुर स्वीप कोर कमेटी की बैठक विकास भवन सभागार में आयोजित हुई। जिसमें हमीरपुर लोकसभा निर्वाचन 20 मई 2024 को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए रणनीति बनी। आगामी लोक सभा निर्वाचन मे व्यापार मंडल पत्रकार बन्धु कोटेदार शिक्षक अधिकारी एवं नेहरू युवा केन्द्र, यूवा मंगल दल, कर्मचारी व अधिकारी के साथ ही ग्राम स्तर पर तैनात सरकारी तन्त्र द्वारा ग्रामीणो को जागरूक किया जाएगा। बैठक में जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक,जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी,जिला कार्यक्रम अधिकारी, डी ओ पी आर डी, डी सी एन आर एल एम, समन्वयक नेहरू यूवा केन्द्र, जिला प्रबंधक एन आर एल एम एवं स्वीप कोऑर्डिनेटर अकबर अली उपस्थित रहे।

### मतदाता जागरूकता को लेकर शिक्षको की बैठक संपन्न



**सोनभद्र, अवधनामा ब्यूरो।** मंगलवार को माह मार्च 2024 की संकुल शिक्षक बैठक का आयोजन कम्पोजिट विद्यालय जोगिया मंदिर राबर्ट्सगंज पर किया गया है। बैठक का समय 3:00 बजे से 5:00 बजे तक था। आज की संकुल बैठकसंकुल गायत्री त्रिपाठी व रंजना पांडे के स्कूलों की बैठक आयोजित की गई थी। मंगलवार की बैठक के मुख्य अतिथि एस आर जी संजय मिश्रा व विनोद कुमार थे। आज की संकुल शिक्षक बैठक में मतदाता जागरूकता हेतु संकुल में आनंद त्रिपाठी के द्वारा मतदाताओं को सम्मानित किया गया जिसमें कुछ मतदाता 18 वर्ष के थे जो प्रथम बार मतदान करने जा रहे हैं। आज की बैठक में सभी शिक्षकों ने अपनी बेस्ट प्रैक्टिसेज का वीडियो और टी एल एम को सभी के साथ शेयर किया। परीक्षा से पूर्व की तैयारी के लिए सभी ने अपने विद्यालय पर क्या कार्य योजना बनाई है, क्या तैयारी की है इस पर चर्चा हुई। सभी प्रतिभागियों द्वारा अपने विद्यालय की निपुण आकलन रिपोर्ट को एक दूसरे के साथ साझा किया। सभी प्रतिभागियों द्वारा शैक्षिक सत्र 2025-26 की कार्य योजना के विषय पर चर्चा की गई। बैठक के अंत में एस आर जी संजय मिश्रा और विनोद कुमार जो के द्वारा सभी को नए शत्र की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक आनंद त्रिपाठी द्वारा किया गया।

### नवीन आपराधिक विधियों से सम्बन्धित प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न

**हमीरपुर।** अभियोजन निदेशालय,उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर की अध्यक्षता में नवीन आपराधिक विधियों - भारतीय न्याय संहिता -2023 , भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता - 2023 व भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 व नवीन अन्य अधिनियमों का प्रशिक्षण कार्यशाला पुलिस लाइन सभागार में सम्पन्न हुई।

# शिक्षक की हत्या के विरोध मे दूसरे दिन भी ठप रहा मूल्यांकन

**मृतक शिक्षक के परिजनों को एक करोड़ रुपया मुआवजा के साथ महिला शिक्षिकाओं के साथ महिला पुलिस की ड्यूटी लगाने की रखी मांग**

**दोनो मूल्यांकन केंद्रो पर नही खुले कमरे के दरवाजे**

**सभी संगठनों के शिक्षक नेताओं की अगुवाई मे नगर क्षेत्र मे नारेबाजी कर जताया विरोध**

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** जनपद वाराणसी से यूपी बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाएं लेकर मुजफ्फरनगर गए सहायक अध्यापक धर्मेंद्र कुमार की उन्हीं के सुरक्षा मे लगे सुरक्षा कर्मी सिपाही चंद्र प्रकाश द्वारा हत्या किए जाने के विरोध में जनपद दूसरे दिन भी दोनो मूल्यांकन केन्द्रों पर मूल्यांकन कार्य पुरी तरह ठप रहा। राजा शारदा महेश इण्टर कॉलेज एवं राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज राबर्ट्सगंज के कोठार के ताले तक नही खोले गये। सभी परीक्षकों द्वारा सामूहिक रूप से मूल्यांकन का बहिष्कार किया गया। माध्यमिक वित्त विहीन शिक्षक महासभा,उत्तर प्रदेश संगठन, माध्यमिक शिक्षक संघ एवं राजकीय शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश मूल संघ एवं पाण्डेय गुट समेत सभी संगठनों द्वारा सामूहिक रूप से पीड़ित को न्याय दिलाए जाने की मॉग की गई। इस सम्बन्ध में मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद यादव को सौंपा गया।सभी संगठनों द्वारा एक स्वर से मॉग की गई कि दोषी को कठोरतम सजा के साथ तथा पीड़ित परिवार को एक करोड रुपए मुआवजा राशि सरकार द्वारा दी जाए। साथ ही उत्तर पुस्तिका पहुँचाने व लाने की जिम्मेदारी से शिक्षकों को मुक्त किया जाय। साथ ही लोकसभा चुनाव मे महिला शिक्षिकाओं के साथ किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचने के लिए महिला शिक्षिकाओं के साथ महिला पुलिस कर्मी की ड्यूटी लगाए जाने की जिलाधिकारी से मांग की गयी।आक्रोशित शिक्षकों द्वारा दूसरे दिन राबर्ट्सगंज नगर क्षेत्र मे अपनी मांगो के लिए जमकर नारेबाजी किया,पुनः शिक्षकों का हुजूम वढौली चौराहा पहुंचा,जहाँ पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुनः जी जी आई सी कालेज पर समाप्त किया गया।साथ कहा गया कि जब तक मांगे पुरी नही होती तब आंदोलन जारी रखा जायेगा।

इस मौके पर माध्यमिक वित्त विहीन शिक्षक महासभा सोनभद्र के जिलाध्यक्ष एवं वाराणसी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के प्रभारी उमाकांत मिश्र, राजकीय शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश मूल संघ के प्रान्तीय कार्यकारी महामन्त्री अशोक कुमार अवाक, जिला अध्यक्ष राजन चतुर्वेदी, जिला मंत्री अमर सिंह, पाण्डेय गुट के जिलाध्यक्ष मिथिलेश गोस्वामी, जिला मंत्री सत्यनारायण कन्नौजिया, शैलेन्द्र चतुर्वेदी, प्रदेश उपाध्यक्ष डी.पी.सिंह, शिक्षक महासभा के महामंत्री मुस्तकीन, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार राव,जिला मंत्री संतोष सिंह, विवेकानन्द मिश्र, भावना शुक्ला, आरती सिंह, रोली, दिल मुहम्मद, कुलदीप सिंह यादव, राकेश शुक्ला, कैलाश यादव, गुलाब राय के साथ राजकीय, सहायता प्राप्त और वित्त विहीन विद्यालयों की शिक्षिका? और शिक्षक भारी संख्या में मौजूद रहे।



## अधिकारी/कर्मचारी बिना अनुमति के नहीं छोड़ेंगे मुख्यालयः जिलाधिकारी

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक सभा सामान्य निर्वाचन, 2024 सम्बन्धी कार्यक्रमों की घोषणा कर दी गयी है, उक्त के क्रम में मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में निर्वाचन सम्बन्धित कार्यों को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने तथा समयबद्ध सूचनाओं/रिपोर्टो के प्रेषण में कोई विलम्ब न होने के दृष्टिगत यह निर्देशित किया जाता है कि बिना उक्त कार्यो में लगे समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी बिना जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुमति के मुख्यालय छोड़ने की अनुमति नहीं होगी, उक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन कराना सुनिश्चित किया जाये।



## पोर्टल पर अभ्यर्थियों को करना होगा आनलाइन पंजीकरण

**बांदा।** सहायक निदेशक (सेवायोजन) क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय चित्रकूटधाम मंडल वकील अहमद अंसारी ने बताया कि जनपद के समस्त दिव्यांगजनों को अवगत कराना है कि उत्तर प्रदेश द्वारा दिव्यांगजनों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा पोर्टल विकसित किया गया है। इस पोर्टल पर प्रशिक्षण पाने और रोजगार के लिए अमेजन, यूथ फोर्थ जाब, गोदरेज प्रापर्टीज आदि विभिन्न कम्पनियों में अनेकों पद उपलब्ध हैं। इस पोर्टल पर अभ्यर्थियों को अपना आनलाइन पंजीकरण स्वयं करना होगा। इसके बाद रिक्त पदों पर आवेदन कर पाएंगे।

## प्रतियोगिता में नरेश और चंद्रशेखर रहे छाए

**सुमेरपुर/हमीरपुर।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद ने क्षेत्र के सिकरी गांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय में क्रांति तीर्थ यात्रा के अंतर्गत भाषण एवं कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया। साहित्य परिषद के अध्यक्ष लखनलाल जोशी ने बच्चों को क्रांति तीर्थ यात्रा के उद्देश्य बारे में बताया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक डा. ज्ञानेंद्र द्विवेदी के संयोजन में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें ग्यारह छात्र-छात्राओं ने भाषण एवं राष्ट्रीय गीत के माध्यम से अपनी सहभागिता की। जिसमें भाषण में छात्र नरेश ने प्रथम, पुष्पा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार गीत प्रतियोगिता में चंद्रशेखर ने प्रथम, दीपक कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# हर्बल गुलाल से होली मनाने के लिए किया गया प्रेरित

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** जनपद के अधांव गांव में मंगलवार को फाग उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान जल की बर्बादी न हो, इसके लिए सूखी होली हर्बल गुलाल से खेलने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया गया। मंगल आश्रम में आयोजित फाग उत्सव आगामी बुढ़वा मंगल तक जारी रहेगा। कलाकार भक्तिपूर्ण होली गाएंगे और नृत्य नाटक का मंचन करेंगे। भारतीय संस्कृति पर आधारित परंपरागत त्योहार फाग का उत्सव धीरे-धीरे विलुप्त हो रहा है। इस संस्कृति को बचाए रखने और होली में जल की बर्बादी न हो, इसलिए सूखी होली (हर्बल गुलाल) से होली मनाने के लिए गांव में लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। मंगल आश्रम में मंगलवार से बुढ़वा मंगल तक फाग उत्सव में कलाकार भक्तिपूर्ण होली गीत गायेंगे, नृत्य और नाटक करेंगे यह पूरा भव्य आयोजन भगवान कृष्ण और राधा रानी के लिए समर्पित रहेगा। जल मित्र देवगुलाम यादव ने कहा कि गांव में जो पुराने लोग बचे हैं, थोड़ा त्योहार होली के दिन फाग का उत्सव कर लेते हैं। लेकिन नई पीढ़ी के लोगो खास तौर में युवाओं में ऐसे आयोजन से परंपरा से भाग रहे है। मंगल भूमि फाउंडेशन इकाई के अध्यक्ष राजाभइया ने कहा कि वैश्वीकरण के चलते हमारे जी स्थानीय परंपराएं और संस्कृति में कुठाराघात हुआ है। हमें अपने त्योहार और उत्सव को अपने तरीके से मनाना होगा। सामाजिक समरसता का यह त्यौहार आज हुड़दंग तक सीमित हो गया है। इसलिए गांव में पुरानी परंपरा को बहाल करने की शुरुवात की गई है। इसमें युवकों भी जोड़ने का प्रयास किया जायेगा। फाग उत्सव की शुरुवात में दुर्गा विश्वकर्मा, मनीष तिवारी, प्रेम, कालका, शिगोपाल, नंदकिशोर, प्रांशु, राजन, ब्रजकिशोर, रामनरेश आदि लोग रहे।



**अधांव गांव में मंगलवार से फाग उत्सव की शुरुआत**

**जल की बर्बादी न हो, इसके लिए सूखी होली खेलने का आवाहन**

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों एवं उपजिलाधिकारियों के साथ की बैठक

**राजनैतिक दल व अभ्यर्थी आदर्श आचार संहिता के निर्देशों का पालन करें-जिला निर्वाचन अधिकारी**

**लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष, निर्भीक तथा शांतिपूर्ण तरीक से कराया जायेगा सम्पन्न**

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में राजनैतिक दलों एवं उप जिलाधिकारियों/नोडल अधिकारी के साथ बैठक कर लोकसभा सामान्य निर्वाचन के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये, उन्होने राजनैतिक दलों से कहा कि जनपद में आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी है, जिसके तहत कोई भी दल या अभ्यर्थी ऐसी किसी गतिविधि में शामिल नही होगा जिससे किसी धर्म, जाति, समुदायों के बीच कोई भी मतभेद उत्पन्न हो। उन्होने कहा कि यदि राजनीतिक दलों की आलोचना की जाये तो यह उनकी नीतियों व कार्यक्रम, गत रिकार्ड और कार्य तक ही सीमित रखी जाये, निजी जीवन के सभी पहलुओं की आलोचना करने से बचना होगा, मन्दिर-मस्जिद अन्य पूजा स्थलों पर जाति या साम्प्रदाय की भावनाओं पर कोई अपील न की जाये, यदि इस दौरान भ्रष्ट आचरण एवं अपराध जैसे कि मतदाताओं को घूस देना, मतदाताओं को डराना-धमकाना आदि के कार्य न किये जाये, मतदान केन्द्रों से 200 मीटर की दूरी के अन्तर्गत उन्हें प्रचार करने की अनुमति नहीं रहेगी। कोई भी राजनैतिक दल या अभ्यर्थी अपने अनुयायियों को किसी भी व्यक्ति के अनुमति के बिना उसकी भूमि, भवन, परिसर की दीवारों इत्यादि पर झण्डा लगाने, बैनर लटकाने, सूचना चिपकाने, नारा लिखने आदि की अनुमति नही दी जायेगी, उन्होने कहा कि प्रचार के लिये अनुमति सम्बन्धित उपजिलाधिकारी से प्राप्त की जायेगी, प्रचार वाहन पर मूल प्रति (ओरिजनल कापी) चस्पा करें, यदि डुप्लीकेट रहेगा तो गाड़ी को सीज कर दिया जायेगा, यदि किसी राजनैतिक दल द्वारा किसी सभा का आयोजन किया जाता है तो वह पहले से ही अवगत करायेगें जिससे पुलिस, यातायात एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु व्यवस्था की जा सके। मतदान दिवस के दिन मतदाताओं को किसी भी प्रकार से परेशान न किया जाये और उन्हें अपने मताधिकार का प्रयोग करने में सहयोग किया जाये, इस बात पर सहमति देगें कि उनके द्वारा मतदाताओं को प्रदान की गयी पहचान पर्ची सादे (सफेद) कागज पर होगी और उस पर कोई प्रतीक, अभ्यर्थी का नाम या दल का नाम नही होगा। मतदान बूथ के दिन अनावश्यक भीड़ इकट्ठा न करें, मतदान के दिन पोस्टर, झण्डा, कोई भी प्रतीक चिन्ह प्रदर्शित न किया जाये, मतदान के दिन वाहनों के यातायात पर लगाये जाने वाले प्रतिबन्धों के अनुपालन में अधिकारियों का सहयोग करेगें, मतदान के दिन मतदाताओं के शिवा अन्य व्यक्ति मतदान बूथ के अन्दर प्रवेश न करें। जनपद में प्रेक्षक की नियुक्ति होने पर उनका नम्बर उपलब्ध करा दिया जायेगा, जिससे किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर अवगत करा सकते है, उन्होने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष, निर्भीक तथा शांतिपूर्ण तरीक से सम्पन्न कराया जायेगा, सभी राजनैतिक दल आदर्श आचार संहिता का पालन सम्बन्धी चुनाव आयोग के जो निर्देश दिये गये है उनका पालन करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने उप जिलाधिकारियों/ नोडल अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद में आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन करायें, प्रत्याशियों/दलों की होर्डिंग, बैनर, पोस्टर को हटाया जाये, वालपेन्टिंग पर आवश्यक कार्यवाही की जाये, भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन के समस्त कार्य किये जाये, उन्होने कहा कि लोकसभा निर्वाचन हेतु जो भी टीमें गठित की गयी है उनकों सक्रिय किया जाये, उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग के अधिकारीगण बार्डर पर वैरीकेटिंग लगाकर आने, जाने वाले वाहनों की सघन तलाशी करायी जाये, जिससे अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण तथा माहौल बिगाड़ने वाले अराजक तत्वों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जा सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सहदेव कुमार मिश्र, जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चैहान, वरिष्ठ कोषाधिकारी आई.वी. सिह, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी/प्रभारी जिला सूचना अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा,सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी जगरूप सिंह पटेल, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अनिल कुमार गुप्ता, समाजवादी पार्टी से जिला कार्यालय प्रभारी अनिल कुमार यादव, बसपा पार्टी से बी. सागर, सी.पी.आई. (एम.) से नन्दलाल आर्य, आ.आ.पार्टी से रमेश गौतम, ई.पी.आई.एम. के सदस्य प्रेमनाथ, कांगेस कमेटी अध्यक्ष (शहर) राजीव कुमार त्रिपाठी, जिला मंत्री भाजपा सुनील सिंह, जिला सचिव अपना दल बीरेन्द्र कुमार सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# यूपी राज्य कर के डिप्टी कमिश्नर रिश्वत लेते गिरफ्तार

**20 लाख के जीएसटी रिफंड के बदले मांगे थे दो लाख रुपये**

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** विजिलेंस ने राज्य कर विभाग के डिप्टी कमिश्नर धनेंद्र कुमार पांडेय को दो लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए मंगलवार को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। वह एक कंपनी से 20 लाख रुपये का जीएसटी रिफंड देने के बदले दो लाख रुपये मांग रहे थे। कंपनी ने इसकी शिकायत विजिलेंस की हेल्पलाइन पर की, जिसके बाद डिप्टी कमिश्नर को रिश्वत की रकम लेते हुए रंगे हाथों दबोच लिया गया। विजिलेंस की टीम उससे विभूति खंड थाने में पूछताछ कर रही है। उन्हें बुधवार को अदालत में पेश किया जाएगा।

बता दें कि विजिलेंस की हेल्पलाइन 9454401866 पर एक्सपोर्ट का काम करने वाली कंपनी आर्डेम डाटा सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि ने शिकायत की थी कि राज्य कर के डिप्टी कमिश्नर धनेंद्र कुमार पांडेय उनकी कंपनी का जीएसटी रिफंड स्वीकृत करने के बदले दो लाख रुपये रिश्वत मांग रहे हैं।



विजिलेंस के एसपी डॉ. अरविंद चतुर्वेदी ने शिकायतकर्ता को कार्यालय बुलाकर पूछताछ की तो उसने बताया कि केंद्र सरकार ने वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए निर्यातकों को जीएसटी में विशेष छूट का प्राविधान किया है। यदि कोई फर्म निर्यात करने के प्रयोजन से विभिन्न वस्तुओं एवं सेवाओं के क्रय पर विभिन्न दरों से जीएसटी का भुगतान करती है, तो वह फर्म अपने ऐसे खर्चों पर दिए गये जीएसटी का रिफंड क्लेम कर सकती है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उनकी कंपनी पिछले कई वर्षों से अमेरिका की कंपनी द्वारा उपलब्ध कराए गये स्कैन्ड डाटा शीट्स को एक डैशबोर्ड में डिजिटल फार्म में तैयार कर वापस भेजती है।

### लखनऊ सेक्टर में केस दर्ज

शिकायत सही पाए जाने पर एसपी डॉ. अरविंद चतुर्वेदी ने अपनी टीम को डिप्टी कमिश्नर को ट्रैप करने भेजा। टीम ने शिकायतकर्ता को शाम चार बजे दो लाख रुपये देकर भेजा, जिस पर केमिकल लगा था। जैसे ही डिप्टी कमिश्नर ने रिश्वत की रकम अपने हाथ में ली, उसे दबोच लिया गया। डिप्टी कमिश्नर के खिलाफ विजिलेंस के लखनऊ सेक्टर में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# खंडहर में पड़ा मिला युवक का शव, जलाकर मारने का किया गया प्रयास

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** अंबेडकरनगर के अकबरपुर नगर में एक पेट्रोल पंप के निकट मंगलवार को एक युवक का शव जला हुआ पाया गया। इससे आसपास सनसनी फैल गई। अकबरपुर कोतवाली पुलिस टीम के साथ ही एएसपी पश्चिमी और सीओ सिटी ने मौका मुआयना किया।

युवक का चेहरा और शरीर के अन्य हिस्से भी जले हुए हैं। माना जा रहा है कि करीब 45 वर्षीय युवक की हत्या कर शव को जलाने की कोशिश की गई हालांकि पूरी तरह जल नहीं पाया। युवक की पहचान की कोशिश हुई लेकिन सफलता नहीं मिली। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही फॉरेंसिक टीम ने भी मौके का जायजा लिया। युवक का शव अकबरपुर नगर के अयोध्या रोड स्थित सरदार पेट्रोल पंप के पीछे एक खंडहर में पाया गया।

एएसपी विशाल पांडेय ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए चार अलग-अलग टीम का गठन किया गया है जिन्होंने काम शुरू कर दिया है। अभी पहली प्राथमिकता युवक के पहचान की है।

# वंदेभारत ट्रेन पर फेंका पत्थर, चटका शीशा

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** वंदेभारत एक्सप्रेस पर सोमवार को किसी शरारती तत्व ने पत्थर फेंक दिया जिससे एसी कोच का शीशा टूट गया। पता चलते ही बछरावां चौकी से आरपीएफ घटनास्थल पहुंची, लेकिन पत्थर मारने वाले का पता नहीं चल सका। वंदेभारत ट्रेन के रायबरेली स्टेशन पहुंचने पर भी आरपीएफ ने मुआयना किया। हालांकि इस घटना से वंदेभारत ट्रेन के संचालन पर कोई असर नहीं पड़ा। गोरखपुर से लखनऊ, रायबरेली होते हुए वंदेभारत ट्रेन प्रयागराज तक जाती है। सोमवार को यह ट्रेन सुबह लखनऊ से रायबरेली की ओर आ रही थी, तभी बछरावां रेलवे स्टेशन के होम सिग्नल के पास किसी ने पत्थर मार दिया। इससे ट्रेन के एसी कोच सी-3 का



शीशा चटक गया। वंदेभारत का बछरावां में स्टॉपेज नहीं है, जिससे ट्रेन बछरावां में नहीं रुकी और आगे निकल गई। ट्रेन के स्टाफ ने तुरंत बछरावां रेलवे स्टेशन को घटना की सूचना दी। बछरावां स्टेशन की आरपीएफ चौकी प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि आरपीएफ की टीम घटनास्थल पहुंची, लेकिन वहां कोई नहीं मिला। रायबरेली स्टेशन पर वंदेभारत ट्रेन अपने तय समय से नौ मिनट पहले पहुंची तो आरपीएफ ने ट्रेन के स्टाफ से पूरे मामले की जानकारी ली। शाम को प्रयागराज से लौटते समय भी आरपीएफ ने रायबरेली, बछरावां समेत अन्य स्टेशनों पर सतर्कता बढ़ाई। आरपीएफ इंस्पेक्टर आलोक मौर्य ने बताया कि बछरावां और श्रीराज नगर स्टेशनों के बीच वंदेभारत ट्रेन पर किसी ने पत्थर फेंका, जिससे शीशा चटक गया है। केस दर्ज किया जा रहा है।

## सड़क जाम कर प्रदर्शन करने वाले 160 लोगों पर एफआईआर

**लखनऊ।** अलीगंज सेक्टर ई में एसयूवी से कुचलकर तीन साल की राधिका की मौत के बाद सीतापुर हाईवे जाम कर प्रदर्शन करने वाले 160 लोगों के खिलाफ सोमवार को पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। डीसीपी नॉर्थ एआर शंकर ने बताया कि मामले में दिनेश, पुत्तू, अरुण, बल्ला, अभिशांत सैनी, मुन्ना, कुंती, राजू गुप्ता, रामू व अर्पिता और 150 अज्ञात लोग शामिल हैं। बलवा, मार्ग बाधित करने आदि धाराओं में रिपोर्ट लिखी गई है। दूसरी ओर आरोपी एसयूवी चालक कुनाल को सोमवार को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। डीसीपी के मुताबिक कोर्ट से आरोपी को एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। उसके खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाकर किसी की जान लेने की धारा में केस दर्ज किया गया था।

# इंदिरा के उतरते ही रायबरेली हो गई थी वीआईपी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** पहले आम चुनाव में फिरोज गांधी जब रायबरेली से मैदान में उतरे तब इस सीट की न पहचान थी और न ही विशेष कद। इसका वाजिब कारण भी था। असल में फिरोज गांधी के लिए रायबरेली राजनीतिक जमीन से अधिक उनकी कर्मस्थली थी। वहीं, जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी का पूरा ध्यान इलाहाबाद और फूलपुर लोकसभा सीट पर रहता था। लेकिन फिरोज गांधी के निधन के बाद 1967 के आम चुनाव में इंदिरा गांधी यहां से मैदान में उतरीं और फिर देखते ही देखते रायबरेली देश की प्रतिष्ठित लोकसभा सीटों में शामिल हो गई। यहां के चुनावी नतीजे के साथ मुकाबले पर भी पूरे देश और दुनिया की नजर रहने लगी।



फिरोज गांधी के निधन के बाद 1962 के चुनाव में कांग्रेस के ब्रजलाल कुरील जीते और सांसद बने। जनसंघ की तारावती महज 14268 वोटों से हारी थीं। इससे साफ था कि रायबरेली सीट पर कांग्रेस का असर उतार पर आ गया था। इस चुनाव के बाद कांग्रेस के भीतर भी कुछ हलचल नहीं हुई। कारण इलाहाबाद और फूलपुर लोकसभा सीट जवाहरलाल नेहरू की खुद की सीट थी और नेहरू-गांधी परिवार की उसी पर निगाह थी। समय गुजरा और देश के प्रथम प्रधानमंत्री के जवाहर लाल नेहरू का 27 मई 1964 को निधन हो गया।

**आखिर क्यों उन्होंने यहां से चुनाव लड़ने का निर्णय लिया**

इसके बाद इंदिरा गांधी पर कांग्रेस के साथ नेहरू गांधी परिवार की विरासत संभालने की जिम्मेदारी आ गई। समय बीता और 1967 की जनवरी में आम चुनावों की घोषणा हुई। इंदिरा गांधी तब राज्यसभा सदस्य होने के साथ केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री थीं और कांग्रेस की बागडोर भी उन्हीं के हाथ में थी। अब सवाल यह था कि इंदिरा गांधी किस सीट से उतरेंगी। इलाहाबाद व फूलपुर को लेकर संशय था। बताते हैं कि इस असमंजस के दौर में इंदिरा गांधी की मदद एक ऐसे शख्स ने की जो बाद में देश के सबसे ताकतवर नौकरशाह बने और वह थे परमेश्वर नारायण हक्सर (पीएन हक्सर)।

हक्सर फिरोज गांधी के अभिन्न मित्र थे। इंदिरा को भी बेहतर जानते थे। असल में द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जब फिरोज व इंदिरा गांधी इंग्लैंड गए तो वहां पीएन हक्सर के साथ ही रहे। ऐसे में जब 1967 में लोकसभा चुनाव के दौरान इंदिरा गांधी सीट को लेकर ऊहापोह में थीं तो उन्होंने पीएन हक्सर से बात की। बताते हैं कि पीएन ने उन्हें पिता की जगह पति की परंपरागत सीट से चुनाव लड़ने की सलाह दी। इस सलाह का नतीजा रहा कि इंदिरा गांधी रायबरेली से चुनाव में उतरीं और जीतकर सांसद बनने के साथ देश की पहली महिला प्रधानमंत्री भी बनीं।

# बसपा के उभार ने कांग्रेस के दलित वोटों में कर दी सेंधमारी

**बदले समीकरण में मुलायम तीन बार मुख्यमंत्री बने**

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** दुविधाग्रस्त कांग्रेस के मुस्लिम वोट का ज्यादातर हिस्सा मुलायम झपट ले गए। बसपा के उभार ने कांग्रेस के दलित वोटों में सेंधमारी कर दी। अगड़ी और गैर यादव पिछड़ी जातियों का ज्यादातर वोट राम मंदिर के कारण भाजपा के साथ लामबंद हो गया। बसपा नेता मायावती चार बार प्रदेश की मुख्यमंत्री भी बनीं। तीन बार भाजपा के सहयोग से और एक बार अपने बलबूते। बदले समीकरण में मुलायम तीन बार मुख्यमंत्री बने। एक बार उनके पुत्र अखिलेश भी सीएम बने। बीच में कुछ वर्षों के लिए भाजपा की लोकप्रियता में कुछ गिरावट दिखाई दी, तो लोगों को लगा कि राम मंदिर का असर कम हो रहा है। पर, शायद इसकी वजह भाजपा खुद थी। इसके पीछे शायद कारण था भाजपा के तत्कालीन नेतृत्व का मंदिर मुद्दे को कभी घोषणापत्र में शामिल करना और कभी बाहर रखना। आडवाणी के सोमनाथ से अयोध्या रथयात्रा के सारथी रहे नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद यही साबित हो रहा है।

बदल गए दोस्त और दुश्मन -मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद वाराणसी, काठमांडू और केदारनाथ की यात्राओं से राजनीति को हिंदुत्व पर केंद्रित करना शुरू कर दिया। खासतौर पर



2019 में सर्वोच्च न्यायालय से राम मंदिर के पक्ष में फैसला आने के बाद उन्होंने जिस तरह देश की राजनीति और विदेशों के लिए देश की कूटनीति को राम के सरोकारों से भारतीयता एवं हिंदुत्व के रंगों से सराबोर किया, उसके निहितार्थ बहुत व्यापक हैं।

यही वजह रही कि गैर कांग्रेसवाद के शिल्पकार आचार्य नरेंद्र देव, डॉ. राममनोहर लोहिया, चौधरी चरण सिंह के गृह राज्य में इनके राजनीतिक विरासत पर दावा करने वाले मुलायम सिंह यादव जैसे नेता की समाजवादी पार्टी को कांग्रेस के साथ खड़ा होने को मजबूर कर दिया है।

समाजवाद के नाम पर जो डॉ. लोहिया 70 के दशक में नेहरू और कांग्रेस को रोकने के लिए तत्कालीन जनसंघ से मिलकर चुनाव लड़ रहे थे, उन्हीं के चिंतन से निकलने का दावा करने वाली समाजवादी पार्टी वोटों की गणित से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार सत्तारूढ़ होने से रोकने के लिए कांग्रेस के साथ खड़ी है।

कांग्रेस भी यह भूलकर कि समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव ही के विदेशी मूल का मुद्दा उठाने के कारण सोनिया गांधी प्रधानमंत्री बनते-बनते रह गई थीं, समाजववादी पार्टी से गलबहियां किए घूम रही है।

राम ने साध दी राजनीति - वर्ष 1980 में गठन के बाद हुए लोकसभा के लगातार दो चुनाव में उत्तर प्रदेश में एक भी सीट न पाने वाली भाजपा 2014 और 2019 में लोकसभा के लगातार दो चुनावों में क्रमशः 71 व 62 सीटें हासिल कर केंद्र में सरकार बना चुकी है। सहयोगियों की सीटें जोड़ दें तो यह आंकड़ा और बढ़ जाएगा। तीसरी बार वह अभी से बढ़त लेती दिख रही है।

# महामुकाबले के महारथी होंगे युवा

## लखनऊ में 7,02,244 युवा मतदाता लोकतंत्र के महापर्व में करेंगे प्रतिभाग

- **18 से 19 आयुवर्ग के 47,239 वोटर**
- **युवा जोश को साधने के लिए सभी दल सक्रिय**
- **भाजपा, कांग्रेस, सपा या फिर बसपा हर पार्टी युवाओं को अपने साथ जोड़ना चाह रही**



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लोकतंत्र के महापर्व में युवा पीढ़ी की भागीदारी खास होगी। इस बार न केवल नए मतदाताओं की संख्या में इजाफा हुआ है बल्कि युवा भी लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए उत्साही हैं। लखनऊ में कुल 7,02,244 युवा मतदाता हैं, जो अपनी पसंद का सांसद चुनेंगे। इनमें 18 से 19 आयुवर्ग के 47,239 वोटर हैं। वहीं, 20 से 29 आयु वर्ग के 6,55,005 मतदाता मताधिकार का प्रयोग कर सरकार बनाएंगे।

युवा जोश को साधने के लिए सभी दल सक्रिय हो गए हैं। हालांकि नए भारत का सचेत युवा अपने भविष्य को लेकर चैतन्य है। युवाओं की भागीदारी से न केवल वोट प्रतिशत बढ़ेगा बल्कि इसका संदेश भी स्पष्ट होगा। युवा मतदाताओं के आंकड़े को देखते हुए सभी राजनीतिक पार्टियां उन्हें लुभाने की कोशिश कर रही हैं। भाजपा, कांग्रेस, सपा या फिर बसपा। हर पार्टी युवाओं को अपने साथ जोड़ना चाह रही है। इसके लिए राजनीतिक दल युवाओं के हित और उनके लिए किए गए कार्यों का लेखा जोखा भी रख रही है।

लखनऊ के अलावा गोंडा, अयोध्या, सुलतानपुर, अमेठी, रायबरेली, सीतापुर समेत अन्य जिलों में भी युवा मतदाताओं की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। इन जिलों की सभी सीटों पर युवा वोटर की ताकत किसी भी प्रत्याशी को तख्त पर बिठा सकती है और उसे नीचे उतारने का भी दमखम रखती है। खासकर, पहली या फिर दूसरी बार मतदान करने वाले युवा किसी भी दल का गणित बनाने या बिगाड़ने की ताकत रखते हैं। गोंडा जिले में युवा मतदाताओं की संख्या 41,886 है। वहीं सुलतानपुर में 23,699 युवा वोटर पहली बार मतदान करेंगे।

**18 से 19 आयुवर्ग के 47,239 और 20 से 29 आयुवर्ग के 6,55,005 हैं मतदाता**

**लखनऊ में मतदाताओं की स्थिति**

**आयु वर्ग -- मतदाता**

18 -- 19,47,239

20 -- 2,96,55,005

80 -- 89,51,520

90 -- 9,98,490

100 -- 1,19,218

120 से ऊपर -- 10 (16 मार्च 2024 तक के आंकड़े)

**प्रदेश के मतदाताओं की स्थिति**

**आयु वर्ग -- मतदाता**

18-19 -- 16,75567

20-29 -- 3,57,22,043

30-39 -- 3,72,24,128

40-49 -- 2,91,19,135

50-59 -- 2,04,18,553

60-69 -- 1,20,82,571

70-79 -- 5,67,1,489

80+ -- 21,48,406 (आंकड़े वर्ष 2019 के हैं)

# ट्रक की टक्कर से होटल मैनेजर की मौत

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर सवैया तिराहा के पास स्थित एक रेस्टोरेंट के पास ट्रक ने कार को टक्कर मार दिया। हादसे में कार चला रहे होटल मैनेजर की मौत हो गई। कार सवार दो महिलाएं घायल हो गईं। महिलाओं को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कौशांबी जिले के सरांय अकिल थाना क्षेत्र के पनारागोपालपुर गांव निवासी अरविंद चौधरी (36) पुत्र नन्हेंलाल प्रयागराज के एक होटल में मैनेजर था। वह सोमवार भोर में छोटे भाई की पत्नी खुश्बू दिवाकर (30) व शिल्पा दिवाकर (22) के साथ लखनऊ की ओर जा रहा था। लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर एक रेस्टोरेंट के पास सामने से आ रहे ट्रक ने कार को जोरदार टक्कर मार दिया। इससे कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। कार सवार गंभीर रूप से घायल गो गए। पुलिस ने तीनों कार सवारों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक अरविंद की मौत हो गई। घायल खुश्बू व शिल्पा को सीएचसी पहुंचाया गया, जहां दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कोतवाली प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि घटना के बाद ट्रक चालक वाहन समेत फरार हो गया। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### पूजा स्थलों पर जाति-धर्म के आधार पर न करें अपील

**अमेठी/लखनऊ।** अमेठी संसदीय चुनाव में प्रत्याशी 95 लाख रुपये तक खर्च कर सकेंगे। चुनाव के दौरान दस हजार से अधिक का खर्च चेक के माध्यम से किया जाएगा। चुनाव में खर्च को लेकर उम्मीदवार की ओर से बैंक में स्वयं या अपने निर्वाचन अभिकर्ता के साथ संयुक्त रूप में एक अलग खाता खोला जाएगा। इसके माध्यम से चुनाव के दौरान खर्च होने वाली धनराशि का लेनदेन इसी खाते के माध्यम से किया जाएगा।

सोमवार की शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम निशा अनंत ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। कोई भी दल या अभ्यर्थी ऐसी किसी गतिविधि में शामिल नहीं होगा, जिससे किसी धर्म, जाति, समुदायों के बीच कोई भी मतभेद उत्पन्न हो। कहा कि राजनीतिक दलों की आलोचना की जाए तो यह उनकी नीतियों व कार्यक्रम, गत रिकार्ड और कार्य तक ही सीमित रखी जाए। निजी जीवन के सभी पहलुओं की आलोचना करने से बचना होगा। कहा कि मंदिर-मस्जिद अन्य पूजा स्थलों पर जाति या संप्रदाय की भावनाओं पर कोई अपील न की जाए।

# इमामिया एजुकेशनल ट्रस्ट ने शोक व्यक्त किया



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** हजरत अल्लामा सैयद शाह आरिफ मियां कादरी नक्शबंदी अशरफी की मां का लंबी बीमारी के बाद गुरुवार को दोपहर 12-40 बजे पीजीआई अस्पताल में निधन हो गया। वह करीब 80 साल की थीं। शुक्रवार को खानकाह साराहोजी संडीला शरीफ में दफनाया गया। मखदूमा सैयदा मुहम्मदी खातून साहिबजादी हजरत इमाम अल-आलिया शरिया शरीफ की बेटी थीं, और एक बहुत ही पवित्र और उच्च नैतिक गरीब बुजुर्ग महिला थीं। उनकी उदारता इस बात से जाहिर होती थी कि कोई भी खाली हाथ नहीं लौटता था और वह चुपचाप मदद करती थीं। उनके 3 बेटे और 5 बेटियां जीवित हैं। हजरत के छोटे भाई सैयद मुहम्मद हुसैन आसिफ आरडीएसओ में राजपत्रित अधिकारी हैं और सबसे छोटे भाई सैयद मुहम्मद गौस जलानी कतर में हैं। इमामिया एजुकेशनल ट्रस्ट की ओर से शोक व्यक्त किया गया। इमामिया एजुकेशनल ट्रस्ट के सचिव मौलाना अली हुसैन कुमी ने कहा कि मैं मृतक की मृत्यु की खबर से बेहद दुखी हूं। और मैं सैयद शाह आरिफ मियां कादरी नक्शबंदी अशरफी के दुख में शामिल हूं और मैं सर्वशक्तिमान खुदा से प्रार्थना करता हूं कि वह आपको और आपके परिवार के सभी सदस्यों को आशीर्वाद दे। उन्हें इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति दें। सामाजिक कार्य कर्ता संगठन के संयोजक मो आफाक़ ने कहा कि वास्तव में, जो अल्लाह ने लिया वह उसका है और जो उसने दिया वह भी उसी का है।

## दो दिवसीय विशेष निबंधन शिविर का आयोजन

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण की विभिन्न आवासीय एवं व्यवसायिक सम्पत्तियों की रजिस्ट्री के लिए मंगलवार से दो दिवसीय विशेष निबंधन शिविर का आयोजन प्राधिकरण भवन के बारादरी लॉन में किया गया। पहले दिन शिविर में 24 आवंटियों के पक्ष में रजिस्ट्री की गयी और 48 सम्पत्तियों की रजिस्ट्री के लिए पत्रावली तैयार की गयी। इस दौरान रजिस्ट्री के 4 नये प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। बुधवार को भी शिविर में रजिस्ट्री की कार्रवाई की जाएगी। लविप्रा के अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि प्राधिकरण ने समय-समय पर आवासीय और व्यवसायिक सम्पत्तियों का आवंटन किया, जिसमें बड़ी संख्या में सम्पत्तियों की रजिस्ट्री अब तक नहीं हो सकी है। आवंटियों की सुविधा के लिए दो दिवसीय विशेष निबंधन शिविर का आयोजन मंगलवार से किया गया। पहले दिन शिविर में प्राधिकरण के गणना, लेखा, नियोजन, सम्पत्ति अनुभाग के संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ निबंधन विभाग की टीम भी उपस्थित थी। मंगलवार को दिन भर चली कार्रवाई के दौरान 24 आवंटियों की रजिस्ट्री की गयी। अपर सचिव ने बताया कि प्राधिकरण उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देशपर आवंटियों से समन्वय बना कर रजिस्ट्री की कार्रवाई की जा रही है और आवंटियों को सम्पत्तियों की रजिस्ट्री के संबंध में सूचना भी भेजी गयी है।

# रमज़ान पर किये गये सवालों के जवाब

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया की ओर से दारुल उलूम निजामिया फरंगी महल में मंगलवार से रमजान हेल्पलाइन पर सवालों के जवाब इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली की अध्यक्षता में उलमा के पैनल ने दिये। सवाल पूछने के लिए मोबाइल नम्बर 9335929670, 9415102947, 7007705774 और 9140427677 के साथ ही ई-मेल ramzanhelplinewz@gmail.com और वेबसाइट www.farangimahal.in पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**सवाल:** क्या शुगर के मरीज का रोजा रखना सही है?

**जवाब:** अगर डॉक्टर ने मना किया है तो रोजा न रखे, फिदया अदा करें।


**सवाल:** कुछ हाफिज पढ़ते-पढ़ते भूल जाते हैं, कभी चुप हो सोचते हैं कभी कायदे में या तशहहुद से पहले या बाद में क्या हुक्म है?

**जवाब:** ऐसी हालत में सज्दा सहू कर लेना बेहतर है।

**सवाल:** अगर कोई रोजे की हालत में गर्मी की वजह से कपड़ा भिगोकर सर पर ओढ़े तो क्या यह सही है?

**जवाब:** ऐसा करना सही है।

**सवाल:** सेहरी में अजान की आवाज सुन कर पानी पी लिया तो क्या रोजा हो जाएगा?



**जवाब:** अजान सुबह सादिक के बाद होती है, इसलिए रोजा नहीं होगा। सेहरी वक्त खत्म होने से पहले खा लेना चाहिए।

**सवाल:** किसी ने इशा की फर्ज नमाज नहीं पढ़ी तो क्या तरावीह की जमाअत में शामिल हो सकता है?

**जवाब:** पहले इशा की फर्ज नमाज पढ़े बाद में तरावीह अदा करे। तरावीह इशा की फर्ज के बाद पढ़ी जाती है।

इसी तरह इदारए शरैय्या फिरंगी महल की हेल्पलाइन पर मौलाना अबुल इरफान फिरंगी महली की अध्यक्षता में उलमा ने लोगों के सवालों के जवाब दिये। सवाल पूछने के लिए मोबाइल नम्बर 9807404508 और 9918117798 तथा ई-मेल firangimahe l@gmail.com पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**सवाल:** कुरान अरबी या हिन्दी अनुवाद पढ़ना ज्यादा बेहतर है?

**जवाब:** रमजान में कुरान अरबी में पढ़ने का ज्यादा सवाब है। हिन्दी अनुवाद भी साथ में पढ़ सकते हैं।

**सवाल:** क्या 25 हजार रुपयों पर जकात वाजिब है?

**जवाब:** 25 हजार रुपये पर जकात नहीं, साढ़े बावन तोला चांदी या साढ़े सात तोला सोना या उतनी रकम साल भर रखने पर जकात है।

**सवाल:** वित्र में सूरह क्रम से पढ़ें और तीसरी सूरह लम्बी हो तो क्या नमाज पूरी हो जाएगी?

**जवाब:** वित्र की नमाज हो जाएगी।

**सवाल:** क्या तरावीह की नमाज औरत की इमामत में पढ़ी जा सकती है?

**जवाब:** अगर औरत इमामत के लायक है तो औरतों को तरावीह पढ़ा सकती है।

### मौलाना सैफ अब्बास नकवी के नेतृत्व में उलमा के पैनल ने दिये जवाब

कार्यालय आयतुल्लाह सादिक हुसैनी शीराजी की ओर से हेल्पलाइन सवालों के जवाब मौलाना सैफ अब्बास नकवी के नेतृत्व में उलमा के पैनल ने दिये। हेल्पलाइन पर सवाल मोबाइल नम्बर 9415580936, 9839097407 पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक या ई-मेल masael@gmail.com पर पूछे जा सकते हैं। महिलाओं के सवालों के लिए मोबाइल नम्बर 6386897124 पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं।

**सवाल:** रोजेदार को जिम यानि वर्जिश की वजह से रोजा तोडना पड़े तो क्या हुक्म है?

**जवाब:** जब इस बात का डर हो कि रोजा तोडना पड़ेगा तो ऐसी सूरत में जिम जाना जायत नहीं है।

**सवाल:** मरीज या बुजुर्ग जिन्हें डाक्टर ने रोजा रखने से मना किया हो अगर वह रोजा रखें तो क्या रोजा सही होगा?

**जवाब:** ऐसे लोगों का रोजा सही नहीं है।

**सवाल:** कोई बीमार जोहर से पहले ठीक हो जाए तो क्या रोजा रखना जरूरी है?

**जवाब:** अगर उसने ऐसा कोई काम न किया हो जिससे रोजा बातिल हो तो नियत करके रोजा रखे रोजा सही होगा।

**सवाल:** पैसे देकर पेनड्राइव या मोबाइल में गाने और म्यूजिक भरने पर क्या हुक्म है?

**जवाब:** मोबाइल में गाना बजाना और म्यूजिक आदि भरने के लिए पैसे लेना हराम है।

**सवाल:** क्या रोजे के दौरान दाढ़ी मूंडी जा सकती है?

**जवाब:** इस्लाम में दाढ़ी मूंडना हराम है, रोजा सही होगा।